# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2023

# अन्नपूर्णा भवन, मण्डपम व थाना प्रभारी कार्यालय का एसएसपी ने किया लोकार्पण



अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण करते एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर।

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर गौरव ग्रोवर गगहा थाने पर पहुंचे जहां नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन, मण्डपम व थाना प्रभारी गगहा के कार्यालय का लोकार्पण किया । लोकार्पण के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गगहा थाने पर 12.30 बजे पहुंचे जहां सीओ बांसगांव प्रशाली गंगवार ने बुके देकर सम्मानित किया। तथा उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया। बिना किसी औपचारिकता के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अन्नपूर्णा भवन पहुंचे जहां एसआई मोविन व हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र तिवारी के साथ फीता काट कर लोकार्पण किया। उसके बाद थाना प्रभारी कार्यालय का लोकार्पण महिला कांस्टेबल से कराया । अन्त में मण्डपम का लोकार्पण करने पहुंचे। जहां उन्होंने एसपी दक्षिणी के साथ लोकार्पण किया। उन्होंने मण्डपम में उपस्थित आगंतुकों से परिचय प्राप्त किया और लोगों की समस्याओं को सुन लोगों को संतुष्ट किया। उन्होंने कहा कि अगर गगहा थाना क्षेत्र में कहीं भी अपमिश्रित कच्ची शराब बनती व बेचीं जाती हो तो आप लोग तुरंत सूचित करें कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की थाने की साफ सफाई काफी अच्छी है अन्नपूर्णा भवन के पास स्थित पोखरे के किनारे रेलिंग लगवाने को कहा ताकि कोई छोटा बच्चा पोखरे में ना गिर सके। इस अवसर पर थाना प्रभारी गगहा राज कुमार सिंह, एस एस आई सुभाष पाण्डेय, चौकी इंचार्ज असवनपार अनित राय, चौकी इंचार्ज गजपुर रूद्र प्रताप सिंह, निर्देश कुमार, सुबोध वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र शाही, जिला पंचायत सदस्य जवाहर लाल, ज्वाला तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

**अपमिश्रित कच्ची शराब बनती व बेचीं जा रही हो तो ग्रामीण दें सूचना, होगी कार्रवाई**

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में आरोपित एवं फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम रामप्रसाद पासवान उर्फ टीनू पासवान उर्फ टून्नू पासवान पुत्र स्व. हीरालाल पासवान निवासी इब्राहिमपुर थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 376 आईपीसी के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। गुडवर्क टीम में प्रभारी निरीक्षक बड़हलगंज कोतवाली के अलावा एसएसआई संतोष कुमार सिंह, आरक्षी हनुमान यादव शामिल रहे।

# जमीन के नाम पर 15 लाख हड़पने का केस

**चरगांवा (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जौरहर निवासी मुंद्रिका प्रसाद को जमीन की जरूरत थी। जमीन के सिलसिले में राजेंद्र प्रसाद शर्मा निवासी रामपुर गोपालपुर से मुलाकात हुई,जिसने जमीन के कारोबारी महराजगंज जिले के श्यामदेउरवां क्षेत्र के बनकटियां निवासी सुनील कुमार यादव से बात कराई। आरोप है कि दोनों जमीन दिलाने की बात कहकर 2018 में पीड़ित के घर आकर गायघाट स्थित अपनी जमीन के नाम पर आरटीजीएस,चेक एवं नगद करके 15 लाख ले लिए। अब जमीन बैनामा करने के लिए हिल्ला हवाली कर रहे और रुपए भी वापस नहीं कर रहे। गुलरिहा पुलिस ने एसएसपी के आदेश कर उक्त दोनों के खिलाफ रुपए हड़पने का केस दर्ज कर ली है।

# मनबढ़ों ने बाइक सवार युवकों का सिर फोड़ा

**रकहट (एसएनबी)।** गगहा थाना क्षेत्र के कौड़ीराम सब्जी मंडी के पास शनिवार की सुबह सड़क पर बैठी एक गाय को कुछ मनबढ़ बुरी तरह मार रहे थे। इसी दौरान पास से गुजरने वाले बाइक सवारों ने गाय को मारने से रोका तो मनबढ़ो ने बाइक का पीछा कर बाइक सवार दो युवकों को बुरी तरह पीट कर सिर फोड़ दिया। गगहा पुलिस चार नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

**चार नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर पुलिस को दी सूचना**

शनिवार को बांसगांव निवासी आदित्य सिंह अपने दोस्त विशाल राय के साथ बाइक से कौड़ीराम से बड़हलगंज की ओर जा रहे थे। कौड़ीराम चौराहे के सब्जी मंडी के पास सड़क पर बैठी गाय को चार युवक मिलकर बुरी तरह मार रहे थे। आदित्य ने बाइक रोक कर युवकों को गाय को मारने से रोका तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। आदित्य अपने दोस्त विशाल के साथ बाइक पर सवार होकर निकल गया और कौड़ीराम पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भराने लगा। इतने में एकजुट होकर आधा दर्जन से अधिक युवक आदित्य और उसके दोस्त विशाल पर डंडे और पंच से हमला कर दिया। आदित्य और विशाल के सिर फटने से दोनों वहीं बेहोश हो गए। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर पुलिस को सूचना दी। इतने में सभी मनबढ़ फरार हो गए। घायल युवकों को गगहा सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । थानाध्यक्ष राज कुमार सिंह ने कहा कि चार नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ धारा 147, 148, 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा बढ़ाई जा सकती है।

# विदेश भेजने के नाम पर रुपये हड़पने का केस

गुलरिहा। गुलरिहा थानाक्षेत्र के संत हुसैन नगर निवासी मोहम्मद इमरान ने विदेश जाने के लिए गोरखनाथ थानाक्षेत्र की शिवनगर कॉलोनी निवासी संतोष श्रीवास्तव को 1.80 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि रुपये लेने के बाद आरोपी ने विदेश नहीं भेजा। इमरान रुपये वापस मांगने लगा तो संतोष आनाकानी करने लगा। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा जेएन शुक्ल ने बताया कि तहरीर आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# भूमि दिलाने के नाम पर दस लाख का गबन, केस

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** झंगहा थाना क्षेत्र की एक महिला से चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा भूमि देने के नाम पर 10 लाख रुपए गबन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इतना नहीं उसके द्वारा पैसा वापस करने के संबंध में दिया गया चेक भी बाउंस हो गया है। पुलिस आईपीसी की धारा 406 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। झंगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा नेकवार निवासिनी प्रतिमा गुप्ता पत्नी विजय गुप्ता ने चौरी चौरा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खैराबाद(डुडी) निवासी सुनील पासवान पुत्र राजदेव पासवान ने दो साल पहले अपनी जमीन बेचने के नाम पर मुझसे एडवांस के तौर पर दस लाख रूपये लिया। महिला का आरोप है कि जमीन बेचने की शर्त पर दस लाख रूपये एडवांस के तौर पर लिया और कहा था कि अगर जमीन बैनामा नही करता हूं,तो मैं आपका पूरा पैसा वापस लौटा दूंगा। महिला का आरोप है कि बार-बार कहने के बाद भी जब जमीन बैनामा नही किया तो मैं अपना रूपये वापस मांगने लगी। सुनील पासवान ने मुझे तीन चेक काट कर दिया। अगल-अगल तारीख में जब मैंने वह चेक को बैंक में जमा किया तो दो बार चेक बाउंस हो गया। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने सुनील पासवान के खिलाफ धारा 406 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# कूटरचित अभिलेख बना कर सम्पत्ति पर कब्जा

**पिपराइच (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के जंगलधूषण के रेतवहिया टोला निवासिनी विधवा महिला उषा चौहान की भूमि को कूटरचित अभिलेख के जरिए उसके जेठ और उनके दोनो पुत्रों द्वारा कब्जा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस महिला की तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरूद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उषा चौहान ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया कि ससुर राम अधारे के नाम से जमीन जंगल छत्रधारी में है। जिसमें मेरे पति बुद्धु चौहान 1/3 के हिस्सादार है। पति की दो साल पहले मृत्यु हो गई। जिसके बाद से वह मायके में रहने लगी। इस दौरान जेठ ने सम्पूर्ण जमीन पर मकान बनवा कर कब्जा कर लिया।अब धर्मदेव चौहान फर्जी स्टाम्प पेपर दिखाकर कह रहा है कि बुद्धु चौहान ने उससे छह लाख रुपये लिया है।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

खोराबार (एसएनबी)। खोराबार थाने के खोराबार के टोला मदरहवा टोला में संदिग्ध परिस्थिति में कीटनाशक खाने से युवक की हालत बिगड़ गयी। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार खोराबार गांव के मदरहवा टोला निवासी 30 वर्षीय साधु पुत्र स्व पांचू शनिवार की दोपहर में संदिग्ध परिस्थिति में कीटनाशक खा लिया जिससे उसकी हालत गंभीर रूप से बिगड़ गयी। जब घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो उसको लेकर जिला अस्पताल पहुचे जहा डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

# पति सहित तीन पर दहेज उत्पीड़न का केस

खोराबार (एसएनबी)। खोराबार थाने के नौवा अव्वल निवासिनी मीना देवी पत्नी राकेश शर्मा की तहरीर पर पति, सास, देवर व उसके मामा के खिलाफ मारने पीटने, जान से मार डालने की धमकी देने दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में शुक्रवार की देर रात पुलिस केस दर्ज जांच पड़ताल कर रही हैं। कुछ दिन बात पति राकेश शर्मा ,सास तारा देवी, देवर भोलू एवं पति का मामा श्रीराम शर्मा और दहेज की मांग करने लगे और इसको लेकर बार बार प्रताड़ित करने और मरने पीटने लगे। आरोप है कि दो लाख रुपये की मांग कर रहे है नही देने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# माफिया राकेश का साथी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कार्रवाई**

गुलरिहा, हिन्दुस्तान संवाद। माफिया राकेश यादव के गैंग के सदस्य दिनेश यादव को गुलरिहा पुलिस ने शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पिपराइच क्षेत्र के जंगल छत्रधारी टोला शाहगंज के रहने वाले दिनेश पर गुलरिहा थाने में कई गंभीर धाराओं में सात मुकदमे दर्ज हैं। शुक्रवार को माफिया राकेश यादव और उसके गैंग के चार सदस्यों बेचू यादव, आकाश कन्नौजिया उर्फ मंटू, धनेश यादव व दिनेश यादव के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही हुई है। राकेश और उसके तीन साथी जेल में हैं, जबकि दिनेश यादव जमानत पर बाहर था।

# निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म, केस

भटहट। गुलरिहा क्षेत्र की युवती से गांव के ही युवक ने निकाह का झांसा देकर एक वर्ष तक शारीरिक शोषण किया। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित मुजीबुर्रहमान खान के साथ ही उसके बड़े भाई व बुआ के खिलाफ दुष्कर्म व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

पीड़िता की मां का आरोप है कि एक सप्ताह पहले जब पीड़िता निकाह के लिए युवक के घर गयी तो आरोपितों ने उसे मारापीटा।

# छह साल की बच्ची से वृद्ध ने की छेड़खानी

**पीपीगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** पीपीगंज थानाक्षेत्र के एक गांव के 65 वर्षीय बुजुर्ग पर गांव की ही छह वर्षीय बच्ची से छेड़खानी का आरोप लगा है। आरोप है कि शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे बच्ची उसके घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान बुजुर्ग ने उसे घर में बुलाया और छेड़खानी करने लगा। बच्ची रोते घर पहुंची और परिजनों को बताया। बच्ची की मां की तहरीर पर पीपीगंज पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीपीगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे छह वर्षीय मासूम गांव में खेल रही थी। इसी दौरान एक वृद्ध व्यक्ति ने बच्ची को कमरे में बुलाया और छेड़खानी की। वहां से छूटकर बच्ची रोते हुए घर पहुंची। परिजनों ने रोने की वजह पूछी तो बच्ची ने बुजुर्ग की करतूत बताई। इसके बाद शनिवार की सुबह मासूम बच्ची की मां ने पीपीगंज थाने जाकर पुलिस को तहरीर दी। पीपीगंज थानाध्यक्ष भी बुजुर्ग द्वारा बच्ची के साथ शर्मनाक हरकत किए जाने की बात सुनकर दंग रह गए। पीपीगंज थानाध्यक्ष आशीश कुमार सिंह ने कहा कि मासूम बच्ची की मां ने तहरीर दी है। इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# खुद ही अपहरण की रची साजिश, मांगी फिरौती

**गोरखपुर(एसएनबी)।** आन लाइन लूडो खेल कर ढाई लाख रु गंवाने वाले युवक ने खुद के अपहरण की साजिश कर मां से ही फिरौती की मांग किया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए लड़के को लखनऊ से बरामद कर लिया।



एम्स थाने के झारखंडी टुकड़ा नंबर 3 गायत्री नगर के रहने वाले अशोक कुमार ने शुक्रवार की रात करीब 11 बजे अपने बेटे दीपांकर की गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी। उसी रात करीब 1 बजे युवक की मां के मोबाइल युवक की फोटो के साथ 5 लाख की फिरौती का संदेश मिला। पुलिस ने रातों रात सर्विलांस से लोकेशन का पता लगाया और टीम भेज कर लखनऊ के ऐश बाग रेलवे स्टेशन से युवक को बरामद कर लिया।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि शुक्रवार की रात रोडवेज के कर्मचारी के बेटे दीपांकर कुमार की गुमशुदगी की सूचना मिली थी। युवक के पिता ने बताया की दीपांकर रोज की तरह शाम 6 बजे जिम गया था ,लेकिन लौट कर घर नहीं आया। पुलिस ने जिम से पता लगाया तो मालूम हुआ की दीपांकर जिम गया ही नहीं था। पुलिस मामले की जांच कर ही रही थी की रात करीब 1 बजे युवक की मां के मोबाइल फोन पर दीपांकर की बेहोशी की हालत में फोटो आई। साथ ही एक मैसेज आया की आप के बेटे दीपांकर का अपहरण किया गया है , उसके बैंक खाते में 5 लाख फिरौती की रकम भेज दो। साथ ही यह धमकी भी दी गई की पुलिस को सूचना दी तो इसको जान से मार देंगे। मैसेज के मिलते ही पुलिस ने सर्विलांस से मोबाइल लोकेशन का पता लगाया गया तो लखनऊ ऐश बाग रेलवे स्टेशन का लोकेशन मिला। तत्काल थाना एम्स ने एक टीम लखनऊ रवाना कर दिया। टीम ने दीपांकर को लोकेशन से बरामद कर लिया।

**कर्ज उतारने के लिए रची खुद के अपहरण की साजिश**

**ऑनलाइन गेम में हार गया पिता के 2.5 लाख रुपए**

एसपी सिटी ने बताया कि दीपांकर ने पूछताछ में बताया की वो आनलाइन लूडो खेलने में पैसे की सट्टेबाजी करता था। इस खेल में उसने अपने पिता का लगभग 25 लाख रु. गवा दिया। पिता को इस बात की जानकारी न हो इस लिए पैसों की भरपाई के लिए उसने खुद के ही अपहरण की साजिश रची। पिछले एक माह से आनलाइन लूडो में पैसे लगा कर वह खेलता था। दीपांकर ने बताया की एक गेम में 5 रुपए से लेकर 10 हजार तक लगाया जाता है। जीतने वाले को दोगुनी रकम मिलती है। उसने भी गेम के चक्कर में पिता के पैसे जो उसके खाते में थे गेम में लगा दिए और हार गया।

# भूमि दिलाने के नाम पर लाखों हड़पने वाले तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** भूमि दिलाने के नाम पर कूटरचित दस्तावेजों के जरिए धोखाधड़ी कर लाखों रुपए हड़पने के मामले में आरोपित तीन जालसाजों को कैम्पियरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट मे पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि वादी मुकदमा की तहरीर पर आरोपितों के विरूद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादसं के तहत केस दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए थानेदार कैम्पियरगंज को लगाया गया था। थानेदार के निर्देशन में पुलिस टीम ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों ने अपना नाम अजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. जैनेन्द्र कुमार श्रीवास्तव निवासी शिवलहिया (टोला लाला) कैम्पियरगंज, राहुल श्रीवास्तव पुत्र दिनेश लाल निवासी पुराना गोरखपुर थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर व नन्दन पटेल पुत्र स्व राम प्रसाद निवासी शिवपुर करमहवा थाना कैम्पियरगंज गोरखपुर बताया। वह जमानत पर रिहा चल रहा था।

# जालसाजी कर छह लाख हड़पा तीन महिला सहित चार पर केस

नंदानगर (एसएनबी)। एम्स इलाके में आधार कार्ड के जरिये जालसाजी कर छह लाख रुपये हड़पने के मामले में पुलिस ने तीन महिला सहित चार के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हैं। चर्चा है कि पूरा मामला प्रदेश के काबीना मंत्री जयवीर सिंह के पास पहुंचा जहाँ मंत्री के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया।

**एम्स पुलिस पूरे मामले की विवेचना में जुटी**

बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम रघुआडीह हाल मुकाम दुर्गा मंदिर शमशेर गेट निवासी कुसुम देवी पत्नी राजेश ने काबीना मंत्री जयवीर सिंह को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि मुकामी थाना क्षेत्र अन्तर्गत नंदानगर मोहल्ला नयागांव निवासी जरीना सोनम व संजना ने बहला फुसला कर मेरा आधार कार्ड ले लिया तथा पता बदल कर कैंट थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिंघड़िया स्थित एक समूह बैंक सहित तीन अन्य कर्ज बांटने वाले बैंकों से लगभग 5 लाख रुपया निकासी कर पैसा हड़प लिया। इतना ही नहीं तीनों ने लड़की सीमा व बहन रेशमा से भी पैसा निकलवा कर 1.20 लाख रुपया हड़प लिया। ठगी के मामले में शमशाद नामक व्यक्ति ने दलाल की भूमिका निभाई।

पीड़िता ने पहले एम्स पुलिस व सीओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन बकौल पीड़िता झरनाटोला चौकी पुलिस ने उसे भगा दिया था। पीड़िता का कहना है कि वह बुरी तरह फंस चुकी है। अब बैंक ब्याज मांग रही है। जबकि पैसा मागने पर ठगी करने वाले जानमाल धमकी दे रहे हैं।

# टॉप टेन माफिया राकेश यादव का गुर्गा गिरफ्तार

**चरगावां(एसएनबी)।** जिले के टॉप टेन माफिया राकेश यादव गैंग के एक गुर्गे को गुलरिहा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस उसे यूपी गैंगस्टर एक्ट में दर्ज मुकदमे के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगल छत्रधारी टोला शाहगंज निवासी दिनेश यादव पर गुलरिहा थाने में बलवा, रंगदारी, हत्या का प्रयास जैसे कई गंभीर धाराओं में कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। शुक्रवार को माफिया राकेश यादव, दिनेश यादव सहित गैंग के पांच सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत केस दर्ज किया गया था। जिसके बाद गुलरिहा पुलिस गैंगस्टर के अभियुक्त दिनेश यादव को शुक्रवार की शाम उसके घर से गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दी है। दिनेश यादव अभी चंद दिनों पूर्व जेल से छूटकर घर आया था। गुडवर्क टीम में थानेदार के अलावा एसआई पंकज कुमार सिंह व एसआई रामचंद्र राय थाना गुलरिहा शामिल रहे।

# किशोरी का वीडियो वायरल करने की धमकी, दस लाख मांगी रंगदारी

गोरखपुर (एसएनबी)। रामगढ़ताल क्षेत्र में एक पीड़ित पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को बदनाम करने और रंगदारी मांगने वाले थाना गीडा क्षेत्र ट्रांसपोर्टनगर के रहने वाले सूरज यादव पुत्र विमल यादव पर मुकदमा दर्ज करवाया है। आरोप है की सूरज पीड़ित की बेटी की फोटो सोशल मीडिया पर लगाता है, साथ ही विडियो वायरल कर बदमान करने की धमकी देता है अब दस लाख रंगदारी की मांग कर रहा है।

राजघाट थाने के ट्रांसपोर्टनगर कारोबारी की बेतियाहाता में दुकान है। उन्होंने तहरीर में बताया की सूरज यादव मूल रूप से बिहार के अरवल जिला, थाना सोनभद्र ग्राम चांदबीगहा का रहने वाला है ,पहले उनके घर के बगल में रहा करता था। उसी बीच वो और उसके परिजनों ने उनकी बेटी को झांसे में लेकर उनके घर से काफी रुपए ले लिया और बहला फुसला कर 4 अगस्त 2022 को साथ लेकर भाग गया, जिसकी सूचना पर थाना रामगढ़ताल ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी सूरज के खिलाफ 376 और पास्को एक्ट में जेल भेज दिया था।

**आरोपी पास्को एक्ट में पहले भी जा चुका है जेल, अप्रैल में जमानत पर छूट कर आया था बाहर**

अप्रैल 2023 में जमानत पर जेल से छूट कर आने के बाद सूरज और उसके परिजन पीड़ित पिता को मुकदमे की पैरवी न करने की धमकी देते हैं। साथ ही सूरज और उसके पिता ने पीड़ित की दुकान पर अज्ञात लोगों को भेज कर धमका चुका है। पीड़ित विजय गुप्ता ने बताया की उनकी नाबालिग बेटी के भगा ले जाने के दौरान सूरज उनकी बेटी के साथ फोटो खिंचवाकर रखा है, कुछ आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया था।

अब फोटो को स्टेटस पर लगा कर समाज में उनकी बेटी की बदनामी कर रहा है। विडियो वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए मांग रहा है। पीड़ित पिता का ये भी कहना है ही सूरज उनके परिवार पर लगता नजर रखता है, फोन कर के कहता रहता है की अभी घर में हो, तो अभी दुकान पर हो, तो अभी दुकान जा रहे हो। उन्हे और उनके इकलौते पुत्र की हत्या की धमकी देता है। विजय गुप्ता की तहरीर पर थाना रामगढ़ताल पुलिस ने शुक्रवार को मुकदम दर्ज कर लिया और जांच कर रही है।

# छह साल की बच्ची से वृद्ध ने की छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

जासं, पीपीगंज : थाना क्षेत्र के एक गांव में छह साल की बच्ची से वृद्ध ने शुक्रवार की शाम कमरे में छेड़खानी की। किसी तरह भागी बच्ची ने मां को पूरी बात बताई। मां की तहरीर पर शनिवार को पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध छेड़खानी और पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

बच्ची शुक्रवार की शाम पांच बजे आरोपित वृद्ध के घर के सामने खेल रही थी। 65 वर्षीय वृद्ध बच्ची को अपने कमरे में ले गया और अश्लील हरकत करने लगा।

बच्ची किसी तरह वहां से भागकर घर पहुंची। उसकी बात सुनकर मां ने पीपीगंज थाने पहुंचकर तहरीर दी। शनिवार को पुलिस ने आरोपित चिखुरी प्रसाद के विरुद्ध छेड़खानी और पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपित की तलाश की जा रही है।

# माफिया राकेश के साथी को दबोचा, भेजा जेल

**GORAKHPUR (16 Sept):** गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित माफिया राकेश यादव के साथी दिनेश को गुलरिहा थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया. आरोपित पर हत्या के प्रयास, रंगदारी मांगने व धमकी देने के आठ मुकदमे दर्ज हैं. एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि झुंगिया का रहने वाला राकेश यादव जिले के टॉप-10 व प्रदेश के 61 माफिया की सूची में शामिल है. पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगल छत्रधारी, शाहगंज का दिनेश यादव गिरोह का सक्रिय सदस्य है. अपराध में सक्रिय होने पर शुक्रवार को गुलरिहा थाना प्रभारी जेएन शुक्ल ने माफिया राकेश यादव और उसके गिरोह के सदस्य बेचू यादव, आकाश

# रुपए हारा तो रच दी खुद के अपहरण की साजिश

**GORAKHPUR (16 Sept):** ऑनलाइन लूडो गेम में पिता के बैंक खाते से 2.50 लाख रुपए हारने के बाद एक युवक ने खुद के अपहरण की साजिश रच ली. उसने मां के वॉट्सएप पर बेहोशी हाल में फोटो भेजकर पांच लाख रुपए फिरौती देने का मैसेज भी भेज दिया. साथ ही, पुलिस को सूचना न देने की धमकी भी दी थी. मैसेज आने के बाद मां-बाप ने पहले खुद के स्तर से बेटे की तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चलने पर शुक्रवार रात में करीब एक बजे एम्स थाने में भाई और मां पहुंच गईं. पूरी घटना की जानकारी दी. अपहरण कर फिरौती मांगने की सूचना पर पुलिस एक्टिव हो गई. सर्विलांस की मदद से युवक का लोकेशन लखनऊ में मिला. पुलिस टीम तत्काल रवाना हो गई और युवक को ले आई. इसके बाद पूरा मामला खुलकर सामने आ गया. एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि ऊंचवा टोला गायत्री नगर निवासी अशोक कुमार रोडवेज कर्मचारी हैं. उनका बेटा दीपांकर कुमार देवा (19) बीए की पढ़ाई करता है. उसे एक महीने पहले ऑनलाइन लूडो गेम का चसका लग गया. गेम में दस हजार रुपए लगाने पर 18 हजार रुपए मिलने का दावा किया गया. पहले जब उसने रुपए लगाए तो जीता भी गया. इसके बाद उसने लगातार रुपए लगाना शुरू कर दिया. कई बार में पिता के खाते से 2.50 लाख रुपए लगाकर वह हार गया. इसके बाद उसे लगा कि यह बात पिता को पता चलेगी तो घरवाले नाराज होंगे. इस वजह से उसने खुद के अपहरण की साजिश रची.

## बस्ती से भेजी फोटो

शुक्रवार की शाम करीब सात बजे वह जिम के लिए घर से निकला और लखनऊ जाने वाली ट्रेन में सवार हो गया. रात में वापस नहीं आने पर परिजन परेशान थे. बस्ती के पास पहुंचने के बाद उसने बेहोशी के हाल में एक फोटो खींच कर मां के मोबाइल फोन पर भेज दिया.

# पांच बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

खोराबार। पुलिस ने शनिवार को पांच अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। ये सभी आरोपित देवरिया के हैं। देवरिया के सेमरहिया महुआडीह निवासी सुशील पासवान को गैंग लीडर तो उसके साथी अनिकेत भारती उर्फ मोनू पुत्र अमरजीत भारती निवासी बरपार बरारी महुआडीह देवरिया, अभिषेक पासवान उर्फ भोलू पुत्र दीनदयाल पासवान निवासी सेमरहिया महुआडीह देवरिया, सुनील बासफोड़ निवासी बरपार बरारी महुआडीह देवरिया, रंजीत गौड़ निवासी बेलवा बाजार महुआडीह देवरिया सुसंगठित तरीके से गिरोह बनाकर लूटपाट करता है।

# पति सहित अन्य पर दहेज उत्पीड़न का केस

खोराबार। क्षेत्र के नौवा अव्वल की रहने वाली मीना की शादी तीन वर्ष पूर्व खोराबार थानाक्षेत्र के जंगल बेलवार निवासी राकेश शर्मा से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बात पति राकेश, सास, देवर और पति का मामा दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। इसके बाद मीना दो बच्चों को लेकर मायके में आ गई। मीना की तहरीर पर पुलिस ने पति राकेश शर्मा, सास तारा, देवर भोलू व राकेश के मामा श्रीराम शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया।

# मोहर्रम जुलूस के दौरान की गई थी हत्या

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** 2007 में हुए गोरखपुर दंगे के मुख्य आरोपित शमीम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शमीम पर राजकुमार की हत्या का आरोप था। राजकुमार के पिता राजेंद्र ने तिवारीपुर थानाक्षेत्र के निजामपुर निवासी मो. शमीम, उसके पिता व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया था। बताया था कि कोतवाली क्षेत्र के एक मिनारा मस्जिद नसीराबाद के पास अंडे के ठेले पर किसी बात को लेकर राजकुमार से शमीम का विवाद हुआ था। मोहर्रम के जुलूस के दौरान एक मिनारा मस्जिद के पास ही तलवार और चाकू से शमीम और उसके पिता शफीउल्लाह तथा अन्य ने राजकुमार पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया था।

जुलूस के साथ मौजूद पुलिस टीम ने राजकुमार को अपनी जीप से बीआरडी पहुंचाया, जहां राजकुमार की मौत हो गई। शमीम को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हालांकि 16 अगस्त 2007 को कोर्ट से उसे जमानत मिली और इसके बाद वह फरार हो गया। तभी से कोर्ट से उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो रहा था लेकिन वह हाजिर नहीं हो रहा था। हत्या के मामले में दस अक्टूबर 2012 में कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। एसपी सिटी ने बताया कि सजा के डर से शमीम चेन्नई भाग गया था। वह गोरखपुर आया था इसी बीच गिरफ्तार किया गया।

# मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने राह चलते लोगों से मोबाइल छीनने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपितों की पहचान अमित गौड़ निवासी नौसढ़ पासवान ढाला दवईया गांव व भकालू निवासी डोमखाना राजघाट के रूप में हुई है।

---

# माफिया राकेश का गुर्गा दिनेश गिरफ्तार

## डीएम की अनुमति के बाद दर्ज किया गया था गैंगस्टर का केस

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा (गोरखपुर)। माफिया राकेश यादव के गिरोह के गुर्गे दिनेश यादव को शुक्रवार की रात में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गैंगस्टर के केस में दिनेश यादव भी आरोपी है। वह फरार चल रहा था। वह पिपराइच के जंगल छत्रधारी टोला शाहगंज का रहने वाला है।

दिनेश पर गुलरिहा थाने में सात केस दर्ज हैं। शुक्रवार को माफिया राकेश यादव और उसके गिरोह के चार गुर्गों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। इनमें शामिल गैंगस्टर का आरोपी दिनेश यादव जमानत पर बाहर था।



आरोपी दिनेश।

पुलिस ने दिनेश यादव को उसके घर से गिरफ्तार किया। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि आरोपी पर गैंगस्टर का केस दर्ज है। पुलिस गिरोह से जुड़े गुर्गों के अवैध कमाई से अर्जित की गईं संपत्तियों का ब्योरा जुटा रही है।

## जालसाजी के तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

गोरखपुर। कैंपियरगंज पुलिस ने जमीन के नाम पर जालसाजी करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिए गए। आरोपियों की पहचान कैंपियरगंज के शिवलहिया निवासी अजय कुमार श्रीवास्तव, गोरखनाथ के पुराना गोरखपुर निवासी राहुल श्रीवास्तव और शिवपुर करमहा निवासी नंदन पटेल के रूप में हुई। ब्यूरो

# जमीन दिलाने के नाम पर 15 लाख हड़पे

गुलरिह। जमीन देने के नाम पर 15 लाख रुपये हड़पने के आरोप में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गुलरिहा क्षेत्र के जौरहर निवासी मुंद्रिका प्रसाद को जमीन की जरूरत थी। इसी सिलसिले में राजेंद्र प्रसाद शर्मा निवासी रामपुर गोपालपुर थाना गुलरिहा से मुलाकात हुई,जिसने जमीन के कारोबारी महराजगंज जिले के श्यामदेउरवां क्षेत्र के बनकटियां निवासी सुनील कुमार यादव से बात कराई। आरोप है कि दोनों ने वर्ष 2018 में उससे गायघाट स्थित अपनी जमीन के नाम पर 15 लाख रुपये ले लिए। गुलरिहा पुलिस ने मुंद्रिका की तहरीर पर एसएसपी के आदेश पर राजेंद्र और सुनील के खिलाफ रुपए हड़पने का केस दर्ज किया है।

# बच्चे का कराया गया मेडिकल स्कूल को नोटिस की तैयारी

हि फॉलोअप

**भटहट, हिन्दुस्तान संवाद।** पिपराइच थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल के प्रबंधक की पिटाई से कक्षा दो के छात्र अब भी बीमार है। बच्चे को तेज बुखार है। दस्त भी हो रहा है। परिजनों की शिकायत पर शनिवार को पुलिस ने बच्चे का मेडिकल कराया। बच्चे को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के परसिया निवासी रामललित बेंगलुरु में मजदूरी करता है। उनका 13 वर्षीय पुत्र सरवन पिपराइच थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल में कक्षा दो में पढ़ता है। बच्चे की मां का आरोप है कि स्कूल के प्रबंधक ने बुधवार को दोपहर में सरिया तोड़ने का आरोप लगाकर सरवन की पिटाई की। इसके बाद छुट्टी होने के बाद बच्चा स्कूल के ऑटो से घर आ गया। लगभग एक बजे रात में उसकी तबीयत बिगड़ी तब उसने पिटाई की जानकारी दी। बच्चे की मां का कहना है कि पुलिस के बुलाने पर शनिवार को अपने बच्चे के साथ थाने पर गई थी। पुलिस ने पिपराइच सीएचसी पर भेज कर बच्चे का मेडिकल कराया। चिकित्सक द्वारा बच्चे का इलाज किया गया। बच्चे को तेज बुखार के साथ ही दस्त कम नहीं हो रहा है। इसके बाद थाने से उसे घर भेज दिया गया है। वहीं स्कूल प्रबंधन ने पिटाई से इनकार किया है। प्रबंधन का कहना है कि बच्चा दौड़ रहा था, गिरे न इसलिए डांटा गया था।

> मामले की जांच करायी जाएगी। इसके साथ ही विद्यालय को नोटिस भेज कर जवाब मांगा जाएगा। यदि मामला सही पाया गया तो आरटीई के नियमों का पालन नहीं करने सन्दर्भ में मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **जितेंद्र कुमार,** बीईओ भटहट

# ऑनलाइन गेम में हारा तो रची अपहरण की साजिश

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। ऑनलाइन गेम में ढाई लाख रुपये हारने के बाद युवक ने खुद के अपहरण की साजिश रच डाली। मां के मोबाइल पर अपनी फोटो भेजते हुए पांच लाख की रंगदारी मांगी। मामला पुलिस तक पहुंचा तो सर्विलांस के जरिए लोकेशन पता कर उसे लखनऊ के ऐशबाग स्टेशन से बरामद कर लिया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि कर्ज चुकाने के लिए अपहरण की कहानी गढ़ी थी।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई ने प्रेस वार्ता कर इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात रोडवेज के कर्मचारी अशोक कुमार के बेटे दीपांकर कुमार की गुमशुदगी की सूचना मिली। युवक के पिता ने बताया की दीपांकर रोज की तरह शाम 6 बजे जिम गया लेकिन लौट कर घर नहीं आया। पता चला कि वह जिम आया ही नहीं था। अभी पुलिस जांच कर ही रही थी की रात में करीब 1 बजे उसकी मां के मोबाइल पर दीपांकर की बेहोशी की हालत में एक

- मां के मोबाइल पर फोटो भेजकर पांच लाख की मांगी रंगदारी
- पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर लखनऊ से बरामद किया तो खुली कहानी

फोटो आई और एक मैसेज आया कि आप के बेटे का अपहरण किया गया है। अपहर्ता ने दीपांकर के बैंक खाते में 5 लाख रुपये फिरौती की रकम भेजने को कहा। पुलिस को सूचना देने पर बेटे को जान से मारने की धमकी दी। मैसेज मिलते ही पुलिस ने सर्विलांस से मोबाइल लोकेशन का पता लगाया तो टीम भेजकर लखनऊ के ऐशबाग रेलवे स्टेशन से उसे बरामद कर लिया गया।

दीपांकर ने बताया कि ऑनलाइन लूडो में उसने अपने पिता का लगभग 2.5 लाख गंवा दिया है। पिता को इस बात की जानकारी न हो और पैसों की भरपाई के लिए उसने खुद के ही अपहरण की साजिश रच डाली।

# जमीन कब्जाने का आरोप, चार पर केस

पिपराइच। फर्जी कागजात से जमीन कब्जा करने का मामला सामने आया है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने चार पर केस किया है। मामला जंगलधूषण रेतवहिया टोला का है।

उषा चौहान पत्नी स्व. बुद्धू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके ससुर के नाम से .093 हेक्टेयर जमीन है, जिसमें उसके पति बुद्धु चौहान 1/3 के हिस्सेदार हैं। पति की दो साल पहले मृत्यु हो गई। इसके बाद वह मायके में रहने लगी। इस दौरान पति के बड़े भाई धर्मदेव व उनके दो पुत्रों फागुलाल, मुसाफिर तथा अशोक ने कूटरचित अभिलेख बनाकर पति के हिस्से की जमीन पर कब्जा कर मकान बना लिया।

व्यापारी की नाबालिग लड़की के अपहरण व रेप में गया था जेल

# अपहरण में जेल गया, छूटा तो मांगी 10 लाख रंगदारी

■ किशोरी का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे कर सुलह का बना रहा दबाव

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शहर के एक व्यापारी की नाबालिग लड़की का एक दरिंदे ने पहले अपहरण कर दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया। जमानत पर छूटने के बाद अब वह व्यापारी से दस लाख की रंगदारी मांग रहा है। आरोप है कि वह उसकी बेटी के अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर न सिर्फ केस में सुलह के लिए दबाव बना रहा है बल्कि जेल जाने के एवज में दस लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा है। रामगढ़ताल पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपित सूरज यादव पर मुकदमा दर्ज किया है।

स्टील के थोक व्यापारी की कैंट इलाके में दुकान है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया की सूरज यादव मूल रूप से बिहार के अरवल जिला, थाना सोनभद्र ग्राम चांदबीगहा का रहने वाला है। पहले वह व्यापारी के घर के पास रहता था। उसी बीच वह अपने परिवारीजनों के साथ मिलकर उनकी बेटी को झांसे में लेकर घर से काफी रुपए ले लिया और बहला फुसला कर 4 अगस्त 2022 को साथ लेकर भाग गया। मामले में थाना रामगढ़ताल ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी सूरज को गिरफ्तार किया। मेडिकल के आधार पर उस पर रेप की धारा भी बढ़ाई गई। बीते अप्रैल माह में जमानत पर जेल से छूट कर आने के बाद सूरज और उसके पिता ने मुकदमे की पैरवी न करने को लेकर धमकी देना शुरू कर दिया। सूरज और उसके पिता ने दुकान पर अज्ञात लोगों को भेज कर धमकाना भी शुरू कर दिया।

व्यापारी ने बताया की उनकी नाबालिग बेटी के भगा ले जाने के दौरान सूरज ने अश्लील फोटो और वीडियो बनाया था। वह फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। व्यापारी ने बताया कि सूरज उनके परिवार पर लगता नजर रखता है और फोन करके यह बताता रहता है कि मैं कहां हूं और क्या कर रहा हूं। वह उन्हें और उनके इकलौते पुत्र की हत्या की धमकी देता है। रामगढ़ताल पुलिस ने मुकदम दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आटो से लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

जासं., गोरखपुर : आटो से घूमकर मोबाइल फोन लूटने वाले गिरोह के दो सदस्यों को कैंट थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से लूट के तीन मोबाइल फोन व घटना में इस्तेमाल आटो बरामद हुई। तीसरे आरोपित की तलाश चल रही है। देर शाम दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने शनिवार की शाम अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुशीनगर, कोटवा के रामपुर बुजुर्ग गांव में रहने वाले पन्नेलाल कुशवाहा आठ सितंबर की रात में धर्मशाला बाजार आए थे। काली मंदिर के पास खड़े होकर अपने परिचित का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच पहुंचे आटो सवार तीन बदमाशों ने मोबाइल फोन छीन लिया। विरोध करने पर पिटाई करके फरार हो गए। शनिवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट रणधीर मिश्रा ने नौसढ़, पासवान ढाला के पास रहने वाले आटो चालक अमित कुमार गौड़ और वारदात में शामिल राजघाट में लालडिग्गी पार्क के पास रहने वाले भकालू को गिरफ्तार किया। तीसरे की तलाश जारी है।

# एम्बुलेंस कर्मियों को पुलिस को सौंपा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैम्पियरगंज सीएचसी से शनिवार को 108 नम्बर एम्बुलेंस से मरीज लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे एम्बुलेंस चालक और ईएमटी को एक मरीज के तीमारदार से बात करते समय नेहरू चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने पकड़ लिया। उन्होंने दोनों कर्मचारियों को मेडिकल कॉलेज चौकी इंचार्ज को सौंप दिया।

कैम्पियरगंज सीएचसी से ड्राइवर राकेश गुप्ता पुत्र देवीदीन और ईएमटी सुरेश पुत्र पराग निवासी धानी थाना बृजमनगंज महराजगंज को मेडिकल कॉलेज कैम्पस में मुख्य गेट के पास एक मरीज के तीमारदार से बात करते समय नेहरू चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने पूछताछ कर मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी को सौंप दिया। चौकी इंचार्ज विवेक मिश्रा ने सरकारी एम्बुलेंस के हेड ऑफिस लखनऊ को सूचना दी तो नोडल अधिकारी लखनऊ शशांक त्रिपाठी ने आश्वासन दिया कि 24 घण्टे के भीतर दोनों के खिलाफ निष्कासन की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दोनों एम्बुलेंस कर्मियों को एक-एक लाख रुपये मुचलके पर छोड़ दिया।

# 16 साल से फरार गोरखपुर दंगे का आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

- राजकुमार अग्रहरि की चाकू तलवार से की थी हत्या
- जेल से जमानत पर छूटने के बाद फरार हो गया था शमीम



गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। 2007 में हुए गोरखपुर दंगे के मुख्य आरोपित शमीम को कोतवाली पुलिस ने 16 साल बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शमीम और उसके पिता को राजकुमार अग्रहरि की हत्या के आरोप में 10 अक्टूबर 2012 में उम्रकैद की सजा हो चुकी है। उसका पिता सजा काट रहा है जबकि शमीम फरार था और चेन्नई में छिपा था। बताया जा रहा है कि वह तिवारीपुर इलाके में आया था इस बीच पुलिस ने उसे दबोच लिया।

कोतवाली थानाक्षेत्र के दीवान बाजार के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद अग्रहरी के बेटे राजकुमार अग्रहरि की साल 2007 में मोहर्रम के दिन जुलूस के दौरान हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने तलवार और चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर राजकुमार की जान ले ली थी। इस घटना के बाद गोरखपुर में दंगा भड़क गया था।

➤जुलूस के दौरान हत्या P 05

## अफसरों की नाकामी पर प्रदर्शन पर योगी गए थे जेल

साल 2007 में गोरखपुर में हुए दंगे में तत्कालीन पुलिस प्रशासन की नाकामी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने पर सांसद रहे योगी आदित्यनाथ को तब पुलिस ने गिरफ्तार किया था और उन्हें 11 दिन तक जेल में रहना पड़ा था। गोरखपुर के तत्कालीन सांसद योगी आदित्यनाथ ने जमानत पर छूटने के बाद 12 मार्च 2007 को संसद में दंगे को लेकर बयान दिया था।

# नौकरी के नाम पर दो लाख की ठगी

गोरखपुर। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के शिव नगर कॉलोनी की रहने वाली मधु द्विवेदी से नौकरी दिलाने के नाम पर थाना पिपराइच जंगल छत्रधारी टोला शाहपुर के रहने वाले दंपत्ति संतोष कुमार त्रिपाठी और उर्मिला त्रिपाठी ने दो लाख रुपए हड़प लिए। पीड़िता की तहरीर पर थाना गोरखनाथ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# सौदेबाजी की आशंका में एंबुलेंस चालक, ईएमटी को पकड़ा, मुचलके पर छूटे

जासं, गोरखपुर : मरीज को गोरखपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराने के बाद बाहर तीमारदार से बात कर रहे एंबुलेंस चालक और ईएमटी को नेहरू चिकित्सालय के सीएमएस के पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। दोनों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए मुख्यालय से बात की गई।

दरअसल, एंबुलेंस चालक मरीजों को निजी अस्पतालों में पहुंचा दे रहे हैं। इसके बदले उन्हें मोटी रकम मिलती है। शनिवार की दोपहर बाद तीन बजे कैंपियरगंज सीएचसी से एक मरीज को लेकर 108 नंबर के एंबुलेंस का चालक राकेश गुप्ता और ईएमटी सुरेश गोरखपुर मेडिकल कालेज पहुंचे। यहां मरीज को भर्ती कराने के बाद मुख्य गेट के पास एक तीमारदार से बात कर रहे थे। उसी दौरान नेहरू चिकित्सालय के सीएमएस पहुंचे, उन्हें सौदेबाजी की आशंका हुई तो पकड़ लिया। दोनों को चौकी इंचार्ज विवेक मिश्रा को सौंप दिया और कार्रवाई के लिए लखनऊ स्थित मुख्यालय पर नोडल अधिकारी से बात की। वहां से 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की बात कही गई है। पुलिस ने दोनों को एक-एक लाख मुचलके पर छोड़ दिया।

# चोरी हुई बाइक का कट रहा आनलाइन चालान

जासं. भटहट : गुलरिहा क्षेत्र से चोरी हुई बाइक का शहर में चालान काट रहा है। मोबाइल पर चालान कटने का मैसेज आने के बाद पीड़ित ने शनिवार को भटहट चौकी पर पहुंच मामले की जानकारी दी। सीसी कैमरे की मदद से पुलिस छानबीन कर रही है।

जंगल हरपुर निवासी दिलीप कुमार गुप्ता की बाइक 26 फरवरी, 2023 को भटहट कस्बे में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से चोरी हुई थी। छह मार्च 2023 को गुलरिहा थाना पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। बाइक चोरी के बाद फरवरी माह में ही पांच हजार रुपये का चालान कटने का मैसेज दिलीप के पास आया। चेक करने पर पता चला कि कचहरी चौराहे पर चालान कटा है।

मामले की जानकारी उन्होंने गुलरिहा थाना पुलिस को दी। इस दौरान छह सितंबर को दोबारा हेलमेट न पहनने पर 1000 रुपये का चालान कटने का मैसेज आया। भटहट चौकी पर पहुंचे पीड़ित ने प्रभारी को मामले की जानकारी दी।

## ओवरब्रिज पर बदमाशों ने लूटा मोबाइल फोन

जासं, मुंडेरा बाजार : चौरीचौरा थाना क्षेत्र के बिलारी गांव के भगवती दुबे का मोबाइल फोन बदमाशों ने शुक्रवार की रात करमहा रेलवे आवेरब्रिज पर लूट लिया। उन्होंने शनिवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी। शुक्रवार की रात भगवती दुबे फुटहवा इनार चौराहे से पैदल घर जा रहे थे। इसी दौरान घटना हो गई।

## चार पहिया वाहन से लकड़ी बरामद, पांच पर मुकदमा दर्ज

महावनखोर : कैंपियरगंज रेंज के वन निगम डिपो के पास शुक्रवार की रात वन कर्मियों ने टवेरा गाड़ी में लदा सागौन का पांच बोटा बरामद किया। टीम ने पांच लोगों पर फारेस्ट एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देश पर रेंजर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की टीम ने सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर वन डिपो के पास लाल रंग की टवेरा गाड़ी को रोका लेकिन चालक भाग गया।

# रुपये हारने पर गढ़ी अपहरण की झूठी कहानी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : आनलाइन लूडो गेम में पिता के रुपये हारने वाले युवक ने खुद के अपहरण की झूठी कहानी रच दी। मां के पास बेहोशी की स्थिति में बंधक बनाए जाने की फोटो भेजने के साथ पांच लाख रुपये की फिरौती भी मांगी। सर्विलांस की मदद से छानबीन में जुटी एम्स थाना पुलिस ने युवक को आठ घंटे के भीतर लखनऊ के ऐशबाग रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया।

- **मां के पास भेजी बेहोशी की स्थिति में बंधक बनाए जाने की फोटो**
- **एम्स पुलिस ने युवक को लखनऊ से बरामद कर किया पर्दाफाश**

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने शनिवार की शाम अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गायत्रीनगर ऊंचवा में रहने वाले अशोक कुमार परिवहन विभाग में काम करते हैं। शुक्रवार रात 8:00 बजे अशोक कुमार ने एम्स थाना पुलिस तहरीर दी कि उनका बेटा दीपांकर जिम जाने के लिए घर से निकला था, उसका अपहरण हो गया है। अपहरण करने वालों ने पत्नी के मोबाइल फोन पर दीपांकर की फोटो भेजी है, जिसमें वह बेहोश है। पांच लाख रुपये फिरौती मांगने के साथ ही बेटे के बैंक खाते मे भेजने को कह रहे हैं। एम्स पुलिस ने सर्विलांस की मदद से छानबीन शुरू की तो पता चला कि युवक इस समय बस्ती में है। पुलिस पहुंची तो पता चला कि बाराबंकी पहुंच गया है। भोर में उसे लखनऊ के ऐशबाग स्टेशन से बरामद कर लिया गया। दीपांकर ने बताया कि वह बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। आनलाइन लूडो गेम खेलने में उसने पिता के खाते से करीब तीन लाख रुपये निकाल लिए, जिसे हार गया। दीपांकर को पिता के खाते का नंबर व एटीएम कार्ड का पिन नंबर पता था। रुपये की भरपाई करने के लिए उसने अपहरण की झूठी कहानी रच पांच लाख रुपये फिरौती मांगी थी। एसपी सिटी ने बताया कि चेतावनी देकर युवक को स्वजन के साथ भेज दिया गया।

**यह और अन्य खबरें देखें–**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# 16 वर्षों से फरार गोरखपुर दंगे का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

## न्यायालय से जमानत मिलने पर 2007 में भागा था चेन्नई, 2012 में कोर्ट से मिला था आजीवन कारावास

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जमानत मिलने के बाद 16 वर्ष से फरार चल रहे गोरखपुर दंगे के मुख्य आरोपित शमीम को कोतवाली थाना पुलिस ने पांच दिन पहले जाफरा बाजार से गिरफ्तार किया। फरारी के दौरान लंबे समय तक वह चेन्नई में रहा। 11 वर्ष पहले न्यायालय से आजीवन कारावास मिलने के बाद पहचान छिपाकर रहता था। कुछ दिन पहले गोरखपुर आया था।

27 जनवरी, 2007 को कोतवाली थाना क्षेत्र के दीवान बाजार के राजेंद्र प्रसाद अग्रहरी के बेटे राजकुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना मोहर्रम के जुलूस के दौरान हुई थी। घटना के बाद गोरखपुर में दंगा भड़क गया था। राजकुमार के पिता राजेंद्र ने मोहम्मद शमीम और उसके साथियों के विरुद्ध बलवा व



दंगे का मुख्य आरोपित शमीम • सौ. पुलिस मीडिया सेल

हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाली थाना पुलिस ने शमीम को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 16 अगस्त, 2007 को न्यायालय से शमीम को जमानत मिल गई थी, इसके बाद से वह फरार हो गया। कोर्ट के गैर जमानती वारंट जारी करने के बावजूद वह तारीख पर हाजिर नहीं हो रहा था, इस मामले में उसे 10 अक्टूबर, 2012 में न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा व 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगया था। कोतवाली पुलिस ने 12 सितंबर की सुबह शमीम को निजामपुर में किराए के घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद आरोपित के घर की कुर्की कराई गई थी।

### पुलिस ने माफिया राकेश के साथी को दबोचा, भेजा जेल

जासं, गोरखपुर : गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित माफिया राकेश यादव के साथी दिनेश को गुलरिहा थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया। आरोपित पर हत्या के प्रयास, रंगदारी मांगने व धमकी देने के आठ मुकदमे दर्ज हैं। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि झुंगिया का रहने वाला राकेश यादव जिले के टाप-10 व प्रदेश के 61 माफिया की सूची में शामिल है। पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगल छत्रधारी, शाहगंज का दिनेश यादव गिरोह का

- **गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित चल रहा था दिनेश यादव**
- **शुक्रवार को माफिया समेत पांच पर दर्ज हुआ था मुकदमा**

सक्रिय सदस्य है। अपराध में सक्रिय होने पर शुक्रवार को गुलरिहा थाना प्रभारी जेएन शुक्ल ने माफिया राकेश यादव और उसके गिरोह के सदस्य बेचू यादव, आकाश कन्नौजिया उर्फ मंटू, धनेश यादव व दिनेश यादव के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। दिनेश को शुक्रवार की शाम उसके



गुलरिहा थाना पुलिस की गिरफ्त में माफिया राकेश का साथी दिनेश यादव • जागरण

घर से पुलिस ने गिरफ्तार किया। माफिया राकेश जेल में निरुद्ध है, अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है।

# दस लाख रुपये लेकर नहीं दी जमीन, मुकदमा दर्ज

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के खैराबाद के डूडी के सुनील पासवान पर जमीन के लिए 10 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है। झंगहा थाना क्षेत्र के नेकवार की प्रतिमा गुप्ता पत्नी विजय गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा था कि अपनी जमीन बेचने के लिए सुनील पासवान ने 10 लाख रुपये लिया था। कई दिन बाद जब जमीन रजिस्ट्री नहीं की तो मैंने रुपये वापस मांगे। उसने 10 लाख रुपये के तीन चेक दिए। बैंक खाते में रुपये न होने से चेक बाउंस हो गए। इसके बाद पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# 15 लाख रुपये हड़पने वाले दो पर मुकदमा

गोरखपुर : गुलरिहा थाना क्षेत्र के जौरहर के मुंद्रिका प्रसाद से जमीन के नाम पर 15 लाख रुपये हड़पने वाले दो आरोपितों के विरुद्ध पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। मुंद्रिका प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वर्ष 2018 में जमीन की जरूरत थी। रामपुर गोपालपुर के राजेंद्र शर्मा से बात हुई। उसने महराजगंज के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के सुनील कुमार यादव से मुलाकात कराई। दोनों ने गायघाट में जमीन दिखाकर अपनी बताई। आरटीजीएस व चेक और नकद 15 लाख रुपये ले लिए, लेकिन जमीन नहीं दी। रुपये वापस मांगने पर वे लौटा भी नहीं रहे हैं। बदले में जान से मारने की धमकी भी दे रहे है। आरोपित दबंग हैं। उनसे जान का खतरा भी है। एसएसपी के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# हाईवे पर फोटोग्राफर को लूटने वाले बदमाशों पर लगा गैंगस्टर

जासं, गोरखपुर : हाईवे पर फोटोग्राफर का कैमरा लूटने वाले बदमाशों पर खोराबार थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। गाजीपुर के रहने वाले पीड़ित के साथ पांच पहले घटना हुई थी।

प्रभारी निरीक्षक थाना खोराबार जयंत सिंह ने तहरीर में लिखा है कि देवरिया के महुआडीह, सेमरहिया का सुशील पासवान गिरोह का सरगना है। अपने गांव के रहने वाले साथी अभिषेक पासवान उर्फ भोलू, बरपारबरारी के सुनील बासफोड़ उर्फ सनीदेवल, अनिकेत भारती और बेलवा बाजार के रंजीत कुमार गौंड़ उर्फ रैन्चो के साथ मिलकर लूट करता है। 21 मार्च, 2023 को इन लोगों ने फोरलेन बाईपास पर गाजीपुर के रहने वाले दीपक यादव को शूटिंग के बहाने गोरखपुर बुलाया और कैम्परा लूट लिया था।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**भटहट** : गुलरिहा थाना की भटहट चौकी क्षेत्र के एक गांव की युवती से शादी का झांसा देकर युवक ने दुष्कर्म किया। शादी से इनकार करने पर युवती की मां ने आरोपित मजीबुर्रहमान खान उर्फ शेरू खान और उसकी बुआ, बड़े व एक अन्य के विरुद्ध अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## एक सप्ताह से गायब किशोर रेलवे स्टेशन से बरामद

**उरुवा बाजार** : नाराज होकर घर से भागे किशोर को सिकरीगंज पुलिस ने शनिवार को गोरखपुर रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। सिकरीगंज के महुई बुजुर्ग के स्वर्गीय रामकृपाल सिंह का 16 वर्षीय बेटा आर्यन 11 सितंबर की दोपहर दो बजे किसी बात से नाराज होकर घर से भाग गया था। स्वजन ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर शनिवार को आर्यन को गोरखपुर रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया।

# सपा सरकार ने योगी को भिजवाया था जेल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर में वर्ष 2007 में भड़के दंगे का मामला**

*कोर्ट से आरोपी के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी था। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। फरारी के दौरान वह चेन्नई भी गया था, लेकिन पिछले कुछ समय से यहीं पर किराये के मकान में छिपकर रहता था।*

**-कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी सिटी

**गोरखपुर।** तत्कालीन सांसद योगी आदित्यनाथ की गिरफ्तारी के बाद गोरखपुर में दंगा भड़क गया था। माहौल काफी खराब हो गया था। हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए थे। प्रशासन ने योगी आदित्यनाथ और उनके साथ मौजूद लोगों को सपा सरकार के इशारे पर जेल भिजवा दिया था।

जिस समय में घटना हुई थी, उस समय योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में नहीं थे, वह कुशीनगर गए थे। वहीं से उन्होंने गोलघर के चेतना चौराहे पर धरना और जनसभा का आह्वान किया था। योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर पहली बार विधायक का चुनाव जीते राधामोहन दास अग्रवाल, तत्कालीन मेयर अंजू चौधरी, सुनील सिंह के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन शुरू हो गया था।

इस कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ भी आने वाले थे। वह कुशीनगर से चल दिए थे, लेकिन तत्कालीन सपा सरकार ने उन्हें गिरफ्तार करने का निर्देश दे दिया। योगी आदित्यनाथ कुशीनगर से गोरखपुर के लिए रवाना हो चुके थे।

गोरखपुर के तात्कालिक डीएम डॉ. हरिओम ने उनके गिरफ्तारी का खाका तैयार कर लिया। योगी आदित्यनाथ जैसे ही गोरखपुर कुशीनगर रोड पर स्थित जगदीशपुर पहुंचे, उन्हें रोककर गिरफ्तार कर लिया गया।

सांसद योगी आदित्यनाथ की गिरफ्तारी की खबर जैसे ही हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं को लगी, वे इसका विरोध करने लगे। पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा तो पुलिस से झड़प शुरू हो गई। कई जगहों पर आगजनी और तोड़फोड़ भी शुरू हो गई। योगी आदित्यनाथ की गिरफ्तारी के बाद माहौल खराब हो गया था। उनको गोरखपुर जेल की मिलेनियम बैरक में रखा गया था।

उनके साथ जेल में तत्कालीन नगर विधायक राधामोहन दास अग्रवाल, हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह, मेयर अंजू चौधरी और कई भाजपा नेता भी थे। योगी आदित्यनाथ को धारा 144 और शांतिभंग के आरोप में पुलिस ने जेल भेजा था। करीब 11 दिन उन्हें जेल में रहना पड़ा था।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** बड़हलगंज थाना में दर्ज दुष्कर्म के केस के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को पकड़ा। आरोपी चौरीचौरा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव का रामप्रसाद पासवान उर्फ टीनू पासवान उर्फ टून्नू पासवान है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

## तमंचा-कारतूस के साथ पुलिस ने पकड़ा

**गोरखपुर।** कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के खजुरहिया निवासी ईश्वर यादव को पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा। उसके खिलाफ अवैध असलहा रखने का मामला दर्ज करके पुलिस कार्रवाई में जुटी है। ब्यूरो

## डकैती और लूट के आरोपियों पर गैंगस्टर

**गोरखपुर।** डकैती और लूट के आरोपियों पर खोराबार पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस ने गिरोह सरगना देवरिया जिले के थाना महुआडीह, सेमरहिया निवासी सुशील पासवान, उसके गुर्गे बरपारबरारी गांव के अनिकेत भारती उर्फ मोनू, अभिषेक पासवान उर्फ भोलू, सुनील बासफोड़ उर्फ सनीदेवल और बेलवा बाजार के रंजीत कुमार गौंड़ उर्फ रैंचो को गिरोह में पंजीकृत किया है। ब्यूरो

# मनबढ़ों ने दो युवकों का सिर फोड़ा, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

## गाय को मारने से मना करने पर हुआ विवाद

**गगहा।** गगहा क्षेत्र के कौड़ीराम सब्जी मंडी के पास शनिवार की सुबह सड़क पर बैठी गाय को कुछ मनबढ़ मार रहे थे। बाइक सवार दो युवकों ने गाय को मारने से रोका तो मनबढ़ों ने बाइक का पीछा कर दोनों की पिटाई कर सिर फोड़ दिया। पुलिस चार नामजद व पांच अज्ञात पर केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार को बांसगांव निवासी आदित्य सिंह दोस्त विशाल राय के साथ बाइक से कौड़ीराम से बड़हलगंज की ओर जा रहा था। कौड़ीराम चौराहे के सब्जी मंडी के पास सड़क पर बैठी गाय को चार युवक मार रहे थे। आदित्य ने बाइक रोक कर युवकों को गाय को मारने से रोका तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। आदित्य दोस्त विशाल के साथ बाइक पर सवार होकर निकल गया और कौड़ीराम पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भराने लगा।

युवकों ने पांच अज्ञात लड़कों को लेकर आदित्य और उसके दोस्त विशाल पर डंडे और पंच से हमला कर दिया। आदित्य और विशाल के सिर फट गए।

# महिला से ठगी करने का आरोपी दबोचा

गोरखपुर। माड़ापार निवासी महिला के बेटों को जान का खतरा बताकर ठगी करने आरोपी को एम्स थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पायल, स्कूटी और तीन हजार रुपये मिले। माड़ापार निवासी चानबली की पत्नी देवी 14 सितंबर को घर पर थीं। तभी धोती कुर्ता पहने, हिमांचली टोपी लगाए स्कूटी सवार एक व्यक्ति महिला के घर पहुंचा। खुद को महिला के गुरु महराज का शिष्य बताते हुए कहा कि तुम्हारे दोनों बेटों की जान पर खतरा है। पूजापाठ से यह संकट खत्म हो जाएगा। पूजापाठ करने के लिए महिला की बेटी को पड़ोस में भेज दिया। कागज में रखी भभूत देकर खाने को कहा। भभूत खाने के बाद महिला अचेत हो गई। ब्यूरो

# एटीएम में कार्ड फंसे तो रहें सतर्क... ठगों ने संपर्क के लिए लगा दिया अपना नंबर

## मोहद्दीपुर में ठग ने एटीएम केबिन में लिख दिया अपना नंबर, खाली हो गया खाता



पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम केबिन में लगा टोल फ्री नंबर। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रोज नए तरीकों से जालसाजी करने वालों ने एटीएम केबिन में अपना नंबर लिखकर ठगी का खेल शुरू कर दिया है। यह उन लोगों को टारगेट करते हैं, जो ठीक से एटीएम को ऑपरेट नहीं कर पाते हैं। ताजा मामला मोहद्दीपुर में सामने आया है।

यहां पर रुपये निकालने गए शख्स का एटीएम कार्ड फंस गया। इसके बाद सामने लिखे टोल फ्री नंबर पर संपर्क किया। कुछ देर बाद खाते से 37 हजार 596 रुपये की खरीदारी कर ली गई। पुलिस केस दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच कर रही है।


बेजली काटने की घुड़की..फिर खाता खाली

14 सितंबर को प्रकाशित खबर।

जानकारी के मुताबिक, मोहद्दीपुर निवासी धीरज गुप्ता ने केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने लिखा है कि 09 सितंबर 2023 की शाम करीब 4:24 बजे मोहद्दीपुर स्टेट बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गया तो कार्ड मशीन में फंस गया। कई बार कोशिश करने के बाद भी कार्ड नहीं निकल रहा था। तब मेरी नजर सामने लिखे हेल्प लाइन नंबर पर पड़ी। उस नंबर पर कॉल किया तो बताया गया कि आप कैंसिल बटन दबाएं, बटन दबाने पर भी कार्ड नहीं निकला, फिर उसने बोला कि आपका कार्ड रि-रीड हो गया है।

कई बार कोशिश करने के बाद जब कार्ड नहीं निकला तो उसने बोला आप अपना नंबर नोट करा दीजिए, हमारा टेक्नीशियन शाम व जाएगा व आपको फोन करेगा तो आइएगा और अपना कार्ड ले लीजिएगा। फिर कुछ देर बाद कोशिश करने के बाद मैं वहां से करीब 4:40 बजे चला गया।

### कार्ड फंसने पर ऐसे करें बचाव

- किसी अंजान आदमी से मदद न मांगे।
- बैंक के आधिकारिक वेबसाइट या फोन नंबर पर ही संपर्क करें।
- कम निगरानी वाले एटीएम बूथों का इस्तेमाल करने से बचें।
- कार्ड फंसने पर उसे अस्थाई रूप से ब्लॉक भी करवा सकते हैं।
- फोन पर ओटीपी, कार्ड नंबर या सीवीवी की जानकारी देने से बचें।

*नए तरीके से लोगों का खाता खाली करने वाला गिरोह किसी ऐसे एटीएम बूथ को तलाशता है, जहां निगरानी कम होती है। मौका पाकर एटीएम से छेड़छाड़ कर मशीन के कार्ड होल्डर को इस तरह से मोडिफाई कर देते हैं कि उसमें कार्ड डालने पर फंसा रह जाए। इसके बाद बूथ में ही एक कस्टमर सपोर्ट का पर्चा चिपका देते हैं, जिस पर मदद के लिए कॉल करने के लिए नंबर लिखा होता है। पर्चे पर लिखा नंबर गिरोह के दूसरे गुर्गे के पास होता है, जो कहीं दूर बैठा रहता है। बाद में कार्ड को निकाल लेते हैं और पिन नंबर जानकर जालसाजी करते हैं।* **- उपेंद्र सिंह, साइबर एक्सपर्ट**

# जमीन के नाम पर 15 लाख हड़पे, केस दर्ज

गुलरिहा। जमीन के नाम पर 15 लाख रुपये की जालसाजी करने के आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। जौरहर निवासी मुंद्रिका प्रसाद को जमीन की जरूरत थी। उनकी राजेंद्र प्रसाद शर्मा निवासी रामपुर गोपालपुर से मुलाकात हुई, जिसने जमीन कारोबारी महराजगंज जिले के श्यामदेउरवां क्षेत्र के बनकटिया निवासी सुनील कुमार यादव से बात कराई। आरोप है कि दोनों जमीन दिलाने की बात कहकर 15 लाख रुपये ले लिए। अब जमीन बैनामा नहीं कर रहे हैं। ब्यूरो

# किराए पर ऑटो लेकर करते थे लूट, दो गिरफ्तार

गोरखपुर। शहर में किराए पर ऑटो लेकर लूट करने के आरोपी दो युवकों को कैंट पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पुलिस ने लूट के तीन मोबाइल फोन, घटना में इस्तेमाल ऑटो बरामद कर लिया। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिए गए। आरोपियों की पहचान नौसड़ निवासी अमित कुमार गौड़ व लालडिग्गी निवासी भकालू के रूप में हुई। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने प्रेस कांफ्रेंस कर आरोपियों के बारे में जानकारी दी। ब्यूरो

**स्वस्थ पेशे की बीमार तस्वीर**

# सरकारी एंबुलेंस से मरीज की खरीद फरोख्त की कोशिश, दो पकड़े गए

## मरीज-एंबुलेंस माफिया : लखनऊ जाने वाले मरीजों को करते हैं टारगेट, फिर रास्ते में देते हैं बेच

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा (गोरखपुर)। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मरीज को छोड़ने आए एक सरकारी एंबुलेंस से मरीज की खरीद-फरोख्त की कोशिश का मामला सामने आया है। सीएमएस ने आरोपियों को पकड़कर पुलिस बुला ली। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि दोनों संविदा कर्मचारी लखनऊ रेफर किए गए मरीजों को निशाना बनाते हैं। इनकी प्राइवेट एंबुलेंस से भी सांठगांठ रहती है। रास्ते में सुनसान जगह देखकर प्राइवेट एंबुलेंस को बुलाते हैं और मरीज को उसमें शिफ्ट कर देते हैं। इसके बदले में तय रकम लेकर लौट जाते हैं।

**पुलिस ने आरोपियों को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर छोड़ा**


दलालों और उनके खैरख्वाहों की अब अच्छी तरह खबर लेंगे जिलाधीश

11 सितंबर को प्रकाशित खबर।



सीएमओ दफ्तर के सामने खड़ी एंबुलेंस। अमर उजाला

जानकारी के मुताबिक, शनिवार दोपहर करीब तीन बजे कैंपियरगंज सीएचसी से एक मरीज को लेकर 108 नंबर एंबुलेंस से चालक राकेश गुप्ता व ईएमटी सुरेश, निवासी धानी महराजगंज मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे।

मेडिकल कॉलेज कैंपस में बाबा राघव दास प्रतिमा के पास एक मरीज के तीमारदार से एंबुलेंस के कर्मचारी लखनऊ जाने के लिए बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान नेहरू चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पहुंचे और कर्मचारियों के संदिग्ध लगने पर दोनों को पुलिस को सौंप दिया।

मेडिकल पुलिस चौकी इंचार्ज विवेक मिश्रा ने सरकारी एंबुलेंस के हेड ऑफिस लखनऊ को सूचना दी। उन लोगों से कुछ जानकारी पुलिस को मिली है, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। नोडल अधिकारी लखनऊ शशांक त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि 24 घंटे के भीतर निष्कासन की कार्रवाई कर दी जाएगी। मेडिकल कॉलेज चौकी की पुलिस ने दोनों एंबुलेंस कर्मियों को एक-एक लाख रुपये के निजी मु…

### *जिला अस्पताल में पुलिस चौकी के लिए जगह मिली*

*गोरखपुर। जिला अस्पताल में भी पुलिस चौकी के लिए जगह मिल गई है। दरअसल, सरकारी अस्पताल से मरीजों को बेचे जाने का मामला सामने आने के बाद ही कमिश्नर अनिल ढींगरा ने बैठक की थी। इसमें एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिस चौकी की जरूरत बताई थी, तभी आदेश हुआ था, लेकिन जगह नहीं मिल पा रही थी। अब अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी परिसर में ही पुलिस चौकी के लिए जगह दे दी है। खबर है कि जल्द ही वहां पर पुलिस चौकी बन…*

View All Pages Page 07 of 22

## जोशी जैसे कई और भी

# सरकारी रकम घुमाते थे ब्याज पर फर्जी चेक से करा लेते थे भुगतान

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** रेलवे में भ्रष्टाचार की जड़ें बेहद गहरी हैं। प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक केसी जोशी को रंगेहाथ रिश्वत लेते पकड़ने के पहले भी सीबीआई ने अलग-अलग मामलों में कई अफसरों को दबोचा है। ठेके में कमीशन ही नहीं, बैंक में रुपये जमा न कराकर शेयर बाजार में लगाने के साथ ही सूद पर देने और फर्जी चेक के जरिए भी करोड़ों रुपये हड़पने के मामले सामने आ चुके हैं। एक अफसर को नौकरी तक गंवानी पड़ी है तो दूसरे अफसर पर जांच की तलवार लटक रही है। जबकि कुछ कर्मचारी जेल से छूटने के बाद अब कोर्ट-कचहरी का चक्कर काट रहे हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे में सबसे चौंकाने वाला मामला 13 सितंबर 2023 को सामने आया था। लेखा विभाग में 21.87 करोड़ के फर्जी चेक से भुगतान की साजिश पकड़ी गई। तत्काल भुगतान पर रोक लगा दी गई, लेकिन तब तक 3.25 करोड़ के एक चेक का भुगतान हो गया था। खाता को तत्काल सीज कर दिया गया।

विजिलेंस ने इस मामले में दो रेलवे कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था। बाद में इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई। सीबीआई ने बस्ती में छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया था। इसमें करीब दो लाख रुपये के जाली नोट बरामद हुए थे और काफी संख्या में अधिकारियों के नाम से बनी मुहर मिली थी। इस पूरे प्रकरण का मास्टर माइंड मधु प्रकाश चौधरी उर्फ महतो फरार हो गया था। इसके बाद से चेक से भुगतान पर रोक लगा दी गई और ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

## रेलवे में गहरी हैं भ्रष्टाचार की जड़ें, पहले भी कई मामलों में सीबीआई ने की है कार्रवाई


कागजों में दौड़ती रही कबाड़ की कार..अभी खुलेंगे घोटाले हजार

जांच की आंच में डीएस-8, कबाड़ घोषित गाड़ी के नाम पर किया भुगतान

16 सितंबर को प्रकाशित खबर।

## *शेयर मार्केट में रुपये लगाते थे एमके सिंह, बर्खास्त हुए*

*पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य परिचालन प्रबंधक (सीपीटीएम) रह चुके एमके सिंह पर आरोप लगा कि 2014 में लखनऊ मंडल में सीनियर डीसीएम रहते हुए विभिन्न स्टेशनों से आए नकद 28 लाख रुपये कैश को करेंसी चेस्ट में नहीं जमा कराया। कैश अपने पास रखा, फिर उसे शेयर मार्केट में लगा दिया। सीबीआई की जांच में मामला सही पाए जाने पर एमके सिंह को नौकरी तक गंवानी पड़ी।*

# बाइक पर पीछे बैठें तो भी हेलमेट, नहीं तो चालान

## यातायात पुलिस से तो बच जाएंगे, लेकिन आरटीओ ने बचना होगा मुश्किल

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। शहर में यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर आरटीओ की नजर तिरछी हो गई है। अब चालक के साथ बाइक पर पीछे बैठने वाले शख्स को भी हेलमेट लगना होगा। यदि ऐसा नहीं किया तो बाइक का चालान कटना तय है।

हेलमेट न पहनने वाले यातायात पुलिस से किसी तरह बच सकते हैं, लेकिन आरटीओ से बचना मुश्किल है। कई लोगों के पास जब बिना हेलमेट वाला चालान कटने का संदेश आया तो वह यातायात कार्यालय पहुंच गए। उनका कहना था कि उन्होंने हेलमेट लगाया था, फिर भी उनका चालान हो गया है।

जांच में सामने आया है कि बाइक पर पीछे बैठे शख्स ने हेलमेट नहीं पहना था, इसलिए आरटीओ ने बाइक का चालान कर दिया।

मोटर व्हीकल एक्ट के तहत बाइक पर पीछे बैठे शख्स को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है, लेकिन इस नियम का सख्ती के साथ पालन नहीं होता था। अब आरटीओ ने बाइक पर चालक के पीछे बिना हेलमेट बैठे लोगों पर भी सख्ती करनी शुरू कर दी है।

**काम की बात**

मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार बाइक पर पीछे बैठे शख्स को भी हेलमेट पहनना है। बाइक पर पीछे बैठा शख्स यदि हेलमेट नहीं पहनता है तो उनका चालान किया जाता है।

**– संजय कुमार झा,** आरटीओ प्रवर्तन

## अब बस चालक को नींद आएगी तो जगाएगी डिवाइस

गोरखपुर। अब रोडवेज के चालकों को बस चलाते समय नींद नहीं आएगी। बस चलाते समय नींद से बचाने के लिए परिवहन विभाग ने इन बसों में एंटी स्लीपिंग डिवाइस लगवाने का निर्णय लिया है। सेंसरयुक्त यह डिवाइस चालक के झपकी लेते ही अलार्म बजा देगा। इससे न सिर्फ चालक सतर्क होंगे, बल्कि पिछली सीट पर बैठी सवारियों को भी खतरे का आभास हो जाएगा। अक्सर बस हादसों में यह बात सामने आती है कि चालक को झपकी आने के चलते बस अनियंत्रित हो गई। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन निगम ने बसों में एंटी स्लीपिंग डिवाइस लगवाने का निर्णय लिया। डिवाइस लगाने के निर्देश मुख्यालय से मिल चुके हैं। संवाद

# गोरखपुर दंगे का मुख्य आरोपी शमीम 16 साल बाद हत्थे चढ़ा



आरोपी शमीम

**कोर्ट से जमानत पाने के बाद भाग गया था चेन्नई**

गोरखपुर। वर्ष 2007 में गोरखपुर के दंगे के मुख्य आरोपी शमीम को कोतवाली पुलिस ने 16 साल बाद गिरफ्तार कर लिया है। शमीम ने छोटे से विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। 16 अगस्त 2007 को कोर्ट से जमानत लेने के बाद वह फरार हो गया था। गोरखपुर में हुए इसी दंगे के बाद तत्कालीन सांसद व वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 11 दिन जेल में गुजारना पड़ा था।

25 जनवरी 2007 को कोतवाली थाना क्षेत्र में मस्जिद नसीराबाद के पास आमलेट के ठेले पर किसी बात को लेकर रामकुमार अग्रहरि और शमीम के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद शमीम और उसके साथियों ने धर्मसूचक गालियां देते हुए राजकुमार पर हमला कर दिया था।

शमीम पुत्र शफीउल्ला और उसके साथियों ने राजकुमार अग्रहरि को चाकू से गोद डाला। पुलिस टीम घायल राजकुमार को जीप से अस्पताल ले जा रही थी। तिवारीपुर थाना क्षेत्र से मोहर्रम का जुलूस निकल रहा था। कोतवाली थाना क्षेत्र के एकमिनारा मस्जिद नसीराबाद के पास दोबारा पुलिस की जीप से खींच कर राजकुमार पर आरोपियों ने चाकू और तलवार से हमला कर दिया था। इलाज के दौरान राजकुमार की मौत हो गई थी।

मृतक राजकुमार अग्रहरि के पिता राजेंद्र अग्रहरि ने मोहम्मद शमीम और उसके साथियों के खिलाफ कोतवाली थाने में केस दर्ज कराया था। इसके बाद शमीम को जेल भेज दिया गया। 16 अगस्त 2007 को कोर्ट से जमानत मिल गई। ब्यूरो

>> संबंधित पेज 8 पर

# लूडो गेम में रुपये हारने पर रची खुद के अपहरण की साजिश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। ऑनलाइन लूडो गेम में पिता के बैंक खाते से 2.50 लाख रुपये हारने के बाद एक युवक ने खुद के अपहरण की साजिश रच ली। उसने मां के व्हाट्सएप पर बेहोशी हाल में फोटो भेजकर पांच लाख रुपये फिरौती देने का संदेश भी भेज दिया।

साथ ही, पुलिस को सूचना न देने की धमकी भी दी थी। संदेश आने के बाद मां-बाप ने पहले खुद के स्तर से बेटे की तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चलने पर शुक्रवार रात में करीब एक बजे एम्स थाने में भाई और मां पहुंच गईं। पूरी घटना की जानकारी दी। अपहरण कर फिरौती मांगने की सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गई। सर्विलांस की मदद से युवक का लोकेशन लखनऊ में मिला। पुलिस टीम तत्काल रवाना हो गई और युवक को ले आई। इसके बाद पूरा मामला खुलकर सामने आ गया।

**एम्स थाने में भाई और मां ने रात एक बजे दी सूचना लखनऊ में मिला**

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने प्रेस कांफ्रेंस कर घटना का पर्दाफाश किया। एसपी ने बताया कि ऊंचवा टोला गायत्री नगर निवासी अशोक कुमार रोडवेज कर्मचारी है। उनका बेटा दीपांकर कुमार देवा (19) बीए की पढ़ाई करता है।

उसे एक महीने पहले ऑनलाइन लूडो गेम का चसका लग गया। गेम में दस हजार रुपये लगाने पर 18 हजार रुपये मिलने का दावा किया गया। पहले जब उसने रुपये लगाए तो जीता भी गया। इसके बाद उसने लगातार रुपये लगाना शुरू कर दिया। कई बार में पिता के खाते से 2.50 लाख रुपये लगाकर वह हार गया। इसके बाद उसे लगा कि यह बात पिता को पता चलेगी तो घरवाले नाराज होंगे। इस वजह से अपहरण की साजिश रची।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2023

# दिव्यांग ने पिटाई कर पैसा छीनने का लगाया आरोप

सलेमपुर। जन्मदिन का सामान खरीदने गया एक दिब्यांग को मनबढ़ किस्म का एक युवक पिटाई कर दी। दिब्यांग का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस व संपूर्ण समाधान दिवस में पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। हालांकि घटना की रात डायल 112 नंबर मौके पर पहुंची थी, लेकिन मनबढ़ मौके से फरार हो गया था। नगर के पिपरा नाजिर वार्ड नंबर दो के निवासी नीरज शर्मा के घर में शुक्रवार की किसी का जन्मदिन था। आरोप है कि रात में करीब 7रू00 बजे वह मोहल्ले के अपने एक रिश्तेदार की दुकान पर सामान खरीदने गया था। इसी बीच मोहल्ले का ही मनबढ़ दुकानदार से उलझ गया। जब हम इसका विरोध दिब्यांग ने किया तो उसने पिटाई कर जेब में रखा 2650 रुपया छीन लिया। मनबढ़ की पिटाई से दिब्यांग गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने दिव्यांग को आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। शनिवार को पीड़ित संपूर्ण समाधान दिवस व कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम सीमा पांडेय ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस में यह प्रकरण सामने आया था। मामला पुलिस संबंधित होने के चलते कोतवाल को सौंप दिया गया है। आरोपी के खिलाफ निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी।

# समाधान दिवस में 101 प्रार्थना पत्र आये, 12 निस्तारित

सलेमपुर। तहसील के सभागार कक्ष में आयोजित तहसील दिवस पर सभी तहसील मेंआये क्षेत्र के लोगों की समस्या उपजिला अधिकारी सीमा पांडेय के कौशल्याता में समस्या सुनी। व अधिकारियों को तहसील दिवस में आये समस्त शिकायतों की जांच कर निर्धारित निस्तारण कराने के निर्देश दिया। इस दौरान तहसील दिवस में राजस्व के 24, पुलिस के 7, विकास के 4 बिजली विभाग के 3 समाज कल्याण 2, पीडब्लूडी के 1, चकबंदी विभाग के 1, वन विभाग के 1, आये। जिसमें राजस्व के 9 मामलों का निस्तारण मौके पर करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम सीमा पांडेय, के अलावा तहसीलदार नायब तहसीलदार व भागीरथी सिंह, कोतवाल गोपाल पांडेय, बीडीओ, ईओ, थानों के थाना प्रभारी आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

रुद्रपुर प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय तहसील में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम रुद्रपुर विपिन कुमार द्विवेदी ने किया। इस दौरान सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान दूर दराज से आये फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं का प्रार्थना पत्र दिया। अध्यक्षता कर रहे एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी ने कहा कि शासन की मंशा के तहत फरियादियों को त्वरित न्याय मिलना चाहिये। सभी समस्याओं का मौके पर जाकर हल निकालें। इस दौरान राजस्व विभाग के (08), पुलिस के (05), विकास के (02), अन्य विभाग के (02) प्रार्थना पत्र पड़े। कुल 17 प्रार्थना पत्र पड़े। जिसमें मौके पर तीन का निस्तारण हुआ। शेष मामलों के निस्तारण के लिये टीम गठित कर दिया गया। इस दौरान सीओ जितार्जीत, कोतवाल रुद्रपुर नवीन कुमार सिंह सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



फरियाद सुनते एसडीएम व सीओ।

बरहज कार्यालय के अनुसार शनिवार को स्थानीय थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर कुल 41 मामले सामने आये। जिसमें राजस्व विभाग से सम्बन्धित मात्र 4 मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिये गये।

तहसील क्षेत्र के ग्राम खोढ़ा निवासी कमला प्रसाद यादव पुत्र स्व. छेदी यादव ने विद्युत कनेक्शन मिलने में हो रहे अनावश्यक विलम्ब की शिकायत की। जिलाधिकारी को सौंपे आवेदन पत्र में श्री यादव ने अवगत कराया कि 19 अगस्त को उन्होंने झटपट कनेक्शन के लिए आनलाइन आवेदन किया था। किन्तु विभाग द्वारा अनावश्यक विलम्ब किया जा रहा है। उन्होंने जेई पर पैसे मांगने का भी आरोप लगाया जिस पर डीएम ने जेई पंकज गुप्ता से सख्ती से पूछताछ की। किन्तु संतोषजनक उत्तर न मिलने पर उन्हें पुलिस आब्जर्वेशन में भेजने का निर्देश दिया साथ ही लेखपाल को डीएम ने भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया और भूमि विवादों का समाधान कराने, खलिहान की भूमि, चकरोड अथवा नाला सहित सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह के अतिक्रमण को हटवाएं तथा उनकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दें।

समाधान दिवस में कुल 41 मामले आये। जिसमें से राजस्व के 27, पुलिस विभाग के 04, विकास के 4, खाद्य एवं रसद विभाग के 1 तथा अन्य विभागों से 5 प्रार्थना पत्र आये थे। जिसमें से राजस्व से सम्बन्धित 4 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष अन्य मामलों के निस्तारण के लिए डीएम ने पुलिस व राजस्वकर्मियों की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान विभाग से सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व थानाध्यक्ष गण मौजूद रहे।

## चौपाल में डीएम के न पहुंचने से निराश लौटे फरियादी

मदनपुर (एसएनबी)। बरहज विकास खण्ड के मोहन परसौनी में शनिवार को आयोजित चौपाल में डीएम के नहीं पहुंचने से फरियादी निराश होकर लौट गये। जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में चौपाल की रस्में पूरी की गयी। जिसमें एसडीएम बरहज एवं सीओ सहित अन्य अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा अपना सुझाव भी दिया। मोहन परसौनी के क्रीड़ा मैदान में शनिवार को चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम तीन बजे से जिला अधिकारी की अध्यक्षता में होना था। किन्तु अपरिहार्य कारणों से जिलाधिकारी चौपाल कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। जिसके बाद जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय की अध्यक्षता में शुरू हुई। चौपाल कार्यक्रम में गांव के लोगों ने पशुधन प्रसार अधिकारी के लगातार अनुपस्थित रहने का आरोप लगाया। इस पर जिला विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने समय से बराबर उपस्थित रहने का आदेश दिया। इस दौरान एसडीएम बरहज अवधेश निगम, सीओ बरहज अंशुमान श्रीवास्तव ने चौपाल में आये लोगों की समस्याओं को सुना तथा आपसी सूझबूझ के अभाव के कारण कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है। थोड़ी सी समझ दिखाने पर अनेक तरह की समस्याओं से निजात मिल सकता है। उधर डीएम के नहीं आने से बहुत से लोगों को निराश लौटना पड़ा। चौपाल में आयी मुन्नी देवी पत्नी अनिल विश्वकर्मा, ज्ञानी देवी पत्नी प्रद्युमन नाथ, मधु देवी पत्नी सुरेश, रूबी देवी पत्नी मुकेश, निर्मला देवी पत्नी शेषनाथ, सरिता पत्नी उपेन्द्र, भागमनी, भूषण आदि दर्जनों लोग आवास राशन कार्ड आदि समस्याओं को लेकर चौपाल में आये थे, किन्तु डीएम साहब के नहीं आने से फरियादी निराश होकर लौट गये। चौपाल कार्यक्रम में बीडीओ बरहज तारकेश्वर तिवारी, सीडीपीओ सुषमा दुबे, पवन कुमार, ग्राम प्रधान अभय यादव सहित तहसील एवं जिले के अधिकारी मौजूद रहे।

# मारपीट का मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)** । स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छितही बाजार निवासिनी सरिता सिंह पत्नी स्व. राधा रमण सिंह ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि नाबदान की पाईप पूर्वजों के जमाने से आबाद है। हमारे पट्टीदार के लड़कों ने पैखाना का पाइप तोड़ने लगे, मना किये तो गाली गुत्ता देने लगे मारने के लिये दौड़ा लिये, जानमाल की धमकी दिये। इस मामले में पुलिस ने हरिप्रकाश पुत्र भामबली सिंह, प्रज्ञा सिंह पत्नी हरिप्रकाश सिंह के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 452, 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस ने दर्ज किया केस

**भलुअनी (एसएनबी)** । स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर पंचायत कस्बा निवासी शिवशंकर गोंड ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया है कि 13 सितम्बर की शाम 8:30 बजे वह अपनी दुकान राजू होटल पर काम कर रहा था कि अचानक तीन युवक आये और उसे डंडा व लात घूसे से मारने लगे। इस दौरान बदमाश युवक उसे अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जाति सूचक शब्द का भी प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे कि तभी आस पास के लोग शोर गुल सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे कि बदमाश वहां से भाग निकले। पीड़ित शिवशंकर ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने थानाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय से मिलकर व्यापारियों के हितों की सुरक्षा की मांग करते हुए बदमाशों को गिरफ्तार करने की मांग की। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस कस्बा निवासी तीन आरोपियों चाईना पुत्र क्लामुद्दीन, अम्बुज विश्वकर्मा पुत्र दीनानाथ विश्वकर्मा एवं एक अज्ञात के विरूद्ध भादंस 1880 की धारा 323, 504, 506, 452, 3 (2) के तहत मुकद्मा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी। थानाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुकद्मा दर्ज कर लिया गया है तीनों आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# अमृत सरोवर की चहारदीवारी गिराने के मामले में केस

**तरकुलवा(एसएनबी)** ।स्थानीय थानाक्षेत्र के नरायनपुर गांव में अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया है। जिसकी चहारदीवारी को कुछ अराजक तत्वों ने 11 सितंबर की रात में गिरा दिया था। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरफराज अहमद द्वारा तरकुलवा थाने में तहरीर देकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग गई थी। इस मामले में पुलिस ने नरायनपुर गांव के कुछअज्ञात लोगों के खिलाफ सार्वजनि संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम का केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# संदिग्ध साधुओं के मामले में कार्रवाई से ग्रामीण आक्रोशित

भाटपाररानी (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा मिश्र में शुक्रवार को संदिग्ध औघड़ साधुओं की ग्रामीणों द्वारा पिटाई के मामले में पुलिस द्वारा की गयी एक पक्षीय कार्यवाही को लेकर आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने बच्चियों व ग्रामीणों के बयान को भ्रामक बताकर पुलिस ने यह कार्यवाही की है। ग्रामीणों की माने तो तथाकथित साधु वेशधारियों द्वारा बच्चियों को कुछ सुंघाने का प्रयास किया गया। जिसे दोनों नौनिहाल बच्चियों ने पुलिस व ग्रामीणों के सामने कई बार दुहराया। लेकिन पुलिस ने ग्रामीणों के बयान को नकारते हुए वायरल विडियों के आधार पर चार लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया। जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि साधु वेशधारियों को पुलिस ने रियायत देते हुए सुबह ही रफू चक्कर करा दिया। जबकि समूचा गांव पुलिस थाना पहुंचकर तथाकथित साधुओं के बारे में गवाही दे रहे थे। दर्जनों की संख्या में तहसील परिसर पहुंचे ग्रामीणों में भाजपा नेता राजीव मिश्र, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुरूचरन प्रसाद , अरूणेश मिश्र, लखीचन्द प्रसाद, वकील अहमद, दिलीप मिश्र, धमेन्द्र तिवारी , सुदामा प्रसाद, शम्भू यादव ने कहा कि पुलिस ने एक पक्षीय कार्यवाही कर संदिग्ध लोगों की मदद की है। गांव में दूर दराज से भिन्न भेष में पहुंचकर अपराध को अंजाम देंगे। कड़ी पूछताछ के बाद ही पुलिस को उन्हें छोड़ना चाहिए था। इस बावत पूछे जाने पर क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि औघड़ साधुओं की तलाशी ली गयी तलाशी के दौरान किसी तरह का संदिग्ध वस्तु बरामद नही हो सका है। इन साधुओं के पैतृक गांव भी फोन कर स्थानीय पुलिस से क्राइम हिस्ट्री मांगी गयी। इनके विरूद्ध किसी प्रकार का अपराधिक मामला दर्ज नही है। प्रथम दृष्टतया मांगने खाने वाले साधु प्रतीत हो रहे है। मार पीट की विडियो वायरल होने को लेकर पुलिस ने मारपीट करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की है।

# मृतका की छोटी बहन का आरोप : पुलिस ने जबरन कराया हस्ताक्षर

बनकटा (एसएनबी)। विगत 1 सितंबर 2023 की सुबह बिहार सीमा अंतर्गत नरहियां ढाले के समीप 21 वर्षीय युवती की कथित तौर पर हत्या कर रेल ट्रैक पर रखी गयी शव की बरामी के मामले में बनकटा पुलिस द्वारा पहले से कुछ लिखे गए कागज पर मृतका की छोटी बहन मुस्कान कुमारी से जबरन हस्ताक्षर कराने का आरोप उसके द्वारा लगाया जा रहा है।मुस्कान ने बताया कि थाने के दो एसआई और कुछ सिपाही महिला पुलिस के साथ शनिवार की शाम उसके घर पहुंचे और कमरे के अंदर बुलाकर पहले से लिखे कागज पर हस्ताक्षर करा लिए और काफी धमकाए कहे कि वकील और पत्रकार तुम्हारी कोई मदद नही करेंगे।तुम लोग खुद हत्या करके शव को रेल लाइन पर रखे हो।हालांकि युवती की माँ ने हस्ताक्षर नही किया।युवती का भाई घर पर नहीं था जबकि उस कागज में लिखा गया था कि मृतका के घर पहुंचने पर मृतका कु मा छोटी बेटी मुस्कान व छोटा बेटा कुंदन घर पर मौजूद थे। पुलिस की जबरिया इस कारवाई से पीड़ित परिवार पूरी तरह-भयभीत है पीड़िता का कहना है पुलिस केस दर्ज करने के बावजूद अभियुक्तों की गिरफ्तारी न कर उसको ही फंसाने की कोशिश में लगी हुई है। एसएचओ मुकेश मिश्र का कहना है कि युवती के शव के पास से मैरवां पुलिस ने एक चीट (कागज का टुकड़ा)बरामद किया था जिसे वह बनकटा पुलिस को सौंपी है।लिखावट की पहचान हेतु मृतका की बहन से लिखवाया गया है।हालांकि शव के पास मील चीट में क्या लिखा गया है पुलिस ने इसे अभी तक नही बताया।पुलिस के इस करवाई से लोग आश्चर्य में हैं।

# कार से बरामद हुई 40 पेटी शराब, तस्कर फरार

तरकुलवा(एसएनबी)। तरकुलवा थाने की पुलिस ने देवरिया-कसया मार्ग पर कोन्हवालिया स्थित पेट्रोल पंप के निकट शनिवार शाम पांच बजे एक अर्टिका कार से 40 पेटी शराब बरामद किया है। पुलिस को देख तस्कर कार छोड़ कर फरार हो गया। अवैध शराब के धंधे को रोकने के लिए पुलिस टीम शनिवार को तस्करों के ठिकानों और अवैध शराब बिक्री स्थलों पर दबिश देने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर रही थी। इस दौरान सायं 5 बजे के करीब पुलिस ने कोंहवलिया पेट्रोल पंप के पास खड़ी अर्टिका कार को देखा। शक के आधार पर पुलिस कार की चेकिंग शुरू की तो चालक पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। कार की चेकिंग के दौरान उसमें 40 पेटी शराब बरामद किया गया। जिसमें 30पेटी अफसर च्वाइस और 10पेटी 8पीएम शराब शामिल था। पुलिस टीम ने कार समेत शराब को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि अर्टिका कार से 40 पेटी शराब बरामद किया गया है। इस मामले में अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# शंकर पाण्डेय हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

मईल (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम ईशारू निवासी शंकर पाण्डेय के मुख्य कातिल संजय यादव उर्फ टाटा को मईल पुलिस ने भागलपुर पिण्डी तिराहे पर गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार ईशारू गांव निवासी शंकर पाण्डेय को उनके एक साथी ने 8 सितम्बर की रात में फोन से बुलाकर अपने एक साथी शिवम यादव के साथ उनकी हत्या कर शव को बोरे में भरकर कार में लादकर भागलपुर सरयू नदी में फेंक दिया। पुलिस ने सुरागकसी कर घटना में शामिल शिवम यादव को गिरफ्तार कर गंभीरता से पूछताछ की। युवक ने घटना की तस्वीर को पुलिस कस्टडी में बयां करते हुए पूरी दास्तां बतायी। दूसरे तरफ मृतक की पत्नी शिवानी पाण्डेय ने पुलिस को तहरीर देकर दो लोगों के खिलाफ मुकद्मा पंजीकृत कराया था। एक आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया लेकिन घटना में वांछित मुख्य अभियुक्त संजय यादव उर्फ टाटा फरार चल रहा था। पुलिस ने संजय यादव को गिरफ्तार करने के लिए उसके सगे सम्बन्धी व रिश्तेदारों के अतिरिक्त प्रयागराज व बिहार के कई ठिकानों पर छापा मारा था लेकिन कहीं उसका सुराग नहीं मिला। गिरफ्तारी नहीं होने पर शंकर पाण्डेय के परिजनों में जबरदस्त आक्रोश था। जिसके लिए परिजन व ग्रामीणों ने सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन कर पुलिस पर दबाव बनाया था। 15 सितम्बर को मईल थाना प्रभारी गोरखनाथ सरोज अपने हमराही के साथ भ्रमणशील थे कि किसी मुखबिर ने सूचना दिया कि संजय यादव टाटा पिण्डी तिराहे पर मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। जानकारी मिलते हुए एसएचओ गोरखनाथ सरोज ने घेराबन्दी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने जुर्म को कबूल किया। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया कि घटना में प्रयुक्त कार, मृतक की सायकिल व मोबाइल बरामद कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। शव की तलाश जारी है।



पुलिस की हिरासत में संजय यादव उर्फ टाटा।

# निष्पक्षता के साथ करें शिकायतों का समाधान : सीडीओ

भाटपाररानी (एसएनबी)। शनिवार को तहसील सभागार में जनपद में नवागत मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय की अध्यक्षता आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 35 फरियादियों में अपनी फरियाद सुनाई। जिसमें मात्र एक फरियादी की समस्या का मौके पर हल निकाला जा सकता है।



फरियाद सुनते नवागत मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय।

मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडे ने फरियादियों,अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रार्थना पत्र का निस्तारण पारदर्शिता पूर्ण किया जाए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए। जब तक शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट नहीं हो जाएं, तब तक शिकायत का समाधान नहीं माना जाएगा। निस्तारण में वैधानिक निर्णय लिए जाएं। निस्तारण की कार्रवाई से आवेदक को अवगत कराया जाए। निर्धारित समय सीमा के अंदर प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सुनिश्चित की जाए। निर्धारित समय सीमा के अंदर प्रार्थना पत्रों का निस्तारण न होने की दशा में संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 35 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमे मात्र राजस्व से एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण हो सका है। कुल आए प्रार्थना पत्रों में राजस्व के 28, पुलिस 2, शिक्षा1 व अन्य 4 मामले प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम अंगद यादव, तहसीलदार चन्द्र शेखर वर्मा, नायब तहसीलदार हिमांशु, सीओ अंशुमन श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष टीजे सिंह, पूर्ति निरीक्षक शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

C M Y E

# मां का आरोप, छोटी बेटी से पुलिस ने कागज पर जबरन कराया हस्ताक्षर

## छेड़खानी पीड़ित युवती का रेलवे ट्रैक पर शव मिलने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक सितंबर को छेड़खानी की शिकार युवती की हत्या कर शव रेल ट्रैक पर फेंकने के मामले में पुलिस शनिवार को शाम दलबल के साथ युवती के घर पहुंची।

युवती की मां ने आरोप लगाया कि बनकटा पुलिस ने जबरन उन्हें, उनकी छोटी बेटी तथा पुत्र को बुलाकर एक रजिस्टर पर लिखी बातों को बिना पढ़ाए नीचे हस्ताक्षर करने को कहा। सभी ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया, लेकिन छोटी पुत्री से पुलिस जबरन हस्ताक्षर कराकर चली गई। पर लिखी गई बातों के बारे में कुछ नहीं बताया गया।

मृत युवती की मां ने बताया कि उन्होंने तत्काल फोन से पुलिस अधीक्षक से बात की। उन्होंने बनकटा पुलिस से बात करने तथा हर संभव न्याय दिलाने को कहा। मृत युवती की मां ने आशंका जताते हुए कहा है कि उन्हें संदेह है कि पुलिस हत्यारों को बचा रही है और जबरन उन्हें एवं उनके परिवार को आरोपी बनाकर घटना की लीपापोती करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी आशंका जताई है कि पुलिस उनकी बेटी की मौत को आत्महत्या का रूप भी दे सकती है।

> पुलिस निष्पक्ष रूप से जांच कर रही है। किसी से जबरन हस्ताक्षर नहीं कराया गया है। विवेचना के दौरान जो तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> – राजेश कुमार, एएसपी

# चौपाल में छाए रहे राशन कार्ड, आवास और पेंशन के मामले

मदनपुर। क्षेत्र के महेन गांव में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में चौपाल आयोजित किया गया था, लेकिन किन्हीं कारणों से वह नहीं पहुंच सके। जिससे अधिकारियों ने राहत की सांस लिया। आयोजित चौपाल में राशन कार्ड, आवास, पेंशन आदि मामले छाए रहे।

डीएम की अनुपस्थिति में एसडीएम बरहज अवधेश कुमार निगम की अध्यक्षता में चौपाल आयोजित किया गया। चौपाल में सरोज देवी ने पेंशन, अदालती देवी अंत्योदय कार्ड, आवास दिलाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। एसडीएम ने ग्राम प्रधान अभय कुमार यादव व सचिव नवनीत सिंह से प्रत्येक वर्ष में चार बार ग्राम सभा की खुली बैठक कराने को कहा। मौके पर सीओ अंशुमन श्रीवास्तव एक्सईएन नरेंद्र जाडिया, सचिन सिन्हा, अशोक द्विवेदी, नागेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# फीस जमा नहीं होने पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

जासं, भाटपाररानी: उपनगर के एक प्राइवेट स्कूल में फीस जमा नहीं होने पर एक छात्रा की पिटाई कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायतकर्ता ने डीएम व सीडीओ को पत्रक देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के बहियारी बघेल के रहने वाले अनुराग सिंह बघेल पुत्र हरेराम सिंह बघेल ने डीएम को भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मेरी बेटी उपनगर स्थित एक स्कूल में कक्षा तीन ए की छात्रा है। मैं 10 सितंबर को भूटान गया था। 12 सितंबर को बेटी का परीक्षा था। फीस जमा नहीं होने के चलते स्कूल के प्रबंधन द्वारा बेटी को कड़ी धूप में बाहर निकाल दिया और मार पीटकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। जानकारी होने के बाद मैंने किसी तरह फीस स्कूल में जमा करवाया। उन्होंने कहा है कि बेटी वहां तीन साल से पढ़ रही है। स्कूल के प्रबंधन द्वारा किए गए इस कृत्य से बेटी मानसिक रूप से काफी परेशान है। उन्होंने मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस ने कार से 40 पेटी शराब बरामद की

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस ने शनिवार के शाम 5 बजे कोन्हवलिया स्थित पेट्रोल पंप के निकट एक खड़ी कार की चेकिंग की। इस दौरान चालक पुलिस को चकमा देकर कार छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने कार को लेकर थाने गयी।

जहां पर उसमें से 40 पेटी शराब बरामद हुआ। चालक इसे लेकर बिहार जाने की फिराक में था। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

शनिवार की शाम पुलिस वाहन चेकिंग करने थाना क्षेत्र के कोंहवलिया पेट्रोल पंप के सामने पहुंची। टंकी के सामने एक अर्टिगा कार संदिग्ध हालत में खड़ी मिली। जांच करने के दौरान वाहन चालक मौका देख फरार हो गया। इस पर पुलिस को शक हुआ और लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने गाड़ी को थाने ले जाकर उसकी डिग्गी खोली तो उसमें सीट के नीचे छुपा कर 40 पेटी शराब रखा गया था। पुलिस ने अज्ञात विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ी गई अर्टिगा कार से 40 पेटी शराब बरामद किया गया है। इसमें 30 पेटी अफिसर च्वाइस तथा दस पेटी 8 पीएम शामिल है।

# शंकर हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

मईल/भागलपुर। मईल थाना क्षेत्र के इशारु गांव निवासी शंकर पांडेय के हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर उसे मेडिकल परीक्षण के बाद जेल भेज दिया। आरोपियों ने शंकर की हत्या कर शव बोरे में भरकर सरयू नदी में फेंकने की बात स्वीकार की। इसके चलते पुलिस अभी तक शव बरामद नहीं कर सकी है।

मईल थाना क्षेत्र के ईशारु गांव के रहने वाले शंकर पांडेय को 8 सितंबर की रात भागलपुर गांव के रहने वाले संजय यादव उर्फ टाटा ने फोन कर बुलाया और उसी दिन से वह गायब हो गया। इस मामले में शंकर पाण्डेय की पत्नी शिवानी पाण्डेय ने घटना क्रम का उल्लेख करते हुए पिछले शनिवार को मईल पुलिस को लिखित तहरीर दिया। जिसमें पुलिस ने पिछले रविवार को शंकर पाण्डेय सहित दो लोगों के गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था। रविवार की देर रात भागलपुर से एक व्यक्ति की पुलिस ने उठाया। पुलिस की पूछताछ में उसने शंकर पाण्डेय की हत्या की बात स्वीकार किया। फिर पुलिस ने गुमशुदगी को हत्या और साजिश का मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुट गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शंकर पाण्डेय को बुलाने के बाद बातचीत करते हुए उन्हें भागलपुर नई बस्ती के पास मंगरू बीर बाबा के स्थान तक ले गए और वहां चाकू मारकर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव बोरे में भरकर भागलपुर पक्के पुल पर ले जाकर सरयू नदी में फेंक दिया।

# साधुओं को बच्चा चोर समझ कर पीटने वालों पर केस

भाटपाररानी, । थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा मिश्र में शुक्रवार को गांव में भिक्षा मांग रहे दो साधुओं को बच्चा चोर समझ कर पिटाई करने के मामलें में पुलिस ने साधुओं की तहरीर पर शनिवार को चार ग्रामीणों तथा कुछ अज्ञात के विरुद्ध बलवा व मारपीट का केस दर्ज किया।

पवन पुत्र रामपाल तथा सोनू पुत्र आसाराम निवासीगण जोगीपुर थाना कोतवाली जिला हरदोई साधु के वेष में घूम कर भिक्षाटन कर जीवन यापन करते हैं। शुक्रवार की दोपहर दोनों साधु बनकटा मिश्र में भिक्षाटन कर रहे थें। ग्रामीणों का आरोप था कि इस रास्ते से पढ़कर आने वाली बच्चियों को यह कुछ नशीला पदार्थ सूंघने को दे रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों साधुओं तथा ग्रामीणों को थाने लाई और पूछताछ में जुट गई।

## समाधान दिवस में कनेक्शन देने के लिए पैसे मांगने की शिकायत पर कार्रवाई

# घूस मांगने की शिकायत पर जेई हिरासत में, जांच के बाद छोड़ा

बरहज (देवरिया), हिन्दुस्तान संवाद। देवरिया के बरहज में शनिवार को समाधान दिवस में एक फरियादी ने झटपट कनेक्शन देने में हीलाहवाली और घूस मांगने के आरोप में जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के जेई को पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस व बिजली विभाग की जांच में कनेक्शन के लिए निर्धारित शुल्क की मांग करने की बात सामने आने पर करीब पांच घंटे बाद जेई को छोड़ दिया गया। डीएम की इस कार्रवाई से सरकारी महकमे में हड़कम्प मचा रहा।

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा शनिवार सुबह 11 बजे बरहज तहसील के समाधान दिवस में शिकायतें सुन रहे थे। इसी दौरान बरहज तहसील के खोड़ा गांव निवासी व तहसील के अधिवक्ता कमला प्रसाद यादव ने डीएम से शिकायत की कि झटपट कनेक्शन के लिए 19 अगस्त को ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद जेई से मिले तो उन्होंनि कहा कि एक सप्ताह में कनेक्शन दे दिया जाएगा। इसके लिए मौके पर लाइनमैन जाएगा और सत्यापन कर अपनी रिपोर्ट देगा, लेकिन एक सप्ताह तक कोई नहीं गया। इसके बाद कई बार जेई व एसडीओ से मिला, लेकिन न तो कोई सत्यापन करने गया और न ही कनेक्शन दिया गया। कोई संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंनि इसके लिए पैसे मांगने का आरोप लगाया। यह सुनते ही डीएम ने बिजली विभाग के जेई को



बरहज तहसील में आयोजित समाधान दिवस में शिकायत सुनने के दौरान गंभीर मुद्रा में जिलाधिकारी। ● हिन्दुस्तान

> विद्युत कनेक्शन संबंधित शिकायत व संबंधित मामलों में रुचि नहीं लेने के आधार पर जेई को पुलिस हिरासत में भेजा गया था। विभाग के एक्सईएन की जांच रिपोर्ट के बाद जेई को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। भविष्य में किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> अखंड प्रताप सिंह, जिलाधिकारी

भी बुला लिया और कड़ी फटकार लगाते हुए बरहज थानाध्यक्ष को जेई को हिरासत में लेने का निर्देश दिया। पुलिस ने जेई पंकज कुमार को हिरासत में ले लिया और थाने लेकर चली गई।

**पांच घंटे बाद थाने से छोड़े गए जेई:** जिलाधिकारी के आदेश पर हिरासत में लिए गए जेई को पुलिस थाने में बैठाए रखी। इस बीच पुलिस व बिजली विभाग के अधिकारी मामले की जांच के लिए निकल पड़े। अधिकारियों ने जेई से बात करने के साथ ही शिकायतकर्ता से भी मामले की पूरी जानकारी ली। जांच में कनेक्शन के लिए निर्धारित शुल्क की मांग करने की बात सामने आयी। इसके बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अपनी रिपोर्ट दी। डीएम ने रिपोर्ट की पुष्टि कराने के बाद जेई को छोड़ने के लिए कहा। जेई को हिरासत में लेने की खबर से अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। सभागार में कुछ देर के लिए सन्नाटा पसर गया। देवरिया विद्युत, बरहज खण्ड के अधिशासी अभियंता सचिन सिन्हा ने कहा कि शिकायतकर्ता कमला यादव की शिकायत की जांच कराई गई, जिसमें पाया गया कि जेई ने आवेदनकर्ता से कनेक्शन शुल्क जमा करने को कहा। आवेदक ने उसे रिश्वत समझ लिया।

# बाइक चोरी के मामले में केस दर्ज

मेहरौनाघाट। कस्बा में संचालित पोस्ट ऑफिस के सामने से खड़ी बाइक चोरी के मामले में लार पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध केस दर्ज कर बाइक बरामद करने में जुटी हुई है। गुरुवार को लगभग 11 बजे पोस्ट ऑफिस के सामने खड़ी बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। लार थाना क्षेत्र के नदौली गांव निवासी हरेन्द्र तिवारी ने केस दर्ज करवाया है।

## मेडिकल कॉलेज में हर सप्ताह की जाती है संक्रमण की जांच

# निजी अस्पताल में सुरक्षा की व्यवस्था ठीक नहीं

**रोगी सुरक्षा दिवस**

### 43 अस्पताल पंजीकृत

जिले में कुल 43 अस्पताल पंजीकृत हैं। नौ क्लीनिक, तीन डेंटल क्लीनिक और 53 पैथालॉजी पंजीकृत हैं। इनके मानकों की पुनः जांच की जा रही है। कई अस्पताल मानक विहीन पाए जाने पर निलंबित किए जा चुके हैं। नए तीन आवेदनों को जांचोपरांत निरस्त किया जा चुका है। अवैध रूप से संचालित कई अल्ट्रासाउंड सेंटर सीज किए जा चुके हैं।

देवरिया, निज संवाददाता। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था ठीक है। वहीं निजी अस्पतालों में हालात ठीक नहीं हैं। मानक विहीन संचालित पंजीकृत निजी अस्पतालों पर विगत दिनों कार्रवाई हो चुकी है। वहीं सीएमओ कार्यालय में पंजीकरण के लिए आए कई आवेदन जांचोपरांत निरस्त किए जा चुके हैं।

अस्पताल पंजीकरण के लिए रोगी सुरक्षा को सरकार ने सर्वोपरि रखा है। इसमें सर्वसुविधा सम्पन्न आपरेशन थियेटर, हाइजिन, स्टरलाइजेशन की व्यवस्था, फायर अलार्म, एक्जिट समेत अनेक चीजों पर फोकस है। इस मानक पर सरकारी अस्पताल पूरी तरह खरे हैं। शहर में स्थित महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज की ओटी की तीन दिन पूर्व जांच की गई थी। इसमें सब कुछ ठीक पाया गया था। यहां अस्पताल बिल्डिंग में हर जगह फायर अलार्म हैं। फायर की स्थिति से निपटने की पर्याप्त व्यवस्था है। भूतल से लेकर ऊपरी तल तक रैंप बना है। साथ ही हर तरफ फायर एक्जिट हैं। हर जगह फायर अलार्म लगे हैं। इससे आग लगने की दशा में रोगी तत्काल बाहर निकाले जा सकते हैं। सीएमएस डॉ. एचके मिश्र ने बताया कि अस्पताल में रोगी सुरक्षा के उपाय मानक के अनुसार किए गए हैं।

**माड्यूलर आपरेशन थियेटर देते हैं पूरी सुरक्षा:** मेडिकल कालेज में कुल सात आपरेशन थियेटर हैं। स्त्री व प्रसूति रोग विभाग में दो आपरेशन थियेटर हैं। एक ओटी नेत्र रोग के लिए, एक सर्जरी के लिए, एक ईएनटी के लिए, हड्डी रोग के लिए और एक ओटी पुरानी बिल्डिंग में है। सभी माड्यूलर बनाए गए हैं। इनमें दरवाजे से लेकर अंदर हाथ धोने के नल तक सेंसर युक्त और स्वतः कार्य करने वाले हैं। ओटी में लगी लाइटें हाथ के इशारे से कम और तेज प्रकाश देती हैं। दीवारों के पेंट बैक्टीरिया रोधी हैं। बिजली की वायरिंग फायरप्रूफ है। इनके संपर्क में आने पर बैक्टीरिया स्वतः निष्क्रिय हो जाते हैं। हर सप्ताह माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ सर्जरी इक्विपमेंट, दीवारों, दरवाजों, सर्जन की यूनिफार्म समेत ओटी में हर स्थान से सैंपल लेकर बैक्टीरिया की जांच करते हैं।

## बाइक चोरी की घटना सीसी कैमरे में हुई कैद

जासं, लार : उपनगर के डाकघर परिसर से बाइक चोरी की घटना सीसी कैमरे में कैद है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है। नदौली गांव के रहने वाले हरेंद्रनाथ त्रिपाठी 14 सितंबर को डाकघर में किसी काम से गए थे। इसी बीच चोर ने मौका पाकर बाइक को लेकर भाग निकला। पूरी घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई। स्थानीय पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान करने में जुटी है।

# अवैध रूप से आरा मशीन चलाने का आरोप

**करौंदी बाजार :** क्षेत्र के ग्रामसभा महुंई के लोगों ने बैकुंठपुर में अवैध रूप से चलाए जा रहे आरा मशीन को बंद कराए जाने की मांग की है। संपूर्ण समाधान दिवस में पत्रक देने वालों में राजेश यादव, ब्रह्मा यादव, बीरबल यादव आदि शामिल हैं।

# शिवशंकर हत्याकांड का मुख्य आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

जासं, मईल: ईशारु गांव के शिवशंकर पांडेय हत्याकांड के मुख्य आरोपित को पुलिस ने सात दिन बाद पिंडी तिराहे से गिरफ्तार कर पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया। उसे जेल भेज दिया गया। हत्या की वजह प्रेम-प्रसंग बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया कि प्रेम-प्रसंग में हत्या की बात आरोपित ने कबूल की है।



पुलिस की गिरफ्त मे मुख्य हत्यारोपित। • सौजन्य पुलिस

ईशारु गांव के शिवशंकर पाण्डेय गोरखपुर के एक निजी विद्यालय में गार्ड थे। गांव आने पर भागलपुर निवासी संजय उर्फ टाटा यादव के साथ गाय-भैंस की खरीदारी भी करते थे। पिछले सप्ताह शनिवार को संजय के बुलाने पर शिवशंकर भागलपुर गए। देर रात तक घर नहीं आने पर पत्नी ने खोजबीन शुरू की। सुबह तक पता न चलने पर उनकी पत्नी शिवानी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। उसके बाद पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई। इस मामले में एक युवक को पुलिस ने जब हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो सामने आया कि शिवशंकर की हत्या कर शव नदी में फेंक दिया गया है। युवक की निशानदेही पर पुलिस ने मुख्य आरोपित की तलाश करते हुए शव को नदी में ढूंढने के प्रयास भी। लेकिन शव बरामद नहीं हो सका।

**प्रेम-प्रसंग में हुई थी शिवशंकर की हत्या :** सात दिनों से पुलिस के लिए सिरदर्द बना मुख्य आरोपित जब पुलिस की गिरफ्त में आया तो पुलिस ने हत्याकांड के बारे में उससे कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपित संजय उर्फ टाटा यादव ने बताया कि शिवशंकर पाण्डेय से उसकी दोस्ती थी। शिवशंकर के घर उसका आना जाना भी था। शिवशंकर उसके प्रेम-प्रसंग में बाधक बन रहे थे । जिससे खार खाये संजय ने उन्हें ठिकाने लगाने का प्लान बना लिया। शुक्रवार की शाम दावत का बहाना कर उसने शिवशंकर को सुनसान जगह बुलाया। मौका देख अपने एक साथी शिवम यादव के साथ ताबड़तोड़ चाकू मारकर हत्या कर दिया। शव को झाड़ियों में छिपाकर वह घर आया। गांव में जाकर उसने एक व्यक्ति का चारपहिया वाहन मां की बीमारी का बहाना कर मांगा। घटना स्थल पर वापस आकर उसने अपने साथी की मदद से शव को बोरे में भरकर गाड़ी में रखा और भागलपुर पुल पर पहुंच कर शव को नदी में फेंक दिया। वहां से वापस आने के बाद गाड़ी वापस कर फरार हो गया।

# बच्चा चोर समझ साधुओं को पीटने के मामले में मुकदमा दर्ज

जासं, भाटपाररानी: थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा मिश्र गांव में शुक्रवार को भिक्षा मांग रहे दो साधुओं को बच्चा चोर समझ कर ग्रामीणों द्वारा की गई पिटाई के मामले में दूसरे दिन शनिवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ की। उसके बाद घायल साधुओं की तहरीर पर चार ग्रामीणों व कुछ अज्ञात के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

हरदोई जनपद के हरदोई कोतवाली क्षेत्र के जोगीपुर के रहने वाले पवन पुत्र रामपाल तथा सोनू पुत्र आसाराम साधु के वेष में घूम कर भिक्षाटन कर जीवनयापन करते हैं। बनकटा मिश्र के अर्जुन, हीरा लाल, अजय, बुलबुल आदि ग्रामीण उन्हें बच्चा चोर समझकर गांव के बाहर काली मंदिर पर बैठे दोनों साधुओं की जमकर धुनाई कर दी। उनका आरोप था कि इस रास्ते से पढ़कर आने वाली बच्चियों को वह कुछ नशीला पदार्थ सूंघने को दे रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों साधुओं तथा ग्रामीणों को थाने लाई और पूछताछ में जुट गई। देर शाम पूछताछ के बाद दोनों साधुओं ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

# पुलिस ने कापी-किताब कब्जे में लिया, स्वजन से ली जानकारी

**जासं, बनकटा:** रेलवे ट्रेक पर युवती का शव मिलने के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद जांच शुरू हो गई है। पुलिस ने युवती की बहन के कापी किताब को कब्जे में ले लिया। साथ ही स्वजन से जानकारी ली।

क्षेत्र के सुंदरपार भटवलिया गांव की युवती का नरहिया गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर शव मिला था। बनकटा पुलिस ने युवती की मां के तहरीर पर गांव के ही पांच लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के 15 दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। स्वजन ने एसपी व मुख्यमंत्री सहित अन्य को पत्र भेज कर पुलिस पर बयान बदलवाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। शनिवार को पुलिस ने युवती के बहन की कापी-किताब कब्जे में लिया। युवती की मां ने आरोप लगाया कि पुलिस फंसाने की धमकी दे रही है। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस के जाने की जानकारी नहीं है।

# छेड़खानी में केस दर्ज

लार। थाना क्षेत्र के एक गांव में 22 अगस्त को एक महिला के साथ हुई छेड़खानी के मामले में लार पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है 22 अगस्त की मध्य रात्रि को छत पर सोई थी। तभी गांव का ही एक युवक मेरे छत पर चढ़ कर मेरे साथ छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने लगा।

# चौपाल में गिनाई समस्याएं, समाधान का मिला आश्वासन

**मदनपुर**: क्षेत्र स्थित ग्राम महेन में शनिवार को आयोजित चौपाल में अधिकारियों ने लोगों की समस्या सुनी, जिसके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी के कार्यक्रम में नहीं पहुंचने से ग्रामीणों निराश हो गए। एसडीएम अवधेश कुमार निगम व डीडीओ रविशंकर राय के समक्ष बिजली, राशनकार्ड, पेंशन की समस्याएं प्रस्तुत हुईं। जिनकी जांच कर त्वरित निस्तारण के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया। गांव में हुए निर्माण कार्य व उनकी गुणवत्ता के विषय मे अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता किया। इस दौरान एक्सईएन नरेंद्र जाडिया, सचिव नवनीत सिंह, ज्योति स्वरुप, रिंकू मल्ल, डा.हरेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान अभय आदि मौजूद रहे।

# दौड़ते-दौड़ते थक गए, नहीं हो रहा समाधान

## दो वर्ष से काट रहे तहसील का चक्कर, संपूर्ण समाधान दिवस को लेकर लापरवाह बने अधिकारी

जासं, देवरिया: संपूर्ण समाधान दिवस लोगों के लिए दिखावा बन कर रह गया है। फरियादी पांच वर्ष से न्याय की उम्मीद में चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है, जिससे मुश्किलें बढ़ गई हैं। शनिवार को जागरण ने सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की पड़ताल की, जिसमें 11.30 बजे शिकायतकर्ताओं ने अपनी पीड़ा बयां की।


कमला देवी


पलिया देवी।


कृष्णा प्रजापति। • जागरण


रविंद्र मिश्र। • जागरण

रामपुर कारखाना क्षेत्र के लाला के रामपुर की रहने वाली पलिया देवी पत्नी श्रीपति बताती हैं कि मेरे पट्टा की भूमि पर दबंगों ने पांच वर्षों से कब्जा किया है। उन्हें हटाने के लिए संपूर्ण समाधान दिवस समेत अन्य दिवसों में कई बार प्रार्थना दे चुकी हूं। लेकिन अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। इस बीच प्रार्थना पत्र देकर निकले रामपुर कारखाना क्षेत्र के मुंडेरा मिश्र गांव के रहने वाले रविंद्र मिश्र ने बताया कि समाज में कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। मेरे पट्टीदार घर जाने का रास्ता रोक दिए हैं। तहसील व थाना दौड़ते-दौड़ते थक गया हूं। मुझे न्याय नहीं मिल रहा है।

तरकुलवा क्षेत्र के मठिया महावल के रहने वाले कृष्णा प्रजापति पुत्र पूर्णमासी ने बताया कि 17 माह पूर्व अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करा रहा था, एक दबंग व्यक्ति ने रोक दिया। 10 बार प्रार्थना पत्र दे चुका कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जबकि निर्माण कार्य के लिए एसडीएम का आदेश है। शहर के रामगुलाम टोला की रहने वाली कमला देवी पत्नी हरिन्द्र प्रसाद ने बताया कि विधवा पेंशन के लिए एक वर्ष से संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दे रही हूं। मुझे योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

**मैडम! आत्मदाह के लिए प्रेरित कर रहे हैं थानेदार** : सलेमपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भटनी थाना के नोनापार गांव से पहुंचे मोनू तिवारी ने दुखड़ा व्यक्त करते हुए एसडीएम से कहा कि मैडम समस्या के निस्तारण की जगह, थानेदार आत्मदाह करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कई बार थाने पहुंचा, समस्या सुनाई, लेकिन मुझे थाने से न्याय नहीं मिला। बाध्य होकर आपके पास न्याय के लिए आया हूं। पीड़ित की बात सुनते ही एसडीएम सीमा पांडेय अवाक रह गईं। तत्काल भटनी के थानेदार को बुलाकर स्थिति के बारे में जानकारी ली। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दी। पीड़ित ने शिकायत में कहा है कि वह ग्राम प्रधान के खिलाफ डीएम को शिकायत पत्र दिया था। इससे खार खाए प्रधान व उनके लोगों ने मारापीटा। इस मामले को थानेदार समझौता करने के लिए दबाव बना रहे हैं। कहने पर बोल रहे हैं जाओ आत्महत्या कर लो।

## संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र 14 मामलों का निस्तारण

जासं, देवरिया: जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 156 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिसमें अधिकारियों ने 14 मामलों का निस्तारण किया।


बरहज तहसील में फरियाद सुनते जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा (बाएं) • जागरण

सदर तहसील में एसडीएम योगेश गौड व सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने समस्या सुनी। यहां कुल 20 मामले आए जिसमें एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका।

बरहज संवाददाता के अनुसार बरहज तहसील सभागार में डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने फरियाद सुनी। यहां 41 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। सलेमपुर संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 43 शिकायतें आईं। जिसमें पांच का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार अलका सिंह, प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय मौजूद रहे। भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पांडेय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 35 मामले आए, जिनमे मात्र एक मामले का निस्तारण मौके पर हो सका। यहां मुख्य रूप से एसडीएम अंगद यादव, तहसीलदार चन्द्र शेखर वर्मा, नायब तहसीलदार हिमांशु, सीओ अंशुमन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 17 मामले आए। जिसमें तीन राजस्व के मामलों का निस्तारण हो सका।

# कार से 40 पेटी शराब बरामद, तस्कर फरार

देवरिया। तरकुलवा थाने की पुलिस ने देवरिया-कसया मार्ग पर कोन्हवलिया स्थित पेट्रोल पंप के निकट से शनिवार की शाम को एक लक्जरी कार से 40 पेटी शराब बरामद की। पुलिस को देख कर तस्कर कार छोड़ कर फरार हो गया। इस मामले में अज्ञात तस्करों के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। शाम पांच बजे पुलिस टीम ने कोंहवलिया पेट्रोल पंप के पास खड़ी अर्टिगा कार देखी। शक के आधार पर पुलिस ने कार की चेकिंग शुरू की तो चालक पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया1 चेकिंग के दौरान कार से 40 पेटी शराब बरामद की गई। संवाद

# घर से मोपेड चोरी

**जासं, खुखुंदू**: स्थानीय बाजार में स्वर्ण व बर्तन व्यवसायी अवधेश मद्धेशिया के घर के बरामदे से चोर शुक्रवार की रात मोपेड चुरा ले गए। सुबह जब व्यवसायी उठा तो देखा बरामदे से मोपेड गायब थी। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**जासं, भलुअनी**: नगर पंचायत कस्बा निवासी शिवशंकर गोंड़ की तहरीर पर पुलिस ने तीन युवकों पर पिटाई का आरोप लगाया। पुलिस ने कस्बा निवासी चाईना पुत्र कलामुद्दीन, अम्बुज विश्वकर्मा पुत्र दीनानाथ विश्वकर्मा एवं एक अज्ञात के विरुद्ध मारपीट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# एससी-एसटी एक्ट में तीन पर केस

बरहज। भलुअनी कस्बा निवासी शिवशंकर गोंड की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एससी-एसटी सहित गंभीर धारा में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में शिवशंकर गोंड का कहना है कि 13 सितंबर को वह अपनी दुकान पर था। इसी बीच तीन लोगों ने चाकू, डंडा आदि लेकर हमला बोल दिया। सभी ने जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली देने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष राजेश पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर कस्बा के ही चाइना, अंबुज विश्वकर्मा और एक अज्ञात के खिलाफ गंभीर धारा में केस दर्ज किया गया है। संवाद

# आंदोलन की सफलता को बनाई रणनीति

## शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली समेत अन्य मांगों को लेकर लड़ाई लड़ने का किया एलान

जासं, देवरिया: उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाली समेत अन्य मांगों को लेकर लड़ाई का ऐलान किया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक गोरखपुर कार्यालय पर 18 सितंबर को धरना-प्रदर्शन होगा। शिक्षक नेताओं ने इसकी सफलता के लिए शनिवार को बीआरडी इंटर कालेज परिसर में बैठक कर रणनीति बनाई।



बैठक को संबोधित करते उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश त्रिपाठी • जागरण

जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, समान काम के लिए समान वेतन, निश्शुल्क चिकित्सा सुविधा, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 12,18 व 21 हटाए जाने के विरोध में आरपार की लड़ाई जारी है। 18 सितंबर को संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक गोरखपुर के कार्यालय पर शिक्षक हुंकार भरेंगे। आंदोलन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी व शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं है। जिला मंत्री विजय भारत सिंह ने कहा कि जिले से बड़ी संख्या में शिक्षक गोरखपुर में आयोजित होने वाले आंदोलन में प्रतिभाग करेंगे। शिक्षक नेताओं ने गौतम इंटर कालेज पिपरा रामधर, श्रीराम इंटर कालेज तेलिया कला, अनंत इंटर कालेज सतरांव, जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज जमुना कसिली मठ आदि विद्यालयों में शिक्षकों से संपर्क किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडेय, गोरखनाथ गुप्ता, अशोक शुक्ला, आशीष गौतम आदि मौजूद रहे।

# सीएम का पुतला जलाने में 12 पर केस

## अधिवक्ताओं के आंदोलन के दौरान तहसील परिसर में जलाया गया था मुख्यमंत्री का पुतला

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। तहसील परिसर में मुख्यमंत्री का पुतला जलाने के मामले में 12 लोगों पर दर्ज किया गया है। वकीलों के आंदोलन के दौरान बृहस्पतिवार को तहसील परिसर में सीएम का पुतला जलाया गया था।

इस मामले में पुलिस अज्ञात लोगों पर केस पंजीकृत कर घटना की जांच में जुटी है। हापुड़ की घटना को लेकर वकीलों ने तहसील गेट पर आंदोलन किया था। इस दौरान सीएम का पुतला भी जलाया गया। कोतवाली के एसआई केशवराम मौर्या ने तहरीर देकर बताया कि दोपहर में वह अपने हमराहियों के साथ नगर के बस स्टेशन पर थे। इस दौरान तहसील परिसर में कुछ लोगों के जुटने की सूचना मिली। वह लोग मुख्यमंत्री का पुतला जलाने की तैयारी में जुटे थे।

### एसआई की तहरीर पर धारा 144 के उल्लंघन का भी मामला दर्ज

मौके पर पहुंचने पर लोग दुर्भावना से उत्तेजित होकर नारेबाजी कर रहे थे, जबकि जिले में धारा 144 लागू है। इस दौरान वहां जुटे लोग मुख्यमंत्री का पुतला जलाने लगे। एसआई की तहरीर पर कोतवाली में 12 अज्ञात लोगों पर धारा 144 के उल्लंघन सहित सीएम का पुतला जलाने को लेकर केस दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक नवीन प्रताप सिंह ने कहा कि अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। चिह्नित कर लोगों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध तरीके से आरा मशीन चलाने का आरोप

देवरिया। सदर ब्लॉक के महुंई गांव निवासी कुछ लोगों ने बैकुंठपुर में चल रही एक आरा मशीन को अवैध बताते हुए शिकायत की है। राजेश यादव, ब्रह्मा यादव , बीरबल यादव आदि ने शनिवार को समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर एक दबंग व्यक्ति के पुलिस व वन विभाग की मिलीभगत से बैकुंठपुर में एक किराए के मकान में अवैध आरा मशीन चलाने का आरोप लगाया है। दबंग व्यक्ति क्षेत्र में अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटान कर पर्यावरण को भी भारी क्षति

# अधिकारियों ने चौपाल में सुनीं समस्याएं

बरहज। संपूर्ण समाधान दिवस के बाद ग्राम पंचायत महेन बाबू स्थित ग्राम सचिवालय में अधिकारियों ने शनिवार को चौपाल लगाई। इसमें एसडीएम अवधेश कुमार निगम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। चौपाल में एसडीएम ने ग्राम प्रधान अभय कुमार यादव और सचिव नवनीत सिंह से प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में चार बार खुली बैठक कराने का निर्देश दिया। जिस पर कुछ लोगों ने विवाद की स्थिति और सुरक्षा के नाकाफी इंतजाम का हवाला दिया। संवाद

# अमृत सरोवर की चहारदीवारी गिराने के मामले में केस दर्ज

देवरिया। तरकुलवा थानाक्षेत्र के नरायनपुर गांव में अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया है। जिसकी चहारदीवारी को कुछ अराजक तत्वों ने 11 सितंबर की रात में गिरा दिया था। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरफराज अहमद ने तरकुलवा थाने में तहरीर देकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग गई थी। इस मामले में पुलिस ने नरायनपुर गांव के कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम का केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

# पशु क्रूरता अधिनियम के तहत एक का चालान

बरहज। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को मईल थाना क्षेत्र के मईलौटा गांव निवासी सुग्रीव साहनी को गिरफ्तार किया। उसका गो-वध निवारण और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत चालान कर दिया गया। कपरवार चौकी इंचार्ज महेंद्र मोहन मिश्र को मुखबिर ने तस्कर के पशु ले जाने की सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर सुग्रीव साहनी को दबोच लिया। इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि गोवध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए तस्कर का चालान कर दिया गया। संवाद

# मंदिर में की थी शादी, पति बन रहा था बाधक इसलिए हत्या कर नदी में फेंक दिया शव

## शंकर हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की पूछताछ में बताई पूरी कहानी

संवाद न्यूज एजेंसी

मईल। इशारू गांव के शंकर पांडेय की हत्या के मुख्य आरोपी संजय यादव टाटा को पुलिस ने शुक्रवार की शाम भागलपुर के पिंडी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने हत्या का राज उगला है। बताया कि शंकर की पत्नी से दो साल पहले उसने मंदिर में शादी की थी। शंकर अब दोनों के बीच बाधक बन रहा था,



संजय यादव।

इसके कारण उसने दोस्त के साथ मिलकर देवस्थल पर शंकर की चाकू से हत्या कर दी। कुछ देर तक झाड़ी में शव छिपाने के बाद बोरे में कस कर कार से ले जाकर सरयू नदी में फेंक दिया।

हत्यारोपी संजय यादव उर्फ टाटा भागलपुर का रहने वाला है। घटना की शाम उसने फोन कर शंकर को घर से भागलपुर बुलाया, जहां खाना खिलाया और रात में मंगरु वीर बाबा स्थान के पास ले जाकर गांव के ही शिवम यादव के साथ चाकू से गोद कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद वहीं झाड़ी में शव को छिपा दिया। शव को ठिकाने लगाने के लिए गांव के ही एक व्यक्ति से मां का इलाज कराने के बहाने उसकी कार मांग लाया। इसके बाद शंकर पांडेय के शव को बोरी में कस कर कार से आधी रात को ले जाकर पक्के पुल से सरयू नदी में फेंक दिया। जब शंकर पांडेय रात में घर वापस नहीं लौटे तो उनकी पत्नी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शिवानी पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी का केस दर्ज कराया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए खोजबीन करने लगी।

पुलिस ने भागलपुर निवासी शिवम को उठाया तो उसने हत्या का सारा राज बताया। इसके बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर शिवम को जेल भेज दिया। जबकि मुख्य आरोपी संजय उर्फ टाटा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई टीम गठित कर उसके संभावित लोकेशन पर छापामारी शुरू कर दी। पुलिस प्रयागराज से लेकर कई शहरों में लगातार छापामारी करती रही। उसने पुलिस को बताया कि शंकर की पत्नी से ढाई सालों से उसके घर आने जाने से प्रेम हो गया था। इसमें शंकर पांडेय प्रेम में बाधक बन रहे थे। जिसके चलते उसने शिवम यादव के साथ मिलकर हत्या कर दी। साक्ष्य मिटाने के लिए घटना में प्रयुक्त चाकू को भी शव के साथ नदी में फेंक दिया है। उसकी निशानदेही पर मृतक की साइकिल भागलपुर बाजार में एक दुकान से पुलिस ने बरामद की है।

*मुख्य आरोपी गलत बोल रहा है। उससे मेरा कोई संबंध नहीं है। उसने मेरे पति की हत्या की है। पुलिस पर मुझे भरोसा है कि जांच के दौरान मुझे न्याय मिलेगा।*



**– शिवानी पांडेय,** शंकर की पत्नी

*हत्यारोपी संजय से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि प्रेम-प्रसंग के चक्कर में ही उसने साथी के साथ मिलकर शंकर की हत्या की है। मामले का खुलासा कर दिया गया है।* **– अंशुमन श्रीवास्तव,** सीओ

### उगले राज तो उड़ गए पुलिसवालों के भी होश

मुख्य आरोपी संजय यादव उर्फ टाटा ने शुक्रवार की रात में पूछताछ के दौरान कुछ देर तो पुलिस को घुमाने का प्रयास किया पर पुलिस हत्यारोपी के जेहन में छिपे राज को उगलवाने में कामयाब हो गई। पुलिस के अनुसार हत्यारोपी ने जो बात कबूल की है उससे साफ जाहिर होता है कि उसका प्रेम-प्रसंग काफी समय से चला आ रहा था। पुलिस के मुताबिक मिर्जापुर के एक मंदिर में दोनों ने शादी की थी। मोबाइल कॉल डिटेल में भी यह जानकारी मिली है कि हत्या के दिन भी उसकी बात हुई है। आरोपी के व्हाट्सएप पर कई लड़कियों के फोटो भी पड़े थे, जब पुलिस ने इसके बारे में जानकारी ली तो पता चला कि परिवार के लोग संजय की शादी के लिए लड़की ढूंढ रहे थे। जो फोटो आता था उसे वह शंकर की पत्नी शिवानी पांडेय के पास भेजता था। जब पुलिस ने मंदिर में शादी आदि के बारे में प्रमाण मांगा तो उसने बताया कि कुछ दिन पहले उसे डिलीट कर दिया था। हालांकि, पुलिस आरोपी के बयान के बारे में अभी सत्यता पता कर रही है। पर इतना जरूर है कि पुलिस स्वीकार कर रही है कि शंकर पांडेय की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई है।

# साधुओं को बच्चा चोर समझकर पीटने वाले ग्रामीणों पर केस दर्ज

भाटपाररानी। थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा मिश्र में भिक्षा मांग रहे दो साधुओं को बच्चा चोर समझ कर ग्रामीणों ने उनकी पिटाई कर दी थी। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद घायल साधुओं की तहरीर पर शनिवार को चार ग्रामीणों तथा कुछ अज्ञात के विरुद्ध बलवा व मारपीट का केस दर्ज किया है।

दो साधु पवन पुत्र रामपाल तथा सोनू पुत्र आसाराम निवासी जोगीपुर थाना कोतवाली, जिला हरदोई साधु के वेश में घूम कर भिक्षाटन कर जीवन यापन करते हैं। वह बनकटा मिश्र गांव के बाहर काली मंदिर पर बैठे थे कि कुछ ग्रामीणों ने बच्चा चोर समझकर उनकी जमकर पिटाई कर दी। उनका आरोप था कि इस रास्ते से पढ़कर आने वाली बच्चियों को यह कुछ नशीला पदार्थ सूंघने को दे रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों साधुओं तथा ग्रामीणों को थाने लाई और पूछताछ में जुट गई। देर शाम तक पूछताछ के बाद दोनों साधुओं ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। उनकी तहरीर पर पुलिस ने चार ग्रामीणों तथा कुछ अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# बिना फायर एनओसी के चल रहा था अस्पताल, पंजीकरण निलंबित

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिला मुख्यालय और कस्बा के चौक चौराहों पर पंजीकृत अस्पताल भी मानकों की अनदेखी कर रहे हैं। जिलाधिकारी की जांच में इसका खुलासा हुआ है। इन अस्पतालों में हर रोज सैकड़ों की संख्या में मरीज और तीमारदार आते हैं, पर आग से बचाव के लिए इंतजाम नहीं है। इसकी जांच के लिए गठित समिति की रिपोर्ट के आधार शनिवार को राघव नगर मोहल्ला स्थित एक अस्पताल का पंजीकरण निलंबित करते हुए अस्पताल को सीज कर दिया गया है।

16 अगस्त को जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा और सीएमओ डॉ. राजेश झा ने शहर के राघव नगर स्थित पल्स हॉस्पिटल का निरीक्षण किया था। इसके बाद अस्पताल की जांच के लिए समिति गठित किया। उप जिलाधिकारी सदर योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में उप मुख्य चिकित्साधिकारी, औषधि निरीक्षक, अवर अभियंता विनियमित क्षेत्र, सदर, स्थानीय पुलिस एवं अग्निशमन अधिकारी ने जांच की। इसमें यह बात सामने आई कि सुरेंद्र राव एवं ब्रजेश, अनिल, प्रभाकर, दिवाकर ने अलग-अलग दो आवासीय निर्माण मानचित्र अगस्त 2020 को स्वीकृत कराया गया है, पर इसके विपरीत दोनों भूखंडों को शामिल कर पल्स हॉस्पिटल का निर्माण बिना किसी स्वीकृति के किया गया है, जिसके विरुद्ध आरबीओ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई तथा भवन स्वामी को नोटिस जारी किया गया।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि निर्मित भवन में पल्स हॉस्पिटल के पंजीकरण के नियमों का पालन नहीं हो रहा था। वहीं, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी राजमंगल सिंह ने भी फायर एनओसी न होने की बात बताई थी। इस पर अस्पताल का पंजीकरण निलंबित कर सीज कर दिया गया।

## जिलाधिकारी के आदेश पर हुई जांच में टीम ने पकड़ी मानक की अनदेखी

## जिले में बिना एनओसी के चल रहे हैं अस्पताल

देवरिया। जिले में पंजीकृत अस्पताल मानकों की अनदेखी कर संचालित हो रहे हैं। 95 अस्पताल और क्लीनिक में सिर्फ 42 के पास फायर एनओसी है। इतना ही नहीं हकीकत यह है कि जिले में करीब 150 अस्पताल और क्लीनिक ऐसे हैं, जिनके पास अग्निशमन यंत्र नहीं हैं। जिस भवन में संचालित हो रहे हैं वह मानक के अनुरूप नहीं हैं। आवासीय भवनों में अस्पताल संचालित हो रहे हैं। कई जगह सकरी गलियों में होने के कारण फायर की गाड़ी भी नहीं पहुंच पाएगी। सूत्रों की बातों पर गौर किया जाए तो ऐसे अस्पताल संचालक दलालों की मिलीभगत से अपना धंधा उम्दा किए हुए हैं। संवाद

## बाइक चोर गिरफ्तार, निशानदेही पर 10 से अधिक आरोपी हिरासत में

देवरिया। महुआडीह के कोटवा गांव के एक घर से शुक्रवार की देर रात एक बाइक चोरी हो गई। इस बात की जानकारी सुबह होने पर घर के लोग हैरान हो गए। पीड़ित ने चौकी पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में बाइक के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। उसके बयान के आधार पर पुलिस ने कई युवकों को हिरासत में ले लिया। महुआडीह के हेतिमपुर चौकीक्षेत्र के कोटवा गांव के छेदी प्रसाद का परिवार शुक्रवार की रात भोजन करने के बाद अंदर सो रहा था। रात को किसी समय चोर बरामदे में खड़ी बाइक चुरा ले गए। शनिवार की सुबह सो कर उठने के बाद बरामदे में बाइक नहीं देखकर घर वाले हैरान हो गए। हेतिमपुर चौकी पहुंचकर पुलिस को मामले की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार बाइक चुराने वाले के पिता ने बेटे को बाइक चोरी के लिए डांटा। उसने पीड़ित को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने कुशीनगर जनपद के सुकरौली से बाइक बरामद कर ली। आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। पुलिस ने देर शाम तक उसके दस से अधिक साथियों को हिरासत में ले लिया। संवाद

# जेई पर रिश्वत मांगने का आरोप, डीएम के आदेश पर पुलिस ने लिया हिरासत में

## समाधान दिवस में फरियादी ने डीएम से की बिजली निगम के जेई की शिकायत



डीएम के निर्देश पर जेई को थाने ले जाती पुलिस। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। समाधान दिवस में शनिवार को एक व्यक्ति ने डीएम से बिजली निगम के जेई पर झटपट कनेक्शन के लिए रिश्वत मांगने का आरोप लगाया।

डीएम ने मौके पर मौजूद सीओ को जेई को हिरासत में लेने का आदेश दिया। पुलिस आरोपी जेई को थाने ले आई और ढाई घंटे तक पूछताछ की। आरोपों की पुष्टि नहीं होने पर जेई को थाने से छोड़ा गया।

जानकारी के अनुसार, बरहज तहसील में शनिवार को डीएम अखंड प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा लोगों की फरियाद सुन रहे थे। इस दौरान खोड़ा गांव निवासी कमला प्रसाद ने बिजली निगम के जेई पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 19 अगस्त को झटपट कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन अभी तक कनेक्शन नहीं मिला। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसके मकान के पास पोल है फिर भी उसे परेशान किया जा रहा है। उन्होंने मामले की जानकारी एसडीओ को दी। इसके बाद भी समाधान नहीं हुआ।

इस पर डीएम ने बरहज एसओ को बिजली निगम के जेई पंकज कुमार को हिरासत में लेने का आदेश दिया।

पुलिस तत्काल जेई पंकज को थाने ले गई और ढाई घंटे की पूछताछ की। आरोप की पुष्टि नहीं होने पर जेई को छोड़ दिया। डीएम ने फरियादी को कनेक्शन मुहैया कराने का आदेश दिया है।



*जेई रिश्वत मांग रहे थे। इसकी जानकारी एसडीओ को दी, लेकिन बात सुनी नहीं गई। झटपट कनेक्शन एक सप्ताह में देने का नियम है, लेकिन एक महीने बाद भी कनेक्शन नहीं मिला।*
– **कमला प्रसाद**, शिकायतकर्ता

*फरियादी की शिकायत पर जेई को हिरासत में लिया गया था। आरोपों की जांच की गई। पुष्टि नहीं होने पर उसे छोड़ दिया गया।*
– **अंशुमान श्रीवास्तव**, सीओ

*ऑनलाइन फार्म भरा गया था, लेकिन सिक्योरिटी मनी जमा नहीं की गई थी। इस वजह से कनेक्शन नहीं दिया जा रहा था। पुलिस को सच्चाई बता दी है। मैं गलत नहीं हूं।*
– **पंकज कुमार**, जेई बिजली निगम

### नाम झटपट पर हो जाती है देर, नौ सौ आवेदन हैं लंबित

देवरिया। झपटप कनेक्शन देकर एक सप्ताह के भीतर उपभोक्ता के घर को रोशन करने की योजना विद्युत विभाग की है। पर हकीकत यह है कि नाम के हिसाब से काम नहीं हो रहा है। जिले में करीब नौ सौ आवेदन झटपट कनेक्शन के लंबित हैं। जरूरतमंद बिजली निगम के चक्कर काट रहे हैं। कई ऐसे कनेक्शनधारक हैं जिनका आवेदन 20 से 30 दिन पहले का है, लेकिन निगम उन्हें कनेक्शन नहीं दिलवा पाया है। बिजली निगम एक किलोवाट ग्रामीण क्षेत्र में 1356 रुपये लेकर झटपट कनेक्शन एक सप्ताह के भीतर देता है, जबकि शहर में दो किलोवाट का 2217 रुपये लगता है। निगम के सूत्रों के मुताबिक हर माह करीबन तीन से चार सौ कनेक्शन झटपट के लिए आवेदन आते हैं। इनकी हकीकत यह है कि कनेक्शन देने में हीलाहवाली और लेटलतीफ हो रही है। इसके चलते महीने में दो सौ झटपट कनेक्शन भी नहीं दिए जा रहे हैं। इनके आवेदन विभिन्न कारण बताकर अटका दिए जा रहे हैं। शहर में ही तीन सौ लोगों के झटपट कनेक्शन के आवेदन अटके हुए हैं। इसमें से कुछ लोगों के जमीन के कागजात तो किसी से पोल दूर होने की बात कही जा रही है। कुछ लोगों को उपकरण की कमी के कारण कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। संवाद

# जाम से मुक्ति दिलाएगा बाईपास भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी

## गोरखपुर से सिकंदरपुर जाने वाले वाहनों को नहीं करना पड़ेगा शहर में प्रवेश

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए चार किलोमीटर का बाईपास बनाया जाएगा। इसके लिए सड़क परिवहन एवं राज्य मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इसके लिए 18 गांवों के 702 किसानों की 69.7819 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इस बाईपास के निर्माण से गोरखपुर से सिकंदरपुर जाने वाले वाहन सलेमपुर शहर में प्रवेश किए बिना महदहा से ही सीधे नवलपुर होते हुए बेल्थरा चले जाएंगे। इससे जहां शहर में वाहनों का दबाव कम होने से जाम से छुटकारा मिलेगा वहीं, राहगीरों को भी सहूलियत होगी।

गोरखपुर से सलेमपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण पूर्ण होने के बाद अब सलेमपुर–नवलपुर होते सिकंदरपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग को बनाए जाने की स्वीकृति शासन ने कर दी है। इसके लिए राजस्व टीम ने राजमार्ग में पड़ने वाले गांवों की सूची तथा रकबा का सीमांकन कर भूमि का अधिग्रहण कर लिया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने एसडीएम व निर्बंधन अधिकारी को भेजे गए पत्र में बताया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 727बी सलेमपुर–नवलपुर–सिकंदरपुर के निर्माण व चौड़ीकरण के लिए आवश्यक भूमि के अधिग्रहण के उपरांत अब इस जमीन पर कोई भी काश्तकार हस्तक्षेप नहीं करेगा।

इस भूमि को काश्तकार किसी भी हालत में बिक्री नहीं करेगा। इस संबंध में एसडीएम सीमा पांडेय ने बताया कि राज मार्ग के लिए जमीन के अधिग्रहण की सूचना जारी कर दी गई है। क्षेत्र के अंदर पड़ने वाली जमीन के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी गई है। इसके बन जाने से शहर के कोतवाली रोड, ओवरब्रिज, सोहनाग रोड आदि रोड पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिल जाएगी।



सलेमपुर में जाम से जूझते लोग। संवाद

### बाईपास बनने से बसेगा नया शहर

सलेमपुर। सलेमपुर में बाईपास मार्ग बनने से इसके किनारे नया शहर बसने की पूरी संभावना है, क्योंकि घनी बस्ती से निकल कर लोग अब इधर ही जमीन लेकर मकान बनवा रहे हैं। आने वाले समय में इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। आसपास के लोगों की जमीनें महंगी हो जाएंगी। संवाद

### बिहार, बलिया, कुशीनगर के लिए आसान हो जाएगी राह

सलेमपुर। बाईपास मार्ग बनने से बिहार, बलिया और कुशीनगर को जोड़ने वाले फोरलेन मार्ग से आने-वाले लोगों के लिए यात्रा सुगम हो जाएगी। क्योंकि फोरलेन तमकुहीराज से भी से जुड़ेगा। वहीं, रामजानकी मार्ग और बलिया को जाने वाले मार्ग से भी लिंक होगा। इससे बड़े वाहनों को आने-जाने में काफी सुविधा होगी। संवाद

### बोले लोग



*सलेमपुर-सिकंदरपुर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाईपास बनाने से सलेमपुर में लग रहे जाम से राहगीरों को निजात मिल सकेगी। बाईपास नहीं होने के चलते बराबर जाम की समस्या बनी रहती थी। यह जरूर है कि किसानों को मुआवजे की राशि बाजार दर से अधिक मिलनी चाहिए।*

**– अमित तिवारी, किसान**



*जाम के चलते बाजार में बड़ी गाडियां नहीं घुस पा रही थीं। जिससे व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। महदहां चौराहे से नवलपुर तक बाईपास बनने से मंडी की गाड़ियां आसानी से बाजार तक पहुंच जाएंगी, जिससे व्यापारियों काफी सहूलियत मिलेगी।*

**– विजय गुप्ता, थोक सब्जी विक्रेता**



*राष्ट्रीय राजमार्ग में जिन किसानों की जमीन पड़ रही है। उन्हें पता नहीं कि किस भाव से कितनी जमीन ली जा रही है। बाजार भाव की चार गुना कीमत उन्हें मिलनी चाहिए, लेकिन कई स्थानों पर बाजार भाव की दोगुनी कीमत किसानों को दी जा रही है।*

**– हरेराम यादव, किसान**

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-17-09-2023

# नहर में कूदे प्रेमी युगल को ग्रामीणों ने बचाया

**सेवरही, हिन्दुस्तान संवाद।** सेवरही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी प्रेमी युगल ने शनिवार को बड़ी गंडक नहर में छलांग लगा दी। उन्हें देख आसपास के साहसी युवकों ने नहर में कूद उन्हें डूबने से बचा लिया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर प्रेमी युगल को अस्पताल पहुंचायी। स्वस्थ होने पर थाने ले जाकर उनके परिवारीजनों को बुला समझा कर उनके हवाले कर दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी प्रेमी युगल सेवरही-तमकुहीराज मार्ग बनरहा रेगुलेटर पर पहुंच कर नहर में छलांग लगा दी। संजोग अच्छा रहा कि मौके पर कुछ नौजवान युवकों ने साहस का परिचय देते हुए नहर में कूद कर काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाल लिया। ग्रामीणों के अनुसार प्रेमी युगल के बीच विगत पांच वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था और इस बीच उन्होंने एक मंदिर में विवाह भी रचा लिया था। इसे परिजन स्वीकार नहीं कर रहे थे और दोनों को अलग कर उनका विवाह कहीं अन्यत्र करने का प्रयास कर रहे थे। इसकी भनक लगते ही प्रेमी युगल ने नहर में कूदने का फैसला किया। सेवरही पुलिस ने उन्हें अस्पताल में पहुंचाकर चिकित्सकीय परीक्षण कराकर अपने साथ थाने ले गई।



अतिक्रमण हटाने गयी राजस्व टीम और पुलिस को ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम से नोक झोंक, बैरंग लौटी

- नेबुआ नौरंगिया पुलिस और राजस्व टीम से ग्रामीणों की नोक झोंक
- ग्रामीणों ने लेखपाल पर लगाए भेदभाव करने के गंभीर आरोप

**पिपरा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सरपतही खुर्द गांव में सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को खाली कराने गई राजस्व व पुलिस टीम को ग्रामीणों के तीखा विरोध झेलना पड़ा। ग्रामीण लेखपाल पर भेदभाव के गंभीर आरोप लगा रहे थे। नोंकझोंक होने के बाद टीम को बिना अतिक्रमण हटाए बैरंग वापस होना पड़ा। हालांकि नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने नोकझोंक की बात से इंकार किया है।

सरपतही खुर्द गांव के दर्जन भर ग्रामीणों ने गांव की सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए अगस्त माह की 30 तारीख को उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया गया था। शनिवार की शाम पुलिस टीम के साथ पहुंची राजस्व टीम ने अतिक्रमण हटाना शुरू ही किया था कि अचानक ग्रामीणों के एक समूह ने भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणों और राजस्व टीम के बीच तीखी नोक झोंक होने लगी। इस बीच बचाव में खड़ी पुलिस को भी ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। जिससे अतिक्रमण हटवाये बिना ही लेखपाल और उनकी टीम को वापस होना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीखी नोक झोंक के दौरान पुलिस तथा ग्रामीणों के बीच खींचतान भी हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि हल्का के लेखपाल हमेशा इसी तरह का भेदभाव करते हैं। अपने चहेतों का ही पक्ष लेते हैं। जिससे उचित कार्रवाई नहीं हो पाती है। इसका परिणाम आम जन को भुगतना पड़ रहा है।

इस संबंध में एसओ नेबुआ नौरंगिया अतुल श्रीवास्तव का कहना है कि ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से गांव में स्थित सरकारी अस्पताल के नजदीक अतिक्रमण का आरोप लगाया था। लेखपाल ने फोर्स की मांग की थी। नापी होने के बाद कुछ ग्रामीणों ने अस्पताल की कुछ जमीन को भी तत्काल नापने का दबाव बनाया। पुलिस से कोई नोक झोंक नहीं हुई है।

# 171 मामलों में 26 का मौके पर हुआ निस्तारण

**समाधान दिवस**

- खड्डा में आयोजित हुआ जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस
- एक माह के अंदर कार्रवाई नहीं हो तो हमसे करें संपर्क : डीएम

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम।** जिले के सभी छह तहसील सभागारों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें खड्डा तहसील में आयोजित जिलास्तरीय समाधान दिवस में डीएम, एसपी के साथ जिले स्तर के अधिकारी पहुंचे। कुल 171 मामले आये, जिसकी सुनवाई करते हुये मात्र 26 शिकायतों का मौके से निस्तारण किया जा सका।

**खड्डा संवाद के अनुसारः** तहसील सभागार में शनिवार को डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता व एसपी धवल जायसवाल की देखरेख में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें कुल 59 मामले आए, जिसमें मात्र 8 मामलों का ही मौके पर निस्तारण कराया जा सका। जबकि शेष 51 मामलों संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए भेजा गया। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों और फरियादियों से कहा कि यदि एक माह के भीतर कार्रवाई नहीं हो तो कलेक्ट्रेट सुबह 10 बजे पहुंच संपर्क करें, कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी।

**हाटा संवाद के अनुसारः** संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम हीरालाल की अध्यक्षता में हुई। जहां कुल 40 मामले आए, जिसमें चार का निस्तारण मौके पर हो गया। शेष मामलों को एसडीएम ने संबंधित कर्मियों को समय पूर्व निस्तारण करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुरूप मामलों के निस्तारण में तेजी लाएं।

**तमकुहीराज संवाद के अनुसारः** समाधान दिवस एसडीएम विकास चंद्र की अध्यक्षता में हुआ। कुल 32 मामले आए चार मामलों का मौके पर निस्तारण कर शेष को संबंधित विभाग को कारवाई के लिए भेजा गया।

**कसया संवाद के अनुसारः** एसडीएम योगेश्वर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 14 मामले आए, जिसमें से चार मामलों का निस्तारण मौके पर हो सका।

**कप्तानगंज संवाद के अनुसारः** सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी अधिकारी एसडीएम व्यास नारायण उमराव के समक्ष कुल 11 मामले आये, जिसमें तीन मामलों का निस्तारण कराया गया।

## पडरौना तहसील में आए 15 मामले, तीन का निस्तारण

**पडरौना।** सदर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम महात्मा सिंह की अध्यक्षता एवं सीओ उमेश चंद्र भट्ट व तहसीलदार सुमित कुमार सिंह की मौजूदगी में हुआ। इसमें 15 मामले आए और मौके पर राजस्व से जुड़े तीन शिकायती पत्रों का निस्तारण किया गया।

# साइबर ठगी गैंग का हुआ पर्दाफाश

**पडरौना, निज संवाददाता।** कुशीनगर पुलिस ने शनिवार को अंतरराज्यीय साइबर ठगी गैंग का पर्दाफाश किया है। सेवरही पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तीन शातिर साइबर ठगों को सेवहरी के बिन टोली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाइक, 51 हजार नकदी, मोबाइल सिम, आधार कार्ड, बिना नाम के पासबुक, मोबाइल आदि सामान बरामद किए गए हैं। एसपी ने खुलासा करने वाली टीम को पुलिस टीम को 25 हजार का पुरस्कार प्रदान किया है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल ने शनिवार को एसपी कार्यालय में अंतरराज्यीय साइबर ठगी गैंग का खुलासा करते हुये बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह व सीओ जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में जनपद में हो रही साइबर ठगी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल मनोज कुमार पन्त की टीम व प्रभारी निरीक्षक सेवरही हर्षवर्धन सिंह की टीम ने बिन टोली कस्बा सेवरही के पास से साइबर अपराध में संलिप्त तीन अभियुक्तों को दबोचा। पकड़े गए ठगों की पहचान बुलेट कुमार चौरिया पुत्र अमरजीत चौरसिया निवासी पाखोपाली थाना उचकागांव पोस्ट थावे जिला गोपागलंज बिहार, अमित चौरसिया पुत्र जगदीश चौरसिया व करन जायसवाल पुत्र राकेश जायसवास निवासीगण सब्जी मण्डी तमकुहीरोड थाना सेवरही के रूप में हुई। उनके कब्जे से अवैध रुप से भोले-भाले व्यक्तियों के खातों का प्रयोग कर अर्जित किये गये कुल 51 हजार रूपये, 64 फर्जी सिम कार्ड, 20 आधार कार्ड, 11 पासबुक (भिन्न भिन्न बैंकों के सादा), घटना में प्रयुक्त 5 मोबाइल (डाटा सहित 8 फर्जी वाले एकाउंट में किये लगभग एक करोड़ 20 लाख का विवरण सहित), अपराध में प्रयुक्त एक चोरी की बाइक बिना नम्बर प्लेट की बरामद की है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस तीनों शातिर साइबर ठगों के खिलाफ जालसाजी, आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज जांच में जुटी है।

> अंतरराज्यीय साइबर ठगी गैंग का पर्दाफाश किया गया है। तीन शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार कर उनके पास से नकदी समेत चोरी की बाइक व फर्जी पासबुक, सिमकार्ड आदि बरामद किया है। आठ खातों में 1.20 करोड़ का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन पकड़ा गया है। इनके मदद से हैकरों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है।
>
> **-धवल जायसवाल,** एसपी कुशीनगर

# गोरखपुर से बरामद हुईं गायब तीन छात्राएं

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित स्कूल में शुक्रवार को पढ़ने गयी कक्षा सात की गायब हुई तीन छात्राओं को पुलिस ने गोरखपुर से बरामद कर लिया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तीन सहेलियां गांव स्थित एक विद्यालय में कक्षा 7 में पढ़ती हैं। प्रतिदिन की भांति शुक्रवार को तीनों नाबालिग सहेलियां उस विद्यालय में पढ़ने पहुंची, लेकिन विद्यालय की छुट्टी होने के बाद तीनों वापस घर नहीं लौटी। उनके परिवारीजनों ने उनकी चारों तरफ खोजबीन शुरू की। परिवारीजनों ने थाने में तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस गम्भीरता से लेते हुए 24 घंटे के अंदर तीनों छात्राओं को गोरखपुर से बरामद कर लिया।

## तरयासुजान पुलिस ने वारंटी गिरफ्तार

**पडरौना।** तरयासुजान पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लक्ष्मी शाह निवासी बहादुरपुर थाना तरया सुजान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार शर्मा, दरोगा विनय कुमार मिश्र, सिपाही रमेशचन्द्र यादव व विलास यादव शामिल रहे।

## दो अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

**पडरौना।** विशुनपुरा थाने की पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महादेव निवासी बंगाली पट्टी व राजेश मुसहर निवासी चाफ रायपट्टी मुसहर बस्ती थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार किया है। टीम में प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान, दरोगा कैलाश यादव, सिपाही रामनिवास भार्गव, प्रेमशंकर, नितीश सिंह, रत्नाकर सिंह, प्रशंसा तिवारी शामिल रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी समेत तीन को किया गिरफ्तार

**पडरौना।** अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे में एक वांछित सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दुष्कर्म मामले में अभियुक्त अभिजीत विश्वकर्मा निवासी बेदूपार थाना अहिरौली बाजार तथा दूसरे मामले में हरेराम तिवारी निवासी मोतीपाकड़ व रामानन्द निवासी बरसैना थाना अहिरौली बाजार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टीम में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय, रविभूषण राय, चन्द्रमौलि, उमेश, आनन्द, आनन्दव आदित्य शामिल रहे।

## प्रतिबंधित पशु का मांस बरामद, दो गिरफ्तार

**गुरवलिया बाजार।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विजयपुर उत्तर पट्टी जनक सिंह के टोला स्थित एक धार्मिक स्थल से सटे कटरैन के घर में प्रतिबंधित पशु के मांस को पुलिस ने बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ कर रही है।

## चोरी की बाइक के साथ दो शातिर चोरों को दबोचा

**पडरौना।** पटहेरवा थाने की पुलिस ने शनिवार को चोरी की एक बाइक के साथ दो शातिर चोरों को दबोचने में कामयाब हुई। पुलिस ने चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। पटहेरवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान काजीपुर फोरलेन के पास से दो शातिर चोर दुर्गेश स्व. कंचन निवासी वार्ड 10 फाजिलनगर मुसहर टोला थाना पटहेरवा को गिरफ्तार किया।

# आठ को न्याय, 51 को मिला आश्वासन

## संपूर्ण समाधान दिवस पर खड्डा तहसील पहुंच डीएम और एसपी ने सुनी समस्या

**जागरण संवाददाता, खड्डा:** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे डीएम उमेश मिश्र, एसपी धवल जायसवाल ने पीड़ितों की समस्या सुनी। आयोजन के दौरान आए 59 मामलों में सिर्फ आठ का ही निस्तारण हो पाया। शेष मामलों में टीम गठित कर अधिकारियों ने समाधान कराने का निर्देश दिया।



खड्डा तहसील सभागार में फरियाद सुनते दाएं से डीएम उमेश मिश्र, एसपी धवल जायसवाल।

सुबह 10 बजे से आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे डीएम, एसपी ने शिकायत लेकर पहुंचे पीड़ितों की एक-एक कर समस्या सुनी। सूरतछपरा के लक्षन चौहान ने खलिहान की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। डीएम ने शिकायती पत्र को देखकर एसडीएम को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। कहा कि मौके पर पहुंच स्थिति की जानकारी लें और खलिहान को अतिक्रमणमुक्त कराएं। शिकायकर्ता को कार्रवाई का आश्वासन दिलाते हुए डीएम ने कहा कि एक माह के भीतर अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आप मेरे कार्यालय आकर बताएं। बोधीछपरा की ललिता देवी ने रास्ते का विवाद, अहिरौली गांव के शहाबुद्दीन ने केसीसी में बैंक कर्मियों द्वारा 15 प्रतिशत कमीशन मांगने और न देने पर छह माह से दौड़ाने, करदह की मालती ने भूमिधरी की पैमाइश कराने की मांग की।

# रेग्युलेटर पर मिला अज्ञात का शव

**खड्डा।** खड्डा थाना क्षेत्र के सिसवागोपाल रेग्युलेटर पर एक 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस लोगों की मदद से मुख्य पश्चिमी गण्डक नहर से शव निकाल पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस का अनुमान है कि शव नेपाल से बहकर आया होगा।

खड्डा क्षेत्र के सिसवागोपाल गांव के निकट से मुख्य पश्चिमी गण्डक नहर निकली है। शनिवार की शाम एक व्यक्ति का शव देख लोगों ने इसकी सूचना एसओ आशुतोष सिंह को दी। इस पर एसओ एसआई जियेलाल कन्नौजिया, धीरज, राहुल आदि पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजा। पुलिस टीम मौके पर पहुंच लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत कर शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस ने आसपास के जुटे लोगों से शव की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो सका।

# कोर्ट के आदेश पर छह नामजद व दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव बसडीला महंथ गांव निवासी एक व्यक्ति ने छह नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने और लूट का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस 6 नामजद सहित 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

बसडीला महंथ निवासी राजेंद्र सिंह ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया कुशीनगर में 156 (3) के तहत वाद दाखिल कर बताया है कि रोजी रोजगार को लेकर मुंबई सपरिवार रहता है और समय समय पर गांव व फाजिलनगर में स्थित अपने मकान पर आता रहता है। बेटा सुनील सिंह की शादी उस्मानपुर गांव निवासी ग्रीस नारायण की पुत्री प्रियंका से हुई है। पीड़ित ने बताया है कि रिश्ते में कड़वाहट के चलते पुत्र वधू मायके में रहती है। 22 अगस्त 2021 को मुंबई से फाजिलनगर अपने घर आया था और 24 अगस्त को मुंबई जाने के लिए में निकला था। आरोप है कि अभी बस पर बैठा था कि पहले से घात लगाकर बैठे लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया और मारते पीटते बस से बाहर खींच लाए। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी अमित सिंह, अभिषेक सिंह, इंदू सिंह निवासी उस्मानपुर थाना पटहेरवा व दो अज्ञात के खिलाफ मारपीट, धमकी, लूट सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

अहिरौली बाजार : थाने की पुलिस ने शनिवार को चोरी की बाइक के साथ एक शातिर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बाइक चोर की पहचान अरविंद चौहान नगवा जैतपुर थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर के रूप में हुई।

सादय प्रसाधन का दुकान है। प्रदीप ने 1.90 लाख रुपये पूजा की जरूरत प्रबंधक ने दुकानदार से पिछला 50 लोन जारी करने में आनाकानी करने

## अंतरराज्यीय ठगी गैंग का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, पडरौना: सेवरही पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश कर तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। तीनों की पहचान बुलेट कुमार पाखोपाली थाना उचकागांव जिला गोपालगंज बिहार, अमित चौरसिया व करन जायसवाल सब्जी मंडी तमकुहीरोड थाना सेवरही के रूप में हुई। इनकी निशानदेही पर बड़ी मात्रा में सिमकार्ड, आधार कार्ड, विभिन्न बैंकों के कई पासबुक व 50 हजार से अधिक की नकदी बरामद हुई। एसपी धवल जायसवाल ने इस उपलब्धि पर टीम को 25 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है।



अंतरराज्यीय ठग गिरोह के बारे में जानकारी देते एसपी धवल जायसवाल • जागरण

अपने कार्यालय में एसपी ने पत्रकारों को बताया कि बीते कुछ दिनों से सेवरही क्षेत्र में खाते से ठगी के मामलों की शिकायत मिल रही थी। ठगों पर नकेल कसने के लिए सेवरही पुलिस के साथ साइबर सेल को लगाया गया। आज सुबह सेवरही के बिन टोलिया के समीप बाइक सवार तीन युवकों को टीम ने पकड़ा। जांच पड़ताल में बाइक चोरी की पाई गई। तीनों के पास मिले बैग से विभिन्न कंपनियों के 64 फर्जी सिमकार्ड, 20 आधार कार्ड, विभिन्न बैंकों के 11 पासबुक, पांच मोबाइल फोन मिला। पूछताछ में ठगों ने स्वीकारा कि वे ठगी कर करोड़ों का चूना लगाया है।

- विभिन्न कंपनियों के बड़ी मात्रा में सिमकार्ड तथा 20 से अधिक आधार कार्ड बरामद
- कोलकाता व मुंबई तक फैला गिरोह का तार, एक करोड़ से अधिक का हुआ है लेनदेन

### हैकरों को 12 से 14 हजार रुपये में वेचते हैं खाता

एसपी ने बताया कि ठगों के इस गिरोह का तार कोलकाता, मुंबई आदि शहरों से जुड़े हैं। गिरोह के सदस्य सहज केंद्र संचालकों से मिलकर गांव के गरीब व भोले-भाले लोगों को ठगते हैं। पैसे का लालच देकर पहले उनका खाता खुलवाते। फिर उनके आधार कार्ड व फिंगर प्रिंट से सिम जारी कराते हैं और बिना उनकी जानकारी के फर्जी तरीके से सिम से अकाउंट लिंक करवा देते हैं। इन खातों में बिना उनकी जानकारी आनलाइन पैसों का लेन-देन करते हैं। इन लोगों का एटीएम, चेकबुक प्राप्त कर लेते हैं और अपने हिसाब से खाते से रुपये निकाल लेते हैं। सदस्य इन खातों को आन लाइन हैकरों को बेचते हैं।

# यातायात दारोगा व सिपाहियों पर पैसा मांगने का आरोप

कप्तानगंज : उप-नगर स्थित सुभाष चौक पर तैनात यातायात दारोगा व दो सिपाहियों पर पैसा मांगने का आरोप लगा है। इससे जुड़ा एक वीडियो शनिवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। सुभाष चौक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। इससे वहां जाम की समस्या बनी रहती है। समस्या के समाधान के लिए वहां यातायात दारोगा, दो सिपाही व होमगार्ड की ड्यूटी रहती है। चालकों का आरोप है कि यातायात पुलिस पैसे मांगती है। (जासं)

# न्यायालय के आदेश पर आठ के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, पटहेरवा**: न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया के आदेश पर पर पटहेरवा पुलिस ने दो वर्ष पुराने मामले में आठ व्यक्तियों पर मारपीट, लूट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना 24 अगस्त 2021 की बताई जा रही है।

बसडीला महंथ के राजेंद्र सिंह ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया के समक्ष दाखिल वाद में आरोप लगाया था कि उनके पुत्र सुनील सिंह की शादी उस्मानपुर के गिरीश नारायण सिंह की पुत्री प्रियंका से हुई है। वह सपरिवार मुंबई में रहता है। शादी को लेकर दोनों परिवार में कड़वाहट है। वह घटना के दिन मुंबई जा रहा था कि उसके लड़के के साले अमित सिंह, अभिषेक सिंह, समधन इंदु सिंह निवासी उस्मानपुर थाना चौराखास, सुमन सिंह, बबलू सिंह निवासी अभिनायकपुर थाना कसया, प्रदीप राय निवासी टेकुआटार थाना कसया व दो अज्ञात व्यक्तियों ने बस नीचे उतार लिया।

बुरी तरह मारपीट के घायल कर दिया। जबरिया उस्मानपुर ले गए। घर में बंद कर दिए। नकदी व आभूषण छीन लिए। उसके परिचित अंशुमान पांडेय व दयाशंकर सिंह ने थाना व डायल 112 को सूचना दी।

# लापता तीन छात्राओं को पुलिस ने सुरक्षित ढूंढ निकाला

पनियहवा : खड्डा क्षेत्र की लापता तीन छात्राओं को पुलिस ने शनिवार को सुरक्षित ढूंढ निकाला। छात्राएं एक ही गांव की रहने वालीं हैं और एक ही कालेज में पढ़तीं हैं। तीनों एक साथ ही कालेज के लिए शुक्रवार को घर से निकलीं मगर घर नहीं पहुंचीं। देर शाम तक छात्राओं के घर न पहुंचने से स्वजन अनहोनी की आशंका से घिर उठे। थाने पहुंच सूचना दी। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। अगली सुबह क्षेत्र के ही शिवदत्तछपरा तिराहे के समीप से तीनों को सुरक्षित ढूंढ निकाला। छात्राओं के मिलने की खबर पाकर स्वजन ने राहत की सांस ली। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। (जासं)

# सीसी कैमरा लगवाने पर ग्राम प्रधान को पुलिस ने किया सम्मानित

**दाहूगंजः** क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं, चोरी, छिनैती को कम करने के लिए तमकुही के चखनी दुक्खी मिश्र में पुलिस की पहल पर प्रधान विधिचंद प्रसाद द्वारा तीन सीसी कैमरा लगाया गया। एसएचओ नीरज राय ने कहा कि सीकैमरा लग जाने से आपराधिक तत्वों पर निगरानी रखने में पुलिस-प्रशासन को मदद भी मिलेगी। एसआइगण अवधेश सिंह, बादशाह सिंह ने प्रधान को माला पहनाकर धन्यवाद दिया। पूर्व प्रधान जाकिर बादशाह, शिवजी कुशवाहा, खजांची कुशवाहा, बीडीसी मोतीचंद बौद्ध आदि मौजूद रहे।



चखनी दुक्खी मिश्र में सीसी कैमरा लगावने के बाद ग्राम प्रधान विधिचंद प्रसाद को सम्मानित करती पुलिस● जागरण

# साहब ! मां दिव्यांग है, पैमाइश के लिए दौड़ रहा हूं

## सभी तहसील सभागार में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस, खड्डा में डीएम व एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद

संवाद न्यूज एजेंसी



सदर तहसील पडरौना में लोगों की फरियाद सुनते एएसपी रितेश सिंह व अन्य। संवाद



खड्डा तहसील सभागार में फरियाद सुनते डीएम उमेश मिश्र। संवाद



कसया फरियाद सुनते तहसीलदार नरेंद्र राम।

**पडरौना।** शनिवार को पडरौना समेत जिले के सभी तहसील सभागारों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। खड्डा में डीएम और एसपी ने लोगों की फरियादी सुनी। सदर तहसील में पहुंचे बबुइया हरपुर गांव के ग्राम प्रधान मिंटो मिश्र ने कहा कि साहब! गांव की बंजर भूमि पर एनआरसी सेंटर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन खाली पड़ी भूमि और वहां जाने वाले रास्ते पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। इसी तरह विशुनपुरा थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी अजय शर्मा ने कहा कि साहब! मां ज्ञांती देवी दिव्यांग हैं। आवास बनाने के लिए जमीन का बैनामा कराया है। इसका सीमांकन नहीं हुआ है। अगस्त में हलका लेखपाल को सीमांकन के लिए आदेश हुआ था, लेकिन लेखपाल कहते हैं कि वह कागज को कुछ नहीं समझते हैं। साहब, जमीन की पैमाइश करा दें।

खड्डा तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान में लोगों की फरियाद सुनते हुए डीएम उमेश मिश्र ने कहा कि लोग बड़ी उम्मीद लेकर अधिकारियों के पास अपनी शिकायत लेकर आते हैं। यदि उनकी शिकायतें समय से निस्तारित नहीं हुई तो प्रशासनिक व्यवस्था पर उनका विश्वास उठ जाता है। इसलिए सभी अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता बरनी चाहिए। एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर लोगों की शिकायतों का निस्तारण करें। इसके अलावा उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को मामलों के निस्तारण में लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी।

इसके बाद डीएम और एसपी ने राजस्व, पुलिस, विकास, खाद्य एवं रसद विभाग, कृषि विभाग समेत अन्य विभाग के कुल 59 लोगों की शिकायत सुनीं, जिसमें से आठ लोगों की शिकायतों का मौके पर निस्तारित कर दिया। इस दौरान डीडी कृषि आशीष कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ. मेनका, एसडीएम आशुतोष कुमार, डीडीओ कल्पना मिश्र, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, डीआईओएस रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। सदर तहसील में शिकायत लेकर पहुंचे जंगल चौपरिया के रूदल प्रसाद ने एएसपी रितेश कुमार सिंह से कहा कि साहब भूमि पैमाइश के दौरान बांस हमारे हिस्से में पड़ गया है। उसे काटने जाने पर विपक्षी मारपीट करने लग रहे हैं।

इस पर एएसपी ने तत्काल रविंद्रनगर थानाध्यक्ष को शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। हरपुर माफी गांव के सीताराम, खेसिया के दिनानाथ, पिपरा खुर्द के ध्यानचंद्र और पकड़ी गांव के नागेंद्र ने सीओ सदर उमेश भट्ट से अपनी शिकायतें दर्ज कराई। इस पर सीओ ने संबंधित थानों के थानाध्यक्षों को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

कप्तानगंज तहसील सभागार में एसडीएम व्यासनाराण उमराव की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। कुल 14 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से चार मामलों का मौके पर निस्तारित कर दिया गया। तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यहां शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम सभा बौलिया के जनक साहनी ने एसडीएम से कहा कि मेरी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। इसको लेकर तहसील दिवस में तीसरी बार आया हूं, लेकिन अभी तक जमीन मुझको वापस नहीं मिली।

*सीलिंग की जमीन पर गांव के कुछ लोग काबिज हैं। उन्हें हटाने का आदेश भी हो चुका है। बीते अगस्त माह में इसको लेकर विवाद हुआ। अतिक्रमणकारियों ने मारपीट कर मेरा दाहिना पैर तोड़ दिया। एसएचओ तुर्कपट्टी अभी तक सीलिंग की जमीन का कब्जा नहीं हटाए हैं। पीड़ित को दबंग धमकी भी देते हैं।- नागेंद्र यादव, निवासी, बरवा राजापकड़।*

*चकबंदी के समय से पूर्वज आबादी की जमीन पर मकान बना कर रह रहे हैं। अभी वह भूमि नवीन परती के नाम दर्ज है। गरीब परिवार है, मेहनत मजदूरी कर अपना और बच्चों का पेट पालती हूं। आवासीय पट्टा मिल जाता, तो हमारी परेशानी दूर हो जाती।*

*- नजबुन, निवासी रकबा दुलमापट्टी।*



*पडरौना गंडक कॉलोनी में श्री गायत्री बाल विद्या मंदिर विद्यालय का संचालन करता हूं। स्कूल परिसर में आम का पेड़ सूख गया है। वह कभी भी गिर सकता है। इससे दुर्घटना हो सकती है। इसको काटने के लिए कई बार गंडक विभाग के अधिकारियों से मांग की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।*

*-**सुरेंद्र सिंह**, प्रबंधक।*



*ग्राम सभा की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर तहसील दिवस में दूसरी बार आया हूं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।*

*-**गंगा कुशवाहा**, निवासी सपहां।*



*पड़ोसी बैनामे की भूमि से अधिक जमीन पर कब्जा कर पक्का निर्माण कार्य कर रहे हैं। इसका विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो जा रहे हैं। इसकी शिकायत कई बार पुलिस से की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। -**रविंद्र सिंह**, निवासी, बरहज।*



# गम में डूबा फुलवरिया, नहीं जले घरों के चूल्हे

- मां-बेटी की हत्या पर गांव का हर व्यक्ति दुखी
- इंद्रजीत की दरिंदगी की रही चर्चा दिखा आक्रोश

जागरण संवाददाता, लक्ष्मीगंजः झोलाछाप द्वारा पत्नी व पुत्री की निर्मम हत्या की घटना के बाद फुलवरिया में गम व आक्रोश का माहौल है। इंद्रजीत अली की दरिंदगी की चर्चा होती रही। घटना से दुखी गांव के अधिकांश घरों में चूल्हे नहीं जले। ननिहाल में रह रहे समीर को डांटने-फटकारने का हश्र यह होगा, ऐसा किसी ने सोचा भी नहीं था। गांव के शंकर चौहान बताते हैं कि सुबह सात बजे होंगे, जब एकाएक चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर मौके पर गया। आसपास के और भी लोग तेजी से भाग कर आए। घटना की जानकारी हुई, इससे पहले इंद्रजीत गांव से फरार हो गया। लल्लन ने बताया कि आरोपित बड़े ही सख्त स्वभाव का है और गांव में कम लोगों से ही उसकी बातचीत है। इस बीच साइकिल पर उसे तेजी से जाते हुए देख मन में अनहोनी की आशंका हुई तो भागा चला आया। वहां का मंजर देख कलेजा कांप उठा। इंद्रजीत की पत्नी जखरुन व बेटी रुबीना का शव खून से लथपथ पड़ा था।

**हालात बयां कर रहे क्रूरता की कहानी** : अधेड़ ने पत्नी और पुत्री की हत्या समीर को डांटने-मारने के चलते की या फिर इसके पीछे कोई और वजह है यह तो जांच का विषय है, लेकिन हालात क्रूरता की कहानी कह रहे हैं। परिस्थितियां नृशंसता की गवाह बनकर खड़ी हैं।

## बीमार पिता को देखकर शुक्रवार को घर लौटी थी जखरुन

जखरून के पिता छेदी अली बीते दिनों मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए थे। पिता को देखने चार दिन पूर्व वह अपने मायके महराजगंज के दरौली गांव गई थी। पिता का कुशलक्षेम जान वह शुक्रवार शाम को ही अपने घर आई थी।

**दूसरी पत्नी थी जखरुन** : इंद्रजीत अली की पहली पत्नी राबिया की तीन दशक पूर्व बीमारी से मृत्यु हो गई थी। उससे एक पुत्र 30 वर्षीय सिराज है। वह कप्तानगंज स्थित ननिहाल में रहता है।



फुलवरिया गांव में घटनास्थल पर पहुंची पुलिस व जुटी भीड़ ● जागरण

## पहले भी हो चुकी हैं कई घटनाएं

24 जून 2022 को कप्तानगंज के फर्द मुंडेरा में 45 वर्षीय रामसमुझ का पत्नी सुभावती से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। शाम को वह नशे में घर लौटा और पत्नी को मारने पीटने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग बीच बचाव कर मामले को शांत कराए। रात को भोजन पकाकर सुभावती पति के पास ले गई, लेकिन वह भोजन नहीं किया। पति के डर से वह तीनों बच्चों 10 वर्षीय मुस्कान, चार वर्षीय अरुण उर्फ अरमान, अंकित को लेकर अंदर से कमरे का फाटक बंद कर सो गई। रात 12 बजे के आसपास रामसमुझ ने खिड़की के रास्ते पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। सुभावती, अरमान की जलने से मृत्यु हो गई थी।

23, जुलाई 2018 को पडरौना नगर के बावली चौक निवासी फार्मासिस्ट माधव मुरारी सिंह 45 कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट थे। वर्ष 2015 से पत्नी सुमन सिंह 42 व उनके बीच विवाद चल रहा था। पत्नी दो बेटों व एक बेटी के साथ पति के ही मकान में अलग रह रही थी। रात दस बजे दोनों के बीच कहासुनी हुई। घटना के समय सुमन अपने दो बेटों विक्रम सिंह 8 व कुन्नू सिंह 4 के साथ कमरे में सो रही थी, जबकि बड़ी बेटी माधवी 10 छत पर सो रही थी। एक बजे रात में माधव पत्नी के कमरे में पहुंचा और पत्नी व फिर बच्चों पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उनकी हत्या कर दी। शोर सुन छत पर सो रही माधवी नीचे उतरी तो उसने देखा कि मां के शरीर से खून बह रहा है। छत की सीढ़ी पर बेटी को देख माधव ने उसे भी नीचे बुलाया। घबराई माधवी तेजी से छत की ओर भागी तो सनकी पिता ने उस पर भी चाकू चला दिया। माधवी ने सीढ़ी का फाटक बाहर से बंद कर अपनी जान बचाई। पत्नी व बच्चों की हत्या कर फार्मासिस्ट ने भी जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।

26 अगस्त, 2021 को कसया थाने के गांव कुड़वा दिलीपनगर के गुरमियां गोपाल टोला के जितेंद्र कुशवाहा ने पत्नी लीलावती (32 वर्ष) पुत्र आकाश (8 वर्ष), विकास (6 वर्ष) नितेश (4 वर्ष) की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी थी। गया था। घटना के पीछे कारण पति-पत्नी के बीच चला आ रहा विवाद बताया गया था।




# पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**तमकुहीराज।** कस्बा निवासी एक महिला ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने कस्बा के ही चार लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ करने और मारपीट करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए गए तहरीर में महिला ने कहा कि बीते 29 अगस्त की रात करीब नौ बजे वह घर में अकेले सोई थी। इस दौरान कस्बा के ही चार लोग आए छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर वे मारपीट कर घार घायल कर दिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर तमकुहीराज नीरज कुमार राय ने बताया पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**समउर बाजार।** न्यायालय के आदेश पर पटहेरवा पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मारपीट व लूट का केस दर्ज किया है। यह घटना बीते 24 अगस्त 2021 की बताई गई है।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव बसडीला महंथ निवासी राजेंद्र सिंह ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया के न्यायालय में एक वाद दाखिल कर कहा था कि उनके लड़के सुनील सिंह की शादी गांव उस्मानपुर में हुई है। बेटा परिवार के साथ मुंबई में रहता है। शादी को लेकर दोनों परिवार के रिश्तों में कड़वाहट है। बीते 24 अगस्त को वे बेटे के पास मुंबई जा रहे थे। उसी दौरान बेटे के ससुराल पक्ष के लोगों ने उन्हें बस से उतार कर उनके साथ मारपीट की। इसकी शिकायत पुलिस से की तो पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर पुलिस को आरोपित व्यक्तियों के विरुद्ध केस दर्ज करने की आदेश दिया था। प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्यक्ष ने बताया है कि कोर्ट क आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# बेटी का तोड़वाना चाहता है रिश्ता, दामाद को दे रहा धमकी

## पिता ने दर्ज कराया तीन लोगों पर केस, आरोपी हुए फरार

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** शादी होने के बाद महिला के नाम से फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर पति-पत्नी के रिश्ते के बीच दरार पैदा करने वाले तीन युवकों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। एसपी के आदेश पर तमकुहीराज पुलिस ने यह कार्रवाई की है। तीनों युवक महिला के मायके के रहने वाले हैं। विरोध करने पर आरोपी महिला के पति को धमकी दे रहे हैं।

तमकुहीराज थाना क्षेत्र के डिबनी बंजरवा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी बिहार प्रांत के गोपालगंज जिले में की है। करीब दो महीने से गांव के तीन युवक उसकी बेटी के नाम से फर्जी फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अकाउंट बना लिए हैं और अश्लील फोटो अपलोड कर रहे हैं।

इस अकाउंट से उसके दामाद को भी जोड़ दिए हैं। इसे लेकर पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ गई हैं। रिश्तेदारों की मौजूदगी में कई बार दामाद को समझाने का प्रयास किया गया, तब बात बनी। दामाद ने एक आरोपी को फोन कर इसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देने लगे।

तीनों युवकों की करतूत से तंग आकर पिता ने तमकुहीराज पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई के बजाय दस दिन तक पुलिस दौड़ाती रही। पुलिस की कार्यशैली से नाराज पिता ने एसपी धवल जायसवाल से मिलकर अपनी पीड़ा बताई।

एसपी के निर्देश पर पुलिस ने गांव के रूस्तम, जाकिर हुसैन और जियाउल पर आईटी एक्ट का केस दर्ज किया है।

तमकुहीराज थाने के इंस्पेक्टर नीरज राय ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# 1.20 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने वाले साइबर ठगों का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## साइबर सेल और सेवरही थाने की पुलिस की सक्रियता से पकड़े गए तीन आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** साइबर सेल और सेवरही पुलिस ने साइबर ठगों के बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। कोलकाता सहित कई बड़े शहरों के साइबर ठगों से ताल्लुक रखने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं। ये लोग 1.20 करोड़ रुपये की ऑनलाइन हेराफेरी कर चुके हैं। इनके पास से 51 हजार रुपये, बड़ी संख्या में फर्जी सिम-आधारकार्ड, बिना नाम की पासबुक और बिना नंबर की बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेजवा दिया।

एसपी धवल जायसवाल ने शनिवार को पुलिस कार्यालय सभागार में अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया। एसपी ने बताया कि ये बदमाश ऑनलाइन ठगी कर लोगों के रुपये उड़ा देते थे। साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पंत और सेवरही के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह एवं उनकी टीम इसअपराध में शामिल अपराधियों की तलाश में लगी थी। शनिवार को सेवरही कस्बे के बिन टोलिया के पास तीन संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर उनसे पूछताछ की गई तो ये साइबर ठग निकले। इनका नाम बुलेट कुमार चौरसिया निवासी पाखोपाली थाना उचकागांव, जिला गोपागलंज (बिहार), अमित चौरसिया और करन जायसवाल निवासी सब्जी मंडी, तमकुहीरोड, थाना सेवरही, कुशीनगर बताया गया।

### 51 हजार रुपये, बड़ी संख्या में फर्जी सिम-आधारकार्ड, बिना नाम की पासबुक बरामद



पकड़े गए आरोपी। स्रोत पुलिस

इनके पास से भोले-भाले व्यक्तियों के खातों का प्रयोग कर गायब किए गए 51,000 रुपये, 64 फर्जी सिमकार्ड (भिन्न-भिन्न टेलीकॉम कंपनियों के), 20 आधार कार्ड, 11 पासबुक (भिन्न भिन्न बैंकों के सादे), घटना में प्रयुक्त पांच मोबाइल फोन, आठ फर्जी एकाउंट में ट्रांसफर किए गए लगभग एक करोड़ 20 लाख रुपये का विवरण सहित तथा अपराध में प्रयुक्त चोरी की बिना नंबर की बाइक बरामदगी की गई है।

### आरोपियों ने बताया- कैसे करते थे ठगी

**एसपी धवल** जायसवाल ने बताया कि अंतरराज्यीय साइबर ठग गैंग के सदस्य जगह-जगह स्थित सीएससी सेंटर से संपर्क करते हैं। उनसे मिलकर गांव के भोले-भाले गरीब लोगों को खाता खुलवाने के लिए पैसों का लालच देते हैं। उनके आधार व उनके फिंगर के इस्तेमाल से नए सिम निर्गत करते हुए इकट्ठा करते हैं। उसके बाद उनके नाम से अकाउंट खुलवाकर खाते में बिना उनकी जानकारी के फर्जी सिम से अकाउंट लिंक करवा देते हैं। फिर उसी सिम नंबर से उन खातों में बिना उनकी जानकारी के ऑनलाइन (अधिक से अधिक धनराशि) फर्जी पैसों का लेन-देन करते हैं। उन भोले-भाले व्यक्तियों के खातों से संबंधित पासबुक, चेकबुक व एटीएम कार्ड प्राप्त कर लेते हैं। उसका उन लोगों को पता नहीं लग पाता है। इसके बाद इन अंतरराज्यीय साइबर ठगों की ओर से ऑनलाइन हैकरों को वही अकाउंट 14,000 रुपये में बेचकर उसमें भिन्न-भिन्न प्रदेशों और जनपदों से साइबर फ्रॉड किए गए रुपयों को मंगाते हैं। फिर साइबर ठग उस रकम को निकाल लेते हैं। एसपी ने बताया कि अब तक कुल आठ खातों में प्रथम दृष्टया एक करोड़ 20 लाख का ट्रांजेक्शन ऑनलाइन प्राप्त हुआ है। इन साइबर अंतरराज्यीय गैंग के अन्य सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगा दी गई हैं।

# प्रतिबंधित मांस बेचने की सूचना से गांव में तनाव

**पडरौना।** तुर्कपट्टी थाना के विजयपुर उत्तर पट्टी गांव के एक घर में गोवंश का मांस बेचने की सूचना पर गांव में तनाव बढ़ गया। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने एक महिला सहित दो लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। गांव में पुलिस बल तैनात है।

गांव के निवासी मकसूद आलम के घर में गोवंश काटकर बेचने की बात शनिवार की सुबह लोगों में चर्चा होने लगी। इसकी जानकारी होते ही गांव में तनाव हो गया।

इसी बीच किसी ने इसकी सूचना तुर्कपट्टी पुलिस को दे दी। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने आरोपी के घर से हथियार और कुछ मांस बरामद किए। पुलिस ने मकसूद और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2023

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**पुरंदरपुर।** शनिवार को पुरंदरपुर एसओ पुरुषोत्तम राव ने मुखबिर कीसूचना पर एसआई लवकुश सिंह के साथ सेमरा महराज गांव के पास एक युवक को पकड़कर उसके पास से एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया। एसओ ने बताया कि पकड़े गए अनीश निवासी सेमरा महराज के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसका न्यायालय चालान कर दिया गया है।

# वांछित आरोपी दबोचा गया

**नौतनवा।** नौतनवा पुलिस ने शनिवार को वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कस्बे के जानकी नगर निवासी संतोष पर बीते दिनों विभिन्न धाराओं में पुलिस मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी थी। एसओ मनोज राय ने बताया कि आरोपी संतोष को पकड़कर चालान कर दिया गया है।

# किशोरी के साथ छेड़खानी का केस दर्ज

**कोल्हुई।** कोल्हुई क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात एक किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने घर में घुसकर छेड़खानी कर दी। किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे तो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। किशोरी की मांग की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नगीना के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एसओ स्वतंत्रत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# बालू गिराने को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**निचलौल।** निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया में मार्च महीने में बालू गिराने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ बलवा और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मिश्रौलिया निवासिनी कमलावती ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था कि इनके गांव के कुछ लोग बालू गिराने की बात को लेकर इनके साथ मारपीट किया था और जान से मारने की धमकी दिया था।

# विक्षिप्त महिला को एसओ ने परिजनों से मिलाया

**पनियरा।** तीन साल से पनियरा में भटक रही एक तीस वर्षीय महिला को एसओ ने उसके परिजनों का पता लगाकर उनको सुपुर्द कर दिया। महिला कस्बे भटकती थी। लोगों के अनुसार वह विक्षिप्त है। एसओ ने बताया कि तीन दिन पहले पनियरा दुर्गा मंदिर के पास सड़क पर एक विक्षिप्त महिला बैठी मिली।

# पैसा लेकर नहीं भेजा विदेश, पांच के खिलाफ मुकदमा

**परतावल।** श्यामदेउरवा पुलिस पैसा लेकर विदेश नहीं भेजने व मारपीट करने के आरोप में पांच आरोपितों के खिलाफ अमानत में खयानत समेत कई धाराओं में केस दर्ज की है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देश पर हुई है।

भिटौली थाना क्षेत्र के बेलवा बुजुर्ग निवासी एबादत अली ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि विदेश जाने के लिए उससे श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के बुधिरामपुर निवासी टार्जन उर्फ हनीफ ने 55 हजार रुपये ले लिया और विदेश नहीं भेज पाया। पैसा मांगने पर आनाकानी करने लगा। इसी बात को लेकर 6 अगस्त को पंचायत हुई। आरोप है कि पंचायत में टार्जन अपने पांच साथियों के साथ आया। पैसा वापस मांगने पर इंकार किया। विरोध करने पर टार्जन व उसके पांच अज्ञात साथी मारने-पीटने लगे। चौराहे के लोगों ने बीच बचाव किया।

# 90 हजार लेकर दिया फर्जी वीजा, 2 पर केस

**सिन्दुरिया।** सिन्दुरिया क्षेत्रके पिपरा नरायान गांव के एक युवक के साथ विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी हुई है। आरोप है कि भिटौली व श्यामदेउरवा के दो आरोपियों ने 90 हजार रुपये लेने के बाद उसे फर्जी वीजा व एयर टिकट दे दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिपरा नरायन गांव के बैजू ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि भिटौली थाना क्षेत्र के ग्राम डेरवा निवासी संतोष गुप्ता तथा श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम बैजौली निवासी मोहम्मद आलम ने विदेश भेजने के नाम पर उससे 90 हजार रुपये लिया। विदेश जाकर अच्छी कमाई की उम्मीद में उसने जेवर बेचकर व कर्ज लेकर दोनों को 90 हजार रुपये दिया, लेकिन उसे एयर टिकट व फर्जी वीजा दे दिया गया। बैजू ने पुलिस से जांचकर विधिक कार्रवाई की मांग की है।

**■ श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के बैजौली का निवासी है आरोपी मो. आलम**

पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दिया है।

# जमीन दिलाने के नाम पर 1.70 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

**श्यामदेउरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** श्यामदेउरवा क्षेत्र के पुरैना गांव में जमीन दिलाने के नाम पर 1 लाख 70 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर प्रापर्टी डीलर के खिलाफ श्यामदेउरवा पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। यह कार्रवाई एसपी के आदेश के बाद हुई है।

पुरैना गांव निवासी मंजू पत्नी रामहिन्द गौड़ ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताई थी कि उसके पति व देवर मिल कर जमीन खरीदना चाहते थे। तीन वर्ष पहले प्रापर्टी डीलर नरायन चौधरी निवासी मुड़कटिया टोला कटैया ने पुरैना में ही जमीन दिलाने का आश्वासन दिया। जमीन बैनामा कराने के नाम पर 1 लाख 70 हजार रूपया ले लिया। बाद में पता चला कि जमीन का बैनामा पहले ही किसी दूसरे व्यक्ति के पक्ष में हो चुका है। उस बैनामा पर भी मुकदमा चल रहा है। यह सच्चाई उजागर होने के बाद रामहिन्द ने प्रापर्टी डीलर से पैसा वापस मांगा, लेकिन वह हीलाहवाली करने लगा। पैस नहीं मिलने पर पीड़ित ने पिछले साल 29 मार्च को श्यादेउरवा थाना में प्रार्थना पत्र दिया। जिसके बाद प्रापर्टी डीलर ने छह माह में पैसा वापस करने का सुलहनामा किया। लेकिन अभी तक पैसा नहीं दिया। इस मामले में पीड़िता ने श्यामदेउरवा पुलिस को प्रार्थना पत्र दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद वह पुलिस कार्यालय पहुंच एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसपी ने श्यामदेउरवा थाना के प्रभारी निरीक्षक को एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई का निर्देश दिया।

# दहेज हत्या के आरोप में छह पर केस

**महराजगंज, निज संवाददाता।** दहेज हत्या के आरोप में घुघली पुलिस ने पति, सास-ससुर समेत छह पर केस दर्ज किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचे थे।

विवाहिता मीना कुशीनगर जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के भुजौली की रहने वाली थी। विवाहिता के पिता सुदामा जायसवाल ने घुघली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सोलह माह पहले वह बेटी मीना की शादी घुघली थानाक्षेत्र के हरखपुरा टोला मथौली निवासी धीरज पुत्र रामाज्ञा के साथ किया था।घुघली एसओ नीरज राय ने बताया कि पति धीरज, ससुर रामाज्ञा, सास मंजू देवी समेत छह पर केस दर्ज किया है।

# जमीन दिलाने के नाम पर 1.70 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

**श्यामदेउरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** श्यामदेउरवा क्षेत्र के पुरैना गांव में जमीन दिलाने के नाम पर 1 लाख 70 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर प्रापर्टी डीलर के खिलाफ श्यामदेउरवा पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। यह कार्रवाई एसपी के आदेश के बाद हुई है।

पुरैना गांव निवासी मंजू पत्नी रामहिन्द गौड़ ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताई थी कि उसके पति व देवर मिल कर जमीन खरीदना चाहते थे। तीन वर्ष पहले प्रापर्टी डीलर नरायन चौधरी निवासी मुड़कटिया टोला कटैया ने पुरैना में ही जमीन दिलाने का आश्वासन दिया। जमीन बैनामा कराने के नाम पर 1 लाख 70 हजार रूपया ले लिया। बाद में पता चला कि जमीन का बैनामा पहले ही किसी दूसरे व्यक्ति के पक्ष में हो चुका है। उस बैनामा पर भी मुकदमा चल रहा है। यह सच्चाई उजागर होने के बाद रामहिन्द ने प्रापर्टी डीलर से पैसा वापस मांगा, लेकिन वह हीलाहवाली करने लगा। पैस नहीं मिलने पर पीड़ित ने पिछले साल 29 मार्च को श्यादेउरवा थाना में प्रार्थना पत्र दिया। जिसके बाद प्रापर्टी डीलर ने छह माह में पैसा वापस करने का सुलहनामा किया। लेकिन अभी तक पैसा नहीं दिया। इस मामले में पीड़िता ने श्यामदेउरवा पुलिस को प्रार्थना पत्र दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद वह पुलिस कार्यालय पहुंच एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसपी ने श्यामदेउरवा थाना के प्रभारी निरीक्षक को एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई का निर्देश दिया।

गोरखपुर, 17 सितंबर, 2023 दैनिक जागरण 5

# शेख फरेंदा में भूमि विवाद को लेकर तनाव

जासं, खनुआ : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के शेख फरेंदा गांव में एक भूमि पर बन रहे कूड़ा निस्तारण केंद्र से दो समुदायों में तनाव की स्थिति पैदा हो रही है। मामले के निस्तारण के लिए बीते 12 सितंबर से पुलिस व राजस्व महकमा जुटा है, लेकिन एक समुदाय भूमि पैमाइश व बन रहे कूड़ा निस्तारण केंद्र से असंतुष्ट है और वरिष्ठ अधिकरियों से मामले के निष्पक्ष निस्तारण की मांग कर रहा है।



शेखफरेंदा गांव में पुलिस की मौजूदगी में भूमि की पैमाइश करते राजस्वकर्मी। सौ . ग्रामीण

शेख फरेंदा गांव के पश्चिमी छोर पर करीब चार एकड़ क्षेत्रफल की एक भूमि है। राजस्व अभिलेखों में यह बंजर भूमि दर्ज है। इस भूमि पर पंचायती राज विभाग द्वारा सात लाख की लागत से कूड़ा निस्तारण केंद्र बनवाने का प्रस्ताव है। 12 सितंबर को जब इस भूमि पर निर्माण के लिए ईंट गिराई गई तो गांव एक समुदाय यह कह विरोध करने लगा कि भूमि कर्बला की है, यहां वर्षों से मोहर्रम का मेला लगता है। विवाद बढ़ता देख राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। भूमि की पैमाइश हुई और प्रशासनिक अमले ने कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण को हरी झंडी दे दी। शनिवार को नौतनवा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में पत्रक देकर नसीर अली, औरंजेब, नकी खान, साजिदा आदि ने ग्राम प्रधान पर जबरन कब्रिस्तान व कर्बला की भूमि पर कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाने का आरोप लगाया।

हत्या और दुष्कर्म के मामले में आरोपी हैं पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा

# आरोपी पूर्व भाजपा नेता की सम्पत्ति पर चलेगा बुलडोजर

फॉलोअप

■ अवैध ढंग से मकान बनाने का आरोप, विनियमित क्षेत्र ने जारी किया नोटिस, कभी भी हो सकती है ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**महराजगंज, निज संवाददाता।** हत्या व रेप के मामले में पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा की अवैध सम्पत्ति पर बुलडोजर चलेगा। प्रारम्भिक जांच में पूर्व भाजपा नेता पर अवैध ढंग से मकान बनवाने का आरोप है। नक्शा समेत कई विसंगतियों के सामने आने के बाद विनियमित क्षेत्र ने नोटिस भी जारी किया है। शनिवार को इसको लेकर सरगर्मियां बनी रहीं। ऐसे में इस बात का पूरा अंदेशा है कि नियमों की अनदेखी कर बनाए गए पूर्व भाजपा नेता के अवैध मकान को ध्वस्त किया जा सकता है। इसको लेकर पूरी तैयारी भी दिख रही है।

पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा के खिलाफ उनके ही मकान में किराया पर रहने वाली युवती ने पिता की हत्या, अपने साथ दुष्कर्म व छोटी बहन के साथ छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस तहरीर के आधार पर हत्या, रेप, पॉक्सो, एससीएसटी एक्ट में केस दर्ज की है। सीओ सदर अजय सिंह चौहान केस की विवेचना कर रहे हैं। इस प्रकरण में अभी तक की विवेचना के दौरान कोतवाल रवि कुमार रॉय समेत चौदह पुलिस कर्मी लाइन हाजिर किए जा चुके हैं। नगर चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार सिंह समेत पांच पुलिस कर्मी निलंबित हुए हैं। आबिद अली नाम का एक सिपाही समेत दो जेल भेजे जा चुके हैं। शुरुआती दौर में मैनेज होने के करीब पहुंच चुके इस केस को विवेचक सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने अपनी विवेचना से कानूनी ट्रैक पर ला दिया है। पीड़िता का मजिस्ट्रेट के सामने दोबारा बयान दर्ज कराया। यह रेयरेस्ट स्थिति है। अमूमन दोबारा बयान दर्ज नहीं होता। पीड़िता को डरा-धमकाकर बयान बदलने के लिए पूर्व भाजपा नेता द्वारा दिए गए नौ लाख रुपये भी सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने पुलिस टीम के साथ बरामद कर कानून का शिकंजा कस दिया। एफआईआर में दर्ज एक भी धारा हटने की गुंजाइश नहीं के बराबर है।

## शहर के वीरबहादुर नगर में है पूर्व भाजपा नेता का दो मकान

दलित युवती के साथ गंभीर आपराधिक आरोप में मुकदमा दर्ज होने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने राही मासूम रजा की प्राथमिक सदस्यता को निरस्त करते हुए पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक छानबीन में पूर्व भाजपा नेता की अवैध सम्पत्तियां भी जांच के रडार पर आ चुकी है। शहर के वीर बहादुर नगर में पूर्व भाजपा नेता के दो मकान है। इसमें से एक मकान के बारे में यह जानकारी सामने आ रही है कि अवैध ढंग से निर्माण कराया गया है। नक्शा आदि में भी विसंगतियां हैं। एसडीएम सदर दिनेश मिश्र का कहना है कि पहले भी नोटिस जारी किया जा चुका है। नियमों के आलोक में कार्रवाई होगी। पुलिस की विवेचना अलग है। सीओ सदर अजय सिंह चौहान का कहना है कि प्रकरण में विवेचना प्रचलित है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट जारी है। विधिक कार्रवाई जारी है।

# हत्या व रेप का आरोपी पूर्व भाजपा नेता गिरफ्तार

**महराजगंज, निज संवाददाता।** रेप व हत्या के मामले में फरार महराजगंज के पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा को पुलिस ने शनिवार की देर शाम नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया है।

महराजगंज शहर के वीर बहादुर नगर वार्ड निवासी राही मासूम रजा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे का जिलाध्यक्ष था। उसके मकान में रहने वाली संतकबीरनगर की दलित युवती ने पिछले 5 सितम्बर को दुष्कर्म, पिता की हत्या और छोटी बहन से छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया था। अगले ही दिन पीड़िता मजिस्ट्रेट के सामने एफआईआर में लगाए गए आरोपों से मुकर गई थी। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने विवेचना के दौरान ही राही मासूम रजा को उनके करीबियों को सुपुर्द कर दिया था और तभी से वह फरार चल रहा था। विवेचना में यह बात सामने आई थी कि युवती को बयान बदलने के लिए नौ लाख रुपये देने के साथ बयान न बदलने पर उसके भाई की हत्या की धमकी दी गई थी। केस की विवेचना कर रहे सीओ सदर अजय



आरोपी पूर्व भाजपा नेता

- **पूर्व भाजपा नेता के खिलाफ जारी था गैर जमानती वारंट**
- **संतकबीरनगर की युवती ने दर्ज कराया है दुष्कर्म का केस**

सिंह चौहान ने पुलिस टीम के साथ पीड़िता के पास से नौ लाख रुपया बरामद कर फिर से मजिस्ट्रेट के सामने उसके बयान दर्ज कराए। आरोपी नेता की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हुआ। एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार की देर शाम को राही मासूम रजा को गिरफ्तार कर लिया गया।

➤ चलेगा का बुलडोजर 03

# बेटी से छेड़खानी की शिकायत करने गई मां को पीटा

जासं, चौक बाजार : थाना क्षेत्र के एक गांव में 27 अगस्त को आठ वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़ करने और शिकायत करने गई बालिका की मां की आरोपित पक्ष ने पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने शनिवार को छेड़छाड़ के आरोपित समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता की मां का आरोप है, कि आरोपित ने उनकी बालिका के साथ छेड़छाड़ की। जिसके बाद जब वह शिकायत लेकर आरोपित के घर पर पहुंची तो मामला बिगड़ गया। आरोपित समेत उसके घर वाले उसपर हमलावर हो गए। किसी तरह से भागकर जान बचाई। चौक थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि घटना 27 अगस्त की है। इतने दिनों तक पीड़ित पक्ष ने तहरीर क्यों नहीं दी, इस मामले में भी पूछताछ की जाएगी।

फिलहाल तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपित बीरू के अलावा उसके पिता बोदी, माता बिंदू तथा बहन बबिता के विरुद्ध छेड़खानी, पोक्सो व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

जासं, आनंदनगर : पुरंदरपुर पुलिस ने क्षेत्र के ताल्ही-सेमरामहराज रोड पर स्थित नहर पुलिया के पास एक व्यक्ति को एक किलो सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

गश्त के दौरान मार्ग पर एक युवक हाथ में प्लास्टिक का बैग लिए खड़ा दिखा।

वह पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगा, पूछताछ में उसने अपना नाम पता अनीश निवासी सेमरा महराज थाना पुरंदरपुर बताया। बैग से गांजा बरामद हुआ।

थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने कहा कि आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

# पत्नी व बेटों से सुरक्षा के लिए एसपी से गुहार

महराजगंज: कोठीभार थाना क्षेत्र के रायपुर निवासी रामबिलास चौधरी ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर पत्नी और बच्चों से सुरक्षा की मांग की है। पीड़ित ने कहा कि पत्नी और बेटे मेरी हत्या करना चाह रहे हैं। हत्या के बाद पैतृक संपत्ति बेचना चाह रहे हैं। (विज्ञप्ति)

# किशोरी के साथ छेड़खानी मुकदमा दर्ज

कोल्हुई : कोल्हुई क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने घर में घुसकर छेड़खानी की। किशोरी के शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जुट गई। आरोपित युवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। स्वजन ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित नगीना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# साहब! पट्टे की भूमि पर मुकदमा, कैसे बनाएं आवास

**जासं, महराजगंज :** फरेंदा में जिलास्तरीय तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में चहदुरी निवासी मंजू दास ने कहा कि साहब! 2010 में आवासीय पट्टा मिला था। उस भूमि को लेकर मुकदमा चल रहा है। आज तक कब्जा नहीं मिल पाया है। न्याय के लिए दौड़ते-दौड़ते थक गई। अपना घर नहीं बनवा पा रही हूं। प्रकरण की जांच कर न्याय दिलाया जाए, ताकि आवास निर्माण कराया जा सके।

फुलमनहा के मनोज कुमार, हरेंद्र, चौथी, शिव प्रसाद ने फुलमनहां खास व चिरैयाकोट में जल निगम की टंकी से पानी की आपूर्ति न होने की शिकायत की। कहा कि पानी की टंकी से जो पाइप लगाई गई है। वह कट गई है, जिससे दोनों गांवों के लोगों को पानी नहीं मिल पा रही है।

यह तो सिर्फ उदाहरण है। इस प्रकार की शिकायतें चारों तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आईं। भूमि विवाद, कब्जा, आवास, किसान निधि, पेंशन सहित 239 मामले आए। इनमें से सिर्फ 35 का निस्तारण किया गया। फरेंदा में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने 140 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। 22 का निस्तारण किया। छितही बुजुर्ग निवासी वशिष्ठ ने बताया कि यूपी बड़ौदा बैंक महदेवा फरेंदा में उनका खाता है।

उनके खाते में किसान सम्मान निधि का पैसा नहीं आ रहा है। मानिकौरा निवासी नरेंद्र कुमार यादव ने गांव के ही व्यक्ति पर मकान कब्जा करने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें। उपजिलाधिकारी फरेंदा रमेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी आनंदनगर सुरभि मिश्रा, थानाध्यक्ष फरेंदा अजीत कुमार सिंह, बृजमनगंज श्याम सुंदर तिवारी, पुरंदरपुर पुरुषोत्तम राव, कोल्हुई डिप्टी रेंजर अरुण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस मे फरेंदा तहसील सभागार मे समस्या सुनते डीएम सत्येंद्र कुमार ( दाएं से तीसरे ) • जागरण



घर के सामने परती की भूमि को गांव के ही लोग कब्जा कर मार्ग अवरूद्ध कर रहे है। मना करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते है। इस भूमि पर अवैध कब्जा रोका जाए।

दिलीप कुमार, लोहरा बांसपार



बिशुनपुर गबडुआ मे भूमि के बंटवारे का आदेश काफी पहले हुआ है, लेकिन राजस्व निरीक्षक की तरफ से कब्जा नही दिलाया जा रहा है। दौड़ते-दौड़ते परेशान हो गया हूं।

रामकेवल, बिशुनपुर गबडुआ

### शिकायतों के निस्तारण की स्थिति

| तहसील | शिकायत | निस्तारण |
|---|---|---|
| सदर | 16 | 2 |
| फरेंदा | 140 | 22 |
| निचलौल | 15 | 5 |
| नौतनवा | 68 | 6 |

# लोन दिलाने के नाम पर महिला से ठगी

**जासं, चिउटहा:** ग्राम बगही टोला मुडेरा निवासी एक महिला से लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में न्यायालय ने सिंदुरिया पुलिस को संबंधित आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। थानाध्यक्ष मनीषा सिंह ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर बगही निवासी महातम, कमलेश पांडेय, स्वरूप, रामप्यारे, लालजी व द्वारिका सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध ठगी व एसी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# राहत... दुष्कर्म पीड़िता को नगर पालिका में मिली नौकरी

**महराजगंज।** पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा पर छेड़छाड़, मारपीट और पिता को जान देने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाने वाली युवती को महराजगंज नगर पालिका में संविदा पर नौकरी मिल गई है। उधर, रजा की गिरफ्तारी पर पीड़िता ने अब न्याय मिलने की उम्मीद जताई है।दुष्कर्म पीड़िता अपनी चार बहनों में सबसे बड़ी है। पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा सबसे पहले उसी से गंदी हरकत की। पीडिता ने कहा कि वह चाहती है कि आरोपी ने जैसा किया, उसको वैसी ही सजा मिले। नौकरी की बात पर पीड़िता ने कहा कि नौकरी मिल गई अब जिंदगी कट जाएगी। लेकिन, बाबूजी की कमी हमेशा खलती रहेगी।पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने जिंदगी को नरक बना रखा था। उसका जब भी मन करता था, वह कमरे में आ जाता था। छोटी बहन पर भी वह गंदी नजर रखता था। उससे छेड़छाड़ करता था। छोटे भाई की उसने पिटाई की थी। उसने बयान बदलने के लिए दबाव बनाया। पुलिस ने अब आरोपी को गिरफ्तार कर लिया इससे उसकी हिम्मत बढ़ी है। पीड़िता ने बताया कि शुरुआत में पुलिस पूरे मामले में बहुत सुस्त रही। इस वजह से डर लगा रहा था, लेकिन बाद कार्रवाई तेज हुई तो डर समाप्त हो गया। रहने के लिए घर भी मिल गया और रोटी के लिए नौकरी। अब बहनों और भाई की परवरिश ठीक ढंग से कर सकूंगी। पुलिस प्रशासन की मदद से सब कुछ संभव हो सका है। खासकर अमर उजाला ने हमारी पीड़ा को मजबूती से उठाया न होता तो न्याय नहीं मिलता। संवाद

पीड़िता को आउटसोर्सिंग के माध्यम से नगर पालिका महराजगंज में नौकरी दी गई है। प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद की जा रही है। – **डॉ. पंकज कुमार वर्मा,** अपर जिलाधिकारी

# सोनौली में 15 किमी लंबा जाम, लौट गया ट्रक चालक




सोनौली में राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगी मालवाहक ट्रकों की कतार ● जागरण

**जासं, सोनौली:** भारत-नेपाल की सोनौली सीमा पर 16 दिन से मालवाहक ट्रकों का करीब 15 किलोमीटर लंबा जाम लगा है। बुटवल नेपाल के लिए कर्नाटक से मुल्तानी मिट्टी लेकर सोनौली बार्डर पर पहुंचा चालक जाम की स्थिति देकर माल समेत लौट गया। इसकी शिकायत नेपाल के व्यापारी ने सोनौली पुलिस से की है।

व्यापारी मनोज कुमार महेश्वरी ने शिकायती पत्र में बताया कि रविवार की सुबह राजस्थान के नंबर का एक ट्रक 41 टन मुल्तानी मिट्टी कर्नाटक से लेकर सोनौली पहुंचा, उन्हें फोन किया। जाम की बात कहकर लाइन में ट्रक बढ़ाते रहने के लिए बोल दिया। वह बुधवार को फोन पर मैसेज किया कि गाड़ी खाली करा दो, नहीं तो वह लोड गाड़ी लेकर वापस चला जाएगा। इसके बाद मोबाइल बंद कर लिया। संदेह होने पर शाम चार बजे गाड़ी चेक करने के लिए सोनौली पहुंचे तो ट्रक नहीं मिला। जिसके कारण उनका करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है। कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है, मामले की जांच की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मृत्यु

- पिता ने बेटी के ससुराल वालों पर लगाया दहेज हत्या का आरोप
- पति,सास, ससुर, जेठ, ननद, देवर आदि पर मुकदमा दर्ज

जासं, घुघली (महराजगंज): क्षेत्र के हरखपुरा गांव के मथौली टोला में एक विवाहिता मीना की शुक्रवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृतका के पिता सुदामा जायसवाल निवासी भुजौली थाना खड्डा जनपद कुशीनगर ने ससुरालियों पर दहेज की मांग को लेकर जहर खिलाकर पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया है।



मीना
- फाइल फोटो

मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति धीरज, पिता रामाज्ञा, सास मंजू देवी, नीरज, निधि और गोलू के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित पिता ने ससुरालियों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने पुत्री का विवाह 16 माह पूर्व धीरज के साथ किया था।

विवाह के दो माह बाद से ही ससुराल के लोग दहेज की मांग करते थे और बेटी को मारते-पीटते थे।

जान मारने की धमकी देते थे। थानाध्यक्ष घुघली नीरज राय ने कहा कि छह आरोपियों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# भूमि दिलाने के नाम पर ठगी, एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**जासं, मंगलपुर :** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर भूमि दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। मामले में श्यामदेउरवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुरैना निवासी मंजू देवी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि तीन वर्ष पहले उसके पति व देवर मिलकर भूमि खरीदना चाहते थे। प्रापर्टी डीलर का काम करने वाले नरायन चौधरी निवासी ग्राम मुड़कटिया टोला कटहिया ने एक जमीन बैनामा कराने के नाम पर एक लाख सत्तर हजार रुपये ले लिया। उसके बाद पता चला कि जमीन का बैनामा पहले से किसी दूसरे व्यक्ति ने करा लिया है।

जानकारी होने के बाद उसने आरोपित को दिए हुए रुपये वापस मांगे तो वह टाल मटोल करने लगा। 29 मार्च 2022 को श्यामदेउरवा थाने में सुलहनामा कराया गया जिसमें आरोपित ने छह माह में रुपये वापस करने की बात कही। प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपितत नरायन चौधरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# फर्जी वीजा एयर टिकट देने के मामले में दो पर केस दर्ज

**90 हजार रुपये की ठगी का लगाया आरोप**

**महराजगंज।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पिपरा नरायन निवासी बैजू ने श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र निवासी दो व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर दी है। रकम लेकर फर्जी बीजा, एयर टिकट देने का आरोप लगाया है।

सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्रामसभा पिपरा नरायन निवासी बैजू ने बताया कि भिटौली थाना क्षेत्र के डेरवा निवासी और श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बैजौली निवासी व्यक्ति ने नब्बे हजार रुपये लेकर फर्जी बीजा व एयर टिकट देकर धोखाधड़ी किया है।

सिंदुरिया थानाध्यक्ष मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपी संतोष निवासी डेरवा और हसरे आलम निवासी बैजौली थाना श्यामदेउरवा के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। संवाद

# रकम लेकर दूसरे को बेच दी जमीन

महराजगंज। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के हरपुर तिवारी निवासी विजय जायसवाल ने बुधिरामपुर निवासी इबरार खान से 13 डिस्मिल जमीन खरीदने के लिए चार लाख 60 हजार में तय किया।

अग्रिम धनराशि के रूप में एक लाख तीस हजार रुपये दे दिया। बाद में आरोपी ने उसी जमीन को दूसरे व्यक्ति को बेच दिया। जानकारी होने पर विजय ने अपना दिया हुआ रुपया मांगा तो आनाकानी करने लगा। इसके बाद पीड़ित ने श्यामदेउरवां थाना में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी इबरार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# शादी का झांसा देकर संबंध बनाने के मामले में तीन पर केस

**महराजगंज।** सिंदुरिया थानाक्षेत्र के एक ग्राम सभा की युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि युवक उसे अपने साथ हैदराबाद के कोयंबटूर शहर लेकर गया। एक साल तक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और बाद में टिकट कटाकर उसे वापस घर भेज दिया। युवती युवक के घर रहने गई तो युवक के माता-पिता भगा दिए। सिंदुरिया थानाध्यक्ष मनीषा सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

# पिटाई के आरोप में वांछित गिरफ्तार

**नौतनवां।** कस्बे के वार्ड नंबर 18 जानकी नगर वार्ड में 13 सितंबर को दो सगे भाइयों में मिठाई की दुकान पर ग्राहक को लेकर मारपीट हो गई थी। इसमें एक भाई ने दूसरे भाई को पलटे से वार कर दिया था। आरोपी को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नौतनवां प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि बीते 13 सितंबर को वार्ड नंबर 18 नौतनवां के जानकी नगर में संतोष और मंतोष दो सगे भाई हैं। जिनकी सब्जी मंडी में चाय की दुकान है। दोनों आपस में ग्राहक को लेकर भिड़ गए, जिसमें संतोष ने मंतोष के खिलाफ केस दर्ज था। शनिवार की सुबह उसको घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# साहब ! जमीन पर कब्जा किए हैं कुछ लोग, दे रहे जान से मारने की धमकी

## संपूर्ण समाधान दिवस में रो पड़ा फरियादी, डीएम ने जांच कर समाधान का दिया आश्वासन

संवाद न्यूज एजेंसी



संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियाद सुनते नायब तहसीलदार। संवाद

फरेंदा। साहब! गोरखपुर सोनौली हाईवे पर बनकटा गांव के सामने मां के नाम से जमीन है, जो हाईवे में निकल गई है, लेकिन लेखपाल ने हिस्सा प्रमाण पत्र नहीं दिया है। इससे मुआवजा मिलने से वंचित हो गया हूं। गांव के ही कुछ लोग उस जमीन पर जबरदस्ती कब्जा किए हैं। खाली करने को कहता हूं तो जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। यह कहते हुए डीएम सत्येंद्र कुमार के सामने पहुंचा फरियादी फफक पड़ा। डीएम ने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

फरेंदा संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे परसामहंथ गांव निवासी रामकेश ने आंखों में आंसू लिए हुए बताया कि मां के नाम से कुछ दिन पूर्व बैनामा लिया गया था, जिसका दाखिल खारिज भी हो चुका है। अभी तक कब्जा नहीं मिल पाया है। जमीन की चौहद्दी के हिसाब से हाईवे में निकलने वाले जमीन के मुआवजा के लिए भूमि आधिपत्य विभाग से नोटिस भी आया था। इसको लेकर लेखपाल से हिस्सा प्रमाण पत्र बनाने का आग्रह किया लेकिन वह नहीं बनाए। इससे मुआवजा नहीं मिल रहा है। मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाए।

वहीं मनिकौरा निवासी नरेंद्र यादव ने डीएम को पत्र देकर कहा नाना मुनिराम लेहड़ा खास में रहते थे। छह फरवरी 2021 को अपने संपूर्ण संपत्ति का पंजीकृत वसीयतनामा मेरे नाम कर दिए। दाखिल खारिज के बाद इस पर काबिज हूं, लेकिन मेरी अनुपस्थित में गांव के व्यक्ति ने मकान पर कब्जा कर लिया। कब्जा खाली करने के लिए कहता हूं तो धमकी देता है। उचित कार्रवाई कर समाधान किया जाए।

बृजमनगंज क्षेत्र के हथिगढ़वा टोला बदलपुर के शिवनाथ डीएम के सामने फरियाद लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा पुस्तैनी जमीन पर खेती करते आ रहा हूं। वहां सरकारी योजना के तहत कुछ आवास भी बने हैं, लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने वहां पैमाइश कराकर पत्थर गाड़ दिया है और कब्जा करने की नीयत से उजाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इससे परिवार पर संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने पट्टा दिलाने की मांग की। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 140 मामले आए। इसमें 12 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एसपी डॉ. कौस्तुभ, एसडीएम रमेश कुमार, सीओ अनुज कुमार सिंह, ईओ सुरभि मिश्रा, एसओ अजीत प्रताप सिंह व श्याम सुंदर तिवारी मौजूद रहे।

### 68 मामलों में महज छह का हुआ निस्तारण

नौतनवां। संपूर्ण तहसील समाधान दिवस नौतनवां में एसडीएम नौतनवां मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें 68 मामले आए, जिसमें से मौके पर छह राजस्व के मामले निस्तारित कर दिए गए। इस मौके पर तहसीलदार नौतनवां अमित सिंह, सीओ नौतनवां आभा सिंह, खंड विकास अधिकारी राहुल सागर मौजूद रहे। संवाद

# हत्या व दुष्कर्म का आरोपित पूर्व भाजपा नेता गिरफ्तार

## घटना को अंजाम देने के बाद 10 दिन से नेपाल में छिपा था अल्पसंख्यक मोर्चा का पूर्व जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही



मासूम रजा राही • फाइल फोटो

जासं, महराजगंज: हत्या, दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले में फरार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही को पुलिस ने शनिवार की रात नौ बजे के करीब नेपाल सीमा से गिरफ्तार कर लिया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित 10 दिनों से नेपाल में छिपा था। नेपाल से भारत में प्रवेश करने के दौरान उसे पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपित को कोतवाली लाकर घटना के संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है।

शहर के वीरबहादुर नगर वार्ड निवासी मासूम रजा राही के विरुद्ध संतकबीनगर जिले के मेंहदावल क्षेत्र निवासी एक युवती ने पांच सितंबर को महराजगंज सदर कोतवाली में दुष्कर्म, छेड़खानी व पिता की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाए गए पूर्व भाजपा नेता को पुलिस ने छोड़ दिया था। इसके बाद वह फरार हो गया। विवेचना के दौरान यह बात सामने आई थी कि युवती को बयान बदलने के लिए नौ लाख रुपये दिए गए। धमकी भी दी गई कि बयान नहीं बदलने पर उसके भाई की हत्या करा दी जाएगी। पुलिस टीम ने पीड़िता के पास से नौ लाख रुपये भी बरामद कर लिया था।

कोर्ट से आरोपित की गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट भी जारी हुआ था। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गई थी। महाराष्ट्र, दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज, देवरिया, गोरखपुर समेत कई जिलों में पुलिस टीम उसकी तलाश कर रही थी।

नेपाल फरार होने के चलते वह पुलिस की पकड़ से दूर रहा। शनिवार की रात में वह अंधेरे का लाभ उठा कर नेपाल से भारत में प्रवेश कर रहा था, इसी बीच सीमा पर गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया।

एसपी डा. कौस्तुभ ने बताया की शनिवार की रात को मासूम रजा राही को नेपाल सीमा के समीप भारतीय क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### 19 पुलिस कर्मियों पर हो चुकी है कार्रवाई

दुष्कर्म के आरोपित मासूम रजा राही को बचाने के आरोप में तत्कालीन कोतवाल समेत 14 पुलिस कर्मी लाइन हाजिर व नगर चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिस कर्मी निलंबित किए जा चुके हैं। आरोपित के मददगार एक सिपाही समेत दो जेल जा चुके हैं।

### अन्य पुलिसकर्मियों ने भी छोड़ा आवास

मासूम रजा राही के मकान में कई पुलिसकर्मियों के साथ अन्य पेशे के लोग भी किराए पर रहते थे, मकान मालिक पर मुकदमा दर्ज होने के बाद मदद करने के मामले में किराये पर रह रहे मीडिया सेल के सिपाही के जेल जाने के बाद अन्य पुलिसकर्मियों ने भी आवास खाली करना शुरू कर दिया है।

### विना नक्शा पास कराए वनाया था मकान, ध्वस्त करने के लिए प्रशासन ने चस्पा किया नोटिस

महराजगंज : हत्या, दुष्कर्म, छेड़छाड़ व एससी-एसटी एक्ट के मामले के आरोपित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिला प्रशासन ने उसके द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों की जांच शुरू कर दी है। साथ ही शहर में स्थित बिना नक्शा पास कराए बनाए गए मकान पर ध्वस्तीकरण के लिए अंतिम नोटिस भी चस्पा कर दिया गया है। माना जा रहा है कि इसके बाद जिला प्रशासन कभी भी इस मकान को ध्वस्त करा सकता है। मूलतः देवरिया जिले का निवासी आरोपित कई वर्ष पूर्व महराजगंज में आकर बस गया था। पुलिस ने राजस्व विभाग की मदद से इसकी संपत्ति की जांच शुरू की तो पता चला कि आरोपित ने बिना नक्शा पास कराए ही शहर में मकान बना लिया था। एसडीएम सदर दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि बिना नक्शे के मकान निर्माण कराने के मामले में आरोपित के मकान पर अंतिम नोटिस चस्पा किया है।

### पीड़िता को नगर निकाय में मिली सहायक की नौकरी

दुष्कर्म पीड़िता को जिला प्रशासन की पहल पर जिले के एक नगर निकाय कार्यालय में सहायक की नौकरी मिल गई है। इस मामले में पूर्व में ही जिला प्रशासन ने पीड़िता को प्रस्ताव दिया था कि अगर वह चाहे तो किसी भी नगर निकाय में आउटसोर्सिंग पर नौकरी कर सकती है। जिसे पीड़िता ने स्वीकार कर लिया। इसी क्रम में शनिवार को पीड़िता ने संबंधित नगर निकाय में पहुंचकर कागजी कार्रवाई पूरी की है।

# जमीन दिलाने के नाम पर ठगी एसपी के आदेश पर केस दर्ज

**महराजगंज।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र की मंजू ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। मामले में श्यामदेउरवां पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के परैना निवासी मंजू देवी ने बताया कि तीन वर्ष पहले उसके पति व देवर मिलकर जमीन खरीदना चाहते थे। इसी दौरान प्रापर्टी डीलर का काम करने वाले नरायन चौधरी निवासी ग्राम मुड़कटिया टोला कटहिया से मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने एक जमीन बैनामा कराने के नाम पर एक लाख सत्तर हजार रुपये ले लिया। उसके बाद पता चला कि जमीन का बैनामा पहले से किसी दूसरे व्यक्ति ने करा लिया है।

जानकारी होने के बाद उसने आरोपी को दिए हुए रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने हिलाहवाली करना शुरू कर दिया। 29 मार्च 2022 को श्यामदेउरवां थाने में सुलहनामा कराया गया। इसमें आरोपी ने छह माह में रुपये वापस देने की बात कही, लेकिन अभी तक आरोपी पैसा नहीं दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी नरायन चौधरी के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। संवाद

## पिटाई करने व दहेज मांगने का लगाया आरोप

महराजगंज। खीरी डिहवा जिला सिद्धार्थनगर की सीमा ने पति पर पिटाई करने व दहेज की मांग करने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक नौतनवां मनोज कुमार राय ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# पति व सास के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**महराजगंज।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के बैजौली निवासी प्रियंका ने थाने में तहरीर देकर अपने पति व सास के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि इसी वर्ष 25 मई को उसकी शादी हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद सास ज्ञानती देवी व पति दिलीप प्रताड़ित करने लगे। दहेज की मांग को लेकर हमेशा अपशब्द बोलते व मारते पीटते रहे। प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर के अनुसार आरोपी पति दिलिप व सास ज्ञानती देवी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

# पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित 23 लोगों को किया पाबंद

**नौतनवां।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के शेख फरेंदा गांव में कर्बला की जमीन पर कूड़ा घर बनाने की बात को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए थे। इसको देखते हुए पुलिस ने ग्राम प्रधान के पक्ष से 10 और कर्बला कमेटी की तरफ 13 लोगों को पाबंद किया है।

खनुआ चौकी प्रभारी गंगाराम यादव ने बताया कि रामबचन यादव ग्राम प्रधान, लक्ष्मण, रामकेवल, जनार्दन, बेदी, पिंटू, जोखू, रामभवन, राममिलन गुप्ता, बिरेंद्र, कर्बला कमेटी की तरफ से मुख्तार, नासिम पठान, आलमगीर, औरंगजेब, लल्लू, नाजीर, टिकोरी, अनरूउद्दईन, वाजिद अली, निसार खान, शाकिर अली, अबरार, शमशाद को पाबंद किया गया है। संवाद

# रजा के अवैध मकान पर चल सकता है बुलडोजर

## छेड़छाड़, दुष्कर्म और हत्या के आरोपी पूर्व भाजपा नेता पर कार्रवाई की आशंका से डरे किराएदार, मकान छोड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी





महराजगंज में आरोपी पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा के घर पर सन्नाटा पसरा रहा। कार्रवाई से डरे किरायेदार मकान छोड़कर जाने लगे हैं। संवाद

**महराजगंज।** छेड़छाड़, दुष्कर्म और हत्या के आरोपों से घिरे पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा की गिरफ्तार के बाद जिले की पुलिस राहत महसूस कर रही है। 10 दिनों से रजा की तलाश में भटक रही पुलिस पर भी सवाल उठने लगे थे।

हालांकि पुलिस ने सख्ती बरतते हुए फरार रजा की गिरफ्तारी उसके मकान पर नोटिस चस्पा कर दिया था। किसी बड़ी कार्रवाई आशंका से डरे किराएदारों ने मकान खाली कर दिया। बताया जा रहा है कि मकान पर बुलडोजर चल सकता है।

अमर उजाला ने शुरू से ही पीड़िता की बात को प्रमुखता से उठाते हुए उसे न्याय दिलाने के लिए पूरी की कोशिश। मामले को उच्चाधिकारियों ने संज्ञान में लिया तो कार्रवाई तेज हुई।



रजा के घर चस्पा नोटिस। संवाद

**खामोश मोहल्लेवाले भी बोलने लगे :** आरोपी राही मासूम रजा के घर को किराएदारों ने खाली कर दिया। कई के सामान घर के बाहर थे। बहुत कुरेदने पर किराएदारों ने कहा कि ऐसे आदमी के घर में रहना ठीक नहीं है। उसकी हरकतें गंदी थी, यह तो अब पता चल रहा है। मुहल्ले के लोग भी अब बोलने लगे हैं।

लोगों का कहना है कि राही मासूम हमेशा दूसरों को परेशान करने की कोशिश करता था। जब उसे मौका मिला, उसने शासन सत्ता के करीब के आकर अपना प्रभाव बनाने की कोशिश की। अपनी ऊंची पहुंच के कारण ही वह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष भी बन गया।

हालांकि उसकी कारगुजारी जानने के बाद पार्टी ने उससे किनारा कस लिया। पार्टी के कुछ नेताओं के साथ उसके फोटो सोशल मीडिया पर भी हैं। इसे लेकर कयासबाजी का दौर शुरू है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस उसकी संपत्तियों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है। आरोपी को जानने वाले लोग भी रडार पर हैं। फोन करने वालों से भी पूछताछ की जा रही है।

**जुगाड़ से बना था सरकारी वकील :** पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा जुगाड़ से सरकारी वकील बना था, लेकिन उसकी कलई खुल गई। प्रशासन ने उसका पारिश्रमिक रोक दिया। सूत्र बताते हैं कि प्रशासन ने उससे प्रमाणपत्र मांगा था, जिसे वह नहीं दे सका। इसके बाद उसने रकम के लिए सत्ताधारी दल के नेताओं का सहारा लिया। नेताओं ने पैरवी की, लेकिन अधिकारियों ने नियम के विपरीत काम करने से मना कर दिया।

**राही मासूम को अशोक सिंह के नाम से जानते थे लोग :** सूत्रों की मानें तो आरोपी राही मासूम की कहानी बहुत उलझी हुई है। शुरुआत में लोग उसे अशोक सिंह के नाम से जानते थे। उसने अपना नाम लोगों का राही मासूम बताया था। शहर में इसे लेकर भी चर्चा खूब हो रही है।

### पुलिस के लिए आरोपी बना रहा सिर दर्द

आरोपी राही मासूम की गिरफ्तारी से पुलिस राहत की सांस ले रही है। पुलिस अधिकारियों के पास उसकी गिरफ्तारी में देरी होने के सवाल का जवाब नहीं था। दबाव इतना था कि पुलिस की गिरफ्तारी के लिए 15 टीमें बनाई गईं। लेकिन वह 10 दिनों तक पुलिस को छकाता रहा। सूत्रों के अनुसार पुलिस सर्विलांस के जरिए रजा का पता लगाने की कोशिश भी नाकाम रही। जिस लोकेशन पर पुलिस जाती थी, वहां आरोपी नहीं मिलता था।

**आरोपी ने जिस घर को किराए पर दिया था वह अवैध :** पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी ने जिस घर को किराए पर दे रखा है। वह जमीन हसनैन अब्बासी के नाम पर है। वह जमीन हसनैन अब्बासी ने बैनामा लिया था। वह बिजली विभाग में काम करते थे। बैनामा के बाद हसनैन अब्बासी की मौत हो गई। जमीन के बारे में उनके बीवी-बच्चों को पता नहीं चल सका। राही मासूम रजा इस जमीन पर कब्जा कर लिया। इस प्रकरण के हकीकत के बारे में जांच की जा रही है।

### अमर उजाला में प्रकाशित खबरें




राही मासूम रजा का नाम सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन महराजगंज की सूची में नहीं है। वह सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन का सदस्य नहीं है। उसके पास सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस नहीं है।
- धर्मेंद्र त्रिपाठी, महामंत्री, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन



## राहत... दुष्कर्म पीड़िता को नगर पालिका में मिली नौकरी

**महराजगंज।** पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा पर छेड़छाड़, मारपीट और पिता को जान देने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाने वाली युवती को महराजगंज नगर पालिका में संविदा पर नौकरी मिल गई है। उधर, रजा की गिरफ्तारी पर पीड़िता ने अब न्याय मिलने की उम्मीद जताई है दुष्कर्म पीड़िता अपनी चार बहनों में सबसे बड़ी है। पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा सबसे पहले उसी से गंदी हरकत की। पीड़िता ने कहा कि वह चाहती है कि आरोपी ने जैसा किया, उसको वैसी ही सजा मिले। नौकरी की बात पर पीड़िता ने कहा कि नौकरी मिल गई अब जिंदगी कट जाएगी। लेकिन, बाबूजी की कमी हमेशा खलती रहेगी पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने जिंदगी को नरक बना रखा था। उसका जब भी मन करता था, वह कमरे में आ जाता था। छोटी बहन पर भी वह गंदी नजर रखता था। उससे छेड़छाड़ करता था। छोटे भाई की उसने पिटाई की थी। उसने बयान बदलने के लिए दबाव बनाया। पुलिस ने अब आरोपी को गिरफ्तार कर लिया इससे उसकी हिम्मत बढ़ी है। पीड़िता ने बताया कि शुरुआत में पुलिस पूरे मामले में बहुत सुस्त रही। इस वजह से डर लगा रहा था, लेकिन बाद कार्रवाई तेज हुई तो डर समाप्त हो गया। रहने के लिए घर भी मिल गया और रोटी के लिए नौकरी। अब बहनों और भाई की परवरिश ठीक ढंग से कर सकूंगी। पुलिस प्रशासन की मदद से सब कुछ संभव हो सका है। खासकर अमर उजाला ने हमारी पीड़ा को मजबूती से उठाया न होता तो न्याय नहीं मिलता। संवाद

पीड़िता को आउटसोर्सिंग के माध्यम से नगर पालिका ... में नौकरी दी ... प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद ... रही है। - ... कुमार ..., अपर जिलाधिकारी

# 20 बोरी चावल और साइकिल बरामद

नवां। सशस्त्र सीमा बल 66वीं ...नी के बीओपी चंडीथान के ...नों ने गश्त के दौरान 20 बोरी ...ल व साइकिल बरामद कर ...नवां कस्टम को सौंप दिया है।

डिप्टी कमांडेंट प्रभाकर चतुर्वेदी ने ...या कि चंडीथान बीओपी के ...न प्रतिदिन शनिवार को गश्त पर निकले थे।

चंडीथान गांव से बाहर ही निकले थे, तभी कुछ लोग साइकिल पर बोरा लेकर नेपाल सीमा में प्रवेश करने की फिराक में थे। जवानों को देखकर सामान छोड़कर भाग गए। टीम ने 20 बोरा चावल व छह साइकिलें बरामद की है। संवाद

# महराजगंज : दुष्कर्म का आरोपी फरार पूर्व भाजपा नेता गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। दुष्कर्म, हत्या, छेड़छाड़, मारपीट का आरोपी पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा 10 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया। वह नेपाल सीमा में छिपा हुआ था। रजा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 15 टीमें लगी थीं। बता दें अमर उजाला ने पहले ही उसके नेपाल में छिपे होने की आशंका जताई थी।

पुलिस के अनुसार, आरोपी राही मासूम रजा को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लखनऊ से लेकर नेपाल तक प्रत्येक संभावित स्थानों पर छापे मार रही थी। शनिवार को देर रात पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में टीम आरोपी को लेकर जिला मुख्यालय पहुंची। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह जानकारी जुटाने के लगी है कि उसकी कौन लोग मदद कर रहे थे।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने कहा कि आरोपी राही मासूम रजा को भारतीय सीमा क्षेत्र से शनिवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है। वह नेपाल में छिपा हुआ था। उससे पूछताछ की जा रही है।

>> संबंधित पेज 4 पर

## 10 दिन बाद नेपाल सीमा से पकड़ा गया राही मासूम रजा



आरोपी राही मासूम रजा।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2023

# मारने-पीटने व दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने घुघुसा गांव के बाग में दलित पिटाई के मामले में चार लोगों के खिलाफ मारने पीटने तथा जाति सूचक शब्द से अपमानित करने का केस दर्ज किया है। तहरीर में ग्राम अमरौना निवासी सूरज ने कहा है आरोपियों ने फोन कर पार्सल लेने के बारे में बताया मना करने पर देई सांड बाजार से घर जाते समय साहिल, अभिषेक व दो अन्य लोगों ने मारा पीटा। संवाद

---

# सख्ती : अब लाइव लोकेशन से होगी अपराधियों की निगरानी

## कोतवाली व कप्तानगंज थाने से शुरू की गई नई व्यवस्था, पुलिस को झांसा नहीं दे पाएंगे अपराधी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जेल से छूटे हिस्ट्रीशीटर अब 24 घंटे पुलिस के रडार पर रहेंगे। लाइव लोकेशन के जरिये अपराधियों की पुलिस निगरानी करेगी। जेल से छूटे अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने नई तरकीब निकाली है, जिसमें वे पुलिस के रडार पर होंगे। उनके मूवमेंट का कच्चा चिट्ठा पुलिस के पास आता रहेगा।

तैयार की गई योजना का अगर ईमानदारी से क्रियान्वयन हो गया तो अपराधी चाह करके भी पुलिस को झांसा नहीं दे पाएंगे। आईजी आरके भारद्वाज ने बताया कि इस अभियान से अपराधी और पुलिस दोनों को सहूलियत होगी। जिले में कोतवाली और कप्तानगंज थाने से इसकी शुरुआत कर दी गई है। कोतवाली से पांच और कप्तानगंज थानाक्षेत्र के चार हिस्ट्रीशीटरों से लाइव लोकेशन शेयर करने की सहमति ली गई है।

एडीजी गोरखपुर अखिल कुमार ने ऑपरेशन ब्रम्हास्त्र के तहत इस परिकल्पना को साकार करने का बीड़ा उठाया है। एडीजी के निर्देश पर प्रत्येक थाने के टॉप फाइव या टॉप टेन अपराधियों की रोजाना लाइव लोकेशन ली जाएगी। अपराधी कहीं और रहे और अपनी मोबाइल दूसरे को देकर लोकेशन शेयर न करवाए, इसके लिए बीच-बीच में संबंधित थानेदार उसको वीडियो कॉल करके तस्दीक करता रहेगा।

ऐसा करके पुलिस को उसके घर न जाकर ऑनलाइन निगरानी करेगी। प्रयोग के तौर पर इस स्कीम को कोतवाली में लागू कर दिया गया है।

**अपराध से तौबा करने वाले को होगी सहूलियत :** इस व्यवस्था के लागू होने का सबसे बड़ा फायदा ऐसे अपराधियों को मिलेगा, जो अपराध की दुनिया को तौबा कर चुके हैं।

अब तक पुलिस उनके घर जाकर पूछताछ करती रही है। पर अब उनसे इसके लिए सहमति पत्र लेकर ऑनलाइन लाइव लोकेशन ले लिया जाएगा। लोकेशन शेयर कर देने के बाद पुलिस उनके घर नहीं जाएगी। उसके परिवार वालों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### 24 घंटे पुलिस के रडार पर रहेंगे जेल से छूटे हिस्ट्रीशीटर

**05** कोतवाली व कप्तानगंज थाना क्षेत्र के चार हिस्ट्रीशीटर शेयर करेंगे लाइव लोकेशन

### ली जाएगी सहमति

जेल से छूटे अभ्यस्त अपराधियों पर पुलिस निगरानी रखती है। इसके पीछे मंशा होती है कि कहीं फिर से वह आपराधिक गतिविधियों में लिप्त तो नहीं हो रहा है। इसके लिए समय-समय पर उन्हें थाने पर हाजिरी लगानी पड़ती है। साथ ही बीट के पुलिस अधिकारी उनकी गतिविधि की जांच करते रहते हैं। लागू की जा रही व्यवस्था के तहत से सहमति ली जाएगी कि वह रोजाना अपनी लाइव लोकेशन शेयर करने को तैयार है या नहीं।

# गश्त में लापरवाही पांच पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**बस्ती।** शहर की गश्त व्यवस्था का हाल जानने निकले आईजी आरके भारद्वाज को मौके पर पांच पुलिस कर्मी नहीं मिले। इसे संज्ञान में लेकर लापरवाही मानते हुए आईजी ने एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी को कार्रवाई का निर्देश दिया।

इस क्रम में एसपी ने कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबिल राजेश सिंह, कांस्टेबिल हरि प्रकाश, सुनील खरवार तथा पुरानी बस्ती में तैनात ओम प्रकाश यादव व रामानंद तिवारी को लाइन हाजिर कर दिया है। संवाद

# अज्ञात कार चालक पर केस दर्ज

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने पडिया चौराहा के पास हुई दुर्घटना में अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाकर टक्कर मारने सहित सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया है। इस मामले में सुल्तानपुर जिले के दोमुंहा कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम अभियाकला निवासी सदानंद पुत्र राम लाल ने तहरीर दी कि पडिया चौराहे के निकट उनके भाई दयानंद 36 बाइक से जा रहे थे। इसी बीच अज्ञात चार पहिया वाहन से लापरवाही से गाड़ी चलते हुए उन्हें टक्कर कर दी। जिससे दयानंद घायल हो गए। उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने केस दर्ज किया है। संवाद

# किशोरी की गुमशुदगी का केस

बस्ती। गौर पुलिस ने क्षेत्र के गांव की 16 वर्षीय किशोरी की गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। वादी ने तहरीर दी कि उनकी बेटी रात में घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। संवाद

# मारने-पीटने व सामान क्षतिग्रस्त करने में आठ पर केस

बस्ती। दुबौलिया पुलिस ने चिलमा परसन स्थित दुकान में आकर मारने-पीटने व सामान तोड़ने के मामले में दो नामजद सहित आठ लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में चिलमा परसन निवासी अभिषेक कुमार गुप्ता उर्फ विक्की ने आरोप लगाया कि हरिवंशपुर गांव निवासी पवन कुमार पांडेय, अनुभव पांडेय व छह अज्ञात युवकों ने उनकी दुकान पर चढ़कर उन्हें मारा पीटा तथा दुकान का सामान तोड़ दिए। पुलिस ने केस दर्ज किया है। संवाद

# ओवरटेक करने को लेकर दो कार सवारों में हाथापाई

**छावनी।** बस्ती-अयोध्या फोरलेन पर शनिवार की देर शाम आगे-पीछे चल रहे दो कार सवारों में ओवरटेक करने को लेकर हाथापई हो गई। ओवरटेक करने वाले चालक ने दूसरे चालक मयंक सिंह निवासी अलीगंज जिला लखनऊ की पिटाई कर दी। यह कार सवार अयोध्या जिले के दर्शननगर के बताए जा रहे हैं। कार चालक को पीटने वाले कार सवार नशे में धुत थे। इस दौरान कुछ लोगों ने बीच बचाव करके छावनी पुलिस को सूचना दे दिया। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया का पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है। संवाद

# दीवार गिराने व धमकी देने के मामले में चार नामजद

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने रायपुर गांव में जमीन की रंजिश में एक पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष की दीवार गिराने और मना करने पर गाली व धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में विजय कुमार यादव पुत्र कोडई ने कहा है कि गांव के फूलचंद्र, श्रीचंद्र, सुनीता व रामकेवल यादव ने जमीन के विवाद में उनकी दीवार गिरा दी। मना करने पर गाली देते हुए जान मारने की धमकी दी। संवाद

# बिजली चोरी करते पकड़े गए 18 उपभोक्ताओं पर दर्ज होगा केस

**वाल्टरगंज।** बिजली विभाग की ओर से बकाया बिल धनराशि वसूली व बिजली चोरी रोकने के लिए सल्टौआ क्षेत्र में कांबिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। अधिशासी अभियंता महेंद्र मिश्र ने बताया कि देईपार, पकड़ी भीखी गांव में दस हजार रुपये से ऊपर की धनराशि के बकाएदारों का कनेक्शन काटा गया। बकाए में काटी गई लाइन बिना भुगतान किए 18 उपभोक्ता बिजली का उपयोग करते पाए गए। सभी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर एसडीओ रितेश प्रसाद, अवर अभियंता अनुज कुमार कन्नौजिया मौजूद रहे। संवाद

# खाली कराई जाएगी 20 बीघा सरकारी जमीन, नौ कब्जेदारों पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**हर्रैया, बस्ती।** क्षेत्र के सहराएं गांव में कूटरचित अभिलेखों की आड़ में वर्षों से 20 बीघा सार्वजनिक जमीन पर कब्जा जमाए लोगों पर लेखपाल की तहरीर पर केस दर्ज हुआ है। बेदखली के आदेश की नोटिस दिए जाने के बाद भी जमीन खाली न होने पर यह कार्रवाई की गई है। जल्द ही इस भूमि पर हुए अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलेगा।

उल्लेखनीय है कि सहराएं निवासी ईश्वरीदीन पांडेय के कोई औलाद और न ही कोई जायज वारिस है। उनकी मौत के बाद 1965 में इनकी सारी जमीन ग्राम समाज घोषित हो सरकारी खाते में चली गई। वर्ष 1987 में तत्कालीन प्रधान व लेखपाल से साठगांठ करते हुए कुछ लोगों ने जमीन पर अपना दावा ठोंका। इसके बाद कूट रचित दस्तावेजों के जरिये अभिलेखों में नामांतरण कर उपयोग करना शुरू कर दिया। इसका विरोध करते हुए गांव के एक व्यक्ति ने डीडीसी कोर्ट में वाद दाखिल कर दिया।

वर्ष 1993 में आए फैसले में जमीन फिर से ग्राम समाज के खाते में दर्ज करने के निर्णय पर दूसरे पक्ष ने उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश लेकर जमीन पर कब्जा बनाए रखा।

## सार्वजनिक जमीन पर हुए पक्के निर्माण व बोई फसल पर चलेगा बुलडोजर : एसडीएम

इसे लेकर चंद्र मणि पांडेय ने अपने अधिवक्ता के जरिये प्रकरण में प्रभावी पैरवी शुरू की तो वर्ष 2019 में हाईकोर्ट ने डीडीसी के फैसले को बहाल करते हुए जमीन ग्राम समाज के पक्ष में किए जाने पर सहमति दी। जिसके बाद तहसील प्रशासन के अभिलेखों में तो ग्राम समाज दर्ज हो गया मगर अवैध कब्जा बना रहा।

कब्जा हटवाने के लिए चंद्र मणि पांडेय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते रहे। मामला तूल पकड़ते देख तहसीलदार ने कब्जेदारों को बेदखल किए जाने का नोटिस जारी कर दिया। इसी को लेकर चंद्रमणि पांडेय पिछले दिनों डीएम से मिले तो उनके निर्देश पर लेखपाल ने शुक्रवार को नौ कब्जेदारों के विरुद्ध तहरीर दी। थानाध्यक्ष राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि केस दर्ज हुआ है।

# सकारात्मक रवैया नहीं अपना रही है सरकार : अधिवक्ता

## न्यायिक कार्य से विरत होकर वकीलों ने किया धरना प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी



न्यायालय गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

बस्ती। हापुड़ घटना व ग्राम न्यायालय के विरोध में अधिवक्ताओं ने जनपद न्यायालय के गेट नंबर दो पर प्रदर्शन किया। अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार वाजिब मांगों को लेकर सकारात्मक रुख अख्तिया नहीं कर रही है। तहसीलों में ग्राम न्यायालय शिफ्ट होने से वादकारियों का हित प्रभावित होगा। न्यायालयों में राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ेगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि हापुड़ की घटना में अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की जा रही है। लेकिन सरकार अधिवक्ताओं की एक भी मांग पर विचार नहीं करना चाह रही है। जब तक अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे और घटना में घायलों को मुआवजा नहीं मिल जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता भारत भूषण वर्मा ने कहा कि आए दिन विधि विशेषज्ञों पर बर्बरता हो रही है। उत्तर प्रदेश में कुछ समय से अधिवक्ताओं पर तमाम हमले हुए हैं। इसके बावजूद सरकार कुछ सुनने को तैयार नहीं है।

लंबे समय से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की जा रही है। सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री शिवपूजन मिश्र ने कहा कि ग्राम न्यायालय हर्रैया, भानपुर व रुधौली तहसीलों में जाने से न्यायिक कार्यों में राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ेगा। जिससे पीड़ितों का निष्पक्ष न्याय मिलने में कठिनाई आएगी।

सरकार न्याय व्यवस्था को कमजोर करने पर तुली है। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकी नाथ पांडेय, कौशलेंद्र पाल, बैजनाथ गुप्ता, आनंद गुप्ता, मारुत कुमार शुक्ला, अवधेश सिंह, विवेक शुक्ला, विजय तिवारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने जब्त की गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की बाइक

बनकटी। मुंडेरवा थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज केस में पुलिस ने आरोपी अली अहमद निवासी दिरहमतपुर थाना वजीरगंज जनपद गोंडा की बाइक जब्त कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई डीएम के आदेश के बाद किया है। संवाद

# कस्तूरबा विद्यालय की डेढ़ दर्जन छात्राएं बीमार

**छावनी(एसएनबी)।** छावनी कस्बा स्थित विक्रमजोत कस्तूरबा विद्यालय की डेढ़ दर्जन छात्राएं बीमार हो गयी है।शानिवार को जितियापुर पीएचसी में दो छात्राओं को अर्द्ध बेहोशी की हालत में इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को भी कस्तूरबा की सोलह छात्राओं को इलाज के लिए पीएचसी ले जाया गया।केंद्र प्रभारी डॉ. आसिफ फारुखी ने बताया कि कस्तूरबा में स्वास्थ्य टीम ने छात्राओं के बीमार होने पर जांच किया। डेढ़ दर्जन छात्राओं का इलाज चल रहा है। विक्रमजोत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पर दो छात्राओं की हालत बिगड़ गयी। शनिवार को अर्द्ध बेहोशी की हालत में 7वी की छात्रा13वर्षीया सुमन व 6वीं की छात्रा13 वर्षीया अंशु को इलाज के लिए ले जाया गया। विद्यालय की जांच करने लखनऊ से आई महिला अधिकारी निधि ने बीमार बच्चों की हालत बिगड़ने पर विद्यालय पर आई स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पीएचसी छावनी भेज दिया।शुक्रवार को सुमन 13 वर्ष,लवी 14 वर्ष,अंशु14 वर्ष, वन्दना10 वर्ष, सुषमा11 वर्ष, रोशनी11वर्ष, संध्या 11 वर्ष, कुसुम 11 वर्ष,रीशु 9 वर्ष,साक्षी 11 वर्ष,चाँदनी12 वर्ष,शिंवानी10 वर्ष, अंजू 13 वर्ष,कोमल शर्मा 12 वर्ष, पल्लवी13 वर्ष,रोशनी पाण्डेय 15 वर्ष की तबीयत खराब हो गई थी। जिनका पीएचसी से इलाज चल रहा है।बताया जा रहा कस्तूरबा में लगा आरओ वाटर कई दिनों से खराब है जिससे छात्राओं को शुद्ध पेयजल की समस्या है।चर्चा है कि कस्तूरबा की कुछ छात्राएं भूत प्रेत को लेकर रात में डर जा रही है। जिनको लेकर तरह तरह की बातें हो रही है।वार्डेन विनीता पाण्डेय ने बताया कि कुछ छात्राएं वायरल फीवर से बीमार हो गयी है। सबको दवा दिया गया है। सब ठीक हो रही हैं।

# महिला ने छत की कुंडी में लटक कर दी जान

**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बन्तला की एक महिला ने छत की कुन्डी से दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पर मुकामी पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हिट भेज दिया है। ग्राम बन्तला थाना वाल्टरगंज जिला बस्ती के रहने वाले श्याम सुन्दर पुत्र भदई ने थाने पर सूचना दिया कि मेरी बहू लक्ष्मी देवी उम्र करीब 30 वर्ष पत्नी रामजीत राजभर बीती रात में दुपट्टे का फंदा बनाकर छत की कुन्डी से लटक कर आत्महत्या कर लिया है। सुबह करीब 4.30 बजे देखा गया। सूचना मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष रामदेव चौकी, प्रभारी मनौरी सुभाष मौर्य, कांस्टेबल रवि शंकर गौड़, उमेश कुमार, शिवानंद सिंह व महिला कांस्टेबिल गुरप्रीत कौर मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पंचायत नामा तैयार कर पोस्टमार्टम भेज दिया है। आत्महत्या के कारण के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। मृतका का पति बाहर रहकर रोजी रोजगार करता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि घटना बीती रात की है। परिजनों ने सुबह देखा और थाने पर सूचना दिया है। मौके पर पहुंचकर विधि करवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु शव को भेज दिया गया है।

# दुकान में घुसकर युवक की पिटाई,केस

**बस्ती (एसएनबी)।** मामूली विवाद को लेकर एक युवक को उसके दुकान में घुसकर मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दुबौलिया थानान्तर्गत चिमला परसन स्थित अभिषेक कुमार गुप्ता उर्फ विक्की की दुकान में कुछ लोग हाथो में राड तथा अन्य हथियार लेकर घुस आये और उसको गालियां देते हुए जमकर मारा पीटा। इसके अलावा दुकान में रखे सामान को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गये। मामले में पीड़ित अभिषेक कुमार गुप्ता उर्फ विक्की पुत्र कृष्ण कुमार गुप्ता निवासी चिलमा परसन थाना दुबौलिया की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पवन कुमार पाण्डेय पुत्र सुधाकर पाण्डेय, अनुभव पाण्डेय निवासीगण हरिवंशपुर थाना दुबौलिया तथा छह अज्ञात लोगो के विरूद्ध धारा 147, 148, 323, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा,केस

**बस्ती (एसएनबी)।** ग्राम समाज की भूमि पर कुछ लोगो द्वारा अवैध रूप से कब्जा करते हुए खेती की गयी। इस सम्बन्ध में हल्का लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। हर्रैया थानान्तर्गत सहराये गांव स्थित ग्राम समाज की बंजर खाते की भूमि पर कुछ लोगो द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था। इसको लेकर हल्का लेखपाल राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय तहसील हर्रैया निवासी ग्राम भदासी थाना हर्रैया की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी माता प्रसाद पुत्र झिनकू निवासी पूरे सोरिल थाना हरैया व शीतलप्रसाद पुत्र रामप्यारे मिश्र, बसंत पुत्र तुफानी, वेदप्रकाश, सत्यप्रकाश पुत्रगण रामप्यारे, अजय कुमार, अरुण कुमार, अक्षय कुमार पुत्रगण चन्द्रप्रकाश, प्रेमदास पुत्र मंगरू निवासीगण सहरायें थाना हरैया के विरूद्ध धारा 3/4 लोक सम्पति क्षति निवारण के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# एक ही रात दो घरों में चोरों का दस्तक

**हर्रैया(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महादेवरी गांव में बीती रात चोरों ने दो घरों को अपना निशाना बनाया। दोनों घरों से कर लाखों के जेवरात व नगदी उठा ले गए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरे देकर कार्रवाई की मांग किया है। महादेवरी निवासी शिव प्रकाश शुक्ला के घर में नकाब लगाकर तथा नीलेश शुक्ला के घर छत के सहारे घर के अंदर घुसे चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवरात लेकर चंपत हो गये। चोर पूरे घर को खंगालते हुए बक्से और आलमारी का ताला तोड़कर दोनों घरों से लगभग 50 हजार नगदी समेत लाखों का जेवरात ले गए। सुबह घर का सामान बिखरा देख घर वालों के होश उड़ गए। नीलेश शुक्ला ने बताया कि माँ के साथ बरामदे में सोये थे। पीछे से पेंड़ के सहारे छत पर चढ़े चोरों ने घर के अंदर प्रवेश किया। बक्सा और आलमारी में रखा 35 हजार नगद व 12 जोड़ी पायल, 3 मंगलसूत्र, बिछिया 12 जोड़ी, 5 सोने की अंगूठी, झुमका, झाला, पावजेब व घर मे रखा 35 हजार रुपया चोर उठा ले गए।

# मांगो को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**बस्ती (एसएनबी)।** बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आनंद राजपाल ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर चालान डिलिट करने के नाम पर की जा रही अवैध वसूली को तत्काल रोकने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि  दिसम्बर 2017 से दिसम्बर 2021 तक के ई चालानों को मुख्यमंत्री  ने  माफ करते हुये इसे चालान पोर्टल से डिलिट करने का आदेश जारी किया गया है। यातायात पुलिस और आरटीओ ने इन चालानों को डिलिट नही किया जो अब सम्बन्धित व्यक्ति को मोबाइल नम्बरों पर फोन करके बुलाया जा रहा है और चालान डिलिट करने के नाम पर वसूली की जा रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सूर्यकुमार शुक्ल, अयोध्या प्रसाद साहू, सुनील कुमार गुप्ता, सतीश सोनकर, अदालत प्रसाद, हर्शित अग्रवाल, अशोक निगम आदि मौजूद रहे।

# रंजिश को लेकर पिता व बेटी को पीटा

**बस्ती (एसएनबी)।** जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों ने एक लड़की व उसके पिता को गालियां देते हुए घर में घुसकर मारापीटा तथा लड़की के साथ अश्लील हरकत किया। इस सम्बन्ध में लड़की की बहन की शिकायत व न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।दुबौलिया थानान्तर्गत मरौती गांव की रहने वाली ज्योतिमा गौड़ पुत्र राम शब्द ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों द्वारा उसके घर के अन्दर घुसकर उसकी बहन प्रतिमा व पिता राम शब्द को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा तथा जान से मारने की धमकी दी व लड़की से छेड़खानी किया। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर दुबौलिया पुलिस ने आरोपी राधेश्याम पाण्डेय पुत्र गोमती प्रसाद पाण्डेय, लल्लन, पल्लन पुत्रगण राधेश्याम पाण्डेय निवासीगण मरौती पाण्डेय थाना दुबौलिया के विरूद्ध धारा 323, 504, 506, 452, 427, 294 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना कलवारी पुलिस द्वारा थाना कलवारी जनपद बस्ती पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 230/2023 धारा धारा 147, 148, 323,506, 307, 427 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शरद चंद्र पांडेय पुत्र जैसराम पांडेय को ग्राम पड़री थाना कलवारी जनपद बस्ती से गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय बस्ती रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण शरद चंद्र पांडेय पुत्र जैसराम पांडेय निवासी ग्राम पड़री थाना कलवारी जनपद बस्ती शामिल रहे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उपनिररीक्षक संजय कुमार थाना कलवारी , हेड का. गोपाल यादव थाना कलवारी शामिल रहे।

# भारत एकता मिशन का कार्यकर्ता सम्मेलन 19 को

**बस्ती (एसएनबी)।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन का कार्यकर्ता सम्मेलन आगामी 19 सितम्बर को अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह आडिटोरियम में दिन में 11.30 बजे से आयोजित किया गया है। यह जानकारी देते हुये भीम आर्मी भारत एकता मिशन के मण्डल सह संयोजक अजय आजाद ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह के साथ ही भीम आर्मी भारत एकता मिशन के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**बस्ती (एसएनबी)।** सत्या मल्टी स्पेशिलिटी हास्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 17 सितम्बर को महराजगंज बाजार स्थित पुरानी बरदही विनायक मार्केट में किया गया है। यह जानकारी सत्या मल्टी स्पेशिलिटी के डा. हनुमान सिंह ने दिया है। उन्होंने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी, बस्ती करेंगे, जिसके बाद अनुभवी चिकित्सको द्वारा लोगो का निःशुल्क जांच करते हुए उनमें दवाओं का वितरण एवं परामर्श दिया जाएगा।

# दस दिवसीय किसान मेला कल से

**टिनिच (एसएनबी)।** सहकारी गन्ना समिति लिमिटेड पर दस दिवसीय किसान मेले का आयोजन 18 सितम्बर से आयोजित होगा जो आगामी 27 सितम्बर तक अनवरत चलेगा। यह जानकारी सचिव लाल बहादुर ने दी है।

# अपर मुख्य सचिव कल बस्ती में

**बस्ती (एसएनबी)।** अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ विभाग, उप्र शासन मोनिका एस गर्ग 18 सितम्बर को बस्ती मण्डल में जन शिकायतों के निस्तारण एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विभागीय समीक्षा बैठक करेंगी। उक्त जानकारी सहायक जिला प्रोटोकाल अधिकारी ने दी है। उन्होंने बताया कि बैठक के पश्चात लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

# डीएम ने सुनी फरियाद दिया आवश्यक निर्देश

**हर्रैया।** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील हर्रैया में सम्पन्न हुआ। डीएम अंद्रा वामसी तथा पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा समय से निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 86 मामलें आए जिसमे 22 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व विभाग के 32, पुलिस के 20, विकास के 15, विद्युत के 8, शिक्षा के 6, स्वास्थ्य के 3 तथा सरयू नहर खण्ड अयोध्या के 2 मामलें आये। डीएम ने कुल 46 अधिकारियों को तहसील हर्रैया के विभिन्न प्राईमरी स्कूलों एवं आगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के लिए निर्देशित किया। समाधान दिवस में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, हर्रैया के सहायक अभियन्ता विद्युत, सरयू नहर खण्ड एवं पीडब्ल्यूडी अनुपस्थित पाए गए। डीएम ने अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। संचालन उप जिलाधिकारी हर्रैया गुलाब चन्द्र ने किया। इस मौके पर सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, सीएमओ डॉ. आरपी मिश्रा, डीडीओ निर्मल द्विवेदी, पीडी राजेश झा, अनिल कुमार, जगदीश शुक्ल, अनूप कुमार सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# अस्पताल संचालक की लापरवाही

# नवजात की मौत, प्रसूता को कैंसर

## ग्लोबल हास्पिटल एण्ड मैटर्निटी सेन्टर का मामला

### पीड़ित की शिकायत पर संचालक, चिकित्सक सहित आधा दर्जन पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** ग्रामीण अंचल में निजी नर्सिंम होम खोल भोलेभालेलोगों कोअपने झांसे मेंलेकरउनसे मोटी रकम ऐंठ लेने का मामला आम बात है। नया मामला एक नर्सिंग होम का सामने आया है जहां प्रसूता के गर्भ में पल रहे शिशु को मृत्यु बताकरमहिला का आपरेशन कर प्रसव कराया गया। लापरवाही इस कदर हुई कि महिला के पेट मेंगंदा पानी व खून पड़ा रह गया जिससेप्रसूता कैंसर की मरीज होगयी। पुलिस की आनाकानी के बाद न्यायालय ने सख्ती दिखायी तो अस्पताल संचालक सहित चिकित्सक व आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध गंभीर मामलों में मुकदमा पंजीकृत किया जा सका। मुंडेरवा थाना क्षेत्र के हल्लौर नगरा गांव निवासी ऋशि राज पुत्र राजेश कुमारकी पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई तो वह बनकटी ब्लाक के पास सजनाखोर में संचालित ग्लोबल हास्पिटल एण्ड मैटर्निटी सेन्टरपर अपनी पत्नी अमृता देवी कोलेकर आया जहां उसकी पत्नी का अल्ट्रासाउंड करने के बाद बताया गया कि बच्चे का वजन कम और विकलांग है। चिकित्सकों व अस्पताल संचालक ने उसे अपने झांसे में ले लिया और आनन-फानन में उसकी पत्नी की आंख पर पट्टी बांधकरआपरेशन से बच्चा पैदा कराया गया। पीड़ित ने आरोप लगया कि उसकी पत्नी से बेटा पैदा हुआ,लेकिन उसेमरी हुई लड़की अस्पताल संचालकों ने दे दिया। यही नहीं बताया गया कि बच्चा पेट में पांच दिन पहले ही मरगया था। लापरवाही के कारण उसकी पत्नी के पेट में गंदा पानी व खून जमा हो गया। जिससे प्रसूता की बच्चेदानी में कैंसर हो गया। अंततः थक हारकर वह न्यायालय पहुंचा। जहां से आदेश के बाद अस्पताल संचालक बीर नरायन चौधरी पुत्र हरिश्चन्द्र चौधरी, डा. मनोज कुमार निवासी देवमी थाना ला लगंज,सूरज चौधरी पुत्र राजाराम चौधरी निवासी अनुपाखोर थाना लालगंज, डा.राधिका चौधरी, रेनू व रुक्सार के विरुद्ध धारा 269, 420, 504 आईपीसी व 3 (1) द,3 (1) ध एससी,एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# कमिश्नर व पुलिस महानिरीक्षक ने सुनी समस्या




फरियादियों की समस्याओं को सुनते कमिश्नर व पुलिस महानिरीक्षक।

**बस्ती (एसएनबी)।** तहसील समाधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज बस्ती की संयुक्त अध्यक्षता में जनपद बस्ती के रुधौली तहसील में जनसुनवाई की गयी।

रुधौली तहसील पर आए हर एक फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनवाई कर निस्तारण के लिए अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए गये। अधिकारियोंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आने वाले शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतें और गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखते हुए समयान्तर्गत निस्तारण घ्सुनिश्चित कराएं। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीडितों को न्याय मिले।

सभी अधिकारी प्रत्येक प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करें । राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी । इस अवसर पर एसडीएम रुधौली, तहसीलदार रुधौली व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी-कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे ।सदर तहसील पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक व उप जिलाधिकारी, सदर द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया जिसके बाद अधिकारियों ने मामलो के गुणवत्ता परक निस्तारण हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया। जनपद के सभी तहसीलों पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में सदर तहसील पर अपर पुलिस अधीक्षक तथा उप जिलाधिकारी सदर ने आये हुए फरियादियों की समस्याओं को क्रमवार सुनवाई किया।

इस दौरान पुलिस व राजस्व के अत्यधिक मामलो की शिकायत प्राप्त हुई। जिसपर दोनो अधिकारियों ने उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर एवं क्षेत्राधिकारी कलवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# आईजी के निरीक्षण में खुली गश्त की पोल

**घर पर मिली सीओ सिटी की लोकेशन ,पटेल चौक व हड़िया चौकी प्रभारी आराम करते मिले**

**पुलिस महानिरीक्षक के कड़े तेवर के बाद सीओ सिटी को मिली चेतावनी**

**दोनों चौकी इंचार्ज सहित पांच पुलिस कर्मी लाइन हाजिर**



रात्रि गश्त का निरीक्षण करते पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज।

**बस्ती (एसएनबी)।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पुलिस महानिरीक्षक बस्ती रेंज रामकृष्ण भारद्वाज ने रेंज के तीनों जनपदों में दो शिफ्ट चलनेवाली रात्रिकालीन गश्त केमिलान का सभी एसपी ,एएसपी व क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिया था। चेकिंग अभियान की हकीकत जानने के लिए आईजी नेखुद आन स्पाट चेकिंग की तोजिले के गश्त व्यवस्था की पोल खुल गयी।

सीओ सिटी की लोकेशन जहां गश्त के दौरान उनके आवास पर मिली तो वहीं पटेल चौक व हड़िया के चौकी इंचार्ज गश्त पिकप प्वाइन्ट पर न रहकर चौकी पर ही आराम फरमाते मिल गये। जिसेआईजी ने गंभीरता से लिया और सीओ सिटी केव्यक्तिगत पत्रावली पर चेतावनी अंकित किया तो वहीं कार्य में लापरवाही बरतनेवालेपटेल चौक व हड़िया के इंचार्ज सहित पांच पुलिस कर्मियोंको लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में अपराध-अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक माना गया है। इसे सुदृढ़ बनाये रखने हेतु बेहतर पुलिसिंग एवं आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना होनी अति आवश्यक है। पुलिस महानिरीक्षक रामकृष्ण भारद्वाज ने बताया कि अक्सर रात्रि के समय आपराधिक तत्वों की सक्रियता बढ़ जाती है और हत्या, लूट, डकैती, चोरी नकबजनी तथा महिलाओं के साथ अपराध आदि की घटनायें घटित होती है। जिनका आम जनमानस में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व रोकथाम हेतु रात्रि में पुलिस की सक्रियता बढ़ाया जाना अति आवश्यक होता है। इसके अनुपालन में पुलिस महानिरीक्षक श्री भारद्वाज द्वारा रात्रि प्रथम गश्त मिलान समय 11.00 बजे से 12.30 बजे तक व द्वितीय गश्त मिलान समय रात्रि 1.00 बजे सेरात्रि 3.00 बजे तक कराने हेतु परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के सभी थानों-चौकियों की पुलिस को रात्रि गश्त मिलान के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया था। जिसमें सभी पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी व समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक-थानाध्यक्ष भी शामिल हुये। रात्रि गश्त मिलान में जनपद के पुलिस अधीक्षक-अपर पुलिस अधीक्षक-क्षेत्राधिकारीगण निकलकर गश्त मिलान को चेंकिग करने हेतु निर्देशित किया गया था। सभी थाना क्षेत्र में कम से कम तीन प्वाइंट बनाकर गश्त मिलान की चेंकिग की गयी। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती द्वारा गश्त मिलान की चेंकिग किया गया। जिसमें थाना कोतवाली के चौकी पटेल चौक पर चौकी इंचार्जउपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव व चौकी पर नियुक्त सभी कर्मचारीगण के साथ अपने निर्धारित गश्त मिलान/चेकिंग प्वाइंट पर न रहकर चौकी पर मौजूद पाये गये व थाना पुरानी बस्ती के चौकी हड़िया पर चौकी इंचार्ज कमलेश गौड़ केअलावा चौकी पर नियुक्त सभी कर्मचारीगण के साथ अपने निर्धारित गश्त मिलान-चेंकिग प्वाइंट पर न रहकर चौकी पर मौजूद पाये गये। जिस पर आईजी बस्ती द्वारा उपरोक्त सभी कर्मचारियों को लाईन हाजिर कर दिया गया। चेंकिग के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर जनपद बस्ती अपने सरकारी आवास पर मौजूद पाये गये जिस पर उनको व्यक्तिगत पत्रावली पर चेतावनी दी गयी।

इसके अलावा पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर थाना कोतवाली के हेड का.राजेश सिंह,का. हरिप्रकाश, का.सुनील खरवार, हेड का.ओमप्रकाश यादव, हेड का.रामानन्द तिवारी को भी अनुपस्थित पाये जाने पर लाइन हाजिर कर दिया।

# संविलियन विद्यालय में गैस सिलेंडर में लगी आग

**दुबौलिया(एसएनबी)।** स्थानीय विकासखंड के अंतर्गत संविलियन विद्यालय महुलानी के किचन में खाना बनाते समय अज्ञात कारणों से गैस सिलेंडर में आग लग गई। भोजन बना रहे रसोइयों ने इसकी सूचना शिक्षकों को दिया तो विद्यालय में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने अग्नि शमन यंत्र से आग बुझाया। आग बुझने के बाद विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने राहत की सांस ली। संविलियन विद्यालय महुलानी में बच्चों की परीक्षा चल रही थी। उधर रसोई घर में रसोईया भोजन बना रही थी। इतने में अचानक गैस सिलेंडर से भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही अपरा-तफरी मच गई। प्रधानाध्यापक दिनेश मौर्य आग बुझाने के लिए जैसे ही पहुंचे की आग की लपटें तेज होने के चलते हिम्मत नहीं जुटा पाए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड एवं डायल 112 को दी। मौके पर डायल 112 एवं कप्तानगंज पुलिस ने पहुंचकर अग्नि शमन यंत्र से आग को बुझाया। आग बुझाने के बाद विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने राहत की सांस ली है।कप्तानगंज पुलिस ने पहुंच कर जायजा लिया।

# धीमी गति से हो रहे निर्माण से आक्रोशित व्यापारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**हरैया(एसएनबी)।** जनपद में नियम विरुद्ध 40 किमी के अन्दर दो टोल वसूली के उपरान्त बदहाल हाइवे व सर्विसरोड सही कराने की मांग को लेकर आज सैकड़ों समर्थकों तथा व्यवसाईयों के साथ समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा ने शासन प्रशासन के विरुद्ध बभनान चौराहे से तहसील गेट तक पैदल मार्च किया और समाधान दिवस में पहुंचकर जिलाधिकारी आंद्रा वामसी को ज्ञापन सौंपा। जब तक न हो उचित प्रबन्ध टोल वसूली कर दो बंद, कहां गये बस्ती के लाल नेशनल हाईवे है बदहाल, युं सोयेगा एनएचएआई तो कैसे जनता आई-जाई की नारेबाजी करते हुए तहसील प्रांगण पहुंचे समाजसेवी ने नवागत जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जहां सुरक्षित व सुगम यातायात के नाम पर बस्ती जनपद में मानक विरुद्ध 40 किलोमीटर के परिधि में दो-दो टोल वसूला जा रहा है वहीं सुविधाएं नगण्य है। जनपद के अनेक चौराहे अण्डरपास विहीन हैं जिसके चलते लोगों को जान हथेली पर रखकर सड़क पार करना पड़ता है। हाईवे बदहाल है। इतना ही नहीं छावनी बाजार स्थित राम-जानकी तिराहे पर तीन वर्षों से निर्माणाधीन अण्डरपास की गति इतनी मंद है कि अभी तक महज 25 प्रतिशत कार्य ही हो सका है।

फलतः भारी वाहन जिस सर्विसलेन से होकर गुजरता है वो गिट्टी व कीचड युक्त गढ्ढे में तब्दील हो चुका है। श्री पाण्डेय ने मांग किया कि खुले चौराहों पर अण्डरपास बनाने हाइवे को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश के साथ साथ छावनी में कीचड़ व गिट्टी युक्त गड्ढे में तब्दील सर्विस लेन पर शीघ्र लेपन कार्य सुनिश्चित कराया जाय अन्यथा की दशा में स्थानीय दुकानदारों व ग्रामीणों संग हम लोगों को बेमियादी धरना प्रदर्शन करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। जिलाकिारी ने शीघ्र समस्या समाधान का आश्वासन दिया है। इस मौके पर अरूण सिंह, प्रदीप सिंह, राजेश सिंह, व्यापार मंडल के बबलू सोनी, अरूण सिंह के साथ साथ पशुपतिनाथ चतुर्वेदी, चन्द्र प्रकाश तिवारी, राजीव पाण्डेय, फूलचंद जयसवाल, हरिश्चंद्र मौर्य, सुजीत कुमार, रामसेवक, राकेश गुप्ता, संदीप कुमार, अशोक कुमार, नन्हेलाल, सुनील कुमार, पृथ्वीराज चौहान, रणजीत गुप्ता, अवशेष बर्मा, अखिलेश चौरी प्रमुख सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक

**रूधौली (एसएनबी)।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद इकाई के ब्लाक अध्यक्ष साऊ घाट लालजी कन्नौजिया के नेतृत्व में विकासखंड साऊघाट मुख्यालय पर शनिवार को हुई बैठक में पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में हड़ताल का आह्वान किया गया। कर्मचारियों के हित में कई बिन्दुओं पर चर्चा कर रणनीति बनाई गई। राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने कहा कि पेंशन बुढ़ापे की लाठी होती है ऐसे में अगर सरकार हमारी लाठी छीन रही है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हम अपने अधिकारों के लिए लगातार लड़ाई लड़ते रहेंगे। सफाई कर्मचारी के जिलाध्यक्ष अजय कुमार आर्य ने सभी कर्मचारियों से कहा कि 21 सितंबर को बस्ती नलकूप कालोनी पर पहुंचकर एक दिवसीय धरना देकर डीएम कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे। इस मौके पर ब्लाक मंत्री रीता चौधरी, मनोज कुमार वर्मा, अमित कुमार, रामपाल चौधरी, पेशकार, शिवमंगल, रामपाल, ललित मौर्य, पूनम शर्मा,आलोक दिवाकर, यशवर्धन, रणविजय, विवेक श्रीवास्तव,नेहा वर्मा अशोक कुमार गौतम, विवेक श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार , घनश्याम फूलचंद, अखिलेश कुमार, गोविंद प्रसाद, धर्मेन्द्र,संतोष, प्रहलाद, मंजू नीलम , निर्मला, साधना सहित लोग मौजूद रहे।

# बोलेरो की ठोकर से युवक घायल

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। इस सम्बन्ध में घायल के भाई की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।वाल्टरगंज थानान्तर्गत पड़िया चौराहा पर तेज रफ्तार बोलेरो संख्या यूपी 51 एच/ 5376 के चालक ने सुल्तानपुर जनपद के अभियाकला गांव निवासी दयानन्द की बाइक संख्या यूपी 44 एक्यू/ 3550 में ठोकर मार दिया। जिससे दयानन्द गम्भीर रूप से जख्मी हो गये और उनकी बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। मामले में घायल के छोटे भाई सदानन्द पुत्र रामलाल निवासी ग्राम अभियाकला थाना दोमुहाँ कोतवाली जिला सुल्तानपुर की तहरीर पर वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 338, 427 आईपीसी व 184 एमवी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# आठ लोगों पर दर्ज हुआ गुण्डा एक्ट

**बस्ती (एसएनबी)।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दुबौलिया थाने की पुलिस ने आठ लोगो पर गुण्डा एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसान दुबौलिया थाने की पुलिस ने आशीष कुमार पुत्र विजय पाल, शैलेन्द्र कुमार उर्फ पवन कुमार, अंकुर वर्मा पुत्र हरिराम वर्मा, विश्वनाथ पुत्र तुलसीराम, उमेश चौधरी पुत्र गौरी शंकर चौधरी, रामकुमार पुत्र झिनकान उर्फ लोदई, संतोष यादव पुत्र रामचन्दर, कमलेश चौधरी पुत्र बाबूराम निवासीगण सरवनपुर पाण्डेय थाना दुबौलिया के विरूद्ध 3/4 गुण्डा अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तगणो द्वारा अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए क्षेत्र में रहकर मारपीट, लूट तथा अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते थे। इनके कृत्यों से क्षेत्र की आम जनता में भय का माहौल व्याप्त था। थाने में अभियुक्तो के विरूद्ध कई मुकदमें भी पंजीकृत किये जा चुके थे, जिससे यह कार्यवाही किया गया।

# भूमि विवाद में ढहाई दीवाल, चार नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** जमीनी विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक युवक को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी व दीवाल गिरा दिया। इस सम्बन्ध में हल्का लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जमीनी विवाद को लेकर कुछ लोग एकराय होकर विजय कुमार यादव की दीवाल को तोड़कर गिरा दिया, जिन्हे ऐसा करने से रोकने पर अभियुक्तो ने विजय को गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित विजय कुमार यादव पुत्र कोदई प्रसाद निवासी रायपुर थाना परसरामपुर, की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी फूलचन्द, श्रीचन्द्र पुत्रगण रामकेवल यादव व सुनीता देवी पत्नी रामकेवल यादव, रामकेवल यादव पुत्र भगौती यादव निवासीगण रायपुर थाना परसरामपुर के विरूद्ध धारा 427, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक की ठोकर से वृद्ध की मौत

सल्टौआ। सोनहा थानाक्षेत्र के हरिहरपुर गांव के पास बाइक की चपेट में आने से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए पीएचसी सल्टौआ ले गए, जहां हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसे बचाया नहीं जा सका। जानकारी के अनुसार हरिहरपुर गांव निवासी राम उजागिर (65) शुक्रवार की शाम को गांव से चौराहे की तरफ पैदल सड़क पर जा रहे थे।

# किशोरी की गुमशुदगी का केस दर्ज

बस्ती। गौर पुलिस ने क्षेत्र के गांव की 16 वर्षीय किशोरी के गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। वादी ने तहरीर दिया कि उनकी बेटी रात में घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी का केस दर्ज किया है।

# दीवार गिराने के मामले में दबंगों पर केस

बस्ती। परशुरामपुर पुलिस ने रायपुर गांव में जमीन की रंजिश में एक पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष की दीवार गिराने मना करने पर गाली व धमकी देने के मामले में चार के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए तहरीर में विजय यादव ने कहा है कि गांव के फूलचंद्र, श्रीचंद्र, सुनीता और रामकेवल यादव जमीन के विवाद में उनकी दीवार गिरा दिए। मना करने पर यह लोग गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सभी चारो के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है।

# एमडीएम बनाते वक्त सिलेंडर में लगी आग

कप्तानगंज। दुबौलिया के संविलियन विद्यालय महुलानी के एमडीएम बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। शिक्षकों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड और डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अग्निमिशन यंत्र से आग बुझाई। महुलानी में बच्चों की परीक्षा चल रही थी और किचन में रसोइया भोजन बना रही थी। अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग लगते ही अफरातफरी मच गई। प्रधानाध्यापक ने फायर ब्रिगेड एवं डायल 112 को सूचना दी।

# मोटरसाइकिल की ठोकर से बुजुर्ग महिला की मौत

सल्टौआ। उकड़ा-शंकरपुर मार्ग पर सोनहा थानाक्षेत्र के भैसहिया खुर्द बुजुर्ग चौराहे पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क पार कर रही महिला को ठोकर मार दिया। हादसे में बुजुर्ग महिला घायल हो गई। सूचना पहुंचे प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिह ने जिला अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान भैसहिया खुर्द बुजुर्ग गांव निवासिनी राजकुमारी ( 70 ) पत्नी रामसुमेर के रूप में हुई. राजकुमारी शाम करीब सात बजे किसी काम से चौराहे पर गई थी तभी हादसे का शिकार हो गई।

# वाणिज्य कर विभाग ने की दुकान पर छापेमारी

कप्तानगंज। जीएसटी टीम ने शनिवार को कप्तानगंज के जसईपुर स्थित एक दुकान की जांच की। इसकी सूचना से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कई व्यापारी दुकान बंद दिए। लेकिन बाद में पता चला कि आईजीआरएस पर हुई शिकायत पर जीएसटी की टीम जांच करने पहुंची थी। हालांकि दुकान के प्रोपराइटर के मौजूद नहीं होने के कारण जांच नहीं हो सकी। वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर श्रीपति तिवारी व उपेन्द्र यादव ने बताया की शिकायत पर जांच के लिए टीम आई थी। मामला कप्तानगंज के जसईपुर स्थित एक दुकान का है। बताया जाता है कि उक्त फर्म करोड़ों रुपये जीएसटी के गोलमाल की शिकायत की गई थी।

# बैंक और एटीएम बूथों की पुलिस करेगी पड़ताल

बस्ती, निज संवाददाता। जिले में करीब 120 से अधिक एटीएम बूथ हैं, लेकिन इनमें 70 फीसदी ऐसे हैं, जहां सुरक्षा गार्ड नहीं हैं। चोरी और लूट की बढ़ती वारदातों के बावजूद बैंक प्रबंधन एटीएम की सुरक्षा को लेकर गंभीरता नहीं है। कैश वैन की सुरक्षा मात्र एक गार्ड के हवाले रहती है, वह पुलिस की तरह प्रशिक्षित नहीं होते हैं। मिर्जापुर की घटना के बावजूद शहर समेत ग्रामीण इलाकों के एटीएम की सुरक्षा भगवान भरोसे है। जिले में कैश वैन सुरक्षा महज एक गार्ड जिम्मे चल रही है। बड़ेवन, कटरा, कंपनीबाग, गांधीनगर, रोडवेज, दक्षिण दरवाजा समेत शहर के अन्य इलाकों में लगे विभिन्न बैंकों के एटीएम पर कोई सुरक्षा गार्ड नहीं रहता।

यही हाल नगर पंचायत मुख्यालयों, कस्बों में लगे एटीएम का भी है। मिर्जापुर में 12 सितबर को गार्ड की हत्या और कैश वैन से लूट के बाद जिले की पुलिस हरकत में आई है। शनिवार को पुलिस ने कैश वैन की सुरक्षा टटोलने के साथ ही शहर के विभिन्न बैंकों की शाखाओं और एटीएम बूथों में सुरक्षा प्रबंधों को जांच की। इस दौरान वैन में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक करने के साथ ही गार्ड की गतिविधियों को भी परखा।

# रेपकांड के आरोपी चेयरमैन का सहयोगी गिरफ्तार

**कार्रवाई**

रुधौली। रेप के आरोप में जेल जा चुके रुधौली चेयरमैन धीरसेन निषाद के सहयोगी आरोपी मायाराम पाठक को स्वाट टीम और रुधौली पुलिस की संयुक्त टीम ने उसके आवास से शनिवार की देर शाम गिरफ्तार कर लिया। मालूम हो कि रुधौली थाना क्षेत्र की निवासिनी एक महिला ने धीरसेन निषाद पर नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें महिला ने अपने ही गांव के निवासी मायाराम पाठक निवासी सियरादेई पर भी रेप की घटना में अध्यक्ष का सहयोगी होने का आरोप था।

मामले में 27 अगस्त को मुकदमा दर्ज होने के बाद 31 अगस्त को रुधौली चेयरमैन की गिरफ्तारी छावनी पुलिस द्वारा की गई थी। इसके बाद से फरार चल रहे सहयोग मायाराम पाठक को पुलिस ने शनिवार को उसके घर से गिरफ्तार किया। स्वाट टीम और रुधौली प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र की संयुक्त दबिश के दौरान उसके घर की महिलाओं ने पुलिस टीम के साथ अभद्रता करने की चर्चाएं हैं।

## दलित उत्पीड़न में चार नामजद

बस्ती। लालगंज पुलिस ने घुघुसा गांव के बाग में दलित पिटाई के मामले में चार लोगों के खिलाफ मारने-पीटने धमकी देने और जातिसूचक शब्द से अपमानित करने का चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए तहरीर में ग्राम अमरौना निवासी सूरज ने कहा है आरोपियों ने फोन कर पार्सल लेने के बारे में बताया मना करने पर देईसांड बाजार से घर जाते समय बाग में साहिल, अभिषेक उर्फ लवकुश व दो अन्य लोगों ने रोक लिया और मारा पीटा।

# 18वें दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

बस्ती, निज संवाददाता। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के मामले में जिले के वकीलों ने शनिवार को संयुक्त बार की अगुवाई में विरोध-प्रदर्शन जारी रहा। अधिवक्ता संगठन की मांग है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जाए। हापुड़ के डीएम-एसपी का तत्काल तबादला किया जाए। बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज व महिला वकीलों की पिटाई के दोषी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी हो। घायल अधिवक्ताओं को तुरंत मुआवजा दिया जाए। साथ ही प्रदेश के वकीलों के खिलाफ पुलिस की तरफ से दर्ज कराए गए झूठे व मनगढंत मुकदमों को वापस लिया जाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ कांड में वकीलों को न्याय मिलने तक आंदोलन निरंतर चलता रहेगा।

इस मौके पर प्रदर्शन करने वालों प्रमुख रूप से सिविल बार के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर पाण्डेय, बद्रीप्रसाद दुबे, एडब्लुसी महासचिव दिलीप श्रीवास्तव, प्रवक्ता केएम उपाध्याय, पंकज श्रीवास्तव, जनपद बार के अध्यक्ष रजनीश दुबे, महामंत्री रमेश पाण्डेय, शशिप्रकाश शुक्ल, देवव्रत उपाध्याय, चन्द्रभान पाठक, दिलीप सिंह, रामदत्त दुबे, योगेश श्रीवास्तव समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ओवरटेक करने को लेकर दो कार सवार भिड़े

**छावनी, हिन्दुस्तान संवाद।** छावनी कस्बे में ओवरटेकिंग को लेकर दो कार सवारों ने मारपीट किया। घटना कस्बे में मस्जिद के सामने 5.45 बजे के करीब हुई। पुलिस के पहुँचने तक मारपीट होती रही। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्षों से घटना की जानकारी की जा रही है।

बस्ती अयोध्या फोरलेन पर शनिवार को कार सवारों ने आगे चल रहे एक कार को ओवरटेक कर रोक लिया। कार चला रहे चालक मयंक सिह निवासी अलीगंज जिला लखनऊ की पिटाई कर दिया। दूसरे पक्ष के अयोध्या जिले के निवासी रणबीर सिह निवासी दर्शन नगर बताये जा रहे। प्रत्यक्षर्दिशयों ने बताया कि कार चालक को पीटने वाले दूसरी कार में सवार सभी सवार नशे में धुत थे।

इस दौरान कुछ लोगों ने बीच बचाव करके छावनी पुलिस को सूचना दे दिया। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है।

# जनपद में उदास मन से लौटे 188 फरियादी

## समाधान दिवस

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** माह के तीसरे शनिवार को जनपद की सभी चार तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एक बार फिर अपने नाम की सार्थकता प्रमाणित करने में नाकामयाब रहा। कुल 223 मामलों में से महज 35 फरियादियों के चेहरे पर ही मुस्कान आई, बाकी 188 को उदास मन से वापस लौटना पड़ा। रुधौली तहसील में कमिश्नर अखिलेश सिंह, आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने जनसुनवाई की, हर्रैया व भानपुर में अलग-अलग समय पर डीएम अंद्रा वामसी व एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने तहसील में जनता फरियाद सुनी। सदर में एसडीएम विनोद पाण्डेय ने सुनवाई की। उन्होंने बताया कि कुल 95 मामलों की सुनवाई की, जिसमें से मौके पर आठ का निस्तारण करा दिया गया।




हर्रैया में तहसील समाधान दिवस में सुनवाई करते डीएम अंद्रा वामसी, एसपी गोपलकृष्ण चौधरी व अन्य अधिकारी। • हिन्दुस्तान

**गैरहाजिर अफसरों के वेतन काटने का आदेश : हर्रैया।** शनिवार को हर्रैया तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में गैर हाजिर मिले जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, एई पीडब्लयूडी, विद्युत, सिंचाई के गैर हाजिर मिलने पर अधिकारी गैर हाजिर मिलने पर डीएम अंद्रा वामसी ने एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया। यहां पर डीएम-एसपी ने दोपहर 12 बजे तक पीड़ितों सुनवाई की। इसके बाद डीएम व एसपी भानपुर तहसील दिवस में चले गए। डीएम ने कहा कि समाधान दिवस में सर्वाधिक भूमि विवाद से संबंधित मामले आ रहे है। राजस्व टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से मामले का त्वरित निस्तारण करें।

**15 मामलों में से 4 का मौके पर निस्तारण : रुधौली।** समाधान दिवस

## डीएम-एसपी ने की सुनवाई

भानपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस का डीएम व एसपी ने सुनवाई करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को समय मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में कुल 27 मामले दर्ज किए गए। जिसमें मात्र एक मामले का निस्तारण हो सका। समाधान दिवस में मोनिका वर्मा, एसडीएम आशुतोष तिवारी, तहसीलदार पकंज गुप्ता आदि अधिकारी मौजूद रहे।

कमिश्नर अखिलेश सिंह एवं आईजी रेंज आरके भरद्वाज ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। कमिश्नर ने निर्देश दिया कि राजस्व कर्मचारी जमीन के विवाद के मामलों को मौके पर जाकर निस्तारण करें। समाधान दिवस में आए 15 मामलों में से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर एसडीएम गिरीश झा, तहसीलदार सतेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# गल्ला व्यवसायी के चालक से सवा तीन लाख की लूट

बभनान, हिन्दुस्तान संवाद। गल्ला व्यवसायी के चालक से असलहे के नोक पर सवा तीन लाख रुपये लूटने का मामला प्रकाश में आया है। व्यवसायी की सूचना पर सीओ मनकापुर, छपिया और खोड़ारे पुलिस रातभर घटनास्थल से बभनान तक खाक छानती रही।

गोण्डा के कोतवाली नगर बड़गांव रानीबाजार निवासी अमरदीप अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार के दोपहर गोंडा नगर कोतवाली क्षेत्र के गरीबीपुरवा निवासी चालक राजू यादव पिकअप पर गल्ला लेकर बभनान के वार्ड नंबर-नौ लक्ष्मीबाईनगर निवासी व्यापारी शेषराम साहू को गल्ला देने निकला था। रात करीब पौने दस बजे कॉल करके बताया कि मैं बकाए की रकम लेकर वापस आ रहा था कि मसकनवा जंगल में दो लोग स्कार्पियो से आकर मेरी गाड़ी को रोक लिए। एक ने मुझ पर कट्टा तान दिया और दूसरा 336200 रुपये लेकर भाग गए।

घटना की सूचना मिलते सीओ मनकापुर नवीन शुक्ल के नेतृत्व में कोतवाल सुधीर सिंह, कोतवाल क्राइम अरुण राय, प्रभारी निरीक्षक छपिया सुरेश वर्मा मयफोर्स मसकनवा, छपिया, बभनान आदि जगहों के सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से लुटेरों के सुराग लगाने में रातभर जुटे रहे। इस बावत सीओ मनकापुर नवीन शुक्ल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय कर दी गई है। मामले की जांच में पुलिस लगी है।



सीएमओ कार्यालय के समक्ष गेट मीटिंग करते राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान

# ओपीएस की मांग को लेकर गरजे राज्य कर्मचारी

**बस्ती, निज संवाददाता।** पुरानी पेशन बहाली की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का आंदोलन जारी है। शनिवार को सीएमओ कार्यालय के समक्ष चिकित्सा स्वास्थ्य मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के संरक्षक मो. शमीम की अध्यक्षता में गेट सभा आयोजित की गई। 21 सितम्बर को नलकूप कॉलोनी से निकलने वाली रैली में भागीदारी का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन डिप्लोमा, फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सचिव शैलेन्द्र राय ने किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रामअधार पाल एवं जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली का मुद्दा पूरे देश में जोर-शोर से चल रहा है। केन्द्रीय कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, शिक्षक पुरानी पेंशन की मांग को लेकर वर्षो से आंदोलित हैं। सरकार बार-बार कमेटी के गठन के नाम पर कर्मचारियों को गुमराह कर रही है। देशव्यापी आन्दोलन के तहत 21 सितम्बर को पूरे देश में कर्मचारी हर जनपद में रैली निकाल कर अपनी ताकत का एहसास कराएंगे। आन्नद सिंह, राकेश पांडेय, मंत्री मितेन्द्र कुमार, गया प्रसाद उपाध्याय, राकेश श्रीवास्तव, धनश्याम गुप्ता, संतोष राव, अध्यक्ष उमेश वर्मा, जलालुदीन कुरैशी, रामगोपाल, शमीम अख्तर, स्वामी नाथ गुप्ता, रवीन्द्रकुमार, मंगल श्रीवास्तव, मुग्धा श्रीवास्तव, कनीज फातिमा लारी, रामअजोर चौधरी, हरीराम पाल, सालिकराम वर्मा, गुरुसहाय, लालचन्द्र वर्मा, डॉ. एके सिंह शामिल रहे।



रात्रि गश्त की पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में जांच करते आईजी रेंज आरके भारद्वाज।

# लापरवाही में दो चौकी प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

- आईजी रेंज व एसपी ने खुद संभाली रात्रि गश्त निरीक्षण की कमान
- घर पर मिले पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर को भी आईजी ने दी चेतावनी

**बस्ती, निज संवाददाता।** आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने गश्त के निरीक्षण में लापरवाही पाए जाने पर सीओ सिटी को चेतावनी जारी की है। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने दो चौकी प्रभारियों समेत सात पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। कार्रवाई के बाबत पूछे जाने पर पुलिस कप्तान ने बताया कि रात्रि गश्त की जांच की गई, जिसमें दायित्वों के प्रति लापरवाही पाई गई। इस पर आईजी रेंज के निर्देश पर एक्शन लिया गया है, जिसमें चौकी प्रभारी पटेल चौक, थाना कोतवाली राजेन्द्र प्रसाद यादव व चौकी प्रभारी हड़िया थाना पुरानी बस्ती कमलेश गौड़ और कोतवाली में तैनात मुख्य आरक्षी राजेश सिंह, आरक्षी हरिप्रकाश व सुनील खरवार, पुरानी बस्ती में तैनात मुख्य आरक्षी ओमप्रकाश यादव और रामानंद तिवारी को लाइन हाजिर किया है।

**डिप्टी एसपी को मिली चेतावनी :** रात्रि गश्त की चेकिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर जनपद बस्ती अपने सरकारी आवास पर मौजूद पाए गए। जबकि उन्हें चेकिंग प्वाइंट पर मौजूद रहना था। वहां नहीं मिले इस पर आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने गंभीरता से लेते हुए जिस पर उनकी व्यक्तिगत पत्रावली पर लिखित रूप से चेतावनी दी है।

# पैदा हुआ था बेटा, थमा दी मृत बच्ची, दो डॉक्टरों समेत छह पर केस

- कोर्ट के आदेश पर ग्लोबल हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर के डॉक्टर पर हुई कार्रवाई
- मामला 24 मई का बताया जाता है, मामले की जांच सीओ प्रीती खरवार करेंगी

बस्ती, निज संवाददाता। पत्नी की डिलीवरी कराने गए युवक ने एक हॉस्पिटल के डॉक्टर समेत छह लोगों पर केस दर्ज कराया है। मामला कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ है।

लालगंज पुलिस ने मुंडेरवा के हल्लौर नगरा निवासी ऋषिराज की तहरीर पर दो चिकित्सकों समेत छह लोगों पर ठगी करने, धमकी देने और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने अपनी तहरीर में लिखा है कि ग्लोबल हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर सजनाखोर, बनकटी में अपनी पत्नी अमृता देवी की डिलीवरी के लिए ऑपरेशन कराया था। इस दौरान उनका बच्चा बदलकर बेटे की जगह पर मृत बच्ची को पकड़ा दिया गया। इस मामले में लालगंज पुलिस ने वीरनरायन चौधरी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. राधिका, सूरज चौधरी, रेनू और रुखसार के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। यह मामला 24 मई 2023 का बताया जाता है। डॉक्टरों ने प्रसूता को बताया कि पेट में बच्चा पांच दिन से मरा हुआ है। इस पर प्रसूता के पति ऋषिराज को शक हुआ तो उन्होंने इस मसले पर डॉक्टर से बात की। अस्पताल की ओर से उनके साथ बदसलूकी की गई। उन्होंने इस मामले में अदालत की शरण ली और कोर्ट के आदेश पर लालगंज पुलिस ने शुक्रवार का केस दर्ज कर घटना की तहकीकात सीओ रुधौली प्रीती खरवार की ओर से कराई जा रही है।

**आज आएंगे राज्य सूचना आयुक्त** : बस्ती। राज्य सूचना आयुक्त नरेन्द्र श्रीवास्तव रविवार को सर्किट हाउस बस्ती में आएंगे। उक्त जानकारी सूचना आयुक्त के निजी सचिव ने दी है। उन्होंने बताया कि 18 सितम्बर को दोपहर एक बजे से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज

## कार्रवाई

- 20 बीघा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किए थे
- हल्का लेखपाल की तहरीर पर सभी पर केस दर्ज

हरैया, हिन्दुस्तान संवाद। हरैया तहसील क्षेत्र के सहराएं गांव में ग्राम समाज की 20 बीघे सरकारी जमीन पर वर्षों से अवैध कब्जा करने वाले नौ लोगों पर केस दर्ज किया गया है। हल्का लेखपाल की तहरीर पर लोक संपत्ति क्षति निवारण की धारा में मामला पंजीकृत हुआ।

तहसील प्रशासन के मुताबिक सहराएं गांव निवासी ईश्वरी पाण्डेय निःसंतान थे। इनका कोई जायज वारिस नहीं था। इस वजह से इनके निधन के बाद इनका 20 बीघा जमीन ग्राम समाज के खाते में दर्ज कर दी गई। वर्ष 1987 में तत्कालीन लेखपाल व ग्राम प्रधान से गठजोड़ कर कुछ लोगों ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए यह जमीन अपने नाम दर्ज करा लिया। गांव के एक व्यक्ति ने आपत्ति जताते हुए डीडीसी न्यायालय में वाद दायर कर दिया। वर्ष 1993 में डीडीसी न्यायालय के आदेश से यह भूमि फिर ग्राम समाज में दर्ज हो गई। जिसके बाद कब्जेदारों ने उच्च न्यायालय में कब्जा बेदखली रोकने के साथ सुनवाई की अपील की। वर्ष 2019 में उच्च न्यायालय ने डीडीसी के फैसले को बहाल करने का निर्णय व कब्जा बेदखली के साथ ही भूमि ग्राम समाज के खाते में दर्ज करने का फैसला सुनाया। जिसके बाद भी अवैध कब्जेदारों ने कब्जा नहीं छोड़ा। एसडीएम गुलाब चंद्र ने पूछे जाने पर बताया सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले नौ लोगों पर एफआईआर हरैया थाने में दर्ज करा दी गई है। अब इन्हें भू माफिया घोषित करने की विधिक कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

## समाजसेवी चंद्रमणि की पहल पर हुई कार्रवाई

20 बीघा सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने में समाजसेवी चंद्रमणि पाण्डेय ने कई बार तहसील व जिले के प्रमुख राजस्व अधिकारियों से भूमि खाली कराने की गुहार लगाई। मामले से अवगत होते ही नवागत डीएम अंद्रा वामसी ने एसडीएम हरैया गुलाब चंद्रा को कार्रवाई करने का आदेश दिया। जिसके क्रम में हल्का लेखपाल राजेन्द्र पाण्डेय की तहरीर पर शुक्रवार की देर शाम हरैया थानाक्षेत्र के सहराएं गाव निवासी शीतला प्रसाद, वेदप्रकाश व सत्यप्रकाश, अजय कुमार, अरुण, अक्षय, प्रेमदास, बसंत के साथ ही इसी थानाक्षेत्र के ग्राम पूरे सोरिल निवासी माता प्रसाद पर केस दर्ज हुआ है।

अमृतसर, पंजाब से बस्ती आ रहे थे व्यापारी हरप्रीत सिंह

# ट्रेन से सराफा व्यापारी का 65 लाख का सोना चोरी

**दुस्साहस**

**बस्ती, निज संवाददाता।** आम्रपाली एक्सप्रेस से स्वर्ण व्यवसायी का सोने के जेवरात से भरा बैग चोरी हो गया। बैग में करीब 1.4 किलोग्राम सोना था, जिसकी अनुमानित कीमत 65 लाख रुपये बताई जा रही है। गोंडा रेलवे स्टेशन के आउटर पर व्यापारी हरप्रीत सिंह को बैग चोरी की जानकारी हुई। बस्ती पहुंचने पर उन्होंने जीआरपी को घटना की जानकारी दी। जीआरपी ने चोरी का केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।



- गोंडा रेलवे स्टेशन के आउटर पर घटना की हुई जानकारी
- लेदर के बैग में रखे थे करीब 1.4 किलोग्राम वजन के जेवरात
- जीआरपी बस्ती में दर्ज कराया गया मुकदमा, छानबीन शुरू

अमृतसर के रहने वाले सराफा व्यापारी हरप्रीत सिंह ने तहरीर में बताया है कि 12 सितंबर को वह अकेले ट्रेन नंबर-15708 आम्रपाली एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-1 सीट नंबर-7 पर यात्रा कर रहे थे। वह व्यास रेलवे स्टेशन से बस्ती के लिए यात्रा कर रहे थे। उनके पास एक किलो 397 ग्राम 650 मिलीग्राम सोने के आभूषण थे। जिसको चमड़े के बैग में रखे थे। इसका बिल भी उनके पास है। उनके अनुसार यात्रा के दौरान रात करीब साढ़े नौ बजे वे अपनी सीट पर सो गए। अगले दिन 13 सितंबर की सुबह 6.20 बजे उनके भाई नवप्रीत सिंह ने कॉल की तो हरप्रीत की नींद खुली। तब उन्होंने देखा कि उनका बैग नहीं है। इसके बाद उन्होंने बैग की काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। उस समय ट्रेन गोंडा रेलवे स्टेशन के आउटर को क्रॉस कर रही थी। जीआरपी बस्ती ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर में घुस कर मारने-पीटने का केस दर्ज

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस ने मरौती पांडेय गांव में जमीन की रंजिश को लेकर राधेश्याम पांडेय, लल्लन और पल्लन के खिलाफ वादी ज्योतिमा गौड़ की तहरीर पर केस दर्ज किया है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देना तथा मारना-पीटना और पंखा को तोड़ देना तथा वादिनी की बहन को अश्लील इशारा करने का केस दर्ज किया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# अज्ञात कार ड्राइवर पर केस दर्ज

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने पड़िया चौराहे के पास हुई दुर्घटना में अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाकर टक्कर मारना सहित सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया है। इस मामले में सुल्तानपुर जिले के दोमुंहा कोतवाली क्षेत्र के अभियाकला निवासी सदानंद ने तहरीर दिया कि पड़िया चौराहे के पास उनके भाई दयानंद बाइक से जा रहे थे।

# अवैध कब्जे से तालाब खाली कराएं अधिकारी : मंडलायुक्त

## संपूर्ण समाधान दिवस में आए 186 मामले 35 निस्तारित, रुधौली में कमिश्नर व आइजी तो हर्रैया में डीएम ने सुनी फरियाद


संपूर्ण समाधान दिवस पर रुधौली तहसील में फरियाद सुनते मंडलायुक्त अखिलेश सिंह साथ में आइजी आरके भारद्वाज • जागरण


संपूर्ण समाधान दिवस पर हर्रैया तहसील में फरियाद सुनते डीएम आंद्रा वामसी साथ में एसपी गोपालकृष्णा चौधरी, सीडीओ व अन्य • जागरण

**जागरण टीम, बस्ती:** जनपद की चारों तहसील मुख्यालयों पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। न्याय की उम्मीद में पहुंचे अधिकतर फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। कुल 186 मामले आए। जिनमें से 35 मामले ही निस्तारित हो पाए हैं।

रुधौली में कमिश्नर अखिलेश कुमार सिंह व आइजी रामकृष्ण भारद्वाज की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। कमिश्नर ने कहा कि तहसील क्षेत्र में बंटवारा व खारिज-दाखिल के मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण करें। अवैध कब्जा से तालाबों को खाली कराएं। कुल 15 मामले आए। जिनमें से महज चार का ही निस्तारण हो सका। एसडीएम गिरीश कुमार झा, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह, नायब तहसीलदार नीरज सिंह, खंड विकास अधिकारी घनेश कुमार यादव, खंड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद, सप्लाई इंस्पेक्टर शैलेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। सदर तहसील में एसडीएम सदर विनोद पांडेय व एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 95 मामले आए। जिसमें से आठ का ही निस्तारण हो सका। शेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया।

**हर्रैया में डीएम और एसपी ने सुनी फरियाद**

**हर्रैया, बस्ती:** हर्रैया तहसील सभागार में नवागत जिलाधिकारी आंद्रे वामसी व एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। दोपहर तक पीड़ितों की भीड़ कम रही। डीएम दोपहर 12 बजे भानपुर तहसील के लिए निकल गए। जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस में सर्वाधिक भूमि विवाद से संबंधित मामले आ रहे हैं। राजस्व टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से उसका त्वरित निस्तारण करें। कुल 86 मामले आए। जिसमें राजस्व विभाग से 32, पुलिस 20, विकास 15, विद्युत 8, शिक्षा 6, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित तीन व अन्य कुल दो मामले आए। 22 मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, सहायक अभियंता विद्युत, सहायक अभियंता सिंचाई गैर हाजिर मिले। डीएम ने सभी का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया।

हर्रैया थाना क्षेत्र के खम्हरिया गंगाराम गांव निवासी रामलौट ने बताया कि गांव में नवीन परती भूमि पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। जिसकी शिकायत पिछले दो वर्षों से तहसील व थाना दिवस में कर रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई करवाई नहीं हुई है। पैकोलिया थाना क्षेत्र भानपुर गांव निवासी लालमन ने बताया कि गांव के तरवुन्नशा को प्रधानमंत्री आवास मिला। लेकिन वह मकान नहीं बनवाई। फर्जी जियो टैगकर तीनों किश्तें भी खाते में भेज दिया गया। जांच में दोषी पाए जाने पर भी धन की रिकवरी अभी तक नहीं किया गया। सीडीओ डा. राजेश प्रजापति, सीएमओ डा. आरपी मिश्रा, एसडीएम गुलाब चंद्रा, परशुरामपुर प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर यादव, पूर्ति निरीक्षक रमेश वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**भानपुर में सिर्फ एक मामले का हुआ निस्तारण, भानपुर:** जिलाधिकारी आंद्रे वामसी व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी की अध्यक्षता में भानपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। कुल 27 मामले आए। जिनमें से एक का ही निस्तारण हो सका। डीएम ने कहा कि एक ही समस्या के लिए लोगों को बार बार न दौड़ना पड़े। भिरिया के सुखमंगल सिंह ने शिकायत किया कि लगभग दो माह पूर्व कुएं में गिरने से उनकी भैंस की मौत हो गई थी। अभी तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। डीएम ने तहसीलदार को निर्देश दिया की तहसील दिवस समाप्त होने के बाद पीड़ित की समस्या का अपने स्तर से समाधान करें। तुरकौलिया के देवी प्रसाद ने शिकायत किया कि लगभग आधा दर्जन लोगों ने गलत तरीके से श्रम कार्ड बनवाकर शादी का अनुदान हड़प लिया है। दो माह पूर्व जिलाधिकारी से जनता दर्शन में शिकायत किया था। जिम्मेदारों ने गलत रिपोर्ट लगाकर समस्या का निस्तारण कर दिया। दोबारा शिकायत करने पर डीएम ने एसडीएम भानपुर को जांच सौंप दिया। लेकिन एक माह बाद भी शिकायत की जांच नहीं की गई।

# दो चौकी प्रभारी समेत सात पुलिसकर्मी लाइन हाजिर


पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त मिलान चेक करते आइजी आरके भारद्वाज• सौ.विभाग

जागरण संवाददाता, बस्ती: आइजी आरके भारद्वाज द्वारा शुक्रवार को रात्रि गश्त मिलान/ ड्यूटी प्वाइंट की चेकिंग की गई। इस दौरान जनपद बस्ती के कोतवाली क्षेत्र में पटेल चौक चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव व प्रभारी चौकी हड़िया उप निरीक्षक कमलेश गौड़ अनुपस्थित पाए गए। इसके अलावा कोतवाली के हेड कांस्टेबल राजेश सिंह, कांस्टेबल हरि प्रकाश व सुनील खरवार जबकि पुरानी बस्ती के हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव व रामानंद तिवारी अनुपस्थित पाए गए। यह सभी ड्यूटी प्वांइट पर नहीं मिले। ऐसे में एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने इन सभी को लाइन हाजिर कर दिया है। डीजीपी की ओर से गुरुवार को जारी आदेश में रात्रि गश्त मिलान के लिए कहा गया था। उसी क्रम में आइजी आरके भारद्वाज ने शुक्रवार की रात में परिक्षेत्र के सभी जनपदों में रात्रि गश्त मिलान का निर्देश दिया था। आइजी ने प्रथम गश्त मिलान रात 11 से 12.30 बजे तक व द्वितीय गश्त मिलान रात एक से तीन बजे तक कराने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया था। रात में सभी थाना क्षेत्र में कम से कम तीन प्वाइंट बनाकर गश्त मिलान की चेकिंग की गई। आइजी द्वारा गश्त मिलान की चेकिंग के दौरान कोतवाली बस्ती के पुलिस चौकी पटेल चौक पर चौकी इंचार्ज व चौकी पर नियुक्त सभी कर्मचारीगण के साथ अपने निर्धारित चेकिंग प्वाइंट पर न रहकर चौकी पर मौजूद पाए गए। थाना पुरानी बस्ती के चौकी हड़िया पर चौकी इंचार्ज व चौकी पर नियुक्त सभी कर्मचारी अपने निर्धारित चेकिंग प्वाइंट पर न रहकर चौकी पर मौजूद पाये गए। ऐसे में आइजी के निर्देश पर सभी को लाइन हाजिर कर दिया गया। चेकिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद भी अपने सरकारी आवास पर मौजूद पाए गए। उनको व्यक्तिगत पत्रावली पर चेतावनी दी गई है।

# सास पर हमला करने वाले दामाद को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बस्ती।** कलवारी पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध जान से मारने के मामले में केस पंजीकृत किया गया है। पुलिस को दिए गए तहरीर में गरिमा पाण्डेय निवासिनी ग्राम पड़री ने लिखा है कि उनके पति शरदचंद्र, ससुर जैसराम पाण्डेय, सासु मंजू, देवर राहुल और देवरानी प्रीति से से विवाद चल रहा है। शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे जब उनकी मां अर्चना और भाई गौरव त्रिपाठी निवासी देवनाथपुर थाना दुबौलिया पड़री गांव आए। उसके मां और भाई को देखते ही पति, ससुर, सास, देवर और देवरानी ने गरिमा, अर्चना और गौरव को पीटकर घायल कर दिया और गाड़ी भी तोड़ दी। थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बताया की महिला के तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध केस पंजीकृत कर जांच उप निरीक्षक को दिया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी शरदचन्द पाण्डेय को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा, जहां से जेल भेज दिया गया।

# 20 बीघा भूमि कब्जाने वाले नौ लोगों पर मुकदमा

- लोक संपत्ति क्षति निवारण की धारा के तहत हुई कार्यवाही
- भू-माफिया घोषित होंगे जमीन पर कब्जा करने वाले : एसडीएम

जागरण संवाददाता, हरैंया, बस्ती : तहसील क्षेत्र के सहराएं गांव में ग्राम समाज की 20 बीघा भूमि पर वर्षों से कब्जा करने वाले नौ लोगों पर हलका लेखपाल की तहरीर पर हरैंया पुलिस ने लोक संपत्ति क्षति निवारण की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

गांव निवासी ईश्वरी पांडेय निःसंतान थे। उनका कोई जायज वारिस भी नहीं था। इसके चलते उनके निधन के बाद उनकी 20 बीघा जमीन ग्राम समाज में खाते में दर्ज हो गई। 1987 में तत्कालीन लेखपाल व ग्राम प्रधान से गठजोड़ कर कुछ लोगों ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे यह जमीन अपने नाम दर्ज करा ली। गांव के एक व्यक्ति ने इस पर आपत्ति जताते हुए डीडीसी न्यायालय में वाद दायर कर दिया। 1993 में डीडीसी न्यायालय के आदेश से यह भूमि फिर ग्राम समाज में दर्ज हो गई। जिसके बाद कब्जेदारों ने उच्च न्यायालय में कब्जा बेदखली रोकने के साथ सुनवाई की अपील की। 2019 में उच्च न्यायालय ने डीडीसी के फैसले को बहाल करने का निर्णय व कब्जा बेदखली के साथ ही भूमि ग्राम समाज के खाते में दर्ज करने का फैसला सुनाया। अवैध कब्जेदारों ने कब्जा नहीं छोड़ा। इस पर समाजसेवी चंद्रमणि पांडेय सुदामा ने कई बार तहसील व जिले के प्रमुख राजस्व अधिकारियों से ग्राम समाज की भूमि खाली कराने की गोहार लगाई। मामले से अवगत होते ही नवागत जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने एसडीएम हरैंया गुलाब चंद्रा को त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया। इसी क्रम में हलका लेखपाल राजेंद्र पांडेय की तहरीर पर शुक्रवार की देर शाम हरैंया थानाक्षेत्र के सहराएं गांव निवासी शीतला प्रसाद, वेद प्रकाश व सत्य प्रकाश पुत्र गण रामप्यारे, अजय कुमार, अरुण कुमार व अक्षय कुमार पुत्र गण चंद्रप्रकाश तथा प्रेमदास पुत्र मंगरू व बसंत के साथ ही इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे सोरिल निवासी माता प्रसाद पुत्र झिनकू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# समाधान दिवस : नहीं पहुंचे चार अफसरों का डीएम ने रोका वेतन

## पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित तीन सहायक अभियंता शामिल, डीएम के पहुंचने की सूचना पर अचानक भर गईं कुर्सियां

संवाद न्यूज एजेंसी

हरैंया। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे डीएम आंद्रे वामसी ने चार अफसरों का वेतन रोकने का निर्देश दिया है। चारों अफसर समाधान दिवस पर नहीं पहुंचे थे।

करीब सवा बारह बजे तक फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद डीएम व एसपी भानपुर के लिए रवाना हो गए। समाधान दिवस में पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी, सहायक अभियंता सिंचाई, और सहायक अभियंता बिजली अनुपस्थित रहे।

डीएम ने सभी का वेतन रोकने का मौके पर ही फरमान सुना दिया। तहसील दिवस पर मौजूद 46 अधिकारियों को अलग-अलग परिषदीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। कहा कि निरीक्षण आख्या शाम पांच बजे तक उनके कैंप कार्यालय में प्रस्तुत करें।



हरैंया तहसील में डीएम अंद्रा वामसी, एसडी गोपाल कृष्ण चौधरी सुनीं समस्याएं। संवाद

### अचानक पहुंचे डीएम व एसपी, मचा हड़कंप

भानपुर। संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को अचानक डीएम के आने की सूचना पर अफसरों में खलबली मची रही। 12 बजे तक खाली रहीं अफसरों की कुर्सियां डीएम के आने की सूचना मिलते ही भरनी शुरू हो गईं। दोपहर 1.19 बजे पहुंचे डीएम आंद्रा वामसी व एसपी कृष्ण गोपाल चौधरी ने फरियादियों की समस्याएं सुना। डीएम ने अफसरों ने निर्देश दिया कि समाधान दिवस में आई शिकायतें अगली बार न आएं। उन्हें समय से निस्तारित कर फरियादियों का भरोसा जीतें। एसडीएम आशुतोष तिवारी, एसडीएम न्यायिक मोनिका वर्मा, तहसीलदार पंकज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

धारा 30 व धारा 24 में आदेश के बाद जमीन की पैमाइश नहीं हो रही है। सातवीं बार प्रार्थना पत्र देने आया हुआ हूं। कानूनगो व लेखपाल पैमाईश से आनाकानी कर रहे हैं।

**मोहम्मद रजा, कमलेशिया, हरैंया।**

### तालाबों से कब्जा कराएं खाली



रुधौली में आयुक्त अखिलेश सिंह व आईजी आरके भारद्वाज नें समस्याएं सुनीं। संवाद

रुधौली। संपूर्ण समाधान दिवस पर मंडलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह व आईजी रामकृष्ण भारद्वाज ने फरियादियों की समस्याएं सुना। मंडलायुक्त ने अफसरों को निर्देश दिया कि अवैध तालाब से कब्जा हटवाएं। इसके लिए यदि जरूरत पड़े तो अभियान चलाकर कार्रवाई करें। बिजली, विकास, कृषि से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण में तेजी लाएं। एसडीएम गिरीश कुमार झा, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह, नायब तहसीलदार नीरज सिंह, बीडीओ धनेश कुमार यादव, बीइओ विजय आनंद आदि मौजूद रहे। संवाद

घर से गंदा पानी नहीं निकल पा रहा है। गांव के कुछ लोगों ने रोक दिया है। आज तीसरी बार शिकायत करने आया हूं। इस बार भी अफसरों ने आश्वासन देकर घर जाने को कहा है।

**रामजीत, पिकौरा, हरैंया।**

# नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन का सहयोगी भी गिरफ्तार

बस्ती : महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपित रुधौली नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन के निषाद के सहयोगी माया पाठक (मायाराम) को शनिवार की शाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक रुधौली दिनेशचंद्र और स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर की टीम ने आरोपित को उसके गांव रुधौली थाने के सिंयरादेई गांव से शाम छह बजे गिरफ्तार किया है। मायाराम नगर पंचायत का सफाईकर्मी है, जिसकी ड्यूटी कान्हा गोशाला रुधौली में लगाई गई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि माया राम धीरसेन का सहयोगी है।

# राज्य कर की टीम ने दुकान के खंगाले अभिलेख

गौरा, बस्ती : यूपी की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली पर जीएसटी दाखिल करने में हेराफेरी तथा अनियमितता आदि की शिकायत को लेकर राज्य कर विभाग गोरखपुर के डिप्टी कमिश्नर श्रीपति तिवारी, बस्ती के डिप्टी कमिश्नर उपेंद्र यादव की टीम ने कप्तानगंज बाजार में शनिवार को हाईवे के बगल स्थित गोपाल पुस्तक भंडार तथा इलेक्ट्रानिक्स की दुकान की जांच की। मौके पर प्रतिष्ठान के स्वामी वेद प्रकाश मिश्र मौजूद नहीं मिले। परिवारवालों ने बताया कि वे आवश्यक कार्य से बस्ती स्थित न्यायालय गए हैं।

# जांच टीम के सामने बेहोश हुई कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं

जागरण संवाददाता, छावनी, बस्ती : विक्रमजोत विकासखंड के छावनी स्थित कस्तूरबा विद्यालय में शनिवार को चल रहे निपुण एसेसमेंट परीक्षा का निरीक्षण करने पहुंची टीम के सामने दो बालिकाएं अचानक बेहोश हो गई। उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छावनी में भर्ती कराया गया। इससे पहले भी 16 छात्राओं की तबीयत खराब चल रही है

शनिवार को कस्तूरबा विद्यालय में नेट की परीक्षा चल रही थी। इसमें कक्षा चार से आठ तक की छात्राएं शामिल थीं। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए निरीक्षण करने पहुंची मंडल स्तरीय टीम के सामने कक्षा सातवीं की छात्रा सुमन व छात्रा अंशु बेहोश हो गई। टीम में शामिल निधि ने वहां मौजूद गार्डन को विनीता पांडेय से छात्राओं को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छावनी में भिजवाने के लिए कहा। इससे पहले भी शुक्रवार को सुमन, लवी, वंदना, सुषमा, रोशनी, संध्या, शिवानी, वंदना, रोशनी पांडेय, कोमल शर्मा, अंजू साक्षी, कुसुम की तबीयत खराब हो गई थी। जिनका इलाज भी चल रहा है। पीएचसी अधीक्षक ने बताया कि कस्तूरबा में स्वास्थ्य टीम ने छात्राओं के बीमार होने पर जांच किया था। वार्डन विनीत पांडेय ने बताया कि छात्राएं मौसम की वजह से वायरल फीवर का शिकार हो गई हैं कोई समस्या नहीं है। नियमित देखभाल हो रहा है, दवाई वितरित की गई हैं। आज भी बुखार की वजह से बच्चियों बीमार हो गई थी जिन्हें पीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

# मजदूर की मौत में कंपनी मालिक पर एफआइआर

संडीला (हरदोई) : औद्योगिक क्षेत्र में एक कंपनी में 12 सितंबर को मजदूर की टिन शेड से गिरकर हुई मौत के मामले में पुलिस ने मालिक के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की। जनपद बस्ती के रौंधियापार के रामचेत ने बताया कि उसका बेटा सत्यपाल लखनऊ स्थित ओम इंटरप्राइजेज सोलर एनर्जी कंपनी में काम करता था। 12 सितंबर को उसे संडीला औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडस्ट्री में सोलर प्लांट लगाने भेजा गया था।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2023

# जनसमस्याओं का न्यायोचित निस्तारण बहुत जरूरीः डीएम

इटवा (एसएनबी)। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर इटवा तहसील में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सभी तेइस शिकायत कर्ताओं को गंभीरता से सुनकर तत्काल उसका समाधान कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने कहा कि तहसील समाधान दिवस सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए इसमें प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तथा पारदर्शी तरीके से समयबद्ध किया जाना अनिवार्य है। इसमें उदासीनता मिलने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्यवाही जरूर की जायेगी।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल की उपस्थिति में इटवा में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि आम जनता को एक छत के नीचे त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए ही तहसील समाधान दिवस आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्राप्त शिकायतों को नेट पर भी पंजीकृत करके की गई कार्यवाही का ब्यौरा भी अंकित किया जाता है। जिसकी समीक्षा जिलाधिकारी से लेकर प्रमुख सचिव द्वारा नियमित रूप से की जा रही है। इसलिए सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तहसील समाधान दिवस के मामलों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध व पारदर्शिता पूर्ण तरीके से अवश्य करें। इसमें उदासीनता बरतने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अवश्य होगी। इस अवसर पर कुल 23 मामले आये। जिसमें राजस्व के 12, पुलिस के 4, विद्युत के 2, आपूर्ति के 1, विकास के 2 तथा अन्य विभाग का दो मामला शामिल है। इसमें से दो मामले का निस्तारण मौके पर किया गया है। डीएम ने सभी फरियादियों को एक-एक करके गंभीरता से सुनकर उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के लिए उपस्थित अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आम जनता की समस्याओं का समाधान करें। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक अवश्य पहुंचायें। इसमें उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल, डी.डी.ए, डीएसओ, जिला कृषि अधिकारी, डिप्टी आर. एमओ, डीएस, ए. आर. कोआपरेटिव अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, डीपीओ सहित तमाम जिला स्तरीय अधिकारी के अलावा एसडीएम कर्मेन्द्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी जयराम, तहसीलदार, वन क्षेत्राधिकारी, चकबंदी अधिकार,बीडीओ इटवा, बीडीओ खुनियांव, एसडीओ विद्युत, प्रभारी निरीक्षक इटवा, मिश्रौलिया व त्रिलोकपुर एवं थानाध्यक्ष गोल्हौरा सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



जन शिकायत सुनते जिलाधिकारी। फोटो : एसएनबी

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट वितरण किया गया

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। विश्वकर्मा दिवस की पूर्व संध्या पर जिले के आम्बेडकर सभागार में डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में लखनऊसे आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण संपन्न हुआ। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से ऋण प्राप्त लाभार्थियों को चेक वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने जिले के कारीगरों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र दया शंकर सरोज, लीड बैंक प्रबंधक आर. के सिन्हा आदि उपस्थित रहे।



लाभार्थियों को चेक वितरण करते डीएम।

# चेकिंग के दौरान दो अभियुक्त गिरफ्तार

बानगंगा(एसएनबी)शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा परसा में चेकिंग के दौरान 4 अदद चोरी के मोबाइल (कीमत करीब रू.1,25,000) के साथ अभियुक्त मयंक वर्मा पुत्र कमल वर्मा साकिन वार्ड नं0 10 बढ़नी थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थ नगर ।को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामी के आधार पर थाना शोहरतगढ़ पर मुअसं- 327/2023 धारा 41, 411 भादवि पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया । अभियुक्त मयंक वर्मा ने पूछताछ करने पर बताया कि चोरी करके उससे प्राप्त धन से अपना व अपने परिवार के लोगो का जीविकोपार्जन करता हूं तथा कठेला समयमाता थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम धोबहा में मोबाइल चोरी करने की बात स्वीकार की ।वहीं बसंतपुर में भी चेकिंग के दौरान 1अदद चोरी की मोटर साइकिल, 1अदद नाजायज चाकू के साथ 1 अभियुक्त मेराज पुत्र नसीरं साकिन बेनीनगर थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर। बरामदगी का विवरण-1अदद मोटर साइकिल, 1अदद (नम्बर प्लेट व चाबी का गुच्छा,1 अदद पेचकस,1 अदद नाजायज चाकू,रू. 3400 नगद के साथ गिरफ्तारी व बरामी के आधार पर थाना स्थानीय पर भादवि पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# चोरी की बाइक संग आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ पुलिस ने शनिवार को चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एसआई अमित कुमार शाही ने बताया कि बसंतपुर में संदिग्धों की चेकिंग के दौरान बाइक सवार एक युवक को रोककर पूछताछ की गई और कागजात मांगें गए लेकिन वह दिखा नहीं सका। पूछताछ में पता चला कि बाइक चोरी की है। तलाशी में आरोपी के पास से एक चाकू भी बरामद किया गया। आरोपित क्षेत्र के बेनीनगर निवासी मेराज पुत्र नसीर ने बाइक चोरी की बात कुबूल की। उसने बताया कि चोरी की बाइक को नेपाल ले जाकर बेच देता था। आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी कई केस दर्ज है। उसके खिलाफ 4/25 आर्म्स एक्ट व धारा के तहत केस दर्ज किया गया है।

# कलक्ट्रेट में एक व्यक्ति की पिटाई करते महिला का वीडियो वायरल




- चर्चा रही कि पिटने वाला व्यक्ति महिला का जेठ था
- लगी रही भीड़, मौजूद पुलिस कर्मियों ने दोनों को छुड़ाया

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। कलक्ट्रेट परिसर के पोर्टिको में शनिवार दोपहर एक महिला एक व्यक्ति की पिटाई करने लगी। उसने उस व्यक्ति की थप्पड़ से पिटाई के साथ उसे झकझोरते हुए दीवार से कई बार लड़ाया। किसी ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

शनिवार दोपहर एक महिला अचानक एक व्यक्ति पर झपट पड़ी और उसके कालर को पकड़ कर उसे कई थप्पड़ लगा दिए। व्यक्ति बचाव की कोशिश करता रहा और अपनी कालर छुड़ाने का प्रयास करता रहा। महिला ने उसे कई बार पोर्टिको की दीवार से भी टकरा दिया। मौके पर भीड़ जमा थी लेकिन सब तमाशबीन बने रहे।

**परिवारिक विवाद घटना की वजह:** बताया जा रहा है कि पुरुष महिला का रिश्ते में जेठ लगता है। दोनों ही शहर के एक मोहल्ला के रहने वाले हैं। कहा जा रहा है कि पारिवारिक विवाद में मारपीट की घटना हुई है। इस दौरान एक महिला व एक पुरुष सिपाही मौके पर पहुंच गए और दोनों को छुड़ाया। छूटने के बाद भी पिटाई करने वाली महिला का गुस्सा शांत नहीं हुआ।

सदर थानाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे किसी वीडियो की उन्हें फिलहाल जानकारी नहीं है। अब तक किसी ने तहरीर भी नहीं दी है।

# फरियादियों को सिर्फ आश्वासन, ठंडे बस्ते में आवेदन

डीएम व एसपी की उपस्थिति के बाद भी **कम आए लोग,** पटल पर रखे गए 23 मामले, समाधान के लिए कई बार से लगा रहे चक्कर

**संपूर्ण समाधान दिवस**

**जागरण संवाददाता, इटवा:** अब जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की रूचि कम हो रही है। वजह बार-बार दौड़ने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं होना। चार बार तो कोई तीन बार से दौड़ रहा है। प्रार्थना देने के बाद आश्वासन मिलता है और फिर समय गुजरने के साथ ही समस्या ठंड बस्ते में चली जाती है। स्थिति ये है कि पहले जहां डीएम व एसपी के कार्यक्रम में फरियादियों की संख्या 50 से 100 का आंकड़ा पार कर जाती थी, वहीं आज शनिवार को ये संख्या सिर्फ 23 तक सिमट कर रह गई।

जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में इटवा तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें ऐसे में फरियादी दिखे जो कई बार से तहसील का चक्कर लगा रहे हैं। ग्राम गोनरा निवासी रंजीत ने बताया कि पानी की टंकी बनी है।

बाउंड्री तालाब की भूमि पर बनाई जा रही है। जबकि पास में ग्राम समाज की भूमि खाली है। तीन बार से शिकायती पत्र दे रहे हैं, कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सिसई निवासी समीउल्लाह ने कहा कि नक्शा दुरस्तीकरण में लेखपाल ने गलत रिपोर्ट लगाई। दो बार समाधान दिवस व एक बार आनलाइन शिकायत की, समाधान नहीं हुआ।



इटवा तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते जिलाधिकारी संजीव रंजन (मध्य में), पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल (बाएं) ● जागरण



शहजादी



रंजीत, फरियादी

बघमरवा निवासी शहजादी ने नाली विवाद को लेकर चार बार शिकायती पत्र दे चुकी हैं, निस्तारण नहीं किया जा रहा है। ये तीन फरियादी बानगी है, बहुत सारे पीड़ित ऐसे रहते हैं जो एक उम्मीद से कार्यक्रम में आते हैं, पर निराश होकर उन्हें लौटना पड़ रहा।

आज के समाधान दिवस में मात्र 23 मामले प्रस्तुत हुए। इनमें राजस्व 12, पुलिस चार, आपूर्ति एक, विकास, विद्युत एवं अन्य विभाग के दो-दो मामले शामिल रहे। राजस्व व विकास की एक-एक शिकायत मौके पर निस्तारित की गई। शेष मामले संबंधित विभाग को इस आशय से सौंपे गए, कि निर्धारित समय अंदर जांच कर उसका निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। बाकी शिकायती पत्रों के शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही के संबंध में भी निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता विद्युत राम मूरत, एसडीएम करमेंद्र, अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता, खंड विकास अधिकारी इटवा राजकुमार, खुनियांव बीडीओ राकेश शुक्ला एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**समाधान दिवस में दो मामले निस्तारित** डुमरियागंज : समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को डुमरियागंज तहसील सभागार में एसडीएम प्रवेंदर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कुल 20 मामले आए इसमें से राजस्व व विकास के एक-एक मामले का निस्तारण किया गया। राजस्व के 10, पुलिस के तीन, विकास के तीन तथा अन्य विभागों के चार मामले प्रस्तुत हुए। तहसीलदार डा. संतराज सिंह बघेल, बीडीओ अमित सिंह, बीईओ संजय कुमार, कोतवाल मुकेश राय, जेई अजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# चोरी के चार मोबाइल संग एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ पुलिस ने चोरी की चार मोबाइल के साथ शनिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाले एसआई अमित कुमार शाही ने बताया परसा में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को रोक कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से चार मोबाइल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी मयंक वर्मा निवासी वार्ड नंबर 10 बढ़नी थाना ढेबरुआ ने चोरी की मोबाइल होने की बात स्वीकार की।

# 170 मामलों में से 10 का निस्तारण

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम । फरियादियों को त्वरित और समयबद्ध न्याय दिलाने के लिए शनिवार को सभी तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 170 मामले आए। इसमें से मौके पर सिर्फ 10 पीड़ितों को न्याय मिला। शेष 160 को अफसरों का आश्वासन लेकर बैरंग लौटना पड़ा। इटवा में डीएम की अध्यक्षता में भी 23 मामलों से मात्र दो का ही निस्तारण हो सका।

इटवा तहसील सभागार में शनिवार को डीएम संजीव रंजन व एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 23 फरियादियों ने अपनी फरियाद की। इसमें से सिर्फ दो मामले का ही निस्तारण हो सका। इस अवसर पर एसडीएम करमेन्द्र, तहसीलदार रवि कुमार यादव, सीओ जयराम, बीडीओ इटवा राजकुमार, खुनियांव राकेश कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे। बांसी तहसील में एसडीएम प्रमोद कुमार ने फरियाद सुनीं। यहां 50 मामले आए।

शोहरतगढ़ तहसील सभागार में सीडीओ जयेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

# पीड़िता कक्षा दो में छह वर्ष की थी, चौथी में उम्र हुई 14 वर्ष

**फॉलोअप**

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। शोहरतगढ़ कस्बा क्षेत्र के एक वार्ड में किशोरी से छेड़खानी होने पर पाक्सो हटाने के मामले में पुलिस की लापरवाही साफ तौर पर उजागर हो रही है। पीड़िता कक्षा दो की पढ़ाई के समय छह वर्ष की थी, उस दौरान निजी विद्यालय में जन्मतिथि वर्ष 2010 अंकित है, जबकि कंपोजिट विद्यालय नीबी दोहनी में चौथी में प्रवेश लेते ही उम्र 14 वर्ष हो गई और रजिस्टर में 2004 की जन्मतिथि अंकित है, लेकिन प्रवेश रजिस्टर की उम्र वाले कॉलम में छेड़छाड़ होने से स्कूल के जिम्मेदार संदेह के घेरे में आ गए हैं।

पुलिस भी दबी जुबान से पीड़िता को नाबालिग मान रही है, बावजूद तथ्यों पर काम की बजाए छेड़छाड़ वाले रजिस्टर को आधार मानकर मामले में लीपापोती कर दी है। पीड़िता की मां ने इस मामले की उच्चाधिकारियों से शिकायत की है। शोहरतगढ़ कस्बा के एक वार्ड में दो अगस्त 2023 की रात किशोरी को अकेला देख एक मनबढ़ युवक घर में घुसकर छेड़खानी कर रहा था। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने कस्बे के वार्ड नंबर 10 गांधीनगर निवासी जग्गू पुत्र रमजान के खिलाफ घर में घुसकर छेड़खानी व पाक्सो एक्ट में केस दर्ज किया था। इधर, शोहरतगढ़ के बीईओ संतोष कुमार शुक्ल बताते हैं कि हर कक्षा में प्रवेश की उम्र निर्धारित है। कक्षा चार में प्रवेश की उम्र 10 वर्ष है। यह उम्र निर्धारित होने के बाद भी पीड़ित छात्रा का 14 वर्ष की उम्र दिखाकर प्रवेश कैसे लिया गया यह जांच का विषय बन गया है।कंपोजिट विद्यालय, नीबी दोहनी के प्रधानाध्यापक ने कहा कि शोहरतगढ़ कस्बे की एक छात्रा की जन्मतिथि के वर्ष वाले कालम में ओवर राइटिंग दिख रहा है, लेकिन हिंदी शब्द वाले कॉलम में ओवर राइटिंग नहीं है। छात्रा पूर्व में प्रधानाध्यापक रही मीना कुमारी के समय में प्रवेश लिया था। प्रवेश रजिस्टर में मेरी ओर से कोई गलती नहीं की गई है। वहीं बीईओ ने कहा कि जांच चल रही है।

# नहीं कम हुई वकीलों की नाराजगी, हड़ताल जारी

- बैठक में न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव किया पास
- बोले, अधिवक्ताओं की एकजुटता में नहीं डाली जा सकती है दरार

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। जिले में वकीलों की नाराजगी कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। हापुड़ के वकीलों के समर्थन में शनिवार को भी वकीलों की हड़ताल जारी रही। अधिवक्ताओं के बैठक कर न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया।

सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन अध्यक्ष राधेश्याम मिश्र की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं की शनिवार को बार भवन में बैठक हुई। अधिकांश अधिवक्ताओं का मत रहा कि हापुड़ बार एसोसिएशन ने सहयोग व समर्थन की अपील की है इससे न्यायिक कार्य से विरत ही रहा जाए। अध्यक्ष ने कहा अधिवक्ताओं की एकजुटता में दरार पैदा नहीं की जा सकती है। हम सब साथ हैं और भविष्य में भी रहेंगे। कहा हापुड़ में अधिवक्ताओं के साथ जो हुआ वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन की बैठक में शामिल अधिकांश अधिवक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि न्यायिक कार्य से विरत रहा जाए। इस दौरान सर्वसम्मत से न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया गया। कहा कि आगे की रणनीति अगली बैठक में तय की जाएगी। जो भी फैसला होगा वह सर्वसम्मत से से ही होगा। इस दौरान महामंत्री सिद्ध नाथ पांडेय, बालकृष्ण शुक्ल, मनीष सहाय श्रीवास्तव, बृजेश प्रताप सिंह, शेषमणि प्रजापति आदि मौजूद रहे।

---



शाहपुर चौकी में बिठाए गए शिक्षक • जागरण

## शिक्षकों को उठा ले गई पुलिस, नहीं हो सका निपुण एसेसमेंट टेस्ट

> शिक्षकों का सम्मान ही उसकी पूंजी होती है। चोरी की शिकायत करने पर आया खोकर पूरे विद्यालय परिवार को चौकी में सुबह से बिठाना व अभद्रता करना, बच्चों के सामने अपशब्द कहना यह चौकी इंचार्ज के नैतिक पतन को दर्शाता है। सोमवार को शैक्षिक महासंघ पुलिस अधीक्षक से मिलकर चौकी इंचार्ज के विरुद्ध जांच व निलंबन की मांग करेगा। यदि सप्ताह के भीतर नहीं कार्रवाई हुई तो संघ आरपार की लड़ाई लड़कर शिक्षकों का सम्मान हासिल करके ही रहेगा।
>
> **आदित्य शुक्ला**, अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सिद्धार्थनगर

जासं, सिद्धार्थनगर: डुमरियागंज के परिषदीय विद्यालय गौरा में हुई चोरी के मामले में पुलिस वहां के शिक्षकों को ही उठा ले गई। इस कारण शनिवार को बच्चों का निपुण एसेसमेंट टेस्ट नहीं हो सका।

पुलिस सुबह आठ से लेकर शाम पांच बजे तक प्रधानाध्यापक शिवप्रकाश पांडेय और दो शिक्षकों आनंद प्रकाश व महेंद्रनाथ को शाहपुर चौकी शाम पांच बजे तक बिठाए रखा गया। शिक्षकों ने मामले की जानकारी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष को दी।

11 सितंबर को गौरा बाजार परिषदीय स्कूल में चोरों ने दो गैस सिलेंडर, दो बड़ा भगौना, एक बड़ी कड़ाही व टुल्लू पंप की चोरी की थी।

इस मामले में प्रधानाध्यापक ने चौकी पर तहरीर दी। मुकदमा दर्ज करने की जगह शाहपुर पुलिस अध्यापकों को ही आरोपित बनाकर पूछताछ करने लगी। अध्यापकों ने बताया कि चौकी इंचार्ज ने मामला निस्तारण के नाम पर उनसे 20 हजार रुपये की मांग भी की। पैसा न देने पर चोरी के मुकदमें में फंसाने की धमकी दी गई। चौकी इंचार्ज जयप्रकाश प्रसाद का कहना है कि शिक्षकों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

एसओ इटवा संतोष तिवारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है चौकी इंचार्ज से करवाई की रिपोर्ट मांगी गई है। समुचित जवाब न मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

---

# सीएमओ पर भी हो सकती है कार्रवाई

## दो डिप्टी सीएमओ पर दर्ज हो चुका मुकदमा, प्रसारित वीडियो की हो रही है जांच

> अभी जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। उम्मीद है कि एक से दो दिन के भीतर मिल जाएगी। इसमें अभी किसी की भी भूमिका के बारे में स्पष्ट नहीं बताया जा सकता है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद शासन को रिपोर्ट भेज दी जाएगी।
>
> **संजीव रंजन**, जिलाधिकारी



जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : सौदेबाजी से संबंधित प्रसारित वीडियो की जांच पूरी होने के करीब है। सीडीओ एक से दो दिन के भीतर जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप सकते हैं। जांच में सीएमओ भी घिरते नजर आ रहे हैं। प्रसारित वीडियो व दोनों डिप्टी सीएमओ के बयान से जिला प्रशासन सीएमओ की भूमिका को भी संदिग्ध मान रहा है। ऐसे में दोनों डिप्टी सीएमओ के बाद सीएमओ पर भी गाज गिर सकती है।

बीते एक सितंबर को सौदेबाजी को लेकर जिले में एक वीडियो प्रसारित हुआ था। उसमें एक निजी अस्पताल के पंजीयन को लेकर सौदेबाजी की बातें हो रही थीं। प्रसारित वीडियो में सीएमओ अस्पताल संचालक से कुछ रुपये व अमर्यादित शब्दों में बात कर रहे थे। डिप्टी सीएमओ डा.बीएन चतुर्वेदी से भी निजी अस्पताल संचालक डेढ़ लाख रुपये लेन-देन की बातें कर रहा था। दोनों की बात चीत में भी सीएमओ का नाम लिया गया था।

अस्पताल संचालक ने सीएमओ पर डेढ़ लाख रुपये घूस लिए जाने का आरोप लगाया था। उसने यह भी कहा था कि उससे पांच लाख रुपये की मांग हुई थी। मामले को लेकर जिलाधिकारी ने बीते एक सितंबर को ही सीडीओ को इसकी जांच सौंप दी थी। उनके आदेश को 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक जांच पूरी नहीं हो सकी है। इतने गंभीर की सच्चाई हर कोई जानने को उत्सुक है, लेकिन जांच अधिकारी कुछ भी बताने से किनारा कस रहे हैं। इस प्रकरण में तीन दिन पहले सदर थाने में डिप्टी सीएमओ डा.बीएन चतुर्वेदी, डा.एमएम त्रिपाठी सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा लिखा जा चुका है। जांच जैसे-जैसे पूरी होने के करीब पहुंच रही है जिला प्रशासन यह भी मानने लगा है कि इस प्रकरण में सीएमओ की भी भूमिका संदिग्ध है। उसका कहना है कि यदि उन्होंने रुपये नहीं लिए हैं तो यह कैसे कह रहे हैं कि रुपये दिये हो तो क्या.... समझ लिया है। जिला प्रशासन को इसके अलावा भी कई गंभीर साक्ष्य मिले हैं। ऐसे में सीएमओ के विरुद्ध भी कार्रवाई हो सकती है।

# समाधान दिवस का विरोध कर वकीलों ने किया प्रदर्शन



डुमरियागंज तहसील गेट के सामने शनिवार को विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

**डुमरियागंज। हिन्दुस्तान संवाद ।** हापुड़ में शांतिपूर्वक धरना दे रहे अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज की घटना से नाराज वकीलों ने शनिवार को डुमरियागंज में समाधान दिवस का विरोध कर तहसील गेट पर प्रदर्शन किया।

बार एशोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रमणि पांडेय की अगुवाई में तहसील परिसर में एकत्रित अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद तहसील गेट के सामने समाधान दिवस का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस-प्रशासन ने हापुड़ में बर्बरता पूर्ण हरकत की है। शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठे वकीलों पर लाठी चार्ज की घटना निंदनीय है।

उन्होंने हापुड़ के डीएम व एसपी के स्थानांतरण की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगें पूरी नहीं हुई तो आगे प्रदर्शन और जोरदार होगा। उन्होंने घटना में शामिल पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज करा कर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर उदय सिंह, मुनिस हैदर रिजवी, रमन श्रीवास्तव, मोनू वकील, अवध बिहारी सिंह, मनबहाल श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# युवक की पिटाई करती महिला का वीडियो वायरल

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** एक महिला द्वारा युवक की पिटाई करने का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। वायरल वीडियो कलक्ट्रेट परिसर का है। जहां शनिवार दोपहर एक महिला एक व्यक्ति की पिटाई करते दिख रही है। महिला उस युवक को थप्पड़ भी जड़ रही है। पिटाई के साथ उसे झकझोरते हुए दीवार से लड़ाते नजर आ रही है। किसी ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है, जो पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

शनिवार दोपहर एक महिला अचानक एक युवक पर झपट पड़ी और उसके कॉलर को पकड़ कर उसे कई थप्पड़ लगा दिए। युवक बचाव की कोशिश करता रहा और कॉलर छुड़ाने का प्रयास करता रहा। महिला ने उसे कई बार पोर्टिको की दीवार से भी टकरा दिया। मौके पर भीड़ जमा थी, लेकिन सब तमाशबीन बने रहे।

बताया जा रहा है कि युवक महिला का रिश्ते में जेठ लगता है। दोनों ही शहर के एक मोहल्ला के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद में मारपीट की घटना हुई है। इस दौरान एक महिला व एक पुरुष सिपाही मौके पर पहुंच गए और दोनों को छुड़ाया। छूटने के बाद भी पिटाई करने वाली महिला का गुस्सा शांत नहीं हुआ। इस संबंध में शहर कोतवाल शहर कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे किसी वीडियो की उन्हें जानकारी नहीं है। अब तक किसी ने तहरीर भी नहीं दी है। अगर तहरीर मिलती है तो केस दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

## कलक्ट्रेट परिसर का बताया जा रहा वीडियो



कलक्ट्रेट परिसर में युवक की पिटाई करती महिला। संवाद

# चोरी की बाइक नेपाल में बेचने वाले दो गिरफ्तार

## एक के पास से चोरी की बाइक और नकदी तो दूसरे के पास से चार मोबाइल फोन मिले

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ पुलिस की टीम ने बाइक व मोबाइल की चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य को अलग-अलग स्थानों से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। एक अभियुक्त के कब्जे से एक बाइक, एक नंबर प्लेट, एक चाबी का गुच्छा, एक पेचकस, एक चाकू 3400 रुपये और दूसरे अभियुक्त के कब्जे से चोरी के चार मोबाइल बरामद किया गया।

पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया

**शोहरतगढ़ थाने की पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ा**

गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष पंकज कुमार कुमार पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में बाइक व मोबाइल की चोरी हुई घटनाओं को पर्दाफाश करने के लिए पुलिस टीम लगी हुई थी। शनिवार को पुलिस बसंतपुर और परसा में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्धता के आधार पर दो लोगों से पूछताछ की गई। एक की जांच में पाया गया कि जिस बाइक पर सवार है। वह चोरी की है। तलाशी में इसके पास से एक नंबर प्लेट, एक चाबी का गुच्छा, एक पेचकस, एक चाकू, 3400 रुपये बरामद हुआ।

दूसरे की तलाशी में चार मोबाइल बरामद हुआ। जांच से जानकारी मिली कि चारों मोबाइल चोरी की है। पूछताछ में एक ने अपना नाम मेराज निवासी बेनीनगर थाना शोहरतगढ़, दूसरे ने अपना नाम मयंक वर्मा निवासी वार्ड नंबर 10 बढ़नी थाना ढेबरुआ बताया। मेराज ने पूछताछ करने पर बताया कि घर के बाहर व सार्वजनिक स्थानों पर खड़ी बाइक का लॉक तोड़कर चोरी करते हैं। बाइक का नंबर प्लेट बदल कर नेपाल में बेच देते हैं। जिससे अपना व अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं। मयंक वर्मा ने पूछताछ में बताया कि चोरी करके सामनों को बेच कर, मिले धन से अपना व अपने परिवार के लोगों का जीविकोपार्जन करता है। उसने स्वीकार किया कि थाना कठेला समय माता क्षेत्र के ग्राम धोबहा और अन्य जगहों से मोबाइल चोरी की है। पूछताछ बाद दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# घूसकांड : बोले डिप्टी सीएमओ-पूरे वीडियो की जांच में फंसेंगे साहब

## सीएमओ, डिप्टी सीएमओ एवं निजी हॉस्पिटल के संचालक की बातचीत का वीडियो वायरल होने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल की तहरीर के आधार पर दर्ज कराए केस में फंसे डिप्टी सीएमओ और निजी अस्पताल के संचालक को उम्मीद है कि सीडीओ की जांच में सीएमओ के खिलाफ लगाए गए आरोप साबित होंगे। हालांकि, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज होने के बाद तीनों ने खुद को समाज से अलग कर लिया है।

वीडियो वायरल प्रकरण में संवाददाता ने शनिवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. एमएम त्रिपाठी से मोबाइल पर बात की तो उन्होंने जिलाधिकारी की ओर से कराई जा रही जांच पर भरोसा जताते हुए कहा कि उन्हें न्याय मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सीएमओ ने पुलिस अधीक्षक को दो वीडियो ही दी थी, जिसमें डिप्टी

**डिप्टी सीएमओ कार्यालय में खाली पड़ीं कुर्सियां**

**मंत्री के कार्यक्रम में व्यस्त रहे सीडीओ, नहीं सौंपी जांच**


सीएमओ के कहने पर लिए थे 1.50 लाख : डिप्टी सीएमओ

4 सितंबर को प्रकाशित खबर

सीएमओ के चेंबर और कार में हुई बातचीत का वीडियो था, इसलिए उनके आरोप के आधार पर केस दर्ज हुआ है, लेकिन जिलाधिकारी की ओर से नामित जांच अधिकारी सीडीओ जयेंद्र कुमार की जांच में सभी वीडियो है, इसमें सीएमओ कार्यालय में हुई बातचीत का भी वीडियो है। पूरी संभावना है कि इस जांच रिपोर्ट में साहब भी बेनकाब होंगे।

जो बयान दर्ज हुए हैं, उसमें साबित हो रहा है कि सीएमओ ने निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई में रुचि नहीं ली थी, जबकि दोनों डिप्टी सीएमओ के कार्यकाल के दौरान 14 निजी अस्पताल एवं जांच सेंटर सील गए हैं।

### सीडीओ की जांच रिपोर्ट का इंतजार

सीएमओ, दोनों डिप्टी सीएमओ और अवध हॉस्पिटल के संचालक के बीच लेनदेन की बातचीत का वीडियो वायरल होने के मामले में सीडीओ जयेंद्र कुमार ने शनिवार को डीएम संजीव रंजन को रिपोर्ट नहीं सौंपी। संभवतः जिले के प्रभारी एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा के कार्यक्रम में सभी अधिकारी व्यस्त हो गए थे। इसी कारण वायरल वीडियो प्रकरण में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं हो सकी, जबकि स्वास्थ्य महकमा सहित निजी अस्पताल के संचालकों की भी इस रिपोर्ट पर पैनी नजर है।

### लखनऊ पहुंचा है वीडियो

सीएमओ कार्यालय में लेनदेन की बातचीत का वीडियो वायरल करने वाले अवध हॉस्पिटल के संचालक फार्मासिस्ट रंजीत मोबाइल बंद करके भूमिगत हो गया है। वीडियो वायरल करने से पहले उसने वीडियो को लखनऊ में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को दी थी। इस मामले में क्या हुआ? यह जानने के लिए लोग उत्सुक हैं।

# तहसील आने वाले फरियादियों की बात सुनें अफसर : कमिश्नर

## शोहरतगढ़ तहसील परिसर में आठ नावों का किया गया लोकार्पण

सिद्धार्थनगर। बस्ती मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ने कहा कि तहसील में आने वाले फरियादियों की बात सुनी जाए। उनका सहयोग व स्वागत भी किया जाए। काम तो नियमानुसार ही होंगे।

शोहरतगढ़ तहसील परिसर में विधायक विनय वर्मा के विधायक निधि से 8.45 लाख रुपये की लागत से आठ नावों का लोकार्पण ने किया गया। विधायक विनय ने अतिथियों का स्वागत किया।

कहा कि बाढ़ के समय सबसे पहली जरूरत नाव की ही होती है। विधायक शोहरतगढ़ का कार्य सराहनीय है। सभी जनप्रतिनिधियों को इससे सीख लेकर अपनी-अपनी निधि से आपदा राहत की वस्तुओं को उपलब्ध करवाना चाहिए। उन्होंने जिला व तहसील प्रशासन को हिदायत देते हुए कहा कि संभावित बाढ़ से बचाव की तैयारी अच्छी तरह से करें। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान डीएम संजीव रंजन ने कहा कि पिछले वर्ष अक्तूबर माह में बाढ़ आई थी, इसलिए बाढ़ आने की आशंका अभी खत्म नहीं हुआ है। जिला प्रशासन की संभावित बाढ़ से बचाव की तैयारी पूरी है। विधायक का प्रयास सराहनीय है।

एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने कहा कि विधायक विनय वर्मा ने विधायक निधि से नाव प्रदान कर जिला व पुलिस प्रशासन का सहयोग ही किया है। बाढ़ आने पर इन नावों का उपयोग बाढ़ पीड़ितों के साथ पुलिस के जवान भी करेंगे। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि मेरा प्रयास यही रहता है कि मैं जनता की सेवा में हमेशा लगा रहूं।

इस दौरान एसडीएम प्रदीप कुमार यादव, सीओ गर्वित सिंह, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता आरके नेहरा, तहसीलदार अजय कुमार, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, थानाध्यक्ष पंकज पांडेय, प्राचार्य डॉ. एके सिंह, रामदास मौर्य, अजय आदि मौजूद थे। संवाद

# छात्रा से छेड़खानी के मामले में एक गिरफ्तार, दो की तलाश में पुलिस

**सिद्धार्थनगर।** छात्रा को अगवा कर छेड़खानी करने के मामले में सदर पुलिस ने एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह बस्ती भेज दिया है। जबकि दो की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है। जल्द ही वह भी पुलिस की गिरफ्त में आ सकते हैं। उसका थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक छात्रा के पिता ने सात सितंबर को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। 30 अगस्त को तीन छात्र विद्यालय से गुमराह करके घुमाने के बहाने उसे एक होटल लेकर गए। जहां उसके साथ छेड़खानी की। इस घटना में वह गंभीर रूप से चोटिल भी हो गई। घटना से आठ दिन देरी से तहरीर देने के बारे में जानकारी चाही तो बताया कि बाद में जानकारी मिली। इसके बाद सीओ सदर एके वर्मा और एसओ सदर सतीश सिंह ने बताए गए होटल पर पहुंचकर जांच की। मामले में छेड़खानी, अपहरण और पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज हुआ है। संवाद

# पॉक्सो एक्ट हटाने के मामले में की जाएगी कार्रवाई

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ क्षेत्र के एक वार्ड में डेढ़ माह पहले किशोरी से छेड़खानी के मामले में बाल कल्याण समिति ने जवाब मांगा है। मामले में रिपोर्ट में किशोरी को बालिग बताकर पॉक्सो एक्ट हटाने का आरोप है। पीड़िता की मां का कहना है कि उसने आधार कार्ड के आधार पर तहरीर दी थी, लेकिन स्कूल में जन्मतिथि में छेड़छाड़ वाले रजिस्टर को आधार मानकर पुलिस ने किशोरी को बालिग दिखा दिया। मामले में पुलिस ने बाल कल्याण समिति को सूचना नहीं दी थी। थानाध्यक्ष पंकज का कहना है कि स्कूल रजिस्टर में जन्मतिथि के आधार पर पॉक्सो एक्ट हटाया गया है, रजिस्टर में छेड़छाड़ हुआ है तो यह पुलिस का मामला नहीं है। इसमें अब शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी जवाब देना होगा। संवाद

# नव धनाढ्य जांच एजेंसियों के रडार पर

## अचानक अकूत संपत्ति के मालिक बने लोगों की कमाई का खंगाला जा रहा है जरिया

**सिद्धार्थनगर।** चंद वर्षों में ही अकूत संपत्ति के मालिक बने नव धनाढ्य जांच एजेंसी की रडार पर हैं। जांच एजेंसियां उनकी कुंडली तैयार कर रही हैं। ऐसे लोगों को चिह्नित करके उनके कमाई का जरिया ढूंढा जा रहा है कि एकएक उन्होंने ऐसा क्या कर दिया कि अकूत संपत्ति के मालिक बन गए। कहीं गलत तरीक से तो संपत्ति अर्जित नहीं कर रहे हैं।

कारण जनपद के नेपाल बॉर्डर से सटा होने के कारण अवैध कारोबार और टेरर फंडिंग से इन्कार नहीं किया जा सकता है। इसलिए एकाएक संपत्ति के मालिक बने लोगों के बारे में जानकारी कर उनकी कुंडली तैयार की जा रही है।

जनपद नेपाल बॉर्डर से लगा हुआ है, जिले की 68 किलोमीटर सीमा नेपाल से लगती है। जो पूरी तरह से खुली हुई है।

सीमा से सटे नेपाल में बैठकर देश विरोधी गतिविधियों के संचालित करने का खुलासा पूर्व में पकड़े गए आतंकी संगठन से जुड़े संदिग्ध कर चुके हैं। यह रुपये का लालच देकर लोगों का ब्रेन वास करके देश विरोधी कार्य करवाते हैं। यह उन्हीं लोगों का उपयोग करते हैं, जो माध्यम वर्ग से आते हैं। ऐसी खुफियां एजेंसियों को बार-बार इनपुट भी मिलता रहा है। जिसकी जांच शासन स्तर पर गृह विभाग के आदेश पर स्थानीय स्तर पर काम करने वाली एजेंसियां करती हैं। एक बार फिर नव धनाढ्य एजेंसियों के रडार पर हैं।

जांच एजेंसियां एकाएक कुछ ही वर्ष में अकूत संपत्ति बनाने वालों की कुंडली खंगाल रही हैं। उनके कमाई के सोर्स को टटोल रही है। इसके बाद गोपनीय रिपोर्ट तैयार करके भेजेंगे। सूत्रों की माने तो दो वर्ष पहले सरकार के लिए काम करने वाली एक एजेंसी ने शहर के 10 लोगों की जांच की थी। इसके बाद गोपनीय रिपोर्ट तैयार करके भेजा था। वह एजेंसियों की निगरानी में हैं। गड़बड़ी मिलने के बाद शासन स्तर पर आदेश मिलने के बाद कार्रवाई शुरू होती है। संवाद

### इस क्षेत्र के लोग रडार पर

सूत्रों की माने तो पहले शहर तक जांच का दायरा था, लेकिन इस बार ग्रामीण क्षेत्र में एकाएक अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले रडार पर हैं। एजेंसी उन लोगों की कुंडली तैयार कर रही है, जिनके कमाई का जरिया खेती है, लेकिन बड़ी-बड़ी गाड़ी, शहर में जमीन की खरीद करके बड़ी इमारत खड़ा कर लिए हैं। शहर के निकट कोडरा ग्रांट गांव, महदेवा और डुमरियागंज और इटवा तहसील क्षेत्र के कुछ गांव चिह्नित हैं। जिनकी कुंडली तैयार की जा रही है।

एकाएक किसी की बेहिसाब संपत्ति बढ़ रही है, ऐसे मामलों में पुलिस हमेशा अलर्ट रहती है। उनके बारे में जानकारी ली जाती है। उनके कमाई का जरिया के बारे में पाया लगाया जाता है। फिलहाल अभी तक कोई आदेश नहीं मिला है। अगर आदेश आता है, उसकी जांच कराई जाएगी। -**सिद्धार्थ**, अपर पुलिस अधीक्षक

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2023

# महिला डॉक्टर से मांगी रंगदारी, तीन गिरफ्तार

### रास्ते में बाइक से ओवरटेक कर रोकी थी गाड़ी, लोगों को आते देखकर भागे, डॉक्टर के ड्राइवर ने दर्ज कराया था तीन बदमाशों के खिलाफ केस

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के चनवापार के पास बाइक सवार तीन युवकों ने महिला डॉक्टर की गाड़ी को ओवरटेक करके रोकवा लिया और धमकी देकर रंगदारी की मांग की। डॉक्टर के ड्राइवर ने तीन नामजद लोगों पर केस दर्ज कराया। पुलिस ने घटना में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त बाइक, चाकू और कैमरा बरामद किया गया। आरोपियों में एक किशोर बताया गया है।



रंगदारी मागने के आरोप में पकड़े गए बाइक सवार। संवाद

गोरखपुर के सहजनवां क्षेत्र के मईला गांव निवासी चंद्रशेखर सिंह पुत्र स्वर्गीय राजदेव सिंह ने बताया कि वह शंभू नाथ मेमोरियल हॉस्पिटल बंधवा में ड्राइवर के पद पर काम करते हैं। शुक्रवार को नगवा हॉस्पिटल से डॉक्टर सलोनी श्रीवास्तव को कार से लेकर बधवा की तरफ जा रहे थे। रास्ते में बड़गों पेट्रोल पंप के पास से बाइक सवार तीन युवक उसकी कार का पीछा करने लगे।

बाइक सवार युवक कभी आगे तो कभी कार के पीछे आते-जाते रहे। चनवापार के पास बाइक सवार युवक कार को ओवरटेक करके रोकवा लिए। आरोप है कि महिला डॉक्टर के कार का गेट खोलने का प्रयास करने लगे। शीशा नीचे करके पूछा कि आपलोग कौन हो, तो गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी।

आरोप है कि तीनों युवक रंगदारी मांगने लगे। बाइक पर पीछे बैठा युवक हाथ में कैमरा लिए था, जिसने डॉक्टर की गाड़ी का फोटो खींच लिया। उसी दौरान मौके पर तमाम लोगों के आता देखकर तीनों युवक बाइक लेकर भाग गए। जानकारी करने पर पता चला कि बाइक चालक का नाम करन निवासी लगडावार बखिरा, पीछे बैठे युवक का नाम संदीप कुमार निवासी साहूपार बखिरा था।

कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में तीनों बदमाशों के खिलाफ अपशब्द कहने, धमकी देने और रंगदारी मांगने का केस दर्ज किया गया। शनिवार को तीनों आरोपियों को चनवापार ईंट भट्ठे के पास से पकड़ा गया। उनके पास से तलवार, चाकू, कैमरा और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई। पकड़े गए आरोपी करन और संदीप को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया, जबकि तीसरा आरोपी किशोर है। उसे बाल सुधार गृह बस्ती भेजा गया।

# छेड़खानी में दर्ज हुआ था केस सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ी

संतकबीरनगर। एक महीने पहले कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी से घर में घुस कर दो सगे भाइयों ने छेड़खानी की थी। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपी भाइयों पर छेड़खानी का केस दर्ज किया था। विवेचना से पुलिस ने दो आरोपी भाइयों पर सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ाई। शनिवार को पुलिस ने दोनों को उनके घर से गिरफ्तार किया।

मगहर चौकी इंचार्ज रजनीश राय ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव में 13 अगस्त को किशोरी के घर में घुस कर गांव के ही रहने वाले दो सगे भाइयों ने छेड़खानी की। विरोध पर किशोरी को अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। इस मामले में दोनों भाइयों पर घर में घुस कर छेड़खानी का केस दर्ज किया गया था। पीड़िता का मेडिकल कराया गया। बयान में पीड़िता ने आरोपी दोनों भाइयों पर गलत काम करने की बात कही, जिसके आधार पर आरोपी दोनों भाइयों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने छेड़खानी और दुष्कर्म मामले के आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार किया। एसओ ने बताया कि आरोपी ने किशोरी से छेड़खानी और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में उसकी तलाश की जा रही थी।

इस मामले में छेड़खानी, दुष्कर्म, जानमाल की धमकी और पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस एक सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। संवाद

# बाइक चोरी का मुकदमा

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थानान्तर्गत कोचरी गांव में बीते दिनों दरवाजे पर खड़ी अज्ञात चोरों द्वारा दिनदहाड़े उड़ा देने की घटना में शनिवार को धनघटा पुलिस ने बाइक स्वामी की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के कोचरी गांव निवासी विजय नरायन पुत्र हरिनरायन ने बताया है कि बीते 27 अगस्त को उसके दरवाजे पर उसकी बाइक खड़ी थी। परिवार के लोग घर के भीतर मौजूद रहे। उसी दौरान अपरान्ह करीब 2.30 बजे अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक को दरवाजे से चोरी कर लिया। घर के बाहर निकलने पर बाइक मौके पर मौजूद न होने पर बाइक की काफी खोजबीन की गई लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ आईपीसी की धारा 379 के तहत मुकदमा दर्जकर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जल्द ही घटना में शामिल चोर की पहचान कर उसे गिरफ्त में लेते हुए चोरी हुई बाइक को भी बरामद कर लिया जाएगा।

# वादों के निस्तारण में न हो देरी : एएसपी

धनघटा (एसएनबी)। शनिवार को धनघटा तहसील के सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस में फरियाद सुनने पहुंचे जिले के अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह और एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव ने पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई किया। इससे पूर्व अपर पुलिस अधीक्षक और एसडीएम धनघटा ने पूर्व में सम्पन्न हुए तहसील समाधान दिवस में पेश हुए मामलों मेंसे लम्बित प्रार्थनापत्रों के समाधान की समीक्षा की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारी-कर्मचारी फरियादियों के साथ मानवतापूर्ण व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान त्वरित गति से करें।

दोनों अधिकारियों ने कहा कि किसी भी फरियादी के साथ अभद्रता कत्तई नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का इस प्रकार से पारदर्शी और न्यायपूर्ण समाधान होना चाहिए कि उनको दुबारा प्रार्थनापत्र लेकर अधिकारियों के पास चक्कर न काटना पड़े साथ ही उनके निस्तारण में किसी प्रकार की देरी न हो। इस दौरान पेश हुए कुल 53 प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करते हुए दोनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सम्बन्धित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों को जरूरी आदेश करते हुए निर्धारित समयावधि के भीतर मामलों का निस्तारण करने का निर्देश दिया है। दो मामलों का मातहतों के सहयोग से दोनों अधिकारियों ने तत्काल निस्तारण करा दिया। पेश होने वाले मामलों में राजस्व विभाग से सम्बन्धित 20 मामले, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 17 मामले, विकास विभाग से सम्बन्धित चार मामले तथा अन्य विभागों से सम्बन्धित 12 मामले शामिल रहे। इस दौरान तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र पांडेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा बृजेश सिंह, नायब तहसीलदार राजेश कुमार पांडेय, खण्ड विकास अधिकारी हैंसर, खंड विकास अधिकारी पौली, खंड विकास अधिकारी नाथनगर, प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र, प्रभारी निरीक्षक महुली, एडीओ पंचायत हैंसर गजानन पाल,एडीओ पंचायत नाथनगर आनन्द मोहन,एडीओ पंचायत पौली दलसिंगार यादव व पूर्ति निरीक्षक सौरभ गोस्वामी समेत सभी विभागों के तहसील और ब्लाकस्तरीय अधिकारी समाधान दिवस में मौजूद रहे।



तहसील समाधान दिवस में संयुक्त रूप से फरियाद सुनते एएसपी व एसडीएम धनघटा।

# एसिड अटैक : पुलिस अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में शनिवार को एसिड अटैक के संबंध में पुलिस अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे अभियोजन अधिकारी विनय पाण्डेय द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस प्रशिक्षण में उप निरीक्षकगण व मुख्य आरक्षी-आरक्षी मौजूद रहे। साथ ही सभी थाना प्रभारी गूगल मीट के माध्यम से जुड़े रहे। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में शनिवार को एसिड अटैक पीड़िताओं की समस्याओं के प्रति ध्यान आकृष्ट करते हुए पीड़िताओं के चिकित्सीय क्षतिपूर्ति पेंशन, रोजगार तथा पूनर्वास के संबंध में न्यायालय में विचाराधीन वादों में पैरवी कराये जाने तथा एसिड अटैक की एसओपी के अनुसार पुलिस अधिकारियों को कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। जिसमें अभियोजन अधिकारी विनय पाण्डेय द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्यशाला में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद श्रीमती दीपांशी राठौर, क्षेत्राधिकारी यातायात/यूपी 112 केशव नाथ, वाचक पुलिस अधीक्षक कृष्ण देव सिंह, प्रभारी डब्ल्यू सीएसओ तथा थाना के उप निरीक्षकगण, मुख्य आरक्षी-आरक्षी मौजूद रहे ।



# पांच शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

## चोरी का मोटर पंप, जैक, छोटा गैस सिलिंडर, प्लास्टिक का पाइप, चाकू बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने शनिवार को पांच चोरों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए चोरों की निशानदेही पर चोरी का मोटर पंप, जैक, छोटा गैस सिलिंडर, प्लास्टिक का डिलेवरी पाइप, अवैध चाकू आदि बरामद किया।

कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को विसरापार निवासी दुर्गेश कुमार मिश्र ने मोटर पंप चोरी होने के मामले में चोरों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसी मामले की जांच में पुलिस जुटी थी। सूचना के आधार पर पांच चोरों को पकड़ा गया। पूछताछ में पकड़े गए चोरों की पहचान भीष्म पितामह सिंह निवासी गजपुर, मुकेश निवासी विसरापार, मिथुन उर्फ रविंद्र निवासी विसरापार, जयपाल विश्वकर्मा निवासी सिकरीडीह थाना खजनी, गोरखपुर, जनार्दन मौर्या निवासी काली जगदीशपुर महुली के रूप में हुई।

चोरों की निशानदेही पर चार अदद मोटर पंप, अदद जैक, छोटा गैस सिलिंडर, डिलेवरी पाइप और दो अदद चाकू बरामद हुआ। चोरों ने बताया कि वे मौका देखकर सुनसान जगहों से चोरी करते हैं।



कोतवाली में सामान के साथ पकड़े गए चोर। संवाद

# चोरी का सामान बरामद पांच गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। चोरी के साथ सामानों के साथ पुलिस ने पांच शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोटर पंप, गैस सिलेंडर व दो अवैध चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय-जेल रवाना किया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 15.09.2023 वादी दुर्गेश कुमार मिश्र पुत्र भवानी भीख मिश्र निवासी विसरापार, पोस्ट-देवरिया गंगा थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा अज्ञात चोरों द्वारा मोटर पंप चोरी कर लिये जाने के संबंध में तहरीर दिया गया था। जिसके संबंध में अभियोग पंजीकृत किया गया था।



उन्होंने बताया कि शनिवार को अभियुक्तगण भीष्म पितामह सिंह पुत्र रामअशीष सिंह निवासी गजपुर, मुकेश पुत्र परदेशी व मिथून उर्फ रविन्द्र पुत्र स्व. उदई निवासी विसरापार थाना कोतवाली खलीलाबाद, जयपाल पुत्र स्व. लालचन्द विश्वकर्मा निवासी सिकरीडीह थाना खजनी जनपद गोरखपुर हालपता उस्का कला थाना कोतवाली खलीलाबाद तथा जनार्दन मौर्या पुत्र रामनयन मौर्या निवासी काली जगदीशपुर थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, हाल पता नेदुला बाईपास खलीलाबाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से चोरी के दो विद्युत मोटर मय पम्प, दो जैक लोहे का, एक छोटा गैस सिलेन्डर, एक बोरी में प्लास्टिक का डिलेवरी पाईप करीब 200 फीट का तथा दो अभियुक्तों के पास से दो अवैध चाकू बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण ने बताया है कि वह अपने भौतिक एवं दुनियावी लाभ के लिये विभिन्न स्थानों से मौका देखकर सूनसान जगहों से चोरी करते हैं। वादी दुर्गेश मिश्रा के खेत से अभियुक्तों ने मोटर पंप चोरी किया था। जैक व सिलेन्डर मेन रोड पर खड़ी एक ट्रक से करीब छह माह पूर्व चोरी की थी। अभियुक्तों ने बताया है कि मोटर चुरा कर छिपा देते हैं और कुछ दिन बाद इसे ले जाकर कबाड़ी को बेच देते है। अभी तीन दिन पहले एक मोटर मय पम्पसेट मोहल्ला तितौवा के आगे उस्का कला में जयपाल कबाड़ी को तथा एक मोटर मय पम्पसेट नेदुला बाईपास हाइवे के उत्तर तरफ जनार्दन कबाड़ी को बेचें हैं। आरोपियों को उ.नि. अशोक कुमार दूबे, हे.कां. कृष्ण कुमार यादव, कां. शैलेष कुमार यादव, कां. सौरभ उपाध्याय, आरक्षी महेश चन्द्र गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

# तीन थानों में दुष्कर्म के पांच आरोपी गिरफ्तार

**थाना कोतवाली खलीलाबाद के.दो, थाना मेंहदावल व दुधारा के हैं एक-एक आरोपी**

संतकबीरनगर । जिले के तीन थानों से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें थाना कोतवाली खलीलाबाद व थाना मेंहदावल के दो-दो एवं दुधारा का एक आरोपी हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय-जेल रवाना किया। मगहर पुलिस चौकी प्रभारी उ.नि. रजनीश राय ने बताया कि अभियुक्तगण सुनील यादव पुत्र रामसन्त यादव तथा सूरज यादव पुत्र रामसन्त यादव निवासीगण अशरफाबाद थाना कोतवाली खलीलाबाद के द्वारा वादी के घर में घुसकर उसकी नाबालिक पुत्री के साथ छेड़खानी व दुष्कर्म आदि घटना कारित की गई थी। जिसके संबंध में वादी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को दोनों आरोपियों गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल रवाना किया गया। आरोपी को उ.नि. रजनीश राय, हे.कां. आनन्द दूबे, हे.कां. सोनू पटेल, कां. हरेन्द्र यादव, कां. सुमित राय ने गिरफ्तार किया है। **दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल : सेमरियावां :** थाना दुधारा के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि अभियुक्त अशरफ अली पुत्र जलाउद्दीन ग्राम पनियरा टोला अकटहिया थाना पनियरा जनपद महराजगंज द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था और उसके दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी। जिसके संबंध में वादिनी द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक 02.09.2023 को अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना दुधारा के उ.नि. नन्दू गौतम, हे.कां. अरविन्द यादव ने आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय-जेल रवाना किया गया। **छेड़खानी व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार : मेंहदावल:** थाना मेंहदावल पुलिस ने अभियुक्त संगम कुमार पुत्र धर्मेन्द्र कुमार निवासी रामवापुर थाना मेंहदावल को गिरफ्तार कर न्यांयालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम निरीक्षक विजय कुमार दूबे, हेड कांस्टेबल पप्पू सिंह, अनिल यादव,भीम कुमार रहे। इसी क्रम में दुष्कर्म के मामले में आरोपी निखिल यादव पुत्र चैतू यादव निवासी पंचनेऊरी थाना मेंहदावल को बढ़या ठाठर पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। उक्त वादी की नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म किया गया था। जिसके संबंध में वादी द्वारा थाना अभियोग पंजीकृत कराया गया था। आरोपी को उ.नि. दद्दन राय, कां. चंद्रशेखर सिंह, मिथिलेश वर्मा, म.कां. खुश्बू सिंह ने गिरफ्तार किया है।

# मछली पकड़ने गया युवक नदी में डूबा, शव बरामद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के घोरांग गांव निवासी एक 30 वर्षीय युवक शनिवार की सुबह कुआनों नदी के सांखी घाट पर मछली पकड़ने गया था जहां गहरे पानी में पहुंच जाने से युवक नदी में डूब गया। घंटों मशक्कत करने के बाद स्थानीय गोताखोरों ने महुली थाना क्षेत्र की सीमा से युवक का शव नदी से बरामद किया और बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची महुली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के घोरांग गांव निवासी 30 वर्षीय बलिराम पुत्र रामरक्षा कुछ अन्य युवकों के साथ शनिवार की सुबह कुआनों नदी के सांखी घाट के समीप नदी में मछली पकड़ने के लिए गया हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बलिराम नदी के पानी में उतर कर मछली पकड़ने का प्रयास कर रहा था उसी दौरान वह नदी के पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर गहरे पानी में चला गया और नदी में डूबने लगा। मौके पर मौजूद स्थानीय लोग जब तक उसे बचाने के लिए कोई उपक्रम करते उससे पूर्व बलिराम नदी के पानी की धारा में विलीन हो गया। हादसे के बाद सूचना पाकर मौके पर बलिराम के गांव घोरांग समेत आसपास के तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और हादसे की सूचना पहले धनघटा पुलिस को दी। सूचना पाकर धनघटा थाने के कुछ पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए तो पता चला कि युवक बलिराम नदी में महुली थाना क्षेत्र की सीमा में डूबा है। उसके बाद ग्रामीणों ने हादसे की सूचना महुली पुलिस को दी तो घंटों बाद महुली पुलिस पहुंची। इस बीच स्थानीय गोताखोर मानवता के कारण नदी की धारा में उतर कर बलिराम की तलाश करते रहे। घंटों मेहनत के बाद स्थानीय गोताखोरों ने उसके शव को नदी की धारा के बीच बरामद कर नदी के बाहर निकाल लिया। बाद में पहुंची महुली पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की नदी में डूबने से मौत हो जाने की सूचना पर उसके परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।



युवक के नदी में डूबने की सूचना पर सांखी घाट पर उमड़ी ग्रामीणों की भीड़।

# मारपीट की घटना में तीन सगे भाई नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के घोरांग गांव में तीन दिन पूर्व पुरानी रंजिश को लेकर कुछ मनबढ़ों द्वारा की गई एक युवक की पिटाई की घटना में शनिवार को पुलिस ने तीन हमलावर सगे भाईयों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के घोरांग गांव निवासी विश्वनाथ सिंह पुत्र रामशंकर सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर बीते 13 सितम्बर को दोपहर में गांव निवासी विपक्षी प्रमोद सिंह पुत्र सोना सिंह तथा सुखसागर सिंह व दुर्गेश सिंह पुत्रगण सोना सिंह उसे घेरकर भद्दी-भद्दी गालियां दे रहे थे। उसने जब गाली देने का विरोध किया तो उक्त तीनों भाई उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसके उपर लाठी-डण्डे से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर जबतक बीचबचाचव कराते तब तक हमलावर तीनों सगे भाईयों ने उसे लाठी-डण्डे से मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर सगे भाई प्रमोद सिंह, सुखसागर सिंह तथा दुर्गेश सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जल्द ही नामजद हमलावर तीनों भाईयों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# महिला डॉक्टर से रंगदारी मांगने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले के शम्भूनाथ मेमोरियल हॉस्पिटल बंधवा की महिला डाक्टर गाड़ी में पीछे से दो बदमाश ने बाइक से ओवरटेक करके रोक लिया। उसके बाद बदमाश गाड़ी का गेट खोलने को लेकर अपशब्द कहने लगे और जानमाल की धमकी हुए रंगदारी मांगने लगे। महिला डाक्टर ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से डिजिटल कैमरा, तलवार एवं एक बाइक बरामद की है। इस संबंध में थाना कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र कुमार सिंह ने 15 सितम्बर को करीब 02:00 बजे शम्भूनाथ मेमोरियल हॉस्पिटल बंधवा की महिला डॉक्टर श्रीमती सलोनी श्रीवास्तव को चालक वाहन संख्या यूपी 58 पी 9090 से नगवॉ से अपने घर बॅधवा लेकर जा रहा था। रास्ते में शेखर पट्रोल पम्प के पास से दो बदमाशों ने इनकी गाड़ी की डिजिटल कैमरे से फोटो ली और पीछा करते हुए चनवापार ईंट भट्ठे के पास पहुंच गए। जहां बदमाशों ने इनकी गाड़ी को पीछे से ओवरटेक करके रोक लिया। उसके बाद बदमाश गाड़ी का गेट खोलने को लेकर अपशब्द कहने लगे और जानमाल की धमकी हुए रंगदारी मांगने लगे। ₹ मांगने लगे। महिला चिकित्सक ने मोबाइल फोन से इसकी सूचना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दो बदमाशों करन पुत्र राज कुमार निवासी लगड़ाबार थाना बखिरा तथा संदीप कुमार पुत्र बालदीप निवासी साहूपार थाना बखिरा को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से एक अदद निकोन कंपनी का डिजिटल कैमरा, एक अदद तलवार तथा एक अदद चाकू और एक बाइक बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ धारा 384, 504, 506 भादवि पंजीकृत न्यायालय-जेल रवाना किया गया। बदमाश को गिरफ्तार करने में उ.नि. रमेश चन्द्र, कां. घनश्याम त्रिपाठी, कां. मंजीत यादव, कां. राज नरायण प्रजापति का सहयोग रहा।

चालक की तहरीर पर तीन आरोपितों पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने दबोचा

# महिला चिकित्सक की कार को रोककर मांगी रंगदारी

**दुस्साहस**

- आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने कैमरा, तलवार एवं चाकू बरामद किया
- बाइक सवार तीन व्यक्तियों ने चवनापार गांव के पास कार को रोका



महिला चिकित्सक से रंगदारी मांगने के मामले में शनिवार को पुलिस ने आरोपित तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। ● हिन्दुस्तान

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले के शंभूनाथ मेमोरियल हास्पिटल की महिला चिकित्सक की गाड़ी को रोककर रंगदारी मांगने और धमकी देने का मामला सामने आया है। चिकित्सक के ड्राइवर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक, कैमरा, तलवार एवं चाकू पुलिस ने बरामद किया।

कोतवाल इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चन्द्रशेखर सिंह निवासी ग्राम मईला थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह शम्भू नाथ मेमोरियल हास्पिटल में ड्राइवर के पद पर काम करता है। शुक्रवार को नगवा हास्पिटल से डॉक्टर सलोनी श्रीवास्तव को गाड़ी से लेकर बंधवा की तरफ आ रहा था। बड़गो पेट्रोल पंप के पास एक बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों ने कार का पीछा करते हुए ओवर टेक कर चनवापार गांव के पास रोक लिए और डॉक्टर का गेट को खोलने का प्रयास करने लगे। जब वह शीशा नीचे करके पूछताछ की तो गाली देते हुए व जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी मांगने लगे। बाइक पर पीछे बैठा व्यक्ति अपने कैमरे से कार की फोटो ले रहा था।

मौके पर तमाम लोगों के आ जाने पर बाइक सवार तीनों व्यक्ति भाग गए। जानकारी करने पर पता चला कि बाइक चालक का नाम करन निवासी लंगड़ावर संदीप कुमार निवासी साहूपार व एक नाबालिग थाना बखिरा क्षेत्र के रहने वाला है। कोतवाल ने बताया कि चालक की तहरीर पर मामले में मुकदमा कर घटना में संलिप्त तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक, तलवार, चाकू एवं कैमरा बरामद कर लिया गया है। तीनों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत करके जेल भेजा जा रहा है।

# दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

मेंहदावल। मेंहदावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबलिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने के वांछित को शनिवार को मेंहदावल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे ने पीड़िता के परिजन ने नाबलिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा दुष्कर्म करने की तहरीर दी थी। तहरीर पर दुष्कर्म, पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।

# 144 मामलों में सिर्फ छह का निस्तारण

## समाधान दिवस

## मेंहदावल में आए 49 मामलों में तीन ही निपटे

मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न मामलों से सम्बंधित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी-कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। तहसील मेंहदावल में कुल 49 प्रार्थना पत्र आए। इसमें से मौके पर तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए अविलंब निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया।

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद की तीनों तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कुल 144 मामले आए इसमें से मात्र छह का ही मौके पर निस्तारण हो सका। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व एसडीएम सत्यजीत गुप्ता ने लोगों की फरियाद सुना। वहीं मेंहदावल में सीडीओ और धनघटा में एएसपी ने पहुंचकर लोगों की फरियाद सुनी। जिलाधिकारी ने पूर्व के तहसील दिवस में आए शिकायती पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए लापरवाहों को कड़ी चेतावनी दी।

डीएम ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही न की जाए। भूमि विवाद, अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाए। खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, इसमें से एक प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।

**धनघटा में आए 53 मामले में दो का निस्तारण:** संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एएसपी संतोष कुमार सिंह ने किया। इस दौरान कुल 53 मामले आए,इसमें राजस्व विभाग के 20, पुलिस विभाग के 17, विकास विभाग के चार अन्य विभाग से 12 मामले आए। जिसमें मौके पर दो का निस्तारण किया गया।

# अशांति फैलाने वाले 14 आरोपितों पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में अशांति फैलाने के आरोप में 14 आरोपितों को पकड़कर उनके विरूद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई किया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो, महुली दो, बखिरा आठ और थाना बेलहरकला पुलिस ने दो आरोपित को दबोचकर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुतकर दिया।

# बालिका को भगाने एवं दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने बालिका को भगाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा राकेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अपहरण, दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपित अभियुक्त अशरफ अली ग्राम पनियरा टोला अकटहिया थाना पनियरा जनपद महराजगंज को दबोचा। पुलिस के अनुसार अभियुक्त पीड़ित की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। इस संबंध में पीड़िता ने थाने पर 02 सितंबर को तहरीर देकर केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया।

# दुष्कर्म व छेड़खानी के आरोपी गिरफ्तार

मेंहदावल। बखिरा थाने के दुष्कर्म, छेड़खानी, आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में वांछित आरोपी को मेंहदावल पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे ने बताया वांछित संगम कुमार निवासी रमवापुर थाना मेंहदावल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपी पर दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में बखिरा थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

# गैंगरेप के आरोपितों को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने गैंगरेप के दो आरोपितों को दबोचकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की। एसओ इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मगहर चौकी इंचार्ज एसआई रजनीश राय के अगुवाई में पुलिस टीम ने घर में घुसकर गैंगरेप, छेड़खानी, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धारा से संबंधित आरोपित अभियुक्त सुनील यादव, सूरज यादव निवासीगण अशरफाबाद थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार किया। आरोपित अभियुक्तों ने वादी के घर में घुसकर नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी व दुष्कर्म किया था।

# पांच शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

- चार मोटर पंप, दो जैक, चाकू व अन्य सामान बरामद
- बिसरापार से चोरों को दबोचने में मिली कामयाबी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस के हत्थे पांच शातिर चोर शनिवार का चढ़ गए। थाना क्षेत्र के बिसरापार गांव स्थित मुर्गी फार्म से पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के पास चोरी का चार मोटर पंप, दो जैक, एक छोटा गैस सिलेंडर, चाकू एवं अन्य सामान बरामदकर उनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की।

कोतवाल रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को दुर्गेश कुमार मिश्र पुत्र भवानी भीख मिश्र निवासी बिसरापार पोस्ट देवरिया गंगा ने अज्ञात चोरों द्वारा मोटर पंप चोरी कर लिए जाने की तहरीर दी है। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके साथ ही पुलिस टीम को चोरों की गिरफ्तारी के लिए लगा दिया गया। गठित टीम ने घटना में संलिप्त आरोपित भीष्म पितामह सिंह निवासी गजपुर, मुकेश व मिथुन उर्फ रविन्द्र निवासी बिसरापार थाना कोतवाली खलीलाबाद, जयपाल निवासी सिकरीडीह थाना खजनी जनपद गोरखपुर हाल पता उसका कला थाना कोतवाली खलीलाबाद एवं जनार्दन मौर्या पुत्र रामनयन मौर्या निवासी काली जगदीशपुर थाना महुली हालपता नेदुला बाईपास खलीलाबाद को चोरी के चार विद्युत मोटर पम्प, दो जैक लोहे का, एक छोटा गैस सिलेन्डर, एक बोरी में प्लास्टिक का डिलेवरी पाईप करीब 200 फिट के साथ गिरफ्तार किया। साथ ही उनके पास से दो अवैध चाकू भी बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आर्म्स एक्ट एवं अन्य धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

चोरी का मोटर खरीदने वाले कबाड़ी में गए जेल : चोरों से चोरी का मोटर खरीदने वाले कबाड़ी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपित अभियुक्तगणों ने बताया कि वह अपने भौतिक एवं दुनियावी लाभ के लिए विभिन्न स्थानों से मौका देखकर सुनसान जगहों से चोरी करते हैं।

# एसिड अटैक कार्यशाला का हुआ आयोजन

संतकबीरनगर। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में शनिवार को एसिड अटैक सम्बन्धित विवेचना के विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। एसिड अटैक पीड़िताओं की समस्याओं के प्रति ध्यान आकृष्ट कराया। पीड़िताओं के चिकित्सीय क्षति पूर्ति, पेन्शन, रोजगार तथा पुनर्वास के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। न्यायालय में विचाराधीन वादों में पैरवी कराए जाने तथा एसिड अटैक की एसओपी के अनुसार कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

# पुलिस ने ठीक करायी क्षतिग्रस्त प्रतिमा

कांटे : दुधारा थानाक्षेत्र के राजापुर सरैया गांव में डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा शनिवार को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त देखी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मूर्तिकार को बुलाकर तुरंत प्रतिमा को ठीक करा दिया। क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद दीपांशी राठौर ने बताया कि ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने प्रतिमा स्थल के चारों तरफ चहारदीवारी बनाने का निर्णय लिया है। जिससे भविष्य में कोई नुकसान होने की आशंका न रहे। (जासं)



जाति प्रमाण पत्र को लेकर धरना देते अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद के सदस्य • जागरण

# जाति प्रमाण पत्र को लेकर नौवें दिन जारी रहा धरना

जासं, संतकबीर नगर : अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद के सदस्यों का धरना लगातार नौवें दिन शनिवार को भी जारी रहा। विकास भवन के निकट स्थित बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल परिसर में जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग को लेकर नारेबाजी होती रही।

संगठन के मंडल उपाध्यक्ष लालचंद्र दुसाध ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कई ज्ञापन सौंपने के बाद भी तहसील व जिला प्रशासन अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र नहीं जारी हो रहा है। सांसद व जिलाधिकारी ने वार्ता किया तो सार्थक बात नहीं हुई। जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएगी, तब तक वे यहां पर धरना देते रहेंगे। जिलाध्यक्ष उदयराज दुसाध उर्फ सोनू ने कहा कि उनकी जाति के हित में जिला प्रशासन गंभीर नहीं है।

इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिला महासचिव अखिलेश कुमार ने कहा जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएगी, तब तक वे यहां पर अनिश्चितकाल तक धरना देते रहेंगे। इस अवसर पर परदेश उपाध्यक्ष शशिकांत सोनू, सिकंदर, राजेश, विजय प्रताप, विजय कुमार, दुर्विजय, अरविंद, रघुवर, राहुल, छट्ठू के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चिकित्सक दंपती से रंगदारी वसूलने का प्रयास, तीन गिरफ्तार

- नगवा स्थित शंभूनाथ मेमोरियल हास्पिटल से वापस लौटने के दौरान हुई घटना
- तीन नामजद आरोपियों में दो को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद के नगवा स्थित शंभूनाथ मेमोरियल हास्पिटल के डा. चित्रसेन श्रीवास्तव और उनकी पत्नी डा. सलोनी श्रीवास्तव से शुक्रवार को रंगदारी वसूली का प्रयास करने के मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज हुआ था। नामजद आरोपितों को पुलिस टीम ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इसमें दो को जेल भेज दिया गया तथा तीसरे के नाबालिग होने से उसे मुचलके पर छोड़ दिया गया।

कोतवाली में दिए गए तहरीर में महिला चिकित्सक के वाहन चालक चंद्रशेखर सिंह ने लिखा है कि 15 सितंबर को वह नगवा हास्पिटल से डा. सलोनी श्रीवास्तव को लेकर खलीलाबाद उनके घर पहुंचाने जा रहा था। अभी वह ग्राम बड़गो स्थित शेखर पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था कि एक बाइक पर तीन सवार लोगों ने कार को ओवरटेक करके रोक लिया। वह लोग जबरन गाड़ी का फाटक खोलने का प्रयास करने लगे। उन लोगों के बारे में पूछने पर सभी को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।



कोतवाली मे पुलिस की हिरासत मे रंगदारी मांगने वाला आरोपित • जागरण

जानकारी लेने पर आरोपितों की पहचान करन पुत्र राजकुमार निवासी लगड़ाबार, संदीप कुमार पुत्र बालदीप निवासी साहूपार व बालकेश पुत्र शिवकुमार निवासी चिट्ठापार थाना बखिरा के रूप में हुई। कोतवाली प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम लगाई गई थी। शनिवार को टीम के सदस्यों ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त डिजिटल कैमरा, एक तलवार, चाकू व बाइक बरामद कर लिया गया। एक आरोपित बालकेश के नाबालिग होने की पुष्टि होने पर मुचलका पर उसे छोड़ा गया है। सोमवार को उसे बाल न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**पिछले कुछ दिनों से चिकित्सक दंपती के पीछे पड़े थे आरोपित:** पुलिस की पूछताछ में पता चला कि तीनों आरोपित पिछले कुछ दिनों से चिकित्सक दंपती के पीछे पड़े थे। फोन पर लगातार धमकी भी दे रहे थे। आने-जाने के दौरान आरोपित रेकी भी करते थे और फोटो खींचते थे। पहले तो लोगों ने इस पर बहुत ध्यान नहीं दिया लेकिन जब शुक्रवार को आरोपितों ने वाहन रोककर विवाद किया तो मामला पुलिस के पास पहुंचा।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार, जेल

जागरण संवाददाता , मेंहदावल, संतकबीर नगर : मेंहदावल थानाक्षेत्र के एक गांव में निवास करने वाली किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने तथा दुष्कर्म किए जाने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपित निखिल यादव निवासी पचनेउरी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया था।

एक युवती के साथ दुष्कर्म व छेड़खानी में वांछित आरोपित संगम कुमार निवासी रमवापुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने बताया कि दोनों आरोपितों को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

BABA HIRA DASS JI AYURVEDIC
MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Recognized by NCISM, Ministry of Ayush, Govt. of India
Recognized under 2(f) of UGC Approved by Govt of Punjab
Affiliated to Guru Ravidas Ayurved University, Hoshiarpur
BAMS
ADMISSION OPEN
FOR
ब
खून
से पु

# 39 पायदान नीचे खिसका गोरखपुर संत कबीरनगर सबसे आगे

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : शासन स्तर से प्रदेश के सभी जिलों की अगस्त की रैंकिंग जारी कर दी गई है। प्रदेश स्तर पर 8वीं रैंक पाकर संतकबीरनगर जिला, गोरखपुर-बस्ती मंडल में सबसे आगे तो 59वीं रैंक के साथ कुशीनगर सबसे पीछे है। जुलाई की तुलना में पिछले महीने की रैंकिंग में गोरखपुर 14 से 39 पायदान नीचे खिसक कर 53 पर पहुंच गया है। प्रदेश में अयोध्या और कासगंज को संयुक्त तौर पर पहली रैंक मिली है। 35वीं रैंक पर लखनऊ है।

अगस्त महीने की जारी हुई रिपोर्ट में देवरिया 46, महराजगंज 26, सिद्धार्थनगर 22 और बस्ती को 24वीं रैंक मिली है। विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर शासन स्तर से तय की जाने वाली जिलों की रैंकिंग का फार्मूला अब बदल दिया गया है। गत शुक्रवार की रात जारी हुई रैंकिंग, इसी नई व्यवस्था के अनुसार तय की गई है। इसके तहत अब संबंधित विभाग अपनी प्रगति रिपोर्ट शासन स्तर पर तैयार किए गए सीएम डैश बोर्ड पर अपलोड करेंगे। रैंकिंग जारी होगी।

"समीक्षा कर यह देखा जाएगा कि किन विभागों की खराब प्रगति की वजह से रैंक नीचे खिसकी है। कमियों को चिह्नित किया जाएगा और उसे दुरुस्त कराया जाएगा। लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही भी तय होगी।"

**– कृष्णा करुणेश, जिलाधिकारी, गोरखपुर**

दोनों मंडलों के जिलों की रैंकिंग :-

| जिला | अगस्त | जुलाई |
|---|---|---|
| संतकबीरनगर | 08 | 09 |
| सिद्धार्थनगर | 22 | 44 |
| बस्ती | 24 | 25 |
| महराजगंज | 26 | 54 |
| देवरिया | 46 | 05 |
| गोरखपुर | 53 | 14 |
| कुशीनगर | 59 | 04 |

रैंकिंग जारी होने के सात दिनों के भीतर डीएम, जिले स्तर पर और उसके अगले सात दिनों के भीतर, कमिश्नर मंडल स्तर पर समीक्षा कर यह जांचेंगे कि किन कमियों की वजह से रैंकिंग अच्छी या खराब हुई है।

# समाजवादी साइकिल यात्रा का आगमन आज

**संतकबीर नगर** : समाजवादी लोहिया वाहिनी की देश बचाओ देश बनाओ साइकिल यात्रा रविवार को जनपद में आएगी। सुबह 10 बजे टेमा चौराहा पर यात्रा के आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी सपा जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने दी। (विज्ञप्ति)

# चोरी के सामान व खरीदार समेत पांच गिरफ्तार

**जासं, संतकबीर नगर :** जनपद की पुलिस को शनिवार को उस समय एक बड़ी सफलता हासिल हुई जब उनके द्वारा चोरों के एक संगठित गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। एक चोरी के मामले की जांच के दौरान खुला। पुलिस ने चोरी के सामान व खरीदार समेत पांच को जेल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिसरापार निवासी दुर्गेश कुमार मिश्र ने शुक्रवार को तहरीर देकर अज्ञात चोर उनका मोटरपंप गायब कर दिए जाने का मुकदमा दर्ज करवाया था। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कोतवाली प्रभारी रविंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित किया था। टीम ने शनिवार को मामले का पर्दाफाश कर दिया। पकड़ में आए आरोपितों की पहचान भीष्म पितामह सिंह निवासी गजपुर, मुकेश व मिथुन उर्फ रविन्द्र निवासी बिसरापार और गोरखपुर जनपद के खजनी थाना क्षेत्र के सिकरीडीह गांव के जयपाल विश्वकर्मा के रूप में हुई। यह चारों आरोपित चोरी का सामान महुली थाना क्षेत्र के कालीजगदीशपुर के जनार्दन मौर्या को बेंचते थे। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने बिसरापार से चोरी किए गए चार मोटरपंप समेत अन्य सामान बरामद कर लिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि चोरी करने व सामान खरीदने वाले पांच आरोपितों को जेल भेजा गया है।

# ईंट पर मिले बाल, खून के धब्बे दिलाएंगे इंसाफ

## 24 मई 2020 को पिता ने दो मासूम बेटियों को ईंट से कूच कर मार डाला था, वारदात से समूचा गांव दहल उठा था

संवाद न्यूज एजेंसी

**बेलहर/ संतकबीरनगर।** 24 मई 2020 को दो बच्चियों की ईंट से कूच कर हत्या कर दी गई। यह हत्या उनके पिता ने अपनी शादी में बाधा बनने के कारण की थी। पुलिस की विवेचना में इस बात की पुष्टि हुई है कि ईंट पर मिले खून और पिता के खून एक समान हैं।

तीन साल पहले हुई वारदात से समूचा गांव दहल उठा था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर जब सख्ती बरती तो उसने कत्ल का राज उगल दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना स्थल से हत्या में प्रयुक्त ईंट बरामद की थी। ईंट में चिपके बच्चियों के बाल मिले थे। दोनों बच्चियों के सिर के बाल, ईंट में लगे खून और आरोपी पिता के खून का नमूना लेकर जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ भेजा था। जांच रिपोर्ट समेत तमाम सबूत कातिल पिता को सजा दिलाने के लिए कोर्ट में दाखिल किए जा चुके हैं।




बनेथू गांव में मृतक की चचेरी दादी का मकान व परिवार। संवाद

### ईंट पर आरोपी की उंगलियों के निशान होने की भी पुष्टि

मामले के विवेचक इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून लगे ईंट को बरामद किया गया था। इस प्रकरण में दोनों बालिकाओं के खून, ईंट में लगे खून और आरोपी के खून की जांच प्रयोगशाला से कराई गई। जांच में खून मेल खा गया है। विवेचक का कहना है कि आरोपी ने खुद जुर्म कबूल किया था। आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं।

**ग्रामीणों को भी आरोपी को सजा मिलने का है इंतजार :** मृतक की चचेरी दादी हमीदा खातून ने बताया कि दोनों बच्चियों की परवरिश वही कर रही थीं। भतीजा जैनुल आबदीन नशेड़ी था। नशा करने के बाद वह किसी से भी झगड़ा कर लेता था। गांव वालों ने बताया कि आरोपी के कृत्य से रिश्ता शर्मशार हो गया। आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि कोई रिश्ते को शर्मशार करने की कोशिश न करे। मृतक के चाचा अबरार अहमद ने बताया कि आरोपी की जमानत के लिए प्रार्थनापत्र नहीं दिया गया। आरोपी के कृत्य से परिवार का हर कोई आहत है। आरोपी की तरफ से घटना की कोई पैरवी भी नहीं कर रहा है, न ही कोई वकील है। मुकदमे के वादी एसआई सदरुल आलमीन ने बताया कि उनकी तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया था, अभी भी आरोपी जेल में है। आरोपी को सजा जरूर मिलेगी।

### ये है घटनाक्रम

बनेथू गांव निवासी आरोपी जैनुल आबदीन (33) से पत्नी सादिया खातून के रिश्ते अच्छे नहीं थे। घटना से करीब डेढ़ साल पूर्व पत्नी से तलाक हो गया था। सादिया ने सिद्धार्थनगर में दूसरी शादी कर ली, जबकि सादिया से पैदा दो बेटियां पांच वर्ष की मोसिबा खातून और ढाई साल की अलफिसा खातून पिता जैनुल आबदीन के साथ रहती थीं। जैनुल आबदीन के पिता मसूद अहमद मुंबई में रहते हैं। गांव में उसके चाचा अबरार अहमद और उनका परिवार रहता है। जैनुल आबदीन दूसरी शादी करना चाहता था, लेकिन तलाकशुदा पत्नी से पैदा दोनों बेटियों की वजह से बात नहीं बन रही थी। दूसरी शादी में बाधक बनने से जैनुल आबदीन ने उन्हें रास्ते से हटाने की साजिश रची, फिर खेलने के बहाने परिवार के निर्माणाधीन मकान पर ले जाकर ईंट से सिर कूचकर दोनों मासूम बेटियों की हत्या कर दी। वारदात के बाद घर के उत्तर बगीचे के पास आरोपी छिपा था। सूचना पर घटना की रात ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। थाने के पूर्व एसआई सदरुल आलमीन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जैनुल आबदीन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में दूसरी शादी में बाधक बनने की वजह से दोनों बेटियों की हत्या करने की बात स्वीकार किया था।

> दो बेटियों की हत्या करने वाला आरोपी जेल में है। विवेचक ने केस में पुख्ता सबूत दाखिल किया है। केस गवाही में चल रहा है। इसमें आरोपी को सजा जरूर होगी।
>
> **- विशाल श्रीवास्तव, जिला शासकीय, अधिवक्ता फौजदारी**

# हमारा पैसा दिलवा दीजिए, हम गरीब हैं...

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : लाठी के सहारे संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम के सामने प्रस्तुत हुए चकदही के संग्राम प्रसाद प्रार्थना पत्र देकर कातर स्वर में बोले, साहब हमारा पैसा दिलवा दीजिए, हम बहुत गरीब हैं। भक्ता गांव के एक व्यक्ति ने हमारी जमीन बैनामा करवा ली है। तीन वर्ष से वह दौड़ा रहा है। कई बार थाने-चौकी पर भी जा चुका हूं। सुना है कि आप चाहेंगे तो हमें न्याय जरूर मिलेगा। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने संग्राम को आश्वस्त किया और एसडीएम से इस मामले को खुद देखकर समस्या दूर करने का निर्देश दिया।

खलीलाबाद तहसील में जिला स्तरीय कार्यक्रम था। डीएम के साथ ही एसपी सत्यजीत गुप्ता व जनपद के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। डीएम का पहला संपूर्ण समाधान दिवस था। सुबह से ही गहमा-गहमी बढ़ गई थी। फरियाद लेकर मटिहना गांव की उर्मिला बेटे और बहू के साथ अधिकारियों के पास पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि उनकी बैमामे की भूमि पर कुछ लोग कब्जा कर लिए हैं। वह न्याय की आस में वर्षों से दौड़


सुनीता सिंह


उर्मिला


भानुमति


संग्राम प्रसाद

- संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम के पास पहुंचे संग्राम ने सुनाई पीड़ा
- फरियाद लेकर पहुंचे पीड़ितों को मिला न्याय का भरोसा

रही हैं। हर बार न्याय का भरोसा मिलता है। साहब, गरीब महिला हूं, आप लोगों की कृपा हो जाएगी तो हमारा भला हो जाएगा। उर्मिला ने बताया कि वह पुलिस के पास पहुंची थी। उसे पूरे दिन चौकी पर बैठाकर रखा गया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। थकहार कर फिर आपकी शरण में आयी हूं। डीएम के पास न्याय की आस में बभनी बौरा की भानुमति भी भूमि विवाद को लेकर पहुंची थीं। उनका आरोप था कि उनकी भूमि का कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया है। जांच में मामला सही भी मिला, लेकिन अधिकारी हमारी नहीं सुन रहे। वह वर्षों से कागज लेकर दौड़ रही हैं। हर बार सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। साहब, बहुत आस लेकर आपके पास आयी हूं, हमारे साथ न्याय कर दीजिए। डीएम ने भानुमति को भरोसा दिया। सिरमौनी की सुनीता सिंह भी पीड़ा लेकर डीएम के दरबार में पहुंची थीं। उनका कहना था कि वह माता-पिता की अकेली संतान थीं। जब तक माता-पिता जिंदा रहे वह उनकी सेवा करती रहीं। शादी तक नहीं किया। उनके निधन के बाद कुछ लोग उनकी जमीन के पीछे पड़े हैं। वह मनबढ़ों से बचने के लिए न्याय की आस में लगातार अधिकारियों के पास दौड़ लगा रही हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। डीएम और एसपी ने फरियाद लेकर पहुंचे सभी पीड़तों को भरोसा दिया कि जल्द उनकी समस्या दूर होगी।

# तरकुलहवा देवी मंदिर से दर्शन करके लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। तरकुलहवा देवी मंदिर से दर्शन करके लौट रहे युवक के ऊपर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्गा मंदिर मगहर के पास कुछ हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक को पीटकर बेहोश कर दिया। वारदात को अंजाम देकर कार सवार हमलावर भाग गए। शनिवार को पुलिस ने दो नामजद और छह-सात अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया।

महुली क्षेत्र के विश्वनाथपुर निवासी सर्वेंद्र पांडेय पुत्र दिलीप पांडेय ने बताया कि वह शुक्रवार को गांव के चार लोगों के साथ बोलेरो से तरकुलहवा देवी मंदिर से दर्शन करके घर लौट रहे थे। कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मगहर दुर्गा मंदिर के पास कार सवार कुछ लोगों ने ओवर टेक करके उसकी बोलेरो को रोकवा लिया। जब तक वह कुछ समझ पाते,तब तक उक्त कार में बैठे विकास अग्रहरि निवासी मुखलिसपुर महुली, रिसाद सिद्दीकी बंडाबाजार धनघटा और छह सात अज्ञात लोगों ने हॉकी,

## हाईवे पर दुर्गा मंदिर मगहर के पास हमलावरों ने की वारदात

डंडा व चाकू से उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। उसे लोग गाड़ी से खींच कर मारने-पीटने लगे। उसके साथ गाड़ी में बैठे सालिकराम चौहान को भी गाड़ी से खींच कर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए हमलावर कर दिए।

पीड़ित के साथ में ही गाड़ी में बैठे नवनीत उपाध्याय और जयराम यादव ने जब हमलावरों को रोकना चाहा तो उन्हें भी मारने पीटने लगे। हमलावरों की पिटाई से सर्वेंद्र पांडेय को सिर, चेहरा, आंख, हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। आरोप है कि लोग उसे मरा समझ कर असलहा लहराते हुए भाग गए। उसे बेहोशी की हालत में साथ में मौजूद लोग जिला अस्पताल ले गए। एसएसआई रविंद्र सिंह ने बताया कि विकास अग्रहरि, रिसाद सिद्दीकी और छह,सात अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# वृद्ध से 20 हजार रुपये लेकर टप्पेबाज फरार

हरिहरपुर। नाथनगर पीएनबी शाखा से शनिवार को पैसा निकाल कर घर जा रहे साइकिल सवार बुजुर्ग से 20 हजार रुपये लेकर टप्पेबाज फरार हो गया। सूचना पर महुली पुलिस जांच में जुट गई।

अलीनगर गांव निवासी राम मिलन यादव पुत्र सहती शनिवार को पीएनबी नाथनगर से 20 हजार रुपये निकालकर साइकिल से घर जा रहे थे। रास्ते में गांव के निकट बाइक सवार टप्पेबाजों ने ओवरटेक कर बुजुर्ग राम मिलन को रोक लिया। बताया कि उन्हें बैंक मैनेजर ने भेजा है।

तुम्हारे पास जो नकदी है, उसमें कुछ नकली नोट हैं। बुजुर्ग उनकी बातों में आ गया और उन्हें रुपये दे दिए। पीड़ित राम मिलन ने बताया कि बाइक सवार टप्पेबाजों ने उससे एक कागज पर लाल कलम से दस्तखत भी कराए और बैंक पर आने की बात कहकर चले गए। जब पीड़ित बैंक पहुंचा तो उसे पता चला कि उसके साथ ठगी हो गई है। सूचना पर पहुंची महुली पुलिस मामले की छानबीन में लगी हुई है।

प्रभारी एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि प्रकरण की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# पुलिस की पकड़ से दूर हैं एनबीडब्ल्यू के वारंटी

धनघटा। क्षेत्र के मलौली गांव निवासी रवि शंकर उपाध्याय ने पुलिस के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर एनबीडब्ल्यू के वारंटियों को गिरफ्तार कराने की मांग की है।

आरोप है कि पिछले वर्ष गांव निवासी 15 लोगों ने उनकी शीशम की लकड़ी उठाकर होलिका में दहन कर दिया था। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी, तो पुलिस ने पीड़ित समेत 16 लोगों के विरुद्ध पाबंदी की कार्रवाई की थी। पीड़ित का आरोप है कि वह तो अपना जमानत एसडीएम कोर्ट से करा लिए, लेकिन विपक्षी अभी तक जमानत नहीं कराए, जबकि महीनों से उनके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी है, लेकिन पुलिस उन की गिरफ्तार करने में असफल है। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः– 17–09–2023

# दो वारंटियों को गिरफ्तार किया

खरगूपुर। न्यायालय से मारपीट के वांछित दो वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि ननकऊ मिश्रा व बबलू उर्फ शिवानंद पुत्रगण राम छबीले मिश्रा निवासी चंदनजोत को उपनिरीक्षक चंद्रसेन वर्मा व सत्यजीत मौर्य ने गिरफ्तार किया है।

कजरीतीज को लेकर सज गए मंदिर व शिवालय, बल्ली लगाकर सड़क और डिवाइडर पर की गई बैरिकेडिंग, सुरक्षा में जवान तैनात

# जलाभिषेक को आज सरयू घाट रवाना होंगे कांवड़िये

## तैयारी

गोण्डा, संवाददाता। 'हाथी न घोड़ा न कौनो सवारी, पैदल ही अयबे हम दुवारी' लोक गीत की ऐसी ही भक्तिरस में सराबोर पंक्तियों का उल्लास मन में बसाए रविवार से कांवड़िए जलाभिषेक के लिए सरयू घाट पहुंचना शुरु करेगें। शिव उपासना के महापर्व कजरीतीज पर जिले में कांवड़ियों की रिकार्ड भीड़ उमड़ सकती है। प्रशासन ने दस लाख से अधिक कांवरियों द्वारा जिले भर के शिवमंदिरों पर जलाभिषेक करने के अनुमान के अनुरूप तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले के प्रसिद्ध दुखहरन नाथ मंदिर और खरगूपुर के पृथ्वीनाथ मंदिर, वजीरगंज के बालेश्वर नाथ मंदिर सहित सभी मंदिरों और शिवालयों को भव्य रूप दिया गया है। कांवरिये सरयू में स्नान कर जल भर कर जलाभिषेक के लिए पैदल यात्रा करते हुए दुखहरन नाथ मंदिर, पृथ्वीनाथ मंदिर और बालेश्वर नाथ मंदिर पहुंचेगें। कांवरियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। सरयू घाट से कांवर यात्रा के विभिन्न मार्गों पर कांवरियों की सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे।

**दस हजार बल्लियों से की गई बैरिकेडिंग:** कजरीतीज पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दस हजार बल्लियों से बैरीकेडिंग की गई है। दुखहरण नाथ मंदिर से लेकर एलबीएस चौराहे तक बैरिकेडिंग कराई गई है। इसको लेकर मंदिर समिति ने भी तैयारियां पूरी कर ली है। महंत राघवेंद्र मोहन ने बताया कि मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर के गर्भ गृह में प्रवेश बंद रहेगा। श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर मंदिर के दो तरफ अरघा लगाया गया है। जिसमें महिलाओं व पुरषों की अलग लाइन में आकर जलाभिषेक कर सकेंगे।



शहर के हाईवे पर कांवरियों के लिए की गई बैरिकेडिंग।



कजरीतीज पर सजाया गया शहर का दुखहरन नाथ मंदिर।

### आज से लागू किया गया रूट डायवर्जन

शहर के दुखहरन नाथ मंदिर पर लाखों की संख्या में कांवरिए रविवार सुबह से ही जल भरने जाएंगे। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने शहर में पंद्रह जगहों पर बैरियर लगाया है। शहर के एलबीएस चौराहा, गुरुनानक, बस अड्डा, झूलेलाल, मिश्रौलिया, अम्बेडकर चौराहा पंद्रह जगहों समेत शहर के छोटी गलियों पर बैरिकेड दो पहिया वाहनों को ध्यान में रखकर लगाया है।

### दस लाख से अधिक जल भरने जायेंगे कांवड़िये

कजरीतीज मेले की व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों के एक अनुमान के मुताबिक इस बार कजरी तीज पर जिले में दस लाख से अधिक कांवरिएं जलाभिषेक कर सकते हैं। करनैलगंज के सरयू नदी से जल भरकर 35 किलोमीटर की पैदल यात्रा करके खरगूपुर के पृथ्वीनाथ मंदिर, 28 किलोमीटर की यात्रा करके शहर के दुखहरन नाथ मंदिर व भगवान बलेश्वरनाथ को जलाभिषेक करेगें। वहीं करनैलगंज में सरयू नदी पर बने घाट की साफ सफाई करके विभागीय कर्मियों को लगाया गया है। सामाजिक संगठनों की ओर से कांवरियों के लिए सेवा पंडाल लगाए गए हैं।

### सुरक्षा में तैनात किए गए चार सौ जवान

सुरक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से चार सौ से अधिक की संख्या में पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। वहीं मेला प्रभारी बहराइच एएसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के साथ सीओ मनकापुर नवीना शुक्ला बनाए गए हैं।

### शिव भक्त कांवड़ियों की राह में बिछाया गया कालीन

जयप्रभाग्राम। ऐतिहासिक पृथ्वीनाथ मंदिर पर कजरीतीज को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारी पूरी कर ली है। मंदिर महंत जगदम्बा प्रसाद तिवारी ने बताया कि कांवरियों की सुविधा का ख्याल रखते हुए मंदिर की सीढ़ियों से ही कालीन बिछाया गया है। मंदिर के चारों ओर पर्याप्त रोशनी और खोया-पाया केंद्र की व्यवस्था है। मंदिर के एक द्वार से प्रवेश करके जलाभिषेक और दूसरे द्वार से बाहर आ सकेंगे। मंदिर की ओर से कांवरियों के लिए पंडाल लगाए जायेंगे। वाहनों को मंदिर से दो किलोमीटर की दूरी पर ही रोका जाएगा। ताकि भीड़ में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो सके।

### लाखों शिवभक्त आज जल भरने के लिए होंगे रवाना

कजरीतीज मेले पर शिव भक्तों की लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था आज जल भरने के लिए रवाना होंगे। मान्यता के अनुसार लाखों शिव भक्त विभिन्न प्रकार से सरयू तट पहुंचकर सरयू नदी में स्नान करके शहर में स्थित दुखहरन नाथ मंदिर और खरगूपुर के पृथ्वीनाथ मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। भादों लगते ही उपासक शिवभक्ति में लीन है। भादों मास कृष्ण पक्ष की तृतीया कजरीतीज पर सौभाग्यवती महिलाएं पति की लंबी आयु की कामना और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखेंगी। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम-एसपी ने लिया जायजा

गोण्डा, संवाददाता। कांवड़ यात्रा व जलाभिषेक को लेकर सरयू घाट कर्नलगंज पर चल रही तैयारियों व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया।

सरयू घाट कर्नलगंज में साफ सफाई व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था, पानी व्यवस्था, लाइट व्यवस्था, रास्ता एवं बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आयोजन से पहले सभी विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि समय से पहले सभी तैयारी पूर्ण हो जाय। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये हैं कि वहां पर सारी व्यवस्था आवश्यकता अनुसार समय पहले तैयार करा लें। ताकि मौके पर कांवड़ियों को जलाभिषेक के समय किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये।



कजरीतीज को लेकर शनिवार सरयू घाट का निरीक्षण करती डीएम व एसपी।

**पुलिस लाइन में ब्रीफिंग :** पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों एवं मजिस्ट्रेट के अलावा अन्य अफसरों को जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं एसपी अंकित मित्तल कजरी तीज को लेकर तैयारियों की ब्रीफिंग की। डियूटी में लगे सभी अधिकारी अपने तैनाती स्थल पर आज ही डियूटी सुनिश्चित करें, तथा सभी अधिकारी आपस में संवाद स्थापित कर समय से डियूटी पर पहुंचना सुनिश्चित करें। सीएमओ ने बताया कि जगह जगह पर कांवरियों के लिए सहायता के लिए मेडिकल कैम्प लगेंगे। एडीएम सुरेश कुमार सोनी, एएसपी शिवराज, सीएमओ डा रश्मि वर्मा, समस्त उपजिलाधिकारी, सीओ शिल्पा वर्मा समेत सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नशीली दवा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

खरगूपुर,संवाददाता। खरगूपुर पुलिस ने बड़ी संख्या में नशीली गोलियों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार युवक के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है ।थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि शनिवार को उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी राकेश मौर्य, राम बहादुर यादव ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मिश्रौलिया जाने वाली सड़क पर नहर पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक को दबोच लिया ।

# गणेश प्रतिमा रखने का विवाद खत्म कराया

धानेपुर। नगर पंचायत क्षेत्र में गणेश प्रतिमा रखने को लेकर दो पक्षों के बीच उपजे विवाद को सुलझाने शनिवार को एसडीएम सदर व सीओ सदर ने स्थानीय पुलिस बल के साथ पहुंचकर मौके का जायजा लिया और दोनों पक्षों के बीच सामंजस्य स्थापित कराते हुए गणेश प्रतिमा रखने के विवाद को आपसी सहमति के जरिए समझौता कराया है।

नगर पंचायत धानेपुर क्षेत्र की रहने वाली महिला विनीता कौशल ने गणेश प्रतिमा रखने को लेकर बगल में स्थित एक निजी स्कूल के प्रबंध तंत्र पर विवाद उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। जिस पर शनिवार को एसडीएम सदर, सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने राजस्व टीम व स्थानीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।



तरबगंज में आयोजित समाधान दिवस में शिकायत सुनते डीएम व एसपी।

# डीएम और एसपी ने सुनी समस्याएं

गोण्डा। तहसील तरबगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम नेहा शर्मा व एसपी अंकित मित्तल ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अफसरों को दिए। डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के अफसर मौके पर जाएं। तहसील तरबगंज में कुल 82 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें एक प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण किया गया, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

# दहेज उत्पीड़न व मारपीट का केस दर्ज

गोण्डा। दहेज के लिए मारपीट करने व महिला को प्रताड़ित करने के मामले में देहात कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। काफी दिनों से पीड़िता से ससुराल वाले दहेज में बुलेट व नगदी मांग रहे थे। कोतवाली देहात क्षेत्र के टिकरिया निवासी जफरूद्दीन ने पुत्री मन्नो उर्फ अकीबुन्निशा की शादी 2012 में गांव के ही परवेज से की है। आरोप है की शादी के छे महीने बीतने के बाद विवाहिता से ससुराल वाले सोने की चैन, एक बुलेट गाड़ी व नगदी मांग रहे हैं।

# स्कूली बालिकाओं को जागरूक किया

परसपुर। पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने प्राथमिक विद्यालय रनियापुर, पूरे राम मिलन शुक्ल व वजीरलाला पुरवा के महावीर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में छात्र छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें आत्म निर्भर एवं सुरक्षा के टिप्स दिए। महिला आरक्षियों ने स्कूली बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, स्वालंबन सहित बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों जैसे-छेड़छाड़, शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक व सोशल मीडिया के माध्यम से किए जा रहे उत्पीड़न के रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया। हेल्पलाइन नंबर-112, विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# पूर्व प्रधान समेत आठ पर हत्या का मुकदमा

**संसू, कर्नलगंज (गोंडा) :** चार वर्ष पूर्व प्रधान समेत आठ लोगों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर हत्या का मुकदमा किया गया है। ग्राम खजुरिया के प्रमोद कुमार ने कहा कि 22 नवंबर 2019 को उसके भाई सर्वेश कुमार की शादी थी। दूसरे दिन बारात घर वापस आई। विपक्षी सर्वेश कुमार को बाइक से बाजार के बहाने ले गए। वहा उसे शराब पिलाया। 23 नवंबर 2019 की शाम नशे की हालत में उसके सिर पर लोहे की राड से मार दिया, इससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई। सूचना मिलने पर उसे सीएचसी ले जाया गया। वहां से चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस को तहरीर दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय के आदेश पर जनार्दन अवस्थी निवासी ग्राम उल्लहा, पूर्व प्रधान सुरेंद्र कुमार द्विवेदी उर्फ बबलू , राजेंद्र धर द्विवेदी, शिव शंकर अवस्थी, मुनीम देव व कप्तान अवस्थी ग्राम खजुरिया, संध्या शुक्ला निवासी चिनहट लखनऊ, सत्यनारायण चौबे की पत्नी नाम अज्ञात निवासी ग्राम अल्लीपुर बनूवा उमरी बेगमगंज के विरुद्ध साजिश करके हत्या का मुकदमा लिखा गया है।

# शातिरों से जुड़े हो सकते हैं महिला आरक्षी के साथ हुई घटना के तार

संसू, मनकापुर (गोंडा): मुख्य आरक्षी के साथ हुई घटना ने ट्रेनों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। इसको देखते हुए अब राजकीय रेलवे पुलिस ने पुराने 167 शातिरों पर नजर गड़ा दी है।

घटना की राजफाश के लिए राजकीय रेलवे पुलिस की पांच साल पुराने 46 हिस्ट्रीशीटर की गतिविधियां व घटना वाले दिन उनकी उपस्थिति का ब्योरा तलाश रही है। यही नहीं ट्रेन में चोरी के 106 आरोपितों, जहरखुरानी गिरोह के सात सदस्यों व लूटपाट करने वाले आठ आरोपितों की गतिविधियां भी खंगाली जा रही है। इन सभी आरोपितों के बारे में पता लगाया जा रहा है कि घटना के दिन ये सभी कहां थे। यही नहीं इनके मोबाइल नंबर से बात चीत का ब्योरा खंगालते हुए इनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए है। इसके पूर्व गुरुवार को अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे जय नरायन सिंह ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर वेंडरों से जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक रेलवे डा.अवधेश सिंह के साथ पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक ने स्टेशन के 18 वेंडरों को सीसी फुटेज की पहचान कराई।प्रत्येक वेंडर के नाम, पते व मोबाइल नंबर नोट कर घटना की तिथि 30 अगस्त 2023 के दिन उनकी मौजूदगी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यात्रियों से पूछताछ की।

# मनकापुर और रामापुर में ट्रक चालकों ने ली छात्र समेत तीन लोगों की जान

## पिता और बेटी की बची जान, एक पकड़ा गया, मुकदमा दर्ज

जागरण टीम, गोंडा : अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में बाइक सवार मां-बेटे की मौत हो गई। वहीं मनकापुर में अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। चार लोग घायल हुए हैं। इनमें से एक का इलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

**मनकापुरः** गुरुवार की रात मनकापुर-मसकनवा मार्ग पर स्थित शीतलापुरी (पीलखाना) के पास मसकनवा से मनकापुर की ओर एक ट्रक आ रहा था। पीलखाना मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठा, इससे अनियंत्रित ट्रक सड़क के किनारे खड़ी अमित कुमार की मोटरसाइकिल में ठोकर मारते हुए पवन कुमार शुक्ल की पान-किराना की ढाबली से टकराते हुए राजू यादव के टेंट की दुकान के बाहर खड़े पिकअप, ट्राली, ट्रैक्टर से भिड़ते हुए अधिवक्ता अजय शुक्ल के घर की दीवार से भिड़ कर रुक गया। ट्रक की ठोकर से अधिवक्ता के घर की दीवार में दरार आ गई। अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाइक खड़ी कर सब्जी खरीद रहे पचपुती जगतापुर के अमित कुमार व घर का सामान खरीदने आए ढाबली के बगल खड़े आकाश यादव और ढाबली में बैठे पवन कुमार शुक्ल घायल हो गए। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सक ने आकाश यादव को मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद अमित कुमार को लखनऊ ट्रामा सेंटर व पवन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मृतक आकाश कक्षा नौ का छात्र था। वह स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज में पढ़ता था। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने कहा कि मृतक के पिता विनय कुमार की तहरीर पर चालक पर मुकदमा लिख कर ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।



शीतलापुरी में घर में घुसा ट्रक • जागरण



आकाश यादव (फाइल फोटो)

### ट्रक-बाइक भिड़ंत में मां-बेटे की मौत

रामापुर : कौड़िया थाना के ग्राम पंचायत रामापुर के मजरा मौहरिया के रहने वाले नसीम अपनी पत्नी इसरत जहां, सात वर्षीय बेटे मुहम्मद अरकान व चार वर्षीय बेटी उमेरा को मोटर साइकिल पर बैठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार दवा कराने जा रहा था। वह रामापुर से बाजारडीहा जाने वाले तिराहे पर पहुंचे थे कि कर्नलगंज की ओर से गिट्टी लदे आ रहे ट्रक की सामने से उनकी बाइक से भिड़ंत हो गई। ट्रक की ठोकर लगने से बाइक सवार इसरत जहां व उसका बेटा मुहम्मद अरकान ट्रक की चपेट आ गए, इससे इनकी मौत हो गई। वहीं नसीम व उसकी बेटी उमेरा दूसरी तरफ गिरे, इससे बाप-बेटी को मामूली चोटें आईं। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर वहां से भाग निकला। स्थानीय लोगों व पुलिस ने करीब चार किलोमीटर दूर आर्यनगर मार्ग पर लैबुड़वा के पास ट्रक को कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि नसीम हेलमेट नहीं लगाए था। थानाध्यक्ष कौड़िया योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि मृतका के पति नसीम की तहरीर पर ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा लिखा गया है। चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में लिया गया है।

# सरकारी भूमि का इकरारनामा कराने में सात पर मुकदमा

संसू, गोंडा : जानकीनगर के लेखपाल गिरीश यादव की तहरीर पर नगर कोतवाली में सरकारी भूमि का इकरारनामा कराने में सात आरोपित पर धोखाधड़ी का मुकदमा किया गया है। जांच में पाया गया कि आरोपितों ने जानकीनगर स्थित रेलवे, बंजर व तालाब की भूमि को बेचने व कब्जा करने के लिए कूटरचना करके उपनिबंधक कार्यालय में इकरारनामा करा लिया। कूटरचित दस्तावेज कर सरकारी भूमि को बेचने के लिए कराए गए इकरारनामा का राजफाश हुआ। मुख्य राजस्व अधिकारी, एसडीएम सदर के नेतृत्व में जांच की गई थी।

लेखपाल की तहरीर पर अगेहा गांव के जवाहर लाल, साहबगंज मुहल्ले के अमित अग्रवाल, पथवलिया के पवन कुमार, इमिलिया के भानुदत्त, आंबेडकर नगर बेनीचक के राजमंगल मिश्र, रानीबाजार के अंकुर अग्रवाल व खरगूपुर अवरता के श्यामधर तिवारी पर धोखाधड़ी, साजिश रचने के आरोप में मुकदमा किया है।

आरोपित गिरफ्तार : वजीरगंज के दो युवकों ने थाना परिसर में वीडियो रील बनाया। वीडिओ प्रसारित करने के आरोप में पुलिस ने भरहा पारा के रामगोपाल व अमरनाथ को गिरफ्तार किया गया है।

# कजरी तीज को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क, मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

जागरण टीम, गोंडा : कजरी तीज पर्व में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। देवीपाटन मंडल के तीन जिले पड़ोसी देश नेपाल की सीमा से सटे हुए हैं, ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। एसएसबी के साथ ही इंटेलिजेंस व स्थानीय पुलिस निगरानी कर रही है। सरयू व घाघरा घाट रेलवे क्रासिंग पर पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए हैं।

आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र ने बताया कि मंडल में पुराने व ऐतिहासिक शिवालयों में जलाभिषेक के साथ ही मेला लगता है। गोंडा-लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग से सटे कर्नलगंज में सरयूघाट से जल भरकर कांवड़िया दुखहरणनाथ व पृथ्वीनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते हैं, इसके अलावा बेलसर के ऐलीपरसौली स्थित सरयू नदी से भी श्रद्धालु जल लेकर आते हैं। पैदल नंगे पांव भी कांवड़ियां काफी संख्या में नंगे पांव आते हैं, ऐसे में आवागमन सुगम बनाने के साथ ही सफाई व सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। आयुक्त ने कहा कि सरयू घाट पर गतवर्ष की तुलना में इस बार जल अधिक होने के कारण बैरिकेडिंग कराई गई है। श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले मार्ग पर एंबुलेंस, पुरुष व महिला चिकित्सक व जीवनरक्षक दवाओं का प्रबंध किया गया है। सुरक्षा के लिए पीएसी, गोताखोर, राज्य आपदा दल, पुलिस के साथ ही मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। मेले के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर फोन नंबर- 05262-230125, 05262358560 पर सूचना दी जा सकती है।



कर्नलगंज के सरयू तट का निरीक्षण करते आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक एपी सिंह, एसपी अंकित मित्तल, सीएमओ डा. रश्मि वर्मा व अन्य • जागरण

### अफसरों ने लिया तैयारियों का जायजा

खरगूपुर : आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र, डीआइजी एपी सिंह, प्रभारी डीएम एम. अरून्मोली, एसपी अंकित मित्तल ने पृथ्वीनाथ, दुखहरण नाथ मंदिर के साथ ही कर्नलगंज स्थित सरयू घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 16 सितंबर तक हरहाल मे सभी तैयारियां पूरी कर ले।

परसपुर : कजरीतीज पर्व पर कांवड़िया भौरीगंज मे सरयू नदी से जल भरकर जिला मुख्यालय पर स्थित दुखहरन नाथ मंदिर मे जलाभिषेक करने पर पैदल जाते है। जिला प्रशासन ने रूट डायवर्जन करके लखनऊ व बाराबंकी से गोंडा आने वाले छोटे वाहनों को जरवलरोड से भभुआ, भौरीगंज होते हुए परसपुर डेहरास होकर निकालने का रूट तय किया है।

# वांछित गिरफ्तार

आर्यनगर : विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे कौड़िया के रामापुर गांव निवासी जगतमणि को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है। (संसू)

# धोखाधड़ी का मुकदमा

धानेपुर : ग्राम बेलहरी की अनीता ने एसपी से भूमि विवाद में रुपये के लेनदेन को लेकर चेक में हेराफेरी करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने कहा कि ग्राम लखनीपुर की अंजनी, ब्रह्मादत्त पांडेय व बंदरमोरवा के मंगल प्रसाद तिवारी पर धोखाधड़ी का मुकदमा किया गया है। (संसू)

# जेई को दस हजार रुपये रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा

## कनेक्शन के नाम पर मांगी थी रिश्वत, मुकदमा दर्ज

**संवादसूत्र, इटियाथोक (गोंडा)** : कस्बा स्थित शुक्ला होटल के पास एंटी करप्शन टीम ने श्रावस्ती के ग्राम महोरी थाना गिलौला निवासी व मेहनौन विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता (जेई) संतोष कुमार मंडल को दस हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। सिंचाई के लिए मोटर कनेक्शन देने के नाम पर किसान से घूस की मांग की थी। टीम ने इटियाथोक थाने में मुकदमा कराया है।

पूरे मुस्सदी पंचायत के चौहान पुरवा थाना धानेपुर निवासी सत्यराम यादव ने बताया कि गत 28 जुलाई को वह अपने भाई तुलाराम यादव के नाम से सिंचाई के लिए दो किलो वाट का बिजली कनेक्शन लेना चाहते थे। इसके लिए आनलाइन आवेदन किया था। अवर अभियंता संतोष कुमार मंडल को सत्यापन करना था।

सत्यराम ने कहा कि कई बार फोन पर बात की। उसके बाद कार्यालय पर मिलकर सत्यापन करने का निवेदन किया। जेई ने आवेदन पत्र विचार नहीं किया और हीलाहवाली करते रहे। जेई ने कार्य के लिए दस हजार रुपये की मांग की। इस पर उन्होंने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। शुक्रवार दोपहर में इटियाथोक कस्बा स्थित शुक्ला दहीबड़ा के दुकान के पास अवर अभियंता संतोष कुमार मंडल को दस हजार रुपये दिया। वहां मौजूद एंटी करप्शन टीम के सदस्यों ने उसको रुपये के साथ पकड़ लिया।

प्रभारी एंटी करप्शन टीम धनंजय सिंह ने बताया कि ग्राम महोरी थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती निवासी जेई संतोष कुमार मंडल को गिरफ्तार किया गया है। टीम में ज्ञानेंद्र सिंह, प्रिंस कुमार, विकास कुमार व अनुराग शुक्ल शामिल रहे। आरोपित पर मुकदमा कराया गया है।



इटियाथोक थाने में पुलिस कस्टडी में आरोपित अवर अभियंता संतोष कुमार • जागरण

### कार्यालय सहायक ने वसूले 13 हजार रसीद दी छह की

परसपुर के ओम प्रकाश पांडेय ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कहा है कि वह टेंपो चलाते हैं। यात्री कर अधिकारी ने टेंपो सीज कर दिया था। शुक्रवार को वह उसे छुड़वाने के लिए एआरटीओ कार्यालय आए। आरोप लगाया है कि कार्यालय सहायक राजवर्धन सिंह ने 13 हजार रुपये जमा कराया और सात हजार रुपये की रसीद दी। शेष छह हजार रुपये की रसीद नहीं दी। रुपये वापस मांगने पर भगा दिया। कार्यालय सहायक राजवर्धन सिंह ने अधिक रुपये लेने के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि गलत शिकायत की गई है। आरटीओ प्रशासन उमाशंकर यादव ने कहा कि प्रकरण की जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गड़बड़ी करने वालों को ही जांच

## संपूर्ण समाधान दिवस में छलका फरियादियों का दर्द, महीनों तो कोई बरसों से लगा रहा गुहार

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** साहब! गांव में जो प्रधान-लेखपाल और दरोगा जी कह दें वही सही है। अफसर अगर फील्ड में निकलें और मौके पर समाधान कराएं तो बार-बार तहसीलों व चौपालों का चक्कर न लगाना पड़े। ये बातें शनिवार को सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे फरियादी रामफेर, मोतीलाल, रामशंकर और वंशराज ने कहीं। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस में शिकायत पत्र देने के बाद फिर लेखपाल व पुलिस को मिलता है। ऐसे में उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

मेहनौन के पृथ्वीपाल ग्रिन्ट निवासी रामफेर ने बताया कि एक विधायक के दबाव में कुछ दंबगों ने उनकी पैतृक भूमि कब्जा कर लिया। दुकान और शौचालय का निर्माण तक करा लिया गया। चार साल में 10 बार से अधिक शिकायत कर चुके हैं। लेखपाल ने उनकी जमीन अलग नहीं की है। बार-बार लेखपाल को ही निस्तारण के लिए दिया जा रहा है। महादेवा निवासी मोतीलाल ने बताया कि रास्ते पर घूर लगा लिया गया है। गाय बांधी जा रही है। आने जाने के लिए रास्ता नहीं है। कोर्ट से तीन बार रिमाइंडर जा चुका है। आठ महीने से लगातार दौड़ रहे हैं। दबंगों के दबाव में पुलिस रिपोर्ट नहीं दे रही है। देहात कोतवाली चिश्तीपुर निवासी रामशंकर ने बताया कि 13 बिस्वा पट्टे की जमीन दबंगों ने कब्जा कर ली। लिया। लगातार शिकायत पत्र दे रहे हैं लेकिन लेखपाल गलत रिपोर्ट लगाकर निस्तारण बता रहे हैं। कौड़िया बाजार के रुकमंदपुर वंशराज ने बताया कि खतौनी के बगल में बंजर भूमि की आड़ लेकर प्रधान के इशारे पर लेखपाल ने उनकी भूमि अलग नहीं की। फर्जी रिपोर्ट लगाकर उन्हें लगातार दौड़ने पर मजबूर कर दिया है। तीन महीने में कई बार शिकायतें की है। आरोप है जो गड़बड़ी कर रहे हैं उन्हीं को जांच दी जा रही है।



सदर तहसील में जनसमस्याएं सुनते नायब तहसीलदार अनुराग पांडेय। संवाद

### सीडीओ ने मनकापुर में सुनीं 106 शिकायतें

**मनकापुर (गोंडा)।** सीडीओ एम. अरुन्मोली ने शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान 106 फरियादियों की शिकायतें सुनीं। एसडीएम राजीव मोहन सक्सेना, तहसीलदार पशुराम, नायब तहसीलदार अनु सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी नवीना शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

### मुकदमे की फाइलें गायब होने की शिकायत

**तरबगंज (गोंडा)।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार की कोर्ट से मुकदमे की एक दर्जन से अधिक फाइलें गायब होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। उमस के बीच घंटों इंतजार के बाद फरियादी ने डीएम नेहा शर्मा को पीड़ा सुनाई है। समाधान दिवस में कुल 82 शिकायतें आईं। डीएम ने अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा कि मौके पर जाकर शिकायतों का समाधान कराएं। दोबारा शिकायतें आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिवक्ता दीनबंधु पांडेय, अवधेश प्रताप सिंह समेत कलावती, गुड़िया देवी, अतुल पांडेय, दीपक, अनूप सिंह, नंदकुमार समेत अन्य ने तहसीलदार के कोर्ट से मुकदमे की दर्जनों फाइलें गायब होने की शिकायत दर्ज कराई। तरबगंज के ढोढ़ेपुर निवासी रामजग व रामापुर के इंद्रबहादुर ने वृद्धवस्था पेंशन दिलाने की मांग की है।

नवाबगंज के लोलपुर निवासी बलवंत सिंह समेत दर्जनों लोगों ने क्षेत्र में स्मैक की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। जमथा तरबगंज निवासी शिवराम पांडेय ने शिकायत में बताया कि 35 बार शिकायत के बावजूद चकमार्ग से अवैध कब्जा नहीं हट सका। इस दौरान एसपी अंकित मित्तल, सीएमओ रश्मि वर्मा, पीडी चंद्रशेखर, एसडीएम भारत भार्गव, सीओ संजय तलवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

# फर्जी वसीयत पर केस दर्ज

**गोण्डा, संवाददाता।** भारतीय सेना में सूबेदार पद से सेवानिवृत को वसीयत में मिले संपत्ति को हथियाने के लिए फर्जी वसीयत करा ली गई। मामला पुलिस के उच्चाधिकारियों तक पहुंचा तो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के परेडसरकार निवासी शत्रुधन मौर्या के मुताबिक वह सेना में सूबेदार के पद से सेवानिवृत हुए है। सेवाकाल के दौरान उनकी मौसी गंगादेई उर्फ शायमदेई जिसके कोई बच्चे न होने के कारण उनकी सेवा करते थे। सेवा परवरिश से खुश होकर मौसी ने इनके नाम 18 अगस्त 1992 को जमीन का नोट्रियल वसीयतनामा कर दिया था। इसके कुछ दिन बाद मौसी की मृत हो गई। आरोप है कि विपक्षियों ने साजिश रचकर मौसी के मृत्यु के बाद संपत्ति का फर्जी जाली कूटरचित रजिस्टर्ड वसीयत करवा लिया।

# आज सरयू घाट पर जुटेंगे लाखों कांवड़िए

## कजरी तीज मेले को लेकर करनैलगंज के घाट समेत शिव मंदिरों में तैयारियां पूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** जिला प्रशासन और पुलिस ने कजरी तीज की तैयारी पूरी कर ली है। सोमवार को कजरी तीज का पर्व मनाया जाएगा। रविवार को लाखों कांवड़िए करनैलगंज में सरयू नदी के घाट पर जल भरने पहुंचेंगे। इसके बाद बोलबम के जयकारों के बीच करीब 32 किलोमीटर पैदल चलकर खरगूपुर स्थित ऐतिहासिक पृथ्वीनाथ मंदिर, शहर के दुखहरणनाथ मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों व शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे। इस बार लगभग 15 लाख कांवड़िए कजरी तीज पर जलाभिषेक करेंगे।

कजरी तीज को लेकर जिले में स्थानीय अवकाश रहता है। कजरी तीज मेला इस बार सोमवार को है। इसके लिए रविवार सुबह से कांवड़ियों के जत्थे करनैलगंज के सरयू घाट पर जुटने लगेंगे। दोपहर में कांवड़िए जल भरेंगे और पूजापाठ के साथ मंदिरों की तरफ रवाना हो जाएंगे। बोल बम-बोल बम, बाबा नगरिया दूर है जाना बहुत जरूर है... जैसे गगनभेदी नारों से पूरा जिला गुंजायमान रहेगा। खरगूपुर के पृथ्वीनाथ मंदिर व शहर के दुखहरणनाथ मंदिर में लाखों शिवभक्त भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करेंगे।

दुखहरणनाथ मंदिर के महंत रुद्र नारायण गिरि ने बताया कि कजरी तीज पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होती है। भीड़ को देखते हुए रविवार को जो आरती रात 09:30 बजे होती थी वह आठ बजे ही करके मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। सोमवार सुबह पांच बजे करीब 10 मिनट तक श्रद्धालुओं को रोककर आरती की जाएगी। उसके बाद पुनः जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

**सैकड़ों स्थानों पर लगेंगे स्टॉल**...कजरी तीज मेले व कांवड़ियों के लिए जगह-जगह स्टॉल लगाए जा रहे हैं। जहां कांवड़ियों के लिए नाश्ते के साथ ही खानपान की चीजें उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त दवा, चाय, कॉफी, फल, मिठाई की भी व्यवस्था रहेगी। कांवड़ियों की सेवा के लिए शनिवार से ही स्टॉल की तैयारी की जाने लगी है।





शहर में कजरी तीज को लेकर सजाया गया दुखहरणनाथ मंदिर और बाजार में सजी भगवा कपड़ों की दुकान। संवाद

### मंदिर सहित पूरे शहर में कराई बैरिकेडिंग

कजरी तीज मेले को लेकर शहर के गुरुनानक चौक से दुखहरणनाथ मंदिर तक बैरीकेडिंग कराई गई है। इसके अलावा बड़गांव चौराहा, आंबेडकर चौराहा, राजेंद्रनाथ लाहिड़ी स्कूल के पास, मिश्रौलिया रेलवे क्रॉसिंग के पास बैरिकेडिंग करके यातायात रोका जाएगा। ताकि कांवड़ियों को कोई परेशानी न हो।

### सज गईं दुकानें, खूब हुई खरीदारी

कजरी तीज को लेकर शहर में कई स्थानों पर भगवा वस्त्रों की दुकानें सजी हैं। लोगों ने कपड़ों की खरीदारी शुरू कर दी है। जल भरने के लिए विभिन्न प्रकार के डिब्बे भी उपलब्ध हैं। 30 रुपये जोड़े में डिब्बे बिक रहे हैं। इसके अलावा भगवा कुर्ता, लोवर, टीशर्ट भी अलग-अलग रेट पर बिक रही हैं। महाकाल प्रिंट वाले कुर्ते व टीशर्ट की डिमांड ज्यादा है। दुकानदार राहुल जायसवाल ने बताया कि इस बार महाकाल के प्रिंटेड कुर्ते और बोल बम की टीशर्ट की मांग ज्यादा है।

# सोशल मीडिया से सड़क तक निगरानी

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** कजरी तीज पर लाखों श्रद्धालु करनैलगंज के सरयू घाट पर उमड़ेंगे। इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले को दो जोन व 20 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जोन प्रभारी एएसपी व सेक्टर प्रभारी सीओ होंगे।

एसपी अंकित मित्तल ने बताया कि जोन प्रथम दुखहरण नाथ मंदिर से सरयूघाट करनैलगंज तक होगा। जिसकी जिम्मेदारी बलरामपुर के एएसपी योगेश कुमार व जोन द्वितीय पृथ्वीनाथ मंदिर खरगूपुर से हुजूरपुर मोड़ तक होगा। जिसकी जिम्मेदारी बहराइच नगर के एएसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह होंगे। गोंडा के एएसपी शिवराज संपूर्ण पुलिस प्रबंधन यातायात के प्रभारी अधिकारी बनाए गए हैं।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए गोरखपुर जोन से 3000 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती यहां की गई है। हर जगह सीसीटीवी से निगरानी व संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से नजर रखी जाएगी।

**दो जोन और 20 सेक्टरों में बंटा जिला, फोर्स मुस्तैद**

**सीसीटीवी के साथ ही ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी**

### अफवाहों से बचें, वरना सख्त कार्रवाई होगी

एसपी ने बताया कि पुलिस की सोशल मीडिया सेल लगातार ट्वीटर, फेसबुक व व्हाट्स एप ग्रुप आदि की निगरानी कर रही है। यदि किसी के द्वारा कोई भ्रामक खबरें सोशल मीडिया पर फैलाई गईं तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नशीली गोलियों के साथ एक गिरफ्तार

खरगूपुर (गोंडा)। पुलिस ने नशीली गोलियों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि शनिवार को पुलिस टीम ने कीनूबरा नहर पुलिया के पास से एक संदिग्ध युवक को धर दबोचा। उसके पास से 250 गोली नशीली दवा बरामद हुई। पकड़े गए मालिकराम निवासी बिरमापुर थाना खरगूपुर को मादक पदार्थ अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय रवाना किया गया है। (संवाद)

# दहेज हत्या के दो आरोपी पकड़े

खरगूपुर (गोंडा)। थाना क्षेत्र के रामनगर झिन्ना के मोहनपुरवा में दहेज हत्या के मामले में आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि दहेज हत्या के आरोपी ससुर मुनीम वर्मा व सास पंगुला देवी काफी समय से फरार चल रहे थे। जिन्हें शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। (संवाद)

# पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

खरगूपुर (गोंडा)। विवाहिता ने पति समेत पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। खरगूपुर के ग्राम झूरीकुंइया निवासी तिलकराम गोस्वामी ने बताया कि बेटी रंजना देवी की शादी कौड़िया के रूकमंगतपुर भैसहा निवासी कन्हैयालाल के बेटे तिलकराम के साथ लगभग सात साल पहले की थी। रंजना ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि दहेज में दो लाख रुपये नकदी तथा बाइक की मांग को लेकर पति तिलक राम, ससुर कन्हैया लाल, सास शकुंतला देवी, देवर गिरजा शंकर तथा देवरानी रीता उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। पिटाई करके उसे घर से निकाल दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि केस दर्ज करके जांच की जा रही है। (संवाद)

# जमीन घोटाले की सीएम से शिकायत

**गोंडा।** जमीन घोटाले में एक के बाद एक मामले सामने आ रहे हैं। निबंधन कार्यालय गोंडा के कर्मचारियों की मिलीभगत से कई लोगों ने जानकीनगर स्थित एक एकड़ से अधिक जलमग्न भूमि का कूटरचित इकरारनामा तैयार कर सरकारी विलेख में अंकित करा दिया था। मामले में छह लोगों के खिलाफ क्षेत्रीय लेखपाल ने कोतवाली नगर में जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब एक और मामला सामने आया है।

इस मुकदमे के आरोपी अंकुर अग्रवाल के खिलाफ जानकीनगर ग्रामीण निवासी शिवबहादुर पांडेय ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। कहा कि रानीबाजार निवासी अंकुर अग्रवाल जमीन का कारोबार जिले के साथ ही गैर जनपदों में भी कर रहा है। वह बंजर, तालाब और सरकारी जमीनों में हेराफेरी करके बेचता है। आरोपी ने एक और जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। उन्होंने अवैध कब्जा हटवाकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। संवाद

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-17-09-2023

# अधिवक्ताओं ने आंदोलन करने की रणनीति बनाई

बलरामपुर संवाददाता। हापुड़ में बर्बरता पूर्वक अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज के मामले में शनिवार को जिले में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य नहीं किया। बैठक कर अधिवक्ताओं ने आगे की रणनीति बनाई। अधिवक्ता हापुड़ अधिवक्ताओं के समर्थन में 19 दिन से हड़ताल पर चल रहे हैं। शनिवार को भी अधिवक्ताओं ने कलम बंद हड़ताल कर न्यायिक कार्य से विरत रहे। बैठक कर आगे के आंदोलन की रणनीति बनाई।

जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्रा व महामंत्री अजय बहादुर सिंह ने बताया कि सोमवार तक अधिवक्ता न्यायालय कार्य से विरत रहे। हापुड़ में जब तक अधिवक्ताओं को न्याय नहीं मिल जाता और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया जाता है तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। बैठक में दि कलेक्ट्रेट बार अध्यक्ष दयाशंकर पांडेय, महामंत्री कमलेश्वर सिंह, जिला बार उपाध्यक्ष सत्यदेव तिवारी, अमित पांडेय, विवेक सिंह, देवेश पांडेय, एसबी शुक्ल, अशोक मिश्रा, मंगल प्रसाद, केके तिवारी, नियामत उल्ला, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शांतिभंग में चार पर हुई कार्रवाई

बलरामपुर। थाना कोतवाली जरवा पुलिस ने विवाद करते बृजेश गुप्ता, रवि गुप्ता व अंकित सोनी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों को थाने पर लाकर उनके खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है। यह जानकारी जरवा प्रभारी निरीक्षक ने दिया। वहीं थाना गैंड़ास बुजुर्ग पुलिस ने दो व्यक्तियों पर शांति भंग की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मोहम्मद रजा व सादिक को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय भेजा गया है।

# बाइक चुराने वाले दो सगे भाई पकड़े गए

## दो कबाड़ कारोबारियों को भी किया गिरफ्तार, उनके कब्जे से चोरी की सात बाइकों के पुर्जे हुए बरामद

**सख्ती**

बलरामपुर, संवाददाता। पुलिस ने बाइक चोरी कर उसका पुर्जा बेचने वाले दो सगे भाइयों व दो कबाड़ा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की सात बाइकों के पुर्जे बरामद हुए हैं। धरपकड़ व बरामदगी शनिवार भोर कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित महेशभारी के निकट हुई है।

कोतवाली नगर व थाना देहात क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव को घटनाओं के अनावरण का दायित्व सौंपा था। एएसपी ने अभी हाल में ही कोतवाली नगर पुलिस टीम, स्वाट टीम व सर्विलांस टीम की बैठक बुलाकर घटनाओं को रोकने व चोरी में लगे लोगों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। नगर कोतवाल विमलेश कुमार सिंह व स्वाट टीम के प्रभारी श्याम लाल यादव तथा एसआई खादिम सज्जाद ने बाइक चोरी की घटनाएं जहां-जहां हुई थीं, वहां का सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर उसका बारीकी से अवलोकन किया। फुटेज में दो युवक हर घटना स्थल पर मौजूद दिखे। उनकी पहचान के लिए सर्विलांस सेल का सहारा लिया गया। दोनों युवकों की पहचान लखनीपुर फरेंदा निवासी रूपेश व जयकिशन पुत्रगण रामू यादव के रूप में हुई। शनिवार भोर सूचना मिली कि रूपेश व जय किशन भगवतीगंज में बाइक चोरी की घटना को अंजाम देने वाले हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रूपेश व जय किशन को गिरफ्तार कर लिया। उनके बताने पर हरिहरपुर थाना देहात निवासी कबाड़ा कारोबारी गुलाम नबी पुत्र अमीर अली व थाना देहात महादेवमिश्र बंजारनपुरवा निवासी जमील पुत्र जब्बन को गिरफ्तार किया गया। उनकी दुकानों से चोरी की गई मोटर साइकिलों के तमाम पुर्जे बरामद किए गए।

**चोरी की हुई बाइक को कुआना जंगल में छिपाते थे दोनों भाई :** रूपेश व जय किशन सगे भाई हैं। तीन माह पूर्व मोबाइल चोरी की घटना में गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजा गया था। दोनों की जमानत साथ हुई। एएसपी के मुताबिक दोनों ने तय किया कि अब वे बाइक चोरी करेंगे।

बाइक बेचने पर पकड़े जाने का खतरा अधिक था। इसलिए वे बाइक चोरी करने के बाद उसे कुआना जंगल में छिपा देते थे। बाद में उनका पुर्जा अलग-अलग खोलकर गुलाम नबी व जमील को बेचना शुरू किया। दोनों ने मिलकर तीन माह के बीच में करीब आधा दर्जन से अधिक बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। ज्यादातर मोटरसाइकिलें बैंक व दुकानों के सामने से चुराई गई हैं।

**चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक को पकड़ा :** कोतवाली जरवा की पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल, मोबाइल व रुपए के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि लक्ष्मनपुर निवासी 22 वर्षीय ननकन पुत्र मंगरू बाइक की धुलाई व रिपेयरिंग का काम नरायनपुर के पास करता था। उसके पास चोरी की एक मोटर साइकिल 550 रुपए व एक मोबाइल बरामद हुआ है।



चोरी मोटरसाइकिल पुर्जे के साथ गिरफ्तार अभियुक्त व पुलिस टीम।

### दुकानों के सामने लगवाएं कैमरा

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि सभी दुकानदार एवं जागरूक लोग अपनी दुकानों के सामने सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाएं। दुकानों के सामने कैमरा लगे होने पर चोरी घटना को अंजाम देने वाले व्यक्तियों को पकड़ने में आसानी होती है। बाइक से उतरकर सीधे गंतव्य तक न जाएं। बल्कि उसे लॉक करके कुछ देर आस पास निगरानी करने के बाद ही कहीं जाएं। कोशिश करें कि कैमरा लगे स्थान पर ही बाइक को लॉक करके खड़ी करें। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति चोरी की घटना को अंजाम देता है तो पुलिस को उसे ढूंढने में आसानी होगी।

# डीएम ने चार अधिकारियों का रोका वेतन

**संपूर्ण समाधान दिवस**

संवादसूत्र, बलरामपुर : बिना सूचना के तुलसीपुर तहसील में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस से गायब रहना चार अधिकारियों को महंगा पड़ गया है। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्य, अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय जियाउलहक, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड भानू प्रताप यादव व ग्रामीण अभियंत्रण के सहायक अभियंता जगन्नाथ पांडेय का एक दिन का वेतन अग्रिम आदेश तक रोककर जवाब तलब किया है। संतोषजनक जवाब न देने पर विधिक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।

जिलाधिकारी ने गत संपूर्ण समाधान दिवस में मिलने वाली समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण किया। उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देश दिया कि जिन समस्याओं का निस्तारण हुआ है उसका सत्यापन भी करते रहे। समस्या के निस्तारण से व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। जिन-जिन विभागों की आज संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त हुई हैं उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। भूमि विवाद मामलों में राजस्व, चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पर जाकर समाधान करें। 33 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें चार का निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने शिकायतों की जांच कर समयबद्ध निस्तारण कराने का निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, सीओ राघवेंद्र सिंह, तहसीलदार परमेश कुमार, सीएमओ डा. सुशील कुमार, पीडी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव व डीडीओ गिरीश कुमार पाठक मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ने सदर तहसील में फरियादियों की शिकायतें सुनी। 32 में से तीन का निस्तारण कराया। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर राजेंद्र बहादुर, तहसीलदार रामाश्रय, नायब तहसीलदार डा. अनुपम शुक्ला, ऐश्वर्य लक्ष्मी व शालू जायसवाल मौजूद रहीं। तहसील उतरौला में उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने प्राप्त नौ प्रार्थना पत्रों का स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण कराने का निर्देश दिया।



तहसील तुलसीपुर में आयोजित समाधान दिवस में सुनवाई करते जिलाधिकारी अरविंद सिंह (मध्य में) ● सौ. सूचना विभाग

# दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

क्षेत्राधिकार बृजनंदन राय ने बताया कि विनोद कुमार यादव पुत्र मालिक राम निवासी शंकर नगर थाना भिनगा जनपद श्रावस्ती दुष्कर्म सहित अन्य मामले में वांछित अभियुक्त थे। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चिनके पुत्र छबिलाल निवासी आदमतारा एक मामले में वांछित चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानों में वांछित अपराधियों को धरपकड़ अभियान तेज कर दी गई है।

# जालसाजी सहित अन्य मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने जालसाजी सहित अन्य मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक विमलेश सिंह ने बताया कि इन्द्र प्रकाश मिश्रा पुत्र धर्मेंद्र कुमार मिश्रा निवासी मलमलिया के विरुद्ध जलसाजी सहित अन्य मामले में अभियोग पंजीकृत है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में जांच की जा रही थी। अभियुक्त पंजाब नेशनल बैंक कौड़िया जनपद गोंडा में तैनात हैं। उप निरीक्षक श्रवण कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल पंकज तिवारी, अहमद हुसैन, ध्रुवनाथ यादव के साथ अभियुक्त गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# कर्मियों ने ऑनलाइन हाजिरी का किया विरोध

पचपेड़वा। ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सफाई कर्मी संघ ने शनिवार को विकास भवन के प्रांगण में एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन सफाई कर्मी संघ जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार गौतम की अध्यक्षता किया। जिला संप्रेक्षक विजय कुमार ने ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन जिला पंचायत राज अधिकारी के प्रतिनिधि रोहन श्याम को सौपा। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष अमीर अहमद, जिला महामंत्री जहीर, संगठन मंत्री लालता प्रसाद, प्रदेश संगठन मंत्री संदीप सिंह आदि ने प्रदर्शन करते हुए ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया है।

# दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

क्षेत्राधिकार बृजनंदन राय ने बताया कि विनोद कुमार यादव पुत्र मालिक राम निवासी शंकर नगर थाना भिनगा जनपद श्रावस्ती दुष्कर्म सहित अन्य मामले में वांछित अभियुक्त थे। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है।

# पुलिस ने फर्जी शिक्षिका को किया गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बलरामपुर** : नगर कोतवाली की पुलिस ने बलरामपुर बालिका इंटर कालेज में तैनात रही फर्जी शिक्षिका आसमा परवीन को आखिरकार गिरफ्तार कर ही लिया। अंबेडकरनगर के मनमनतल पश्चिम थाना जलालपुर की रहने वाली आसमा के विरुद्ध 22 सितंबर 2022 को नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। एक साल से पुलिस फर्जी शिक्षिका की तलाश कर रही थी।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आसमा की तैनाती नवंबर 2021 में आयोग से हुई थी। तैनाती के बाद माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं विद्यालय प्रबंध तंत्र में अभिलेखों का सत्यापन कराया गया। सत्यापन में बीएड की डिग्री फर्जी होने की पुष्टि पश्चिम बंगाल के सिद्दू कान्हू बिरसा विश्वविद्यालय ने की थी। विश्वविद्यालय की पुष्टि होते ही जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने विद्यालय प्रधानाचार्य को पत्र जारी कर अध्यापिका के खिलाफ कूटरचित अभिलेख के सहारे नौकरी करने के आरोप में एफआइआर दर्ज कराई थी।

# मोटरसाइकिल चोरी में चार गिरफ्तार सात वाहनों के पुर्जे किए बरामद

## कबाड़ की दुकान की आड़ में चल रहा था पुर्जे बेचने का कारोबार

**जासं, बलरामपुर :** बाइक चारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में नगर कोतवाल की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। बाइक चोरी कर उनके पुर्जे अलग-अलग कर बेचने वाले देहात कोतवाली के लखनीपुर फरेंदा निवासी रूपेश, जयकिशन, हरिहरपुर निवासी गुलाब नबी व महादेव मिश्र बंजारनपुरवा के जमील को गिरफ्तार किया गया है। चारों के पास सात बाइकों के पुर्जे बरामद किए गए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्राधिकारी नगर बृजानंद राय व नगर कोतवाल विमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बाइक चोरों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को नगर कोतवाल ने स्वाट व सर्विलांस टीम के सहयोग से भगवतीगंज चौराहे पर छानबीन शुरू की। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग बाइक चोरी कर उसके पुर्जों को अलग-अलग कर कबाड़ की दुकान पर बेच रहे हैं। सीसी कैमरे की फुटेज के आधार पर आरोपित रूपेश व जयकिशन को बाइक चोरी करते देखा गया। पुलिस टीम ने दोनों को बाइक के पुर्जों के साथ महेशभारी से जुआथान जाने वाले मार्ग के पास पकड़ लिया। पूछताछ पर उनकी निशानदेही पर कबाड़ की दुकान चलाने वाले गुलाब नबी व जमील को पकड़ा गया। दोनों कबाड़ की दुकान की आड़ में चोरी की मोटरसाइकिलों के पुर्जों को खरीदने-बेचने का कार्य करते हैं। आरोपितों की दुकान व घर से चोरी की बाइकों के पुर्जे बरामद किए गए। इसमें दो अलग-अलग बाइकों का इंजन, एक बाइक का रिम व टायर, दो साकर, एक साइलेंसर व एक बाइक का पहिया बरामद किया गया। गिरफ्तारी व पुर्जों की बरामदगी में स्वाट टीम प्रभारी श्यामलाल यादव, उपनिरीक्षक सैय्यद खादिम सज्जाद, उपनिरीक्षक अर्जुन व श्रवण चंद सिंह का विशेष योगदान रहा।




नगर कोतवाली में गिरफ्तार बाइक चोरों के बारे में जानकारी देतीं अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव (मध्य में) • जागरण

### दो माह में पकड़े गए 15 बाइक चोर

नगर कोतवाली पुलिस दो माह के भीतर 15 बाइक चोरों को गिरफ्तार कर चुकी है। बीते पांच अगस्त को पुलिस ने बाइक चोर देहात कोतवाली के गैंजहवा गांव निवासी सोनू कनौजिया, नगर के भगवतीगंज निवासी सगुन, नीलकोठी निवासी शिवम जायसवाल व विशुनीपुर भगवतीगंज निवासी अशोक यादव को गिरफ्तार किया था। इनके पास चोरी की दो बाइकें बरामद हुई थीं। इससे पहले एक अगस्त को नगर पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मोहित निवासी ठाकुरगंज, आशीष सोनी निवासी हरोहरनपुरवा, आकाश निवासी मुहल्ला रस्तोगी, सनी गुप्त निवासी खरगूपुर बाजार कतारिया, आजाद निवासी लोनावा दरगाह, कैलाश निवासी नरायनपुर (सभी थाना खरगूपुर गोंडा) व शिवम निवासी महराजगंज तराई बलरामपुर के रूप में हुई थी। उनके पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की गई थीं।

# कैमरा लगवाने का सुझाव

हरैया सतघरवा : अराजक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने सार्वजनिक स्थानों, दुकानों, गलियों व चौराहों पर सीसी कैमरे लगवाने का निर्देश दिया है। आपरेशन त्रिनेत्र अभियान को सफल बनाने के लिए थाना हरैया में गोष्ठी की गई, इसमें सभी से सीसी कैमरे लगवाने के सुझाव दिए गए। (संसू)

# पांच बोटा सागौन बरामद

**जरवा** :सशस्त्र सीमा बल व वन विभाग की टीम ने नवानगर जंगल में छापेमारी कर पांच बोटा सागौन व 54 नग शीशम की चिरान लकड़ी बरामद की है। आरोपित मन्नान निवासी सोनपुर, गया प्रसाद उर्फ चौकीदार, शिवकुमार उर्फ निरहू, रफतुल्ला व बहाऊ निवासीगण जमुनहवा नवानगर को गिरफ्तार किया है। दो आरोपित फागू व धीरज भागने में कामयाब रहे। लकड़ी के साथ आरा, फेटा सहित एक पिकअप भी बरामद किया है।

# फर्जी अभिलेख पर नौकरी कर रही शिक्षिका गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## बालिका इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक बनी थी अंबेडकरनगर की आसमा

## वीर विनय चौक से नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजी गई जेल

बलरामपुर। शहर के बालिका इंटर कॉलेज बलरामपुर में फर्जी अभिलेख के सहारे सहायक अध्यापिका बनी शिक्षिका आसमा परवीन को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ साल 2022 में 21 सितंबर में धोखे से नौकरी पाने का मामला दर्ज हुआ था। आरोपी शिक्षिका कार्यभार ग्रहण करने के बाद वेतन भी हासिल कर चुकी थी। अब शिक्षिका को वेतन मद में भुगतान की गई चार लाख रुपये की रिकवरी भी विभाग करेगा।

मनमनतल पश्चिम तरफ थाना जलालपुर जनपद अंबेडकर नगर निवासी आसमा परवीन की तैनाती नवंबर 2021 में आयोग की तरफ से बालिका इंटर कॉलेज बलरामपुर में हुई थी। तैनाती के बाद माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं विद्यालय प्रबंध समिति ने जब शिक्षिका के अभिलेखों का सत्यापन कराया तो प्रस्तुत अभिलेखों में पश्चिम बंगाल के सिद्दू कान्हू बिरसा विश्वविद्यालय की लगाई गई बीएड की डिग्री फर्जी होने की पुष्टि हुई। बीएड की फर्जी डिग्री मिलने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने सहायक अध्यापिका के खिलाफ कूट रचित अभिलेख के सहारे नौकरी करने के आरोप में केस दर्ज कराने का निर्देश दिया था। डीआईओएस के निर्देश पर सहायक अध्यापिका के खिलाफ नगर कोतवाली में केस दर्ज करा गया थाा। नगर कोतवाल विमलेश सिंह ने बताया कि आरोपी शिक्षिका को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। शिक्षा विभाग ने भी सहायक अध्यापिका को जनवरी से लेकर जून माह तक भुगतान की गई करीब चार लाख रुपये की वेतन राशि की रिकवरी की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# धोखाधड़ी में पीएनबी का फील्ड अफसर गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** पंजाब नेशनल बैंक कौडिया गोंडा के फील्ड अफसर इंद्र प्रकाश मिश्र को पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में इटियाथोक के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को ऋण के एक मामले में धोखाधड़ी करने से जुड़े मुकदमे में पकड़ा गया है।

वर्ष 2017-18 में जिले के मलमलिया गैड़ास निवासी इंद्र प्रकाश मिश्र का नाम फर्जी दस्तावेज पर ऋण दिलाने के मामले में सामने आया था। पुलिस ने मामले में कौडिया शाखा से संपर्क किया और पूरी जानकारी जुटा कर केस दर्ज किया था।

पुलिस ने बैंक के गिरफ्तार फील्ड अफसर को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार फील्ड अफसर की पत्नी रश्मि मिश्रा ने बताया कि उनके पति पर लगा धोखाधड़ी का आरोप पूरी तरह गलत हैं।

# चार अफसरों पर गिरी गाज

## समाधान दिवस से गायब रहने पर नोटिस जारी कर मांगा स्पष्टीकरण

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में हिस्सेदारी न करना चार अफसरों को भारी पड़ा। शिकायतों की सुनवाई करने तुलसीपुर तहसील पहुंचे जिलाधिकारी अरविंद कुमार ने इस पर नाराजगी जताते हुए चारों गैरहाजिर अफसरों को नोटिस जारी कर लिखित जवाब तलब करने के साथ वेतन रोकने का निर्देश दिया है। तीनों तहसीलों में हुई सुनवाई के दौरान कुल 74 शिकायतें आईं। इनमें से सिर्फ सात मामले ही मौके पर पक्षकारों की सहमति के आधार पर निस्तारित कराए जा सके।

### 74 में से मात्र सात शिकायतों का ही मौके पर हुआ निस्तारण



तुलसीपुर तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम अरविंद सिंह व अन्य।-संवाद

तुलसीपुर तहसील में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम व एसपी केशव कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात जल निगम के अधिशासी अभियंता, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी एवं सहायक ग्रामीण अभियंत्रण अधिकारी मौके पर गैरहाजिर मिले।

इस पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने चारों अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश देते हुए नोटिस जारी कर लिखित स्पष्टीकरण भी मांगा है।

सुनवाई के दौरान उन्होंने मौजूद एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है, उसका सत्यापन भी मौके पर जाकर अवश्य कराया जाए। विशेषतौर पर भूमि संबंधी विवादों में राजस्व, चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर अवश्य भेजा जाए।

एसपी केशव कुमार ने भी पुलिस विभाग से संबंधित लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण जांच कर समयबद्ध तरीके से किया जाए। इस दौरान 33 शिकायतें निस्तारण के लिए प्रस्तुत हुईं। इसी तरह सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 32 जबकि उतरौला तहसील में 9 शिकायतें दर्ज हुईं।

## रोजगार सेवकों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**महराजगंज तराई (बलरामपुर)।** रोजगार सेवक एकता संघर्ष के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास विभाग को एक ज्ञापन भेज कर लंबित मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने की गुहार लगाई है। ज्ञापन में प्रमुख तौर पर वेतन बढ़ोतरी व पंचायती राज का दर्जा दिलवाने की मांग की गई है। ज्ञापन भेजने वालों में तुलसीपुर ब्लाक के अध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा, रोजगार सेवक केदारनाथ, टेक नारायण यादव, आशीष कुमार सिंह सहित अन्य शामिल रहे। संवाद

# देवीपाटन में शारदीय नवरात्र मेले की तैयारियों पर मंथन

बलरामपुर। शारदीय नवरात्र पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे राजकीय मेले के तैयारियों को लेकर एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता महंत मिथलेश नाथ योगी ने की। बैठक में डीएम अरविंद सिंह व एसपी केशव कुमार सहित अन्य आला अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि मेला आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाकचौबंद रहेगी। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनात होगी। सुरक्षा दृष्टि से मेले का ओवर ऑल इंचार्ज क्षेत्राधिकार तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह को व इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी को मेला प्रभारी बनाने के साथ ही पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

बैठक में मौजूद डीएम ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दो स्पेशल ट्रेन चलाने की डिमांड का निर्देश भी स्टेशन मास्टर को दिया। उन्होंने मंदिर के सभी संपर्क मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यकता अनुसार मरम्मत एवं पैचवर्क कराए जाने का निर्देश भी अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को दिया। साथ ही मेला परिसर में 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ अस्थाई अस्पताल बनाने का निर्देश भी संबंधित विभागों को दिया। संवाद

# चोरी की बाइक के पुर्जे बेचने में चार गिरफ्तार

बलरामपुर। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व सीओ सिटी बृजनंदन राय ने शनिवार को नगर कोतवाली में बताया कि बीते दिनों मेवालाल तालाब निवासी राकेश पांडे ने बाइक चोरी का केस दर्ज कराया था। जांच में कोतवाली देहात के लखनीपुर फरेंदा निवासी रूपेश व जय किशन के साथ ही कबाड़ खरीदने वाले गुलाम नबी व जमील को गिरफ्तार किया गया। उनकी दुकान व घर से चोरी की बाइकों के पार्ट व पुर्जों को भी बरामद किया गया। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2023

हिन्दुस्तान

# 213 लोगों की सुनीं समस्याएं

बहराइच, संवाददाता। जिले के छह तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। छह तहसीलों में 213 लोगों ने अधिकारियों के पटल पर अपनी समस्याएं रखी, लेकिन काफी जद्दोजहद के बाद भी सिर्फ 20 मामले ही निस्तारित करने में अधिकारी सफल रहे। 193 फरियादी आश्वासन पाकर लौटने को विवश हुए हैं। सीडीओ कविता मीना व एसपी प्रशांत वर्मा ने सदर तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनी।

योगी सरकार जनहित की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित करने की पहल कर रही है, ताकि सुलह-समझौते से मामले निपटाकर कोर्ट-कचहरी का बोझ कम होने के साथ आपसी सौहार्द भी कायम हो। लिहाजा माह के पहले व तीसरे शनिवार को तहसीलों में संपूर्ण समाधान आयोजित किए जा रहे हैं, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है। शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में सीडीओ के पटल पर 41 लोगों ने अपनी समस्याएं सुनाई। इनमें तीन समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। सीडीओ ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण में गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों की समस्याओं की अनदेखी करने पर कार्रवाई होगी। फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व अन्य स्तरों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण 01 सप्ताह में करना अनिवार्य है।

हिन्दुस्

# उत्पीड़न के विरोध में सड़कों पर उतरेगी किसान यूनियन

बहराइच, संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन भानू की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट के धरना स्थल पर हुई। इसमें किसानों के उत्पीड़न को लेकर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने पर सहमति बनी। कहा कि समस्याओं को दूर करने के बजाय अधिकारी नजरअंदाज कर रहे हैं। इसको लेकर यूनियन आरपार की लड़ाई लड़ने को तैयार है।

जिलाध्यक्ष पतीराम चौधरी ने आरोप लगाया है कि जिले के सभी थानों में किसानों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जा रहा है। थानाध्यक्ष किसानों का उत्पीड़न कर रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में किसानों की समस्याओं का निस्तारण न होने पर विशाल धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। राष्ट्रीय महासचिव रजीउद्दीन बच्छन ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों का उत्साहवर्धन किया। धर्मचंद महेश, आफताब आलम, शहादत हुसैन, ननकू, अनिरुद्ध प्रसाद गौतम, कमल प्रसाद, दीना नाथ मिश्रा , राम गोपाल, पार्वती देवी , सुशीला देवी, धर्म सिंह, आसमा बेगम मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

# पुलिस लाइन से थाने पर पहुंचे 77 दरोगा

- थानों में कम संख्या होने से विवेचना व मॉनीटरिंग में आ रही थी दिक्कतें
- एसपी ने जिले की कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने को उठाया कदम

बहराइच, संवाददाता। गैर जिलों से स्थानांतरित होकर पुलिस लाइन में तैनात 77 दारोगाओं को थाने में तैनाती दी गई है। थानों में संख्या बल कम होने से विवेचनाओं व क्षेत्र की कानूनी व्यवस्था में आ रही दिक्कतों को लेकर एसपी ने यह कदम उठाया है। इनकी तैनाती से आने वाले दिनों में त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था मजबूत होगी। साथ ही मामले निस्तारण में भी तेजी आएगी। सभी दारागाओं ने नवीन तैनाती वाले थानों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने शुक्रवार देर रात पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक रणजीत यादव, चंद्रिका, नरेन्द्र कुमार सिंह को नवाबगंज में तैनाती दी है। उपनिरीक्षक वशिष्ठ कुशवाहा, जय प्रकाश कुशवाहा, बृजराज यादव को देहात कोतवाली में तैनात किया है। उपनिरीक्षक संतोष कुमार शर्मा, प्रेम शंकर आर्य, भारत सिंह को नगर कोतवाली में तैनात किया गया है। उपनिरीक्षक इजलास प्रसाद, छोटे लाल, बाबू लाल विश्व कर्मा को कैसरगंज थाने मे तैनात किया है। चुन्नी लाल, काजी इकरामुल हक, कैलाश प्रसाद, गौरी शंकर को दरगाह थाने में तैनाती मिली है। छोटे लाल सिंह, वीरेन्द्र मणि त्रिपाठी, सुरेश कुमार पाल, प्रभु नाथ यादव को मुर्तिहा कोतवाली भेजा गया है।शैलेन्द्र कुमार यादव, दिनेश कुमार यादव, लल्लन प्रसाद को रानीपुर थाने तैनाती दी गई है। उपनिरीक्षक जय प्रकाश राव, राम औतार को हुजुरपुर, दरोगा प्रेम चंद्र, हरिनारायण यादव, हरिलाल सिंह को बौंड़ी थाने भेजा गया है। राम प्रवेश द्विवेदी को महिला थाना, राज मंगल यादव, मैनुदद्दीन खां, तेज नारायण यादव को मटेरा थाने, उपनिरीक्षक वशिष्ठ कुमार मिश्रा, जाहिद अली, रामानंद यादव की तैनाती रिसिया थाने में की गई है। उपनिरीक्षक गुणेश्वर यादव, युगेश्वर नाथ तिवारी, प्रमोद कुमार सिंह, जय प्रकाश त्रिपाठी को पयागपुर थाने, राजेन्द्र यादव, रिजवानुल्लाह खां, राम बेलास प्रसाद को नानपारा कोतवाली भेजा गया है।

# अचानक आई बिजली,निजी कर्मी की झुलसकर मौत

संसू, रिसिया, (बहराइच) : बिछला गांव में लाइन सही कर रहे प्राइवेट कर्मचारी की अचानक लाइट आ जाने से खंबे पर ही झुलसकर मौत हो गई। काफी देर तक युवक का शव विद्युत लाइन पर ही झूलता रहा।

शुक्रवार देर शाम बिछला गांव में लाइट नहीं थी। इस दौरान ग्रामीणों ने छीटनपुरवा निवासी सुरेश को फोन कर लाइन सही करने के लिए बुलाया। यह युवक प्राइवेट कर्मचारी था। जो आसपास के गांव में बिजली सही करने का काम करता था। वह खंभे पर चढ़कर लाइन सही कर रहा था। इसी बीच अचानक बिजली आ गई और उसकी झुलसकर मौत हो गई। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक वह दम तोड़ चुका था।

## बारह दिन से बिजली आपूर्ति बाधित

संसू,जरवलरोड : जरवलरोड विद्युत उपकेंद्र के घाघराघाट फीडर पर गुलाम पुरवा सड़क किनारे लगे दो विद्युत पोल टूट जाने से 12 दिनों से बिजली गुल है। इससे करीब तीन सौ लोगों के घरों में अंधेरा है। ग्रामीणों ने टूटे पोल बदलकर विद्युत सप्लाई बहाल किए जाने की मांग की है। विद्युत उपकेंद्र जरवलरोड के घाघराघाट फीडर से तप्पेसिपाह के गुलाम पुरवा गांव की विद्युत आपूर्ति की जाती है। बारह दिन पूर्व आंधी से दो पोल टूट गए थे। इससे गुलाम पुरवा गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी। ग्रामीणों ने जेई और एसडीओ से मिलकर कई बार टूटे विद्युत पोल बदलकर गांव की आपूर्ति शुरू करने की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार ने बताया कि जानकारी की जा रही है। शीघ्र ही आपूर्ति बहाल होगी।

# 213 प्रार्थना पत्रों में मात्र 20 का निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवस

**जासं, बहराइच** : संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को जिले की छह तहसीलों में किया गया। 213 प्रार्थना पत्र आए, मौके पर 20 का निस्तारण किया गया।

तहसील सदर में पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। सीडीओ ने कहा कि समस्याओं का समयबद्धता के साथ निस्तारण कराएं। जिससे फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समाधान दिवस व अन्य स्तरों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों का निस्तारण एक सप्ताह में जरूर कर दें। विभागीय कार्यों में डिजिटल लेन-देन को अपनाने पर सीडीओ ने जोर दिया। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी संजय शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसके सिंह, एसडीएम सदर डा. पूजा यादव, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, प्रशिक्षु पीसीएस प्रिंस वर्मा, डीडीओ महेंद्र कुमार पांडे, परियोजना निदेशक राजकुमार, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडे आदि मौजूद रहे।



सदर तहसील में फरियाद सुनतीं सीडीओ कविता मीना • जागरण

**06** तहसीलों में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**10** किसानों को वितरित किए गए लाही के मिनी किट

| तहसील | प्रार्थना पत्र | निस्तारित |
|---|---|---|
| सदर बहराइच | 41 | 03 |
| मिहींपुरवा | 09 | 01 |
| कैसरगंज | 68 | 05 |
| नानपारा | 41 | 05 |
| पयागपुर | 40 | 04 |
| महसी | 14 | 02 |

**लाही बीज की मिनी किट बांटी** : तहसील सदर एसपी व सीडीओ ने ग्राम जौहरा के कृषक अश्विनी वर्मा, धनीलाल, योगेश कुमार, गोदनी बसाही के जितेंद्र चौहान, मसीहाबाद के सतीश पाल, रामदास पाल, अजातापुर के राजेश कुमार, श्यामू, बड़ागांव के अबरार अहमद व बरहिया के चंद्रसेन को लाही बीज मिनी किट का वितरण किया। तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा तीन बच्चों को अन्नप्रासन कराया।

# मेडिकल स्टोर पर छापेमारी, मिलीं नशीली दवाएं

जासं, बहराइच : दरगाह शरीफ भिनगा रोड स्थित गरीब नवाज मेडिकल स्टोर से नशीली दवाओं की बिक्री की शिकायत जिलाधिकारी मोनिका रानी को मिल रही थी। डीएम के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने नायब तहसीलदार सदर सुरेंद्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण व पुलिस बल की संयुक्त टीम को छापेमारी के लिए भेजा। जांच के दौरान काफी मात्रा में नशीली व एक्सपायरी दवाएं मिलीं, जिसे नायब तहसीलदार व औषधि निरीक्षक ने सीज कर दिया। फर्म मालिक दवा के खरीद, बिक्री का अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# भूमि पर कब्जे के मामले में दर्ज नहीं हुआ केस

बहराइच। रानीपुर थाने के ऐलिहा के मजरे बहुरा गांव निवासनी सरोज कुमारी पत्नी रिक्खी राम की जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों ने दो माह पूर्व जबरन कब्जा कर लिया था। विरोध करने पर मारपीट की थी। इसकी तहरीर थाने में दिए जाने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। भाकियू जिलाध्यक्ष पती राम चौधरी ने कब्जा हटवाने, दोषियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

# पंचायत सहायक से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**संसू, फखरपुर** : तेजवापुर ब्लाक के बिरिह्मिडीहा गांव निवासी पंचायत सहायक अनुज गुप्ता ने पुलिस को नामजद तहरीर दी। उल्लेख किया कि शुक्रवार शाम को पंचायत सहायक ,ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, समेत कर्मचारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मौजूद थे। तभी गांव की कुछ दबंग मौके पर पहुंचे। कोई कुछ समझ पाता उससे पहले सभी ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। लोगों ने उनकी जान बचाई। थानाध्यक्ष एमके सिंह ने बताया कि पंचायत सहायक की तहरीर पर सहदेव, सुनीत, सोहित, राहुल व महराजदीन पर केस दर्ज किया है।

# पुलिस की सक्रियता से बची बुजुर्ग की जान

**जासं, बहराइच :** बीमारी से तंग आकर जीवनलीला समाप्त करने की मंशा लेकर सीतापुर जिले से बहराइच के घाघरा नदी पर बने चहलारीघाट पुल पर पहुंचे बुजुर्ग को पुलिस की सक्रियता ने बचा लिया।

- सीतापुर से चहलारीघाट पुल पर घाघरा नदी में खुदकुशी के लिए आया था बुजुर्ग

सीतापुर कोतवाली इलाके के प्रेमनगर निवासी बुजुर्ग इंद्रपाल सिंह काफी दिनों से कमर व जोड़ों के दर्द से परेशान हैं। शनिवार को वह खुदकुशी करने के इरादे से घर से चल पड़े। उन्होंने एक पत्र लिखकर घर पर छोड़ दिया, जिससे यह पता चला कि वह बहराइच के हरदी इलाके के चहलारीघाट पुल पर खुदकुशी करने जा रहे हैं। उनके बेटे तरनपाल सिंह ने इसकी जानकारी तत्काल हरदी थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा को दी। मामले को गंभीरता से लेकर वे पुलिस टीम के साथ पुल पर पहुंचे तो बहराइच की सीमा तक उन्हें कोई नजर नहीं आया। थोड़ा आगे बढ़ने पर पुल की रेलिंग से बुजुर्ग नदी को निहारते नजर आए। पुलिस ने उन्हें बातों में फंसाकर पकड़ लिया। इसके बाद पता चला कि वह खुदकुशी के लिए आए थे। परिवार के लोगों ने पिता की जान बचाने वाले पुलिस कर्मियों को धन्यवाद दिया।

# खंभे पर चढ़ा था लाइनमैन, करंट से मौत

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हादसा, निजी कर्मी बताया जा रहा मृतक

संवाद न्यूज एजेंसी

**रिसिया( बहराइच)।** थाना क्षेत्र निवासी एक निजी लाइनमैन शुक्रवार की रात ग्रामीणों के फोन पर बिजली लाइन सही कर रहा था। इसी दौरान अचानक आपूर्ति चालू हो गई जिससे वो करंट की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रिसिया थाना क्षेत्र के बिछला गांव के शुक्रवार की रात आपूर्ति बाधित हो गई थी। ग्रामीणों ने छीटनपुरवा निवासी क्षेत्रीय लाइनमैन सुरेश कुमार (35) को फोन कर बुलाया और लाइन सही करने की बात कही। सुरेश खंभे पर चढ़ कर लाइन सही कर रहा था इसी दौरान अचानक आपूर्ति चालू हो गई।

सुरेश हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। रिसिया के अवर अभियंता विजय तिवारी ने बताया की जब सूचना मिली तो लाइन बन्द करवा दी गई। कर्मचारियों को भेज कर मृतक युवक के शव को पोल से उतरवाकर फिर लाइन चालू करवा दी गई है। मृतक विभागीय लाइन मैन नहीं था।

### परिजन बोले- सरकारी लाइनमैन ले गया था

शव का पोस्टमार्टम करवाने आए मृतक सुरेश के भाई पवन ने बताया कि सुबह घर से सरकारी लाइनमैन उसे बुला कर ले गया था। वह रोजाना उसे अपने साथ ले जाता था। मृतक अपने पीछे चार बच्चों सौरभ सिंह(6), छोटू (3), रिया (1.5 वर्ष) व तीन माह की बेटी को छोड़ गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



रिसिया में निजी लाइनमैन की करंट से मौत के बाद पोल पर लटका शव। -संवाद

# साहब... रास्ते से हटवा दें कब्जा

## संपूर्ण समाधान दिवस : फरियादियों ने अधिकारियों को बताईं समस्याएं

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच/नानपारा/कैसरगंज/महसी।** साहब... प्रधान के चुनाव के बाद से ग्राम प्रधान रंजिश रखे हुए हैं। ग्राम प्रधान ने मेरे घर जाने वाले रास्ते पर कुछ ग्रामीणों से कब्जा करवा दिया है। जिसके चलते घर आने-जाने में परेशानी हो रही है। रास्ते से कब्जा हटवा कर न्याय दिलवा दीजिए। यह शिकायत नानपारा तहसील में आयोजित समाधान दिवस में मानिकपुर ग्राम निवासी तिलक राम ने की। इस पर एसडीएम अजीत परेश ने तत्काल अधिकारियों से जांच कर निस्तारण करने को निर्देशित किया।

नानपारा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 43 शिकायतें आईं, लेकिन मात्र एक का ही मौके पर निस्तारण हो सका। बीडीओ संदीप कुमार आदि मौजूद रहे। महसी तहसील में एसडीएम ने समस्याएं सुनीं। इस दौरान हरदी निवासी निर्मला देवी ने पति पर गुजारा भत्ता न देने, खमरिया शुक्ल निवासी मिलकीराम ने किसान क्रेडिट कार्ड न बनाने, सिपहियाप्यूली निवासी यज्ञलाल मिश्र ने रास्ते पर कब्जे की शकियत की।

चंदईपइया निवासी अख्तर अली ने बेटे का दिव्यांग प्रमाण पत्र न बनाने की शिकायत की। कैसरगंज में एसडीएम पंकज दीक्षित ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 66 प्रार्थना पत्र आए, जिनमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान तहसीलदार अजय यादव व नायब तहसीलदार अल्पिका वर्मा, बीडीओ सत्य प्रकाश पांडेय, सर्वेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

सदर तहसील में प्रभारी डीएम कविता मीना की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में प्राप्त 41 शिकायती पत्र आए, जिसमें तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। मिहींपुरवा तहसील में नौ में एक, नानपारा में 41 में पांच, पयागपुर में 40 में चार व महसी तहसील में 14 शिकायती पत्रों में से दो का मौके पर निस्तारण किया गया।



तहसील सदर में समाधान दिवस में फरियाद सुनतीं प्रभारी जिलाधिकारी व एसपी। -संवाद

### महिलाओं की हुई गोदभराई

तहसील सदर में प्रभारी डीएम कविता मीना व एसपी प्रशांत वर्मा की अध्यक्षता में समाधान दिवस हुआ। जिसमें प्रभारी डीएम ने एसपी के साथ अश्विनी कुमार वर्मा, धनी लाल योगेश कुमार आदि किसानों को लाही का बीज किट वितरित किया। इस दौरान तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व तीन बच्चों का अन्न प्रासन संस्कार हुआ।

# सरकारी आवास की छत ढही, बचा दमकलकर्मी

संवाद न्यूज एजेंसी

## कभी भी ढह सकते अग्निशमन विभाग की जर्जर कॉलोनी के मकान

**बहराइच।** लोगों का जीवन बचाने वाले फायरकर्मी खुद खतरे के साए में रहने को विवश हैं। फायरकर्मियों का सरकारी आवास पूरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। शुक्रवार देर शाम एक फायरकर्मी के जर्जर आवास की छत भरभरा कर गिर गई। हालांकि फायरकर्मी आवास से बाहर ही निकला था, इसलिए एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

अमर उजाला ने इस खबर को प्रकाशित कर अधिकारियों को सचेत किया था लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हुआ। लखनऊ में शनिवार को रेलवे की जर्जर कॉलोनी में एक मकान की छत ढहने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत के बाद तो प्रशासन को जागना चाहिए।

शहर के मध्य स्थित मोहल्ला अकबरपुरा में वर्ष 1980 के करीब अग्निशमन विभाग कार्यालय की स्थापना की गई थी। स्थापना काल के दौरान परिसर में ही दो विभाग के कार्य के लिए कार्यालय कक्ष का निर्माण कराया गया था। जबकि इसी परिसर में ही सात अग्निशमन विभाग के कर्मियों के रहने के लिए आवासीय भवन का निर्माण कराया गया था। इसके अलावा परिसर में ही बैरक भी निर्मित हुई थी जिसको मौजूदा समय विभाग कंट्रोल रूम के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

करीब 43 वर्ष पूर्व निर्मित भवन मरम्मत व देखरेख के आभाव आज जर्जर अवस्था में पंहुच गया है। विभाग अपने संसाधनों से छुटपुट कार्य कराते रहे हैं। विभाग द्वारा चार दशक से अधिक समय होने को है, भवन में मरम्मत व निमार्ण का कार्य नहीं कराया जा सका।



अग्निशमन विभाग की कालोनी में गिरी कमरे की छत। -संवाद

### उच्चाधिकारियों से किया जा रहा है पत्राचार

" विभाग के उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराया जा रहा है। इस संबंध पत्राचार किया जाएगा। सोमवार को एसपी को घटना से अवगत कराया जाएगा।

**-गेंदालाल**-प्रभारी अग्निशमन अधिकारी

### बरसात में छतों से टपकता है पानी

मरम्मत न होने से भवन जर्जर हो चुके हैं और सीलन की चपेट में है। बरसात के मौसम में छतें टपकती रहतीं हैं। छत का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है। अक्सर प्लास्टर टूटने पर फायरकर्मियों को भागकर जान बचानी पड़ती है। इसी आवासीय भवन के छह नंबर के आवास में फायरकर्मी राम अभिलाख तिवारी के आवास की छत बीते शुक्रवार की शाम भराभरा कर ढह गई। फायरकर्मी अपने भवन से बाहर ही निकला था तभी यह हादसा हो गया। अनहोनी होने से बच गई। छत ढहने के बाद कर्मी दहशत में हैं।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2023

# अंतर्जनपदीय गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

## कार्रवाई

- दोनों आरोपी बड़ी लूट को अंजाम देने श्रावस्ती आए थे
- आरोपियों की गिरफ्तारी से श्रावस्ती पुलिस को बड़ी सफलता

**श्रावस्ती, संवाददाता।** श्रावस्ती पुलिस को बड़ी सफलता मिली। मुठभेड़ में पुलिस ने अंतर्जनपदीय लुटेरे गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी बड़ी लूट को अंजाम देने श्रावस्ती आए थे।

प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह को शुक्रवार देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि अंतर्जनपदीय लुटेरे गिरोह के तीन सदस्य रामस्वरूप पुत्र श्याम लाल निवासी डुमरियाडीह थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा, वरुण कुमार पुत्र नंदलाल निवासी सोहार थाना मोतीपुर जनपद गोण्डा व अतुल पुत्र राम भरोसे निवासी डुमरियाडीह वजीरगंज गोण्डा श्रावस्ती में बड़ी घटना को अंजाम देने बाइक से आ रहे हैं। सूचना मिलते ही देर रात करीब 12 बजे पुलिस ने सेमरी तिराहा पहुंच कर [illegible]ुरू कर दी।

[illegible]रान बाइक से आ रहे व्यक्ति [illegible]ो देख भागने लगे। पुलिस ने [illegible]या और सेमरी पेट्रोल पंप के [illegible]बंदी कर पकड़ने का प्रयास करने लगी। तभी राम स्वरूप ने



रात में मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर पकड़े गए बदमाशों के साथ पुलिस टीम।

असलहे से फायर कर दिया जिसमें पुलिस के जवान बाल बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फायरिंग की और गोली रामस्वरूप के दाहिने पैर में लग गई जिसके बाद वह बाइक समेत गिर गया। पुलिस ने मौके से राम स्वरूप व वरुण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अतुल अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस की ओर से गोली लगने से घायल हुए आरोपी राम स्वरूप को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं फरार आरोपी अतुल की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। तलाशी के दौरान कस्बा भिनगा में हुई चोरी से संबंधित आरोपी रामस्वरूप व वरुण कुमार के कब्जे से 8000 व 4000 रुपए कुल 12 हजार रुपए व एक तमंचा बरामद किया है।

# 19 वाहनों का किया गया चालान

**श्रावस्ती।** यातायान नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग अलग स्थानों पर चेकिन लगाकर वाहनों को चेक किया। इस दौरान वाहन के कागजात, डीएल, सीटबेल्ट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 19 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई चालान कर वाहन स्वामियों पर 46 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# वन टीम पर हमला, कटान आरोपित को छुड़ाया

**संसू, जमुनहा :** ककरदरी वन टीम पर हमला कर उनके हिरासत से वनमाफिया को छुड़ा लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपितों को दबोच लिया। वन रक्षक की तहरीर पर केस दर्ज किया है।

ककरदरी जंगल के कक्ष संख्या तीन में तीन सितंबर को वन माफिया सागौन की लकड़ी काटकर एकत्र कर बेचने की फिराक में थे। वन टीम ने छापा मारकर नौ सागौन के बोटों को बरामद कर लिया। मामले में मल्हीपुर क्षेत्र के गद्दीपुरवा निवासी आरिफ, मुहम्मदपुर के इसराइल व दो अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज हुआ था। शनिवार की सुबह वन दारोगा विकास शुक्ल, वन रक्षक विपिन कुमार व शेषमणि मिश्र आरोपित आरिफ को गिरफ्तार कर वन चौकी ले जा रहे थे। नेवादा गांव के पास मुहम्मदपुर निवासी जंगली व परसा निवासी जियाउल ने हमला कर अपनी बाइक वन टीम के चार पहिया वाहन से टकरा कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। वन टीम के साथ मारपीट व गाली-गलौज कर वन माफिया आरिफ को छुड़ा ले गए। वन टीम ने इसकी सूचना पुलिस को दी। वन रक्षक शेषमणि मिश्र ने मल्हीपुर थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वन रक्षक की तहरीर पर आरिफ, जंगली व जियाउल के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज, सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बैंक में महिला बेहोश, प्रबंधक पर टार्चर करने का आरोप

संसू, जमुनहा( श्रावस्ती) : मल्हीपुर क्षेत्र के इंडियन बैंक शाखा मल्हीपुर में बैंक का ऋण जमा करने के लिए बुलाई गई महिला अचानक बेहोश होकर गिर गई। उसे सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया गया। पति ने बैंक प्रबंधक के विरुद्ध जनसुनवाई पोर्टल व मल्हीपुर थाने में टार्चर करने की शिकायत की है। शिकारीचौड़ा गांव निवासी मेनका वर्मा ने बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड के तहत कुछ रुपये ऋण ले रखा था। बाढ़ में नुकसान की वजह से वह समय से ऋण नहीं चुका सकी थीं। बैंककर्मी कई दिन से बकाया ऋण जमा करने के लिए दबाव बना रहे थे। शनिवार को प्रबंधक ने महिला को बैंक बुलाया। मेनका अपने पति अनिल वर्मा के साथ बैंक गई थीं। आरोप है कि बैंक प्रबंधक ने पति अनिल वर्मा को बाहर निकाल दिया तथा ऋण जमा करने के लिए मेनका को डराया, धमकाया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इससे वह बैंक में बेहोश होकर गिर गई। बैंक प्रबंधक ने एंबुलेंस बुलाकर महिला को सीएचसी भेजवाया। पति ने बैंक शाखा प्रबंधक पर टार्चर करने का आरोप लगाया है। शाखा प्रबंधक राहुल राय ने बताया कि मेनका वर्मा के नाम से ऋण था। वसूली के लिए टीम गई थी। ऋण जमा के लिए कहा जा रहा था। पति की ओर से लगाया गया आरोप गलत है।

# मुठभेड़ में दो शातिर गिरफ्तार, दो फरार

## सेमरी पेट्रोल पंप के निकट एक बदमाश के पैर में लगी गोली, तमंचा व कारतूस बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** भिनगा इकौना मार्ग स्थित सेमरी पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार मध्य रात बदमाशों की हुई मुठभेड़ में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया और दो भागने में सफल हो गए। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगने के कारण उसे जिला अस्पताल लाया गया। पूछताछ में उसने तीन दिन पूर्व भिनगा नगर के मोहल्ला हनुमानगढ़ी निवासी वृद्धा से हुई लूट में शामिल होना स्वीकारा है।

भिनगा कोतवाली अंतर्गत नगर के ही मोहल्ला हनुमानगढ़ी निवासी प्रभात कुमार पुत्र सुरेश कुमार की दादी गत 13 सितंबर को बैंक से 49 हजार रुपये निकाल कर वापस घर लौट रही थी। तभी बैग छीनकर बदमाश फरार हो गए थे।

एसपी प्राची सिंह ने घटना का खुलासा करने के लिए कोतवाली व सर्विलांस सेल



सेमरी पेट्रोल पंप के पास मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपी। -संवाद

की टीम को लगाया था।

मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार आधी रात सेमरी पेट्रोल पंप के निकट डेरा डाला। इस दौरान कुछ देर बाद पुलिस पर वहां मौजूद बदमाशों ने फायर झोंक दिया। जवाब में पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घेराबंदी कर दो को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो भागने में सफल रहे। गिरफ्तार बदमाश की पहचान गोंडा के थाना वजीरगंज अंतर्गत डुमरियाडीह निवासी रामस्वरूप व मोतीगंज थाना क्षेत्र के सोहार निवासी वरुण कुमार के रूप में हुई। जबकि उसके साथी डुमरियाडीह निवासी अतुल व भया पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल, 315 बोर देसी तमंचा, एक कारतूस व खोखा बरामद किया गया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने 12 हजार रुपये भी बरामद किए। इस बारे में एसपी प्राची सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में रामस्वरूप के पैर में गोली लगी थे। रामस्वरूप के विरुद्ध गोंडा, बहराइच, बस्ती, गोरखपुर, अमेठी, बाराबंकी, सिद्धार्थनगर, उन्नाव जिले में 26 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों के विरुद्ध में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# पेट्रोल पंप के पास मुठभेड़ में दबोचे दो अंतरजनपदीय लुटेरे, एक फरार

## पुलिस की गोली से आरोपित घायल, अस्पताल में कराया गया भर्ती

**संसू, श्रावस्ती** : भिनगा कोतवाली पुलिस टीम ने शुक्रवार की रात सेमरी पेट्रोल पंप के पास मुठभेड़ में दो अंतरजनपदीय लुटेरों को गिरफ्तार किया। एक आरोपित अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से चोरी के 12 हजार रुपये, तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद हुई।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि भिनगा कोतवाली में गोंडा जिले के वजीरगंज क्षेत्र के डुमरियाडीह निवासी रामस्वरूप, डुमरियाडीह वजीरगंज के अतुल, गोंडा के मोतीपुर क्षेत्र के सोहार निवासी वरुण कुमार व भया निवासी अज्ञात के विरुद्ध चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज है। चारों फरार चल रहे थे। शुक्रवार की रात इनमें से तीन आरोपितों के संबंध में सूचना मिली कि एक बाइक पर सवार होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकौना से भिनगा की ओर जा रहे हैं। कोतवाली पुलिस टीम ने सेमरी चौराहे पर पहुंचकर चेकिंग लगाई।

बाइक पर सवार व्यक्ति पुलिस को देख भागने लगे। सेमरी पेट्रोल पंप के निकट रात लगभग 12 बजे घेराबंदी की। आरोपित रामस्वरूप ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपित के दाहिने पैर में गोली लगी तथा वरुण कुमार को घेर कर दबोच लिया गया।



भिनगा क्षेत्र के सेमरी चौराहे के पास पुलिस हिरासत में मुठभेड़ में दबोचे गए लुटेरे • जागरण

अतुल कुमार अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। घायल आरोपित रामस्वरूप को इलाज के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा लाया गया। रामस्वरूप के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस, खोखा व बाइक बरामद की गई है। रामस्वरूप व वरुण के कब्जे से भिनगा कस्बे में हुई चोरी से संबंधित क्रमशः 8000 व 4000 रुपये बरामद किए गए। फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है। आरोपित रामस्वरूप के विरुद्ध श्रावस्ती समेत नौ जिलों में चोरी, लूट व आर्म्स एक्ट से संबंधित 28 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपित अपराध करने से पहले संबंधित स्थान की रेकी करके घटना को अंजाम देते थे।

**इन जिलों में दिया घटना को अंजाम** : आरोपित रामस्वरूप श्रावस्ती, गोंडा, बहराइच, बस्ती, गोरखपुर, अमेठी, बाराबंकी, सिद्धार्थनगर व उन्नाव जिले में आपराधिक मामलों में आरोपित है।

# शांतिभंग की आशंका में 10 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार रात अलग-अलग स्थानों से दस लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया है। (संवाद)

# महिलाओं व युवतियों को मिली जानकारी



**श्रावस्ती।** महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से उन्हें जागरूक करने के लिए शनिवार कई स्थानों पर अभियान चला कर चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान नारी सुरक्षा दल में शामिल महिला आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेचऊपुरवा, मुराऊपुरवा व लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज सहित अन्य स्थानों पर चौपाल का आयोजन किया गया। जहां महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन-1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों की जानकारी दी गई। (संवाद)

# मारपीट के दो मामलों में पांच दोषियों पर जुर्माना

**इकौना (श्रावस्ती)।** गिलौला के भिखारीपुर मसढ़ी में छह वर्ष पूर्व व पटखौली में नौ वर्ष पूर्व हुए मारपीट के मामले में शनिवार ग्राम न्यायालय इकौना ने फैसला सुनाया। इसमें एक महिला सहित पांच आरोपियों को 500-500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। गिलौला थाना क्षेत्र के भिखारीपुर मसढी में छह वर्ष अगस्त 2017 में हुए मारपीट के मामले में ग्राम न्यायालय इकौना के न्यायाधीश देवर्षि श्रषि देव ने आरोपी जाहिद अली व झब्बार अली पुत्रगण हसन अली को दोषी करार दिया। दोनों भाईयों को न्यायालय ने 500-500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं गिलौला थाना क्षेत्र के ही ग्राम पटखौली में वर्ष 2014 में हुए मारपीट के मामले में बदलूराम पुत्र अनंतराम, रक्षी देवी पत्नी बदलूराम व सर्वेश पुत्र बदलूराम को दोषी पाया गया। जिन्हें ग्राम न्यायालय इकौना के न्यायाधीश ने 500-500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इन दोनों मामलों में सहायक अभियोजन अधिकारी किसलय पांडे की ओर से पैरवी की जा रही थी। संवाद